आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 26 जून 2024
वर्ष 2, अंक 306, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अफगानिस्तान ने रचा इतिहास 2

करीना ने करिश्मा को जन्मदिन की बधाई दी 16

## मप्र में अब मंत्री स्वयं अदा करेंगे अपना आयकर

- मंत्रिमंडल ने 52 साल पुराना नियम समाप्त किया

**भोपाल।** मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल ने मंगलवार को निर्णय लिया कि राज्य के मंत्रियों को अपना आयकर स्वयं अदा करना होगा और इसका भुगतान राज्य सरकार नहीं करेगी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एक बयान में कहा कि मंत्रिमंडल ने 1972 के नियम को समाप्त करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत राज्य सरकार मंत्रियों के वेतन और भत्तों पर आयकर का भुगतान करती थी। सभी मंत्री अपने वेतन और भत्तों पर आयकर का भुगतान करेंगे।

# लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए ओम बिरला और के. सुरेश के बीच मुकाबला

### सरकार को विपक्ष के बीच नहीं बन सकी आम सहमति, आज मतदान संभव

ई दिल्ली, एजेंसी





- लोकसभा के इतिहास में तीसरी बार अध्यक्ष पद के लिए मतदान

लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए सरकार और विपक्ष के बीच मंगलवार को आम-सहमति नहीं बन सकी और अब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार तथा भाजपा सांसद ओम बिरला का मुकाबला कांग्रेस के कोडिकुन्नील सुरेश के साथ होगा। बिरला और सुरेश ने मंगलवार को क्रमशः राजग और विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के उम्मीदवारों के रूप में अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में उतरने के लिए विपक्ष ने अंतिम समय में तब फैसला लिया जब भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने उनकी इस पूर्व शर्त को नहीं माना कि राजग के उम्मीदवार बिरला का समर्थन करने के एवज में इंडिया गठबंधन को उपाध्यक्ष पद दिया जाना चाहिए।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के संसद भवन स्थित कार्यालय में विपक्ष की ओर से कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और द्रमुक के टीआर बालू ने सिंह, गृहमंत्री अमित शाह तथा स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से इस मुद्दे पर आम-सहमति बनाने के उद्देश्य से बातचीत की लेकिन दोनों पक्ष अपने रुख पर अड़े रहे और कोई नतीजा नहीं निकला।

पिछली लोकसभा में भी अध्यक्ष रह चुके बिरला को राजग की तरफ से सर्वसम्मति से उम्मीदवार बनाया गया है। बिरला ने नामांकन दाखिल करने से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। वेणुगोपाल और बालू लोकसभा अध्यक्ष के पद के लिए राजग उम्मीदवार का समर्थन करने से इनकार करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कार्यालय से बाहर आ गए। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने उपाध्यक्ष पद विपक्ष को देने की प्रतिबद्धता नहीं जताई। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष के लिए उम्मीदवार के नाम पर सर्व सम्मति होती तो बेहतर होता। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार लोकसभा अध्यक्ष का निर्वाचन बुधवार को होना है और यदि मतदान होता है तो लोकसभा के इतिहास में ऐसा तीसरी बार ही होगा। सदन में भाजपा समेत राजग के 293 सांसद हैं और विपक्षी गठबंधन इंडिया के 233 सदस्य हैं। दो लोकसभा सीट से निर्वाचित हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के केरल की वायनाड सीट से इस्तीफा दिए जाने के बाद सदन में कुल सदस्यों की संख्या 542 रह गई है। यदि कोटा से भाजपा सांसद बिरला फिर से लोकसभा अध्यक्ष चुने जाते हैं तो पांचवीं बार ऐसा होगा कि कोई अध्यक्ष एक लोकसभा से अधिक कार्यकाल तक इस पद पर आसीन रहेगा।

### शपथ लेने के बाद राहुल ने जय संविधान तो ओवैसी ने जय फिलिस्तीन बोला

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को ओम बिरला, राहुल गांधी, अखिलेश यादव, सुप्रिया सुले, सुदीप बंदोपाध्याय, अभिषेक बनर्जी, असदुद्दीन ओवैसी और संबित पात्रा समेत अनेक नवनिर्वाचित सदस्यों ने सदन की सदस्यता की शपथ ली। राहुल गांधी ने शपथ लेने के बाद पोडियम से जय हिंद, जय संविधान के नारे लगाए। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शपथ के वक्त अपने हाथ में संविधान की प्रति ले रखी थी। धारावाहिक रामायण में राम के किरदार से मशहूर मेरठ से भाजपा सांसद अरुण गोविल और मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने भी सदस्यता ग्रहण की। एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने शपथ के बाद फिलिस्तीन के पक्ष में नारे लगाए। संसद से बाहर संवाददाताओं से ओवैसी ने कहा कि उन्होंने सदन के भीतर जय फिलिस्तीन कहा है। बरेली से भाजपा सांसद छत्रपाल गंगवार ने शपथ लेने के बाद हिंदू राष्ट्र की जय कहा। आजमगढ़ से सपा के सदस्य धर्मेंद्र यादव ने पीडीए जिंदाबाद के नारे लगाए। इस बीच प्रोटेम स्पीकर भृर्तहरि महताब ने सदस्यों से आग्रह किया कि वे केवल लिखित शपथ ही पढ़ें, शपथ के अतिरिक्त बोली गई कोई भी बात रिकॉर्ड में नहीं जाएगी।

## एक नजर

### बीएड प्रवेश परीक्षा में अलीगढ़ के मनोज टॉपर

**लखनऊ।** उप्र संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा- 2024 का परिणाम मंगलवार को जारी किया गया। अलीगढ़ के मनोज कुमार टॉपर रहे। इन्हें 400 में से 344.67 अंक प्राप्त हुए हैं। ये आर्ट स्ट्रीम के हैं। परीक्षार्थी बुंदेलखंड और झांसी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परिणामों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। 9 जून को प्रदेश के 51 जिलों में 470 केंद्रों पर हुई परीक्षा में 2.23 लाख अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था जिनमें 1.93 लाख ने परीक्षा दी। पहले स्थान पर अलीगढ़ के मनोज कुमार, दूसरे स्थान पर प्रयागराज के शिव मंगल और तीसरे स्थान पर वाराणसी के नजीर अहमद रहे।

### जैन की जमानत पर 9 जुलाई को आएगा फैसला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि उसे उम्मीद है कि दिल्ली हाईकोर्ट धनशोधन के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख 9 जुलाई को फैसला सुनाएगा। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि जमानत के मामलों को अनावश्यक रूप से स्थगित नहीं किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने जैन की जमानत याचिका पर यह टिप्पणी की।

# पेपर लीक कराया तो होगी उम्रकैद

### लगेगा एक करोड़ जुर्माना, सॉल्वर गैंग से क्षति की भरपाई, गड़बड़ी करने वाली संस्था होगी ब्लैक लिस्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सार्वजनिक परीक्षाओं में पेपर लीक रोकने के अध्यादेश को कैबिनेट की मंजूरी
- कैबिनेट की बैठक में रखे गए कुल 44 प्रस्तावों में से 43 को दी गई स्वीकृति

**अमृत विचार :** प्रदेश में अब पेपर लीक के दोषियों को दो साल से लेकर आजीवन कारावास की सजा और एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगेगा। फर्जी प्रश्नपत्र बांटना, फर्जी सेवायोजन वेबसाइट बनाना आदि दंडनीय अपराध होगा। यदि परीक्षा प्रभावित होती है तो उस पर आने वाले वित्तीय भार की वसूली सॉल्वर गिरोह से की जाएगी। गड़बड़ी करने वाली संस्था व सेवा प्रदाताओं को ब्लैक लिस्ट करने के साथ संपत्ति की भी कुर्की होगी।

परीक्षाओं की शुचिता पर उठ रहे सवालों के बीच मंगलवार को राज्य सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोक भवन में हुई कैबिनेट बैठक में सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों और पेपर लीक की रोकथाम के लिए अध्यादेश को मंजूरी दी गई। विधानसभा से पारित होने के बाद राज्यपाल की मंजूरी मिलते ही अध्यादेश कानून का रूप ले लेगा।



राज्य सरकार पहले भी पेपर लीक जैसे मामलों पर कड़े कदम उठा चुकी है। ताजा अध्यादेश एक और बड़ा कदम माना जा रहा है। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कैबिनेट के समक्ष कुल 44 प्रस्ताव रखे गए थे, जिसमें 43 को मंजूरी दी गई है। अनुमोदित प्रस्तावों में सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों और पेपर लीक रोकथाम अध्यादेश 2024 भी शामिल रहा। अध्यादेश के तहत लोकसेवा आयोग, उप्र. अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड, उप्र. बोर्ड, विश्वविद्यालय, प्राधिकरण या निकाय या उनके द्वारा नामित संस्था शामिल हैं। अध्यादेश किसी प्रकार की भर्ती परीक्षाओं, नियमतीकरण या पदोन्नत करने वाली परीक्षाएं, डिग्री-डिप्लोमा, प्रमाण पत्रों या शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षाओं पर भी लागू होगा। इसके तहत सभी अपराध संज्ञेय, गैर जमानती एवं सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय एवं अशमनीय बनाए गए हैं। जमानत के भी कठोर प्रावधान किए गए हैं।

### अयोध्या में 750 करोड़ से बनेगा संग्रहालय

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या में टाटा संस अपने सीएसआर फंड से भारतीय मंदिर संग्रहालय का निर्माण कराएगा। इस प्रस्ताव को भी कैबिनेट से मंजूरी मिल गई। इसपर टाटा संस कुल 750 करोड़ रुपये खर्च करेगा। संग्रहालय विश्वस्तरीय होगा जिसमें 650 करोड़ रुपये के साथ साइट के डेवलपमेंट में 100 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

### वाराणसी, बरेली व मुरादाबाद विकास प्राधिकरणों के विस्तार को मंजूरी :

कैबिनेट ने तीन प्रमुख शहरों वाराणसी, गोरखपुर और प्रयागराज के सीमा विस्तार और वाराणसी, बरेली और मुरादाबाद विकास प्राधिकरणों के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इन विकास प्राधिकरणों में कई राजस्व गांवों को शामिल किया गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि वाराणसी विकास प्राधिकरण में 215 राजस्व गांव, बरेली में भी 35 राजस्व गांव जबकि मुरादाबाद विकास प्राधिकरण में 71 राजस्व गांवों को शामिल किया गया है।

### मुख्यमंत्री टूरिज्म फेलोशिप कार्यक्रम को मंजूरी

कैबिनेट ने मुख्यमंत्री टूरिज्म फेलोशिप कार्यक्रम के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इसके तहत पर्यटन विभाग शोधार्थियों का चयन करेगा जो राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने, निवेशकों को आ रही समस्याओं को निपटाने के साथ निवेश को गति देंगे। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 25 शोधार्थियों का चयन किया जाएगा। इन्हें 40 हजार रुपये प्रति माह मानदेय मिलेंगे। जिसमें पारिश्रमिक के रूप में 30 हजार और क्षेत्र भ्रमण के लिए 10 हजार रुपये मिलेंगे।

### हजारों कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का विकल्प

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने प्रदेश के ऐसे हजारों राज्य कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन का विकल्प देने का फैसला लिया है, जिनकी भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2005 से पहले शुरू हुई थी और उन्हें बाद में नियुक्ति दी गई। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। अधिकारियों के अनुसार 31 मार्च 2004 तक विज्ञापित पदों के विरुद्ध चयनितों को जिन्हें किन्हीं कारणों से सेवा में कार्यभार एक अप्रैल 2005 के बाद ग्रहण कराया गया, ऐसे सभी राज्य कर्मियों-शिक्षकों को पुरानी पेंशन में जाने का सरकार ने विकल्प खोल दिया है। राज्य कर्मियों की ओर से काफी समय से यह मांग की जा रही थी।

## इमरजेंसी लगाने वाले संविधान के प्रति प्रेम न जताएं : नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी



- आपातकाल को काला दिन बताते हुए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर किया पलटवार

विपक्षी इंडिया गठबंधन के भाजपा के खिलाफ देश के संविधान के लिए सबसे बड़ा खतरा होने का नारा लगाए जाने के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पलटवार करते हुए कहा कि आपातकाल लगाने वालों को संविधान के प्रति प्रेम का दावा करने का कोई अधिकार नहीं है। मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कांग्रेस पर 24-25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल के लिए हमला बोला। आपातकाल को काले दिन के रूप में याद करते हुए उन्होंने कहा कि यह दिन हमें याद दिलाएगा कि कैसे कांग्रेस ने बुनियादी स्वतंत्रता को नष्ट किया। उन्होंने कहा कि जिस मानसिकता के कारण आपातकाल लगाया गया था, वह अभी भी उसी पार्टी में जीवित है। आज का दिन उन सभी महान पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सिर्फ सत्ता पर काबिज रहने के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने हर लोकतांत्रिक सिद्धांत की अवहेलना की और देश को जेल बना दिया। मोदी ने कांग्रेस पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए कहा कि ये वही लोग हैं, जिन्होंने अनगिनत मौकों पर अनुच्छेद 356 लगाने के साथ ही प्रेस की स्वतंत्रता को खत्म करने वाला विधेयक पारित किया। उन्होंने कहा कि वे अपने दिखावे के ज़रिए संविधान के प्रति अपनी घृणा को छिपाते हैं, लेकिन देश के लोगों ने उनकी हरकतों को समझ लिया है और इसीलिए उन्हें बार-बार नकार दिया है।

## अनुराग आर्य बरेली व सतपाल मुरादाबाद के नये एसएसपी बने

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आठ आईपीएस अफसरों का तबादला

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने मंगलवार को आठ आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। आठ जिलों के पुलिस कप्तान बदल दिये गये हैं। प्रतापगढ़ के एसपी सतपाल को अब मुरादाबाद का नया एसएसपी बनाया गया है, जबकि आजमगढ़ के एसपी अनुराग आर्य को बरेली का नया एसएसपी बनाया गया है।

सहारनपुर के एसएसपी विपिन टाडा को मेरठ का एसएसपी बनाया गया है। मुरादाबाद के एसएसपी हेमराज मीना को आजमगढ़ का एसपी बनाया गया है। बरेली के एसएसपी घुले सतीश चन्द्रभान को लखनऊ एसटीएफ का एसएसपी बनाया गया है। मेरठ के एसएसपी रोहित सिंह सजवान को सहारनपुर का एसएसपी बनाया गया है। चंदौली के एसपी डॉ अनिल कुमार द्वितीय को प्रतापगढ़ का एसपी बनाया गया है। एसपी रेलवे आगरा आदित्य लांग्हे को चंदौली का एसपी बनाया गया है।

## सुहास एलवाई बने दुनिया के नंबर एक पैरा शटलर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- प्रदेश के खेल विभाग में सचिव हैं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी

**अमृत विचार :** प्रदेश के खेल सचिव और स्टार पैरा शटलर सुहास एलवाई दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन गए हैं। हाल में जारी की गई विश्व रैंकिंग में उन्हें यह उपलब्धि मिली। उन्होंने फ्रांस के लुकास मजूर को एसएल-4 एकल वर्ग में पीछे छोड़ यह कामयाबी हासिल की। टोक्यो ओलंपिक में रजत पर कब्जा करने वाले सुहास एलवाई अगस्त माह के अंत में होने वाले पेरिस पैरालंपिक गेम्स में बतौर शीर्ष खिलाड़ी के रूप में कोर्ट में उतर कर भारतीय तिरंगा लहराएंगे।

ग्लास्गो (स्कॉटलैंड) में आयोजित फोर नेशंस पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल चैंपियनशिप में सुहास ने दमदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता था। मंगलवार को वर्ल्ड पैरा बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से खिलाड़ियों की रैंकिंग जारी की गई जिसमें सुहास 60257 अंकों के साथ शीर्ष वरीयता दी गई है। सुहास एलवाई ने बताया कि ये पल हमारे लिए अनमोल हैं। विश्व का शीर्ष शटलर बनना जीवन के सर्वश्रेष्ठ उपलब्धियों में एक है।

## केजरीवाल को जमानत देने से हाईकोर्ट का इनकार




- निचली कोर्ट के फैसले को पलटा, सुप्रीम कोर्ट जाएगी आप

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के निचली अदालत के आदेश पर मंगलवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि निचली अदालत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उसके समक्ष पेश की गई सामग्री का उचित आकलन करने में विफल रही और उसने आम आदमी पार्टी नेता की जमानत याचिका पर फैसला करते समय विवेक का इस्तेमाल नहीं किया। पीठ ने कहा कि निचली अदालत ने आदेश पारित करते समय रिकॉर्ड पर प्रस्तुत सामग्री/दस्तावेजों और ईडी के तर्कों का उचित आकलन नहीं किया। हाईकोर्ट ने कहा कि विवादित आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाई जाती है। निचली अदालत की न्यायाधीश, न्याय बिंदु ने 20 जून को केजरीवाल को जमानत दे दी थी।

## हसनगंज कोतवाली में सिपाही ने सरकारी पिस्टल से गोली मारकर जान दी

संवाददाता, हसनगंज (उन्नाव)



- जिला बुलंदशहर के गुलावटी का रहने वाला था सिपाही
- लखनऊ के ट्रामा सेंटर भेजा गया, इलाज के दौरान मौत

**अमृत विचार :** हसनगंज कोतवाली में मंगलवार की सुबह एक सिपाही ने सरकारी पिस्टल अपनी कनपटी में लगाकर गोली मार ली। साथी सिपाहियों ने उसे सीएचसी पहुंचाया जहां से लखनऊ के ट्रामा सेंटर भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। फील्ड यूनिट टीम ने उसका मोबाइल कब्जे में लिया है। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा भी थाने पहुंचे और पुलिसकर्मियों से पूछताछ की।

जिला बुलंदशहर के गुलावटी निवासी देवांश तेवतिया (25) पुत्र मेघराज 2019 में सिपाही पद पर भर्ती हुआ था। वर्ष 2020 से वह हसनगंज कोतवाली में तैनात था। इस समय वह क्राइम मुंशी था। देवांश मंगलवार सुबह करीब 8 बजे ड्यूटी पर आया और 10 बजे किसी से फोन पर बात करते आवेश में आ गया और चिल्लाते हुए उसने बक्से में रखी सरकारी पिस्टल निकाली और अपनी दाईं कनपटी से सटाकर फायर कर दिया। गोली लगते ही वह लहूलुहान होकर फर्श पर गिर गया। फायर की आवाज सुन मौजूद पुलिस कर्मी दौड़े और उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां से डाक्टरों ने उसे लखनऊ के ट्रामा सेंटर भेज दिया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सीओ संतोष कुमार सिंह, फील्ड यूनिट टीम ने जांच की। बताते हैं कि देवांश का करीब छह महीने पूर्व हादसे में पैर में फ्रेक्चर हुआ था। इससे वह चिकित्सीय अवकाश पर था। करीब 20 दिन पहले उसने ज्वाइन किया था। पैर में चोट होने से उसे कार्यालय में क्राइम मुंशी बना दिया गया था। सीओ ने बताया कि घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। मोबाइल की जांच की जा रही है।

## अस्पताल में भर्ती हुई आतिशी, अनशन खत्म

नई दिल्ली, एजेंसी

### दिल्ली जल संकट




- मंगलवार तड़के सेहत बिगड़ने पर पहुंचाया गया अस्पताल

दिल्ली के लिए पानी छोड़ने की मांग को लेकर आप नेता और दिल्ली की जल मंत्री आतिशी का अनिश्चितकालीन अनशन खत्म हो गया। मंगलवार तड़के सेहत बिगड़ने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। दिल्ली सरकार में कई मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाल रहीं आतिशी को लोक नायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल के आपातकालीन आईसीयू (सघन चिकित्सा इकाई) में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत अब स्थिर है। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आतिशी के अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। साथ ही यह भी कहा कि उन्हें जनता को गुमराह करना बंद करना चाहिए। आतिशी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देते हुए अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. सुरेश कुमार ने कहा कि उनकी हालत स्थिर है, लेकिन वह आईसीयू में हैं।

# आज से हल्की बारिश, फिर बढ़ेगी रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

### ललितपुर में मानसून के प्रवेश के बाद कई जिलों में हल्की बारिश की संभावना



- दो-तीन दिनों में पूरे प्रदेश में प्रभावी होगा मानसून

**अमृत विचार :** मानसून ने प्रदेश में दस्तक दे दी है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि ललितपुर में मानसून के प्रवेश के बाद प्रदेश के कई जिलों में बुधवार से हल्की बारिश शुरू होने की संभावना है। फिर आगामी दिनों में अच्छी बारिश होगी।

मौसम अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक, दो से तीन दिनों में मानसून पूरे प्रदेश में अपना असर दिखाएगा। मानसून प्रदेश में दक्षिण पश्चिम से बढ़ रहा है। ऐसे में ललितपुर में प्रवेश कर चुका है। प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र में बुधवार से हल्की बारिश शुरू हो जाएगी। इससे तापमान में गिरावट आएगी। वहीं, प्रदेश में पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक वर्षा सुल्तानपुर में 38 मिमी रिकार्ड की गई। दूसरे स्थान पर हरदोई जनपद रहा। यहां वर्षा औसतन 16 मिमी रिकार्ड की गई। कानपुर में 6.2 और बरेली में 3.2 मिमी वर्षा रिकार्ड हुई।

### लखनऊ मंडल के जिलों में यलो अलर्ट

लखनऊ मंडल में तेज हवाओं के साथ आकाशीय बिजली गिर सकती है। ऐसे में लखनऊ के अतिरिक्त सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, हरदोई, रायबरेली, उन्नाव जनपदों में मौसम विभाग की ओर से यलो अलर्ट जारी किया गया है।

### कानपुर का दिन और रात सबसे गर्म

प्रदेश में कानपुर सबसे गर्म रहा। यहां दिन का तापमान 43.1 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, न्यूनतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वाराणसी में अधिकतम 42.3 और न्यूनतम तापमान 29.9 डिग्री रहा। प्रयागराज में अधिकतम 42.1 और न्यूनतम 30.3 डिग्री रिकार्ड किया गया। आगरा में अधिकतम 41.5 और न्यूनतम 28 डिग्री रहा। वहीं, लखनऊ का अधिकतम तापमान 40 और न्यूनतम 29.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## 12 जिलों में नये डीएम तैनात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने मंगलवार को 12 आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। 12 जिलों में नये डीएम तैनात किये गये हैं। शासन की ओर से इस सिलसिले में आदेश जारी किये गये। सीतापुर के डीएम अनुज सिंह को मुरादाबाद का डीएम बनाया गया है। चित्रकूट के डीएम अभिषेक आनंद को सीतापुर का डीएम बनाया गया है। बांदा की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को लखीमपुर का डीएम बनाया गया है। आयुष विभाग के विशेष सचिव व महानिदेशक आयुष नगेंद्र प्रताप को बांदा का डीएम बनाया गया है। नगर आयुक्त कानपुर नगर शिवशरणप्पा जीएन को चित्रकूट का डीएम बनाया गया है। अपर महानिरीक्षक निबंधन उत्तर प्रदेश उत्तर प्रदेश व विशेष सचिव स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन उत्तर प्रदेश रवीश गुप्ता को बस्ती का डीएम बनाया गया है। विशेष सचिव कृषि उत्पादन शाखा उत्तर प्रदेश शासन अजय कुमार द्विवेदी को श्रावस्ती का डीएम बनाया गया है। अपर राज्य परियोजना निदेशक सर्व शिक्षा अभियान उत्तर प्रदेश मधुसूदन हुल्गी को कौशांबी का डीएम बनाया गया है। संभल के डीएम मनीष बंसल को सहारनपुर का डीएम बनाया गया है। विशेष सचिव नगर विकास राजेंद्र पेन्सिया को संभल का डीएम बनाया गया है। सहारनपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष आशीष कुमार को हाथरस का डीएम बनाया गया है। अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोयडा मेधा रूपम को कासगंज का डीएम बनाया गया है।



# अफगानिस्तान की जीत के साथ डेविड वार्नर का सफर खत्म




किंग्सटाउन, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डेविड वार्नर के उपलब्धियों और विवादों से भरे 15 साल लंबे अंतर्राष्ट्रीय करियर का मंगलवार को टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान की बांग्लादेश पर जीत के साथ निराशाजनक अंत हो गया।

अफगानिस्तान की जीत के साथ पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहा। बांग्लादेश के खिलाफ जीत के साथ 2021 का चैंपियन ऑस्ट्रेलिया सिर्फ दो अंक के साथ सुपर आठ ग्रुप एक तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ चौंकाने वाली हार के अलावा भारत के खिलाफ भी शिकस्त झेलनी पड़ी।

**संन्यास**

- **37 वर्षीय वार्नर ने अपना अंतिम अंतर्राष्ट्रीय मैच 24 जून को ग्रॉस आइलेट में खेला**

जनवरी 2009 में टी20 मुकाबले के साथ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 37 वर्षीय वार्नर ने अपना अंतिम अंतर्राष्ट्रीय मैच 24 जून को ग्रॉस आइलेट में भारत के खिलाफ खेला, जिसमें ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के सर्वकालिक महान बल्लेबाजों में से एक वार्नर को गॉर्ड ऑफ ऑनर नहीं मिल सका। अपने अंतिम मुकाबले में उन्होंने छह गेंद में छह रन बनाए और अर्शदीप सिंह की गेंद पर सूर्यकुमार यादव को कैच दे बैठे। वह सिर झुकाए मैदान से बाहर चले गए, उन्हें नहीं पता था कि यह उनका आखिरी मैच था या नहीं। वार्नर ने नवंबर 2023 में भारत में विश्व कप फाइनल जीत के रूप में अपना आखिरी एकदिवसीय मैच और इस साल जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ अपना अंतिम टेस्ट खेला। उन्होंने काफी पहले ही संकेत दे दिया था कि यह टी20 विश्व कप उनका अंतिम अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा।

वार्नर ने 110 मैच में 33.43 के औसत और 142.47 के स्ट्राइक रेट से 3,277 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया के सर्वोच्च स्कोरर और दुनिया के सातवें सबसे सफल बल्लेबाज के रूप में टी20 प्रारूप से संन्यास लिया। उन्होंने सबसे छोटे प्रारूप में एक शतक और 28 अर्द्धशतक बनाए। उन्होंने 2011 से 2024 के बीच 112 टेस्ट में 44.59 की औसत से 26 शतक और 37 अर्द्धशतक के साथ 8,786 रन बनाए जबकि 161 एकदिवसीय मुकाबलों में 22 शतक और 33 अर्धशतक की मदद से 45.30 की औसत से 6,932 रन जोड़े। वार्नर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 49 शतक और 19,000 के करीब रन बनाए। उन्होंने स्वीकार किया था कि उनका नाम हमेशा के लिए 'सैंडपेपर गेट प्रकरण' से जुड़ा रहेगा जो 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच के दौरान केपटाउन के न्यूलैंड्स में हुआ था।

**49** अंतर्राष्ट्रीय शतक और 19000 के करीब रन

**110** टी20 मैच में 33.43 का औसत और 142.47 का स्ट्राइक रेट

**112** टेस्ट में 26 शतक और 37 अर्द्धशतक

**161** एकदिवसीय में 22 शतक और 33 अर्धशतक

**01** शतक और 28 अर्धशतक लगा टी20 में आस्ट्रेलिया के सर्वोच्च स्कोरर बने

### टी20 विश्वकप सुपर-8 अंक तालिका

**ग्रुप-1**

| टीमें | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 3 | 3 | 0 | 6 | 2.017 |
| अफगानिस्तान | 3 | 2 | 1 | 4 | -0.305 |
| आस्ट्रेलिया | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.331 |
| बांग्लादेश | 3 | 0 | 3 | 0 | -1.709 |

**ग्रुप-2**

| टीमें | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| दक्षिण अफ्रीका | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.599 |
| इंग्लैंड | 3 | 2 | 1 | 4 | 1.992 |
| वेस्टइंडीज | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.963 |
| अमेरिका | 3 | 0 | 3 | 0 | -3.906 |

# अफगानिस्तान ने रचा इतिहास

## बांग्लादेश को आठ रन से हराकर पहली बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचे

किंग्सटाउन, एजेंसी

अफगानिस्तान ने टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के मैच में डकवर्थ लुईस प्रणाली से बांग्लादेश को आठ रन से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश करके इतिहास रच दिया। जैसे ही नवीनुल हक ने 18वें ओवर की चौथी गेंद पर तस्कीन अहमद का विकेट लिया, उनके साथी खिलाड़ियों से लेकर स्टेडियम में मौजूद समर्थकों तक की आंखें भर आईं। अब सेमीफाइनल में 27 जून को अफगानिस्तान का सामना दक्षिण अफ्रीका और भारत की टक्कर इंग्लैंड से होगी।

इससे पहले बांग्लादेश के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अफगानिस्तान को पांच विकेट पर 115 रन पर रोक दिया। लेग स्पिनर रिशाद हुसैन ने 26 रन देकर तीन विकेट चटकाये। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने 43 रन बनाने के लिए 55 गेंदें खेल डाली। जवाब में अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को 17.5 ओवर में 105 रन पर आउट कर दिया। राशिद खान ने 23 रन देकर और तेज गेंदबाज नवीनुल हक ने 26 रन देकर चार-चार विकेट चटकाए। बांग्लादेश के लिए लिटन दास (नाबाद 54) अकेले टिके रहे। बारिश के कारण खेल कई बार रुका। गुरबाज और इब्राहिम जदरान ने 59 रन की साझेदारी की तो फजलहक फारूकी और नवीनुल ने नयी गेंद से विकेट लिए।

शुरुआती विकेट लेने के आदी फारूकी ने तंजीद हसन को दूसरे ही ओवर में पवेलियन भेजा। इसके बाद नवीनुल ने नजमुल हुसैन शांतो

- **नवीनुल हक और राशिद खान ने चार-चार विकेट चटकाए**
- **सेमीफाइनल में 27 जून को दक्षिण अफ्रीका से अफगानिस्तान का सामना**



नवीनुल हक

और शाकिब अल हसन के कीमती विकेट लिए। बांग्लादेश का स्कोर उस समय तीन विकेट पर 31 रन था जब बारिश के कारण खेल रुका।

खेल बहाल होने पर पावरप्ले के छह ओवर में उसने तीन विकेट पर 46 रन बना लिये थे। ऐसे में राशिद ने गेंद संभाली और लगातार ओवरों में विकेट लिए। उन्होंने लगातार दो विकेट लेकर टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 150 विकेट पूरे करके न्यूजीलैंड के टिम साउदी को पछाड़ा। एक बार फिर बारिश से खलल पड़ा, जब बांग्लादेश डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर पीछे थी। ऐसे में अफगानिस्तान के हरफनमौला गुलबदिन नायब अचानक ऐंठन के कारण गिर पड़े, जिसे खेल में विलंब करने का शिगूफा माना जा रहा है।

### स्कोर बोर्ड

**अफगानिस्तान 115/5 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| गुरबाज का सरकार बो हुसैन | 43 | 55 | 3/1 |
| जदरान का हसन साकिब बो हुसैन | 18 | 29 | 1/0 |
| उमरजई का दास बो रहमान | 10 | 12 | 0/0 |
| गुलबदिन का सरकार बो हुसैन | 04 | 03 | 1/0 |
| नबी का शांतो बो अहमद | 01 | 05 | 0/0 |
| करीम जनत नाबाद | 07 | 06 | 1/0 |
| राशिद खान नाबाद | 19 | 10 | 0/3 |

अतिरिक्त : 13 रन, विकेट पतन : 1-59, 2-84, 3-88, 4-89, 5-93

गेंदबाजी : हसन साकिब 4-0-36-0, अहमद 4-1-12-1, शाकिब 4-0-19-0, रहमान 4-0-17-1, हुसैन 4-0-26-3

**बांग्लादेश 105/10 (17.5 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| लिटन दास नाबाद | 54 | 49 | 5/1 |
| तंजीद पगबाधा बो फारूकी | 00 | 03 | 0/0 |
| शांतो का नबी बो नवीनुल हक | 05 | 05 | 1/0 |
| शाकिब का और बो नवीनुल हक | 00 | 01 | 0/0 |
| सौम्या सरकार बो राशिद | 10 | 10 | 1/0 |
| तौहीद का जदरान बो राशिद | 14 | 09 | 2/0 |
| महमूदुल्लाह का इशाक बो राशिद | 06 | 09 | 1/0 |
| रिशाद बो राशिद | 00 | 01 | 0/0 |
| तंजीम का नबी बो गुलबदीन | 03 | 10 | 0/0 |
| तस्कीन बो नवीनुल हक | 02 | 09 | 0/0 |
| मुस्ताफिजुर बो नवीनुल हक | 00 | 01 | 0/0 |

अतिरिक्त- 11 रन, विकेट पतन : 1-16, 2-23, 3-23, 4-48, 5-64, 6-80, 7-80, 8-92, 9-105

गेंदबाजी : नवीनुल 3 .5-0-26-4, फारूकी 2-0-15-1, नबी 2-0-15-0, राशिद 4-0-23-4, नूर 4-0-13-0, नायब 2-0-5-1

### सुपर-8 मुकाबलों में टीम का प्रदर्शन

**47** रन से भारतीय टीम से मिली हार

**21** रन से ऑस्ट्रेलिया को हराकर किया उलटफेर

**08** रन से बांग्लादेश टीम को मात दी



राशिद खान

# जश्न में अफगानिस्तान, दुनिया ने की तारीफ

काबुल, एजेंसी

दिग्गजों को जमींदोज करके टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची अफगानिस्तान क्रिकेट टीम की इस उपलब्धि ने पूरे देश को जश्न में सराबोर कर दिया और लोग सड़कों पर खुशियां बांटने निकल पड़े।

बांग्लादेश के खिलाफ सुपर आठ चरण के वर्षा बाधित मैच में अफगानिस्तान ने आठ रन से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसके साथ ही उसने ऑस्ट्रेलिया जैसे दिग्गज को भी बाहर कर दिया। इससे पहले ग्रुप चरण में उसने न्यूजीलैंड को हराया था। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपने शहरों की तस्वीरें एक्स पर डाली हैं। इसके साथ कैप्शन दिया



है, देखो कि सफलता के हमारे लिये क्या मायने हैं। एक और पोस्टर में हजारों प्रशंसकों को सड़कों, अपने घरों की बालकनी और दुकानों की छतों पर जश्न मनाते देखा गया।

कैप्शन में कहा गया उन्हें पता है कि टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान के नायकों की जीत का जश्न कैसे मनाना है।

# पहले मैच में पाकिस्तान से भिड़ेगी टीम इंडिया

नई दिल्ली, एजेंसी

गत चैंपियन भारत श्रीलंका के दाम्बुला में होने वाले महिला टी20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत 19 जुलाई को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ करेगा। यह टूर्नामेंट 19 से 28 जुलाई तक खेला जाएगा, जिसमें महाद्वीप की आठ टीमें हिस्सा लेंगी। पिछली बार के विपरीत इस साल आठ टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। भारत, पाकिस्तान, यूएई और नेपाल को ग्रुप ए में जगह मिली है जबकि श्रीलंका, बांग्लादेश, थाईलैंड और मलेशिया ग्रुप बी में हैं।

एशियाई क्रिकेट परिषद द्वारा जारी अपडेट कार्यक्रम के अनुसार पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के बाद भारत 21 जुलाई को यूएई और 23 जुलाई को नेपाल से भिड़ेगा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी जो 26 जुलाई को खेले जाएंगे। फाइनल 28 जुलाई को होगा। टूर्नामेंट में एक बार फिर मैच अधिकारी की भूमिका में सभी महिला अधिकारी होंगी।

**महिला टी20 एशिया कप**

- **19 जुलाई को पाकिस्तान, 21 जुलाई को यूएई और 23 जुलाई को नेपाल से होगा सामना**

### खेल डायरी

#### तेजिंदर तूर राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप से हटे



**नई दिल्ली।** भारत के गोला फेंक के शीर्ष खिलाड़ी तेजिंदर पाल सिंह तूर टखने में दर्द के कारण गुरुवार से पंचकूला में शुरू हो रही राष्ट्रीय अंतरराज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप से हट गए जो आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों की अंतिम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। वह गत एशियाई चैंपियन और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता हैं। तूर ने पीटीआई को बताया, अभी मेरे टखने में थोड़ा दर्द है और मेरे डॉक्टर ने तीन से चार हफ्तों तक थ्रो नहीं करने के लिए कहा है। भारत के 29 साल के तूर के नाम कुछ समय पहले तक 21.77 मीटर का एशियाई रिकॉर्ड था। सऊदी अरब के मोहम्मद दाओबा तोलो ने 21 जून को मैड्रिड में एस्टाडियो वालेहर्मोसो प्रतियोगिता में 21.80 मीटर के प्रयास के साथ उनके रिकॉर्ड को तोड़ा।

#### यूरो 2024 : स्पेन ने अल्बानिया को हराया

**डसेलडोर्फ (जर्मनी)।** स्पेन ने अपनी पूरी टीम लगभग बदलने के बावजूद यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के मैच में अल्बानिया को 1-0 से हराया। नॉकआउट चरण में पहले ही प्रवेश कर लेने के बाद स्पेन के कोच लुईस डे ला फुऐंते ने शुरूआती टीम में दस बदलाव किए। स्पेन ने 2008 में खिताब जीता था। स्पेन के लिये 13वें मिनट में फेरान टोरेस ने गोल किया और स्टॉपेज टाइम में गोलकीपर डेविड राया ने गोल बचाया। पूरे ग्रुप चरण में स्पेन ने एक भी गोल नहीं गंवाया। ग्रुप बी से इटली ने क्रोएशिया से 1-1 से ड्रॉ खेलकर अगले चरण में जगह बनाई।

#### काउंटी में फिर सरे के लिए खेलेंगे साई सुदर्शन

**लंदन।** भारतीय बल्लेबाज साई सुदर्शन मौजूदा काउंटी चैंपियनशिप में सरे के लिए कुछ मैच खेलने के लिए इंग्लैंड लौटेंगे। क्लब ने मंगलवार को यह घोषणा की। 22 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी पिछले सत्र में सरे से जुड़ा था और दो काउंटी चैंपियनशिप मैच खेले थे। उन्होंने एक अर्धशतक सहित 116 रन बनाए थे, जिससे टीम को अपना 22वां खिताब जीतने में मदद मिली थी। चेन्नई के इस क्रिकेटर ने आईपीएल 2024 सत्र में शानदार प्रदर्शन किया और वह गुजरात टाइटंस के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे।

#### डीएलएस के सहनिर्माता फ्रैंक डकवर्थ का निधन



**नयी दिल्ली।** क्रिकेट के वर्षा प्रभावित मैचों में परिणाम निर्धारित करने के लिए प्रयुक्त होने वाली डकवर्थ-लुईस-स्टर्न पद्धति (डीएलएस) के सह निर्माताओं से एक फ्रैंक डकवर्थ का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। डकवर्थ ने साथी सांख्यिकीविद् टोनी लुईस के साथ बारिश या अन्य कारकों से बाधित सीमित ओवरों के मैचों में निष्पक्ष परिणाम सुनिश्चित करने के लिए डीएलएस नियम को तैयार किया था। यह नियम पहली बार 1997 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में लागू किया गया था। वर्ष 2001 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने इसे आधिकारिक रूप से अपनाया। वर्ष 2014 में डकवर्थ और लुईस के सेवानिवृत्त होने के बाद उनके योगदान को मान्यता दी।

#### नफीस, बोपाना की एशियाई जूनियर स्क्वाश में जीत से शुरुआत

**इस्लामाबाद।** भारत के युशा नफीस और ध्रुव बोपाना ने मंगलवार को अपने प्रतिद्वंद्वियों को आसानी से हराकर 31वीं एशियाई जूनियर व्यक्तिगत स्क्वाश चैंपियनशिप में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। छठी वरीयता प्राप्त नफीस ने लड़कों के अंडर-17 वर्ग में पाकिस्तान के उबैद उल्लाह को 11-7 10-12 11-5 11-4 से, जबकि बोपाना ने लड़कों के अंडर-13 वर्ग में ईरान के अमीररेज़ा अल्वानसाज़ याज़दी को 11-4 11-2 11-7 से हराया।

#### कोपा अमेरिका : ब्राजील ने कोस्टा रिका से गोलरहित ड्रॉ खेला

**इंगलवुड (अमेरिका)।** ब्राजील को कोपा अमेरिका फुटबॉल के पहले मैच में कोस्टा रिका ने गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया। नौ बार की चैम्पियन ब्राजील ने गेंद पर नियंत्रण और विरोधी गोल पर हमलों में दबदबा बनाया लेकिन कोस्टा रिका के गोलकीपर पैट्रिक सिक्वेरा काफी मुस्तैद थे, जिन्होंने तीन गोल बचाये। पहले हाफ में वीएआर चेक के बाद ब्राजील के मारकिन्होस का एक गोल अमान्य करार दिया गया। इस मैच के बाद कोलंबिया ग्रुप डी में शीर्ष पर है।

# मंधाना और हरमनप्रीत वनडे रैंकिंग में शीर्ष 10 में

दुबई, एजेंसी

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर आईसीसी की महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान आगे नौवें स्थान पर पहुंच गईं जबकि उपकप्तान स्मृति मंधाना एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गईं। मंधाना के 738 जबकि हरमनप्रीत के 648 रेटिंग अंक हैं।

मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई तीन मैच की शृंखला में 343 रन बनाकर शीर्ष 10 में अपनी जगह बनाए रखी। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने शीर्ष रैंकिंग हासिल करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। वह तीन पायदान

- **मंधाना के 738 जबकि हरमनप्रीत के 648 रेटिंग अंक**



चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं तथा इंग्लैंड की नंबर एक बल्लेबाज नैट साइवर ब्रंट से केवल 16 अंक पीछे हैं। दक्षिण अफ्रीका शृंखला के तीनों मैच में हार गया था लेकिन वोलवार्ट ने दूसरे मैच में नाबाद 135 रन की पारी खेली थी। गेंदबाजी में भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा चौथे स्थान पर बनी हुई हैं। उनके 671 रेटिंग अंक हैं।

# मोडरिच गोल करने वाले सबसे उम्रदराज फुटबॉलर बने

**यूरो चैम्पियनशिप**

**लीपजिग (जर्मनी)।** संभवतः अपना आखिरी टूर्नामेंट खेल रहे क्रोएशिया के लुका मोडरिच ने इटली के खिलाफ गोल किया तो वह यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। उन्हें प्लेयर आफ द मैच पुरस्कार भी मिला लेकिन वह इसका जश्न मनाने के मूड में नहीं थे। इटली के मात्तिया जाकानी ने स्टॉपेज टाइम के आठवें मिनट में गोल कर दिया। इससे क्रोएशिया की नॉकआउट चरण में पहुंचने की राह कठिन हो गई है। अब उसे दूसरे मैचों के नतीजे पक्ष में आने की दुआ करनी होगी। 38 वर्ष 289 दिन के मोडरिच ने 55वें मिनट में रिबाउंड पर गोल दागा।

# बैडमिंटन: भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी तन्वी

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय सीनियर प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाने वाली तन्वी शर्मा 28 जून से इंडोनेशिया के योग्यकर्ता में होने वाली बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी। जूनियर राष्ट्रीय रैंकिंग चैंपियन प्रणय शेट्टीगर और महाराष्ट्र की अलीशा नाइक, शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय जूनियर ध्रुव नेगी और नव्या कंडेरी जैसे खिलाड़ी भी 18 सदस्यीय टीम में शामिल हैं। भारत को इस मिश्रित टीम चैंपियनशिप में इंडोनेशिया, वियतनाम और फिलिपींस के साथ ग्रुप सी में रखा गया है।



**भारतीय टीम:**

**पुरुष एकल :** प्रणय शेट्टीगर, ध्रुव नेगी, रौनक चौहान और प्रणव राम।

**पुरुष युगल :** अर्श मोहम्मद/संस्कार सारस्वत और भार्गव राम अरिगेला/विश्व तेज गोब्बुरू।

**महिला एकल :** तन्वी शर्मा, नव्या कंडेरी, अलीशा नाइक और आदर्शिनी श्री एनबी।

**महिला युगल :** गायत्री रावत/मनसा रावत और नव्या कंडेरी/रेशिका यू।

**मिश्रित युगल :** भार्गव राम अरिगेला/वेन्नाला के और वंश देव/श्रावणी।


# ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे घुड़सवार अनुष अग्रवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

एशियाई खेलों के पदक विजेता घुड़सवार अनुष अग्रवाल पेरिस ओलंपिक की ड्रेसेज स्पर्धा में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। अनुष ने बेहतर औसत के कारण करीबी मुकाबले में श्रुति वोरा को पछाड़ा। भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

हांगझोउ एशियाई खेल 2022 में टीम ड्रेसेज स्पर्धा का स्वर्ण और व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा का कांस्य पदक जीतने वाले अनुष को श्रुति पर तरजीह दी गई। दोनों खिलाड़ियों के हाल के प्रदर्शन के विश्लेषण के बाद अनुष को चुना गया। ओलंपिक की ड्रेसेज स्पर्धा में पहली बार कोई

- **अनुष ने बेहतर औसत के कारण मुकाबले में श्रुति वोरा को पछाड़ा**



भारतीय घुड़सवार हिस्सा लेगा। इससे पहले भारत के घुड़सवारों ने इवेंटिंग स्पर्धा में ही हिस्सा लिया है।

अनुष (अपने घोड़े सर कैरामेलो ओल्ड के साथ) ने पिछले साल शुरू हुए क्वालीफिकेशन चक्र के दौरान प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई और न्यूनतम पात्रता आवश्यकता (एमईआर) को चार बार पूरा किया जबकि अनुभवी श्रुति ने इस महीने दो बार एमईआर हासिल किया। उनका औसत स्कोर 67.695 प्रतिशत था जो श्रुति के 67.163 प्रतिशत से बेहतर था। ईएफआई द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार पेरिस खेलों में पात्र होने के लिए राइडर और घोड़े के संयोजन को एक जनवरी 2023 और 24 जून 2024 के बीच दो बार न्यूनतम 67 प्रतिशत हासिल करना आवश्यक है। ईएफआई की कार्यकारी परिषद ने अनुष को सर्वसम्मति से चुना। फवाद मिर्जा ने 2020 तोक्यो खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## आज का मौसम

हल्के बादल छाए रहने के कारण धूप भरी आँधी के साथ छुटपुट बूंदाबादी होने की संभावना है।

30.4° अधिकतम तापमान | 27.4° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:18 | सूर्यास्त 07:05

# राहत भरी बारिश, खिल उठे मुरझाए चेहरे

## दो दिन की बारिश से किसान खुश, जलभराव बना मुसीबत, करीब डेढ़ माह बाद अधिकतम पारा 30 डिग्री

गर्मी से राहत

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिले में दोपहर को हुई बारिश ने उमस से बेहाल हो रहे लोगों को राहत दे दी। करीब डेढ़ माह बाद अधिकतम पारा गिरकर 30 डिग्री पर स्थिर बना रहा। दो दिन से रुक-रुक कर होने वाली बारिश से किसान भी खुश नजर आ रहे हैं। फसलों के लिए अब किसान को सिंचाई की समस्या नहीं आ रही। हालांकि बारिश से कई जगहों पर जलभराव मुसीबत बना रहा।

मंगलवार की सुबह से ही तेज खिली धूप निकलने लगी। वहीं हवा न चलने से उमस बढ़ गई, जिससे लोग बेहाल नजर आने लगे। लेकिन कुछ देर बाद ही बादलों ने डेरा डालना शुरू कर दिया। दोपहर करीब बारह बजे के बाद मौसम का मिजाज बदल गया और तेज हवा चलने के साथ ही बारिश का दौर शुरू हो गया। लगभग आधा घंटे तक कभी हल्की कभी तेज बारिश होती रही। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल गई। लोग सुकून महसूस करने लगे।

जोरदार बारिश से राजपुर नगर पंचायत के पटेल नगर में भीषण जलभराव होने से लोग परेशान रहे। दोपहर में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान भी 27.4 डिग्री सेल्सियस रेकार्ड हुआ। देर शाम तक आसमान में बादल छाए रहे। जिससे नमी बनी रही।

जिले में पिछले दो दिन से कभी रात में तो कभी सुबह या दोपहर में बारिश हो रही है। जिससे किसान खुश नजर आ रहे हैं। जो फसलें सूखने लगी थी वे लहलहाने लगी हैं। वहीं, खरीफ की फसलों की बुवाई के लिए भी किसान तैयारी में जुटे हैं। किसानों का कहना है कि अब मौसम फसलों के लिए अच्छा हो गया है। फसलों को फिलहाल सिंचाई की आवश्यकता नहीं है। धान की रोपाई व अन्य फसलों की बुवाई आसानी से हो सकेगी। सीएसए कानपुर के मौसम विभाग ने आगामी पांच दिन धूल भरी आंधी व गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना जताई है।


बारिश से राजपुर के पटेल नगर में हुआ जलभराव। अमृत विचार


अकबरपुर में बारिश के बीच हाईवे पर आवागमन करते वाहन। अमृत विचार

### मूंग की फसल खराब होने का बढ़ा खतरा

**राजपुर।** क्षेत्र में मंगलवार की सुबह उमस भरी गर्मी के बाद दोपहर में तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश हुई। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं बारिश होने से खेतों में कटी पड़ी मूंग की फसल को लेकर किसान चिंतित हो गए। किसान इंद्रपाल, सुरेश, राजाराम, महेश आदि ने बताया कि दो दिन पहले बारिश हुई थी। इसके बाद मंगलवार को बारिश होने से खेतों में कटी पड़ी मूंग की फसल में पानी भरने से सड़ने की कगार पर है।

# खड़े ट्रक से टकरा गई बाइक, युवक की मौत

संवाददाता, सिकंदरा

- दूसरा बाइक सवार गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर
- माधौगढ़ (जालौन) पेपर देने जाते समय सिकंदरा में हादसा

**अमृत विचार।** नेशनल हाईवे किनारे खड़े ट्रक में पीछे से बाइक सवार टकरा गए। जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे घायल को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के सीधामऊ आकाश अवस्थी (21) व भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के हासेमऊ गांव निवासी शनि (20) मंगलवार को बाइक पर सवार होकर डी-फार्मा का पेपर देने के लिए जनपद जालौन के थाना माधवगढ़ क्षेत्र के एक विद्यालय में जा रहे थे। उसी दौरान सिकंदरा थाना क्षेत्र के बिरहाना के पास नेशनल हाईवे पर अंग्रेजी शराब ठेका के सामने एक ट्रक खड़ा में पीछे से बाइक सवार दोनों युवक टकरा गए। जिससे आकाश की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं शनि गंभीर रूप से घायल हो गया।


आकाश।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी सिकंदरा भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद शनि को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे में युवक की मौत की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया और मां मिथिला, भाई राहुल, बहन सिवानी, शिया समेत अन्य परिजन का रो-रोकर बुरा हाल रहा। इस संबंध में सिकंदरा थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### कोर्ट के आदेश पर सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**रूरा।** कस्तूरीपुरवा निवासी मीना देवी ने पुलिस को बताया कि 8 दिसंबर 2023 को नरसूझा निवासी रामचंद, सोनामती, सुभाष, चरन सिंह, अखिलेश, लक्ष्मी व संध्या ने घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी। विरोध किया तो सभी उसके साथ मारपीट करने लगे और चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसका बायां हाथ जख्मी हो गया। आरोपी तीन हजार रुपये भी ले गए। रूरा पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेला आज

**कानपुर देहात।** जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर में पुरुष व महिला बेरोजगारों के लिए 26 जून को सुबह 10 बजे रोजगार मेला लगेगा। इसमें कंप्यूटर आपरेटर, हेल्थ एसोसिएट समेत अन्य पदों के लिए कंपनियां आएंगी। मेले में आईटीआई, नान आईटीआई डिप्लोमा, स्नातक उतीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकते है। अभ्यर्थियों का रोजगार संगम पोर्टल पर पंजियन भी किया जाएगा। अभ्यर्थी शैक्षिक व जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति लेकर आएं। यह जानकारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी शशि तिवारी ने दी है।

### बीडीओ ने पांच पंचायत सचिवों का रोका वेतन

**कानपुर देहात।** संदलपुर के नवागत बीडीओ विपिन कुमार ने मंगलवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने ग्राम पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय से ब्लाक कार्यालय में उपस्थित रहें और रोस्टर के मुताबिक तैनाती वाली ग्राम पंचायतों में जाएं। उन्होंने अनुपस्थित सचिव धर्मेंद्र यादव, धीरज कुमार, जगदीप श्रीवास्तव, आकांक्षा त्रिपाठी व अजय श्रीवास्तव का एक दिन का वेतन रोक स्पष्टीकरण मांगा है।

# इमरजेंसी के विरोध में मौन जुलूस

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** देश में 1975 को लगे आपातकाल के विरोध में भाजपाईयों ने मंगलवार को अकबरपुर पुल से मौन जुलूस निकाला, जो माती रोड तक गया। इस दौरान कानपुर-बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष समेत बड़ी संख्या में भाजपा नेता मौजूद रहे।

मंगलवार को अकबरपुर में जुलूस के बाद भाजपा पार्टी कार्यालय में गोष्ठी हुई। कानपुर-बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल व जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 25 जून 1975 की रात अपनी कुर्सी बचाने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगा दी और संविधान का गला घोंट दिया। आपातकालीन लगाने के बाद राजनीतिक नेताओं, पत्रकारों और अन्य को जेल में डाल दिया गया। देश को बदनाम करने के लिए कांग्रेस साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की मृत्यु साधारण नहीं हुई थी लेकिन तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने जांच करने से मना कर दिया। कांग्रेस सरकार ने कई बार संविधान संशोधन किया और 42 अनुसूची का आधा संविधान ही बदल दिया। कांग्रेस सरकार अब संविधान बचाने का नाटक कर रही है। भाजपा सरकार ने कश्मीर से धारा 370 व 35 ए को खत्म कर देश को एक सूत्र में बांधने का काम किया है। यहां वंश लाल कटियार, बागीस मिश्रा, संतोष सचान, राजेंद्र त्रिपाठी, प्रेम शंकर सचान, शिवकुमार कटियार, राजेश तिवारी, राजेंद्र सिंह चौहान, मदन पांडेय, फूल सिंह कठेरिया, बृजेंद्र सिंह, सौरभ मिश्रा, मुनीश बाजपेई, नीरज पांडेय, विकास मिश्रा आदि भाजपाई मौजूद रहे।


अकबरपुर में मौन जुलूस निकालते भाजपा नेता। अमृत विचार

- स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत

# ऑनलाइन हाजिरी के फरमान पर छिड़ी जंग

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक व बच्चों की ऑनलाइन हाजिरी 15 जुलाई से होगी अनिवार्य

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक व नौनिहालों की ऑनलाइन हाजिरी 15 जुलाई से अनिवार्य होगी। टैबलेट के माध्यम से ऑनलाइन हाजिरी भरने का काम किया जाएगा। प्रधानाध्यापक इस हाजिरी को प्रमाणित करेंगे। इसके अलावा 12 डिजिटल पंजिकाएं भी प्रभावी रहेंगी।

परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को पूर्व में टैबलेट दिए जा चुके है। इनके सिम खरीदने व रिचार्ज की व्यवस्था कंपोजिट ग्रांट से की गई है। अब इनका विद्यालय संचालन में भरपूर प्रयोग किया जाएगा। 15 जुलाई से विद्यालय में शिक्षक व नौनिहालों की ऑनलाइन हाजिरी ही मान्य होगी। हाजिरी लगाने के बाद प्रधानाध्यापक इसको प्रमाणित करेंगे। शिक्षक विद्यालय आगमन व प्रस्थान यानि दो बार हाजिरी लगाएंगे।

वहीं दूसरी ओर टैबलेट के माध्यम से शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी की व्यवस्था को लागू कराना किसी चुनौती से कम नहीं है। क्योंकि शिक्षक संगठन इसका विरोध कर रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि वाईफाई कनेक्शन के लिए कोई पैसा नहीं दिया और न ही प्रशिक्षण। लंबे अरसे से पेंशन और पदोन्नति की मांग की जा रही है। जिस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जब तक मांगों पर सुनवाई नहीं होगी। ऑनलाइन हाजिरी का विरोध जारी रहेगा।

## सार-संक्षेप


अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देतीं महिलाएं। अमृत विचार

### अकबरपुर का नाम देवनगर रखने की उठाई मांग

**कानपुर देहात।** समाजसेवी महिलाओं ने अकबरपुर का नाम बदल कर देवनगर करने की मांग उठाई है। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा गया है। मंगलवार को देव समाज संस्थान अकबरपुर में समाज सेविका कंचन मिश्रा के नेतृत्व में महिलाओं ने एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमे विवाहित महिलाओं पर बढ़ते अत्याचारों पर चिंता व्यक्त की गई। दहेज़ उत्पीड़न के मामलों पर विचार विमर्श हुआ। वहीं मेरठ से आईं डॉ. मीनाक्षी शास्त्री ने संस्थापक देव समाज की जन्म स्थली अकबरपुर का नाम देव नगर रखने की बात कही। इसपर सभी ने अपनी सहमति व्यक्त की। बाद में महिलाओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सुरभि शर्मा को सौंपा। इस मौके पर चंडीगढ़ से आई देव प्रीति, पूनम, देवांगी, रेखा गुप्ता, कल्पना तिवारी आदि रहीं।


युवक की मौत पर जरसेन गांव में रोती-बिलखतीं महिलाएं। अमृत विचार

### युवक का शव गांव पहुंचने पर मचा कोहराम

**मूसानगर।** वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की हुई मौत से जरसेन गांव में मातम छा गया। शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मूसानगर थाना क्षेत्र के जरसेन गांव निवासी नितेश (20) अपने मामा के गांव सजेती थाना क्षेत्र के रुदौली गांव निवासी रिस्तेदार शुभम् (24) व ललित (28) के साथ सोमवार देर रात शादी में शामिल होने अंतापुर गांव बाइक से जा रहा था। तभी गुढ़ा शेरपुर के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे नितेश की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं अस्पताल ले जाते समय रास्ते में शुभम ने दम तोड़ दिया था। शुभम की इसी माह 18 जून को शादी हुई थी। जानकारी पर उसकी नवविवाहिता पत्नी राखी दहाड़ मार-मार कर रोने लगी। वहीं ललित को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। मंगलवार दोपहर नितेश कुमार का शव गांव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है।

### चोरी की बाइक समेत एक आरोपी गिरफ्तार

**कानपुर देहात।** बरौर थाना पुलिस ने एक शातिर को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त अनिकेत कुशवाहा निवासी बरौली थाना देवराहट को चोरी की एक बाइक जिसकी असली नंबर प्लेट बदल दी गई थी। उसे मुरादपुर गांव से दो सौ मीटर बरौर की तरफ भट्ठे के सामने से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अदेशी तमंचा व दो कारतूस बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### जहरीला कीड़ा काटने से किसान की मौत

**रूरा।** नदी किनारे लकड़ी काटने गए किसान की जहरीला कीड़ा काटने से मौत हो गई। रहमानपुर गहलो जर्बी निवासी रामकेश (55) मंगलवार की सुबह घर से रिंद नदी किनारे लकड़ी काटने गए थे। जहां पर किसी जहरीले कीड़े के काटने से उनकी मौत हो गई। शाम को जब चरवाहे अपने जानवर चराने नदी किनारे पहुंचे तो रामकेश का शव पड़ा देखा। जिसपर सूचना उनके परिजनों दी गई। गांव के अशोक पाल ने बताया की मृतक की पत्नी का निधन करीब आठ साल पहले हो गया था। मृतक के दो बच्चे खुशी व कुलदीप है। जिनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। ग्रामीणों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।


रामकेश।

### नारायण पुरवा के पंचायत भवन में भरा भूसा

**कानपुर देहात।** सरकार की ओर से गांवों में पंचायत भवनों का निर्माण इस आशय से कराया गया था कि वहां सभी कार्य किए जाएंगे। इसके लिए लाखों रुपये भवन निर्माण, मरम्मत, रंगरोगन आदि पर खर्च किए जाते हैं। इसके बावजूद नारायण पुरवा का पंचायत भवन उपयोगहीन साबित हो रहा है। लोगों ने यहां के कमरों में भूसा भर रखा है। अकबरपुर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत तिलौंची के मजरा नारायण पुरवा में करीब तीस वर्ष पहले तत्कालीन ग्राम प्रधान रवि शंकर शुक्ल ने पंचायत भवन बनवाया था। वर्ष 2019 में तत्कालीन ग्राम प्रधान ने ढाई लाख रुपये से ग्राम पंचायत भवन की बाउंड्री व डेढ़ लाख रुपये से मिट्टी भराई कार्य कराया। इसके बावजूद भवन में कार्य शुरू नहीं किया गया। जिससे वहां पंचायत भवन बेमसद साबित हो रहा है। शौचालय के दरवाजे, वॉश बेसिन आदि सामान टूट गए या तो चोरी कर लिए गए हैं। मौजूदा समय में भवन परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है और बबूल के पेड़ उग आए हैं। भवन का उपयोग न होने के कारण कुछ लोगों ने कमरों में भूसा भर रखा है। ऐसे में गांव के लोग आय, जाति, निवास, जन्म-मृत्यु कागजों के लिए ब्लाक व जिला मुख्यालय की दौड़ लगाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने पंचायत भवन में कामकाज शुरू कराने की मांग की है।


कमरे में भूसे से भरी झाल।

# बंबों में पानी न होने से बढ़ी मुसीबत

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचार।** क्षेत्र में किसान धान की रोपाई के समय नहर व रजबहा में पानी न होने से धान की रोपाई का काम प्रभावित हो रहा है। वहीं पशु पक्षियों के लिए पेयजल संकट उत्पन्न हो रहा है, लेकिन किसानों की आमदनी दोगनी करने वाले अफसर नहर व रजबहों में पानी छोड़ने के प्रति उदासीन हैं। इससे तपन भरी गर्मी से लोग परेशान हैं और किसानों का काम प्रभावित हो रहा है।

इन दिनों किसानों द्वारा खेतों में धान की नर्सरी तैयार करने का समय समय चल रहा है, लेकिन रसूलाबाद क्षेत्र के लहरापुर व रामपुर रजबहा, पाल नगर बंबा, रामगंगा से इटैली बंबा, मलखानपुर बंबा सहित कई रजबहे व बंबा सूखे पड़े हैं। जिससे किसानों को सिंचाई का संकट सता रहा है। धान रोपाई के लिए खेतों की पलेवा करने के लिए पानी उपलब्ध न होने से किसानों का काम प्रभावित हो रहा है। वहीं रजबहों में पानी न होने से पशु-पक्षियों को भी पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। गर्म हवाओं के चलते पड़ रही भीषण गर्मी व तेज धूप के कारण जंगली इलाकों का भी पानी गायब हो चुका है। जिससे पशु-पक्षी सहित राष्ट्रीय पक्षी मोर गांव के किनारे पानी की तलाश में जाते हैं। इसके बावजूद अधिकारी रजबहों व बंबों में पानी छोड़ने के प्रति संजीदा नहीं दिख रहे हैं। इससे स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

नारखुर्द के किसान इसरार मोहम्मद, कल्लू मिश्रा, बड़े बाबू, अजय प्रधान, इंदिरा नगर के अमित पांडेय, मीनू सिंह आदि ने बताया कि रजबहों व बंबों में समय से पानी न होने की वजह से नई फसल की तैयारी नहीं हो पा रही है। धान के पौधे डालने में भी संकट है। वहीं जानवरों के हरे चारे की व्यवस्था भी नहीं हो पा रही है। इस बावत सिंचाई विभाग के अवर अभियंता आलोक कुमार ने बताया कि डैम में पानी की कमीं होने के कारण एक-एक नहर में पानी छोड़ा जा रहा है। 25 से 26 तक पानी आने की संभावना है।


सूखा पड़ा रामगंगा नहर से निकला इटैली बंबा। अमृत विचार

- सिंचाई विभाग के अफसर डैम में पानी कमी का सुना रहे दुखड़ा

# संगम पोर्टल से युवाओं को मिलेगा रोजगार

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बेरोजगार युवाओं को अब संगम पोर्टल के माध्यम से दी जाएगी। इस पोर्टल पर बेरोजगार छात्रों के साथ ही नियोजक भी होंगे, जो शैक्षिक योग्यता के आधार पर पंजीकृत बेरोजगारों को नौकरी के लिए चयनित करेंगे।

संगम पोर्टल के माध्यम से दावा है कि बेरोजगारों को रोजगार की दिशा में बड़ी पहल होगी। सेवायोजन विभाग ने शिक्षा विभाग के माध्यम से यह पहल शुरू की है। सेवायोजन विभाग की ओर से बेरोजगार युवाओं को नौकरी उपलब्ध कराने के लिए रोजगार संगम पोर्टल का शुभारंभ किया गया है। इस पोर्टल पर ही जिले के छात्र-छात्राओं का डाटा फीड किया जाएगा।

विभाग की ओर से डिग्री कालेजों में स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं के अंतिम वर्ष में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के साथ ही पॉलीटेक्निक, आईटीआई, मैनेजमेंट, फार्मा और विश्वविद्यालय में पढ़ने वालों का ब्योरा भी अपलोड होगा। यह जिम्मेदारी कालेजों के साथ ही सेवायोजन विभाग को सौंपी गई है। इसके अलावा संगम पोर्टल पर सभी नियोजकों का भी पंजीकरण कराया जाएगा। इसके लिए सेवायोजन विभाग और शिक्षा विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। छात्र खुद पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर सकते हैं।

### ऐसे करें पंजीकरण

पोर्टल पर पंजीकरण करने के लिए आवेदक को मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी, शैक्षिक प्रमाण पत्र, फोटो, जाति प्रमाण पत्र, दिव्यांग प्रमाण पत्र, पासपोर्ट जैसे दस्तावेज अपलोड करने होंगे। कैंपस में पढ़ रहे छात्रों को जॉब सीकर में जाकर कैंपस स्टूडेंट ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। कैंपस से बाहर के छात्र जनरल जॉब सीकर पर क्लिक कर अपना पंजीकरण कर सकेंगे।

# आग से धू-धू कर जला ट्रांसफार्मर

**मंगलपुर।** भीषण गर्मी के बीच जर्जर विद्युत तारों के टूटने व ट्रांसफामरों के जलने का सिलसिला जारी है। मंगलवार को डिलवल गांव में लगा सौ केवीए का ट्रांसफार्मर धू-धू कर जल गया, जिससे गांव की बिजली गुल हो गई।

मंगलपुर-डेरापुर मार्ग स्थित डिलवल में सड़क किनारे पर 100 केवीए की क्षमता का ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ है। जिससे पूरे डिलवल गांव में बिजली आपूर्ति होती है। तेज गर्मी के कारण अचानक मंगलवार की सुबह करीब दस बजे अचानक ट्रांसफॉर्मर में आग लग गई। धीरे-धीरे लगी आग इतनी विकराल हो गई कि ट्रांसफॉर्मर से आग की बड़ी-बड़ी लपटें उठने लगी। ट्रांसफार्मर से तेज आग की लपटें उठती देखकर लोगों ने अधिकारियों को सूचना देकर बिजली कटवाई। इसके बाद ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। देर शाम तक ट्रांसफार्मर की मरम्मत न होने से लोग उमस भरी गर्मी में परेशान रहे।

मुसीबत | लोगों ने चंदा कर जेनरेटर का किया जुगाड़, राजपुर में फाल्ट से 42 घंटे से आपूर्ति ठप

# बत्ती-पानी को 20 हजार की आबादी परेशान

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** नगर पंचायत में करीब डेढ़ वर्ष पहले पटेल नगर व लोहिया नगर वार्ड में बिछाई गई पाइपलाइन को टंकी से न जोड़ने के कारण जलापूर्ति की समस्या है। इधर बैंक ऑफ बड़ौदा के पीछे लगे बोर नंबर दो में खराबी आने पर तीन दिनों से पानी नहीं आया है। वहीं फाल्ट होने के कारण करीब 42 घंटे से विद्युत आपूर्ति न होने से करीब बीस हजार लोग बेहाल हैं। लोग चंदा कर जेनरेटर से घंटों लाइन में लगकर निजी सबमर्सिबल से पानी भरने को मजबूर हैं।

राजपुर कस्बे की 20 हजार की आबादी को पेयजल मुहैया कराने के लिए दो नलकूपों से जलापूर्ति दी जाती है। नलकूप संख्या दो से जुड़े पटेल नगर व बैंक आफ बड़ौदा के पीछे वाली गली स्थित लोहिया नगर में पेयजल आपूर्ति प्रदान की जाती है, लेकिन दो दिनों से बिजली व्यवस्था धड़ाम होने से राजपुर नगर व क्षेत्र के शाहजहांपुर, सट्टी, अफसरिया, मदियापुर, बिलहरा, सलेमपुर, बैना, जैनपुर तथा सट्टी फीडर से सप्लाई होने वाले क्षेत्रों में पेय जल व विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है। ऐसे में एक दर्जन गांवों में विद्युत सप्लाई व जलापूर्ति न होने से लगभग 20 हजार की आबादी तीन दिनों से समस्या से जूझ रही है।

नगर के मो.शकील, रिजवान अहमद, इकराम मंसूरी, सादिक मास्टर, नफीस, लल्ला आदि ने बताया कि बस्ती में लगभग डेढ़ वर्ष पहले पाइपलाइन बिछाई गई थी। जिसे टंकी से नहीं जोड़ा गया है। बैंक ऑफ बड़ौदा के समीप नलकूप संख्या दो से बिजली आने पर सीधे नलकूप से सप्लाई दी जाती है। बिजली समस्या होने से राजपुर समेत करीब एक दर्जन गांवों में बिजली व जलापूर्ति ठप है। गर्मी मे पेयजल संकट गहराने से लोगों को मुसीबत उठानी पड़ रही है। नगर पंचायत में जानकारी देने के बाद कोई भी व्यवस्था नहीं कराई गई है। लोग चंदे से जेनरेटर लगाकर निजी सबमर्सिबल से पानी भर रहे हैं।



राजपुर के पटेल नगर में जेनरेटर चलाकर सबमर्सिबल से पानी भरते लोग।

> नलकूप के पाइप में खराबी आने से जलापूर्ति बाधित हुई है। कर्मचारी को भेजा गया है। जल्द ही पानी की सप्लाई चालू की जाएगी।
>
> -नीति त्रिपाठी, ईओ

# रोजगार सृजन योजना में ऋण के लिए करें आवेदन

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- बैंक से अधिकतम 50 लाख रुपये तक का मिलता ऋण

**अमृत विचार।** व्यक्तिगत उद्यम के लिए बैंकों से वित्त पोषण कराकर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम का क्रियांवयन खादी व ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा किया जा रहा है।

जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी अखिलेश कुमार अग्निहोत्री ने देते हुए बताया कि योजना में अधिकतम 50 लाख रुपये तक का ऋण बैंक के माध्यम से उद्यम की स्थापना के लिए प्रदान किया जाता है। योजना में ग्रामीण क्षेत्र के सामान्य वर्ग के पुरुष लाभार्थियों को प्रोजेक्ट कॉस्ट का 25 प्रतिशत एवं आरक्षित वर्ग व महिला उद्यमियों को प्रोजेक्ट कॉस्ट का 35 प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्र के सामान्य वर्ग के पुरुष लाभार्थियों को प्रोजेक्ट कॉस्ट का 15 प्रतिशत, आरक्षित वर्ग व महिला उद्यमियों को प्रोजेक्ट कॉस्ट का 25 प्रतिशत मार्जिन मनी अनुदान की सुविधा देय है।

ग्रामीण क्षेत्रों की वित्त पोषित इकाईयों को अधिकतम 13 प्रतिशत तक ब्याज़ उपादान की सुविधा तीन वर्ष तक दिए जाने का प्राविधान है। उन्होंने बताया कि योजना अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन ही मान्य है। कोई भी आवेदक भारत सरकार की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। वेबसाइट पर योजना के संबंध में पूरी जानकारी उपलब्ध है रहे। अधिक जानकारी के लिए लोग जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में भी संपर्क कर सकते हैं।

छत्तीसगढ़ में नक्सली हमले में बलिदान शैलेंद्र कुमार का पार्थिव शरीर पहुंचा गांव

शव यात्रा के साथ गाड़ियों पर भारत माता की जय के नारे लगाते रहे हजारों लोग

परिजनों और गांव में मची चीखपुकार, गमगीन हुआ माहौल, लोगों के छलके आंसू

# अंतिम सफर पर बलिदानी, जुबां पर जयघोष और आंखों में पानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रविवार को छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर बॉर्डर पर नक्सली हमले में बलिदान कानपुर के नौगवां गौतम गांव निवासी जवान शैलेंद्र कुमार का पार्थिव शरीर मंगलवार दोपहर गांव पहुंचा। घर से लेकर गांव में हर तरफ चीखपुकार मच गई। पूरा माहौल गमगीन हो गया। हजारों लोगों ने तिरंगे के साथ बलिदानी की शव यात्रा निकाली और भारत माता की जय के नारे लगाए। बलिदानी की अंतिम यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, राज्य मंत्री अजीत पाल, आईजी सीआरपीएफ सतपाल रावत, डीआईजी सीआरपीएफ एसपी सिंह व सेना के अधिकारी समेत पुलिस के आलाधिकारी पहुंचे। राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

मंगलवार को सैकड़ों युवा, परिजन और ग्रामीण सुबह से ही बलिदानी शैलेंद्र के पार्थिव शरीर की प्रतीक्षा कर रहे थे। जैसे ही सैन्य अफसरों का काफिला कानपुर सीमा में पहुंचा तो सैकड़ों की संख्या में युवा बलिदानी शैलेंद्र के पार्थिव शरीर के वाहन के साथ नौगवां गौतम स्थित आवास पर साथ आए।

पूरे रास्ते भर युवाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर शैलेंद्र अमर रहे व भारत माता की जय के नारे लगाए। गांव में भी हजारों लोग हाथों में तिरंगा और जुबां पर शैलेंद्र अमर रहे के नारे गुंजायमान करते रहे। कई लोग जोश जगाते पोस्टर लिए रहे। मां बिजला देवी, पत्नी कोमल, भाई नीरज, बहन मनोरमा ने बारी-बारी से तिरंगे से लिपटे पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किए। डीएम, एडीएम एफआर राजेश कुमार, एसडीएम नरवल ऋषभ वर्मा व डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह, एडीसीपी लखन यादव, एसीपी दिलीप सिंह ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। सपा विधायक अमिताभ बाजपेई, विधायक हसन रूमी, पूर्व विधायक मुनीन्द्र शुक्ला, भाजपा नेता राकेश तिवारी आदि ने पुष्पांजलि दी।

### युवकों को करते थे जागरूक, यूटयूब पर 16.9 हजार फॉलोअर

- सोशल मीडिया की मदद से जवान शैलेंद्र कुमार सेना, सीआरपीएफ आदि के जवानों के जज्बे को हमेशा सलाम करते रहे। यूट्यूब में वीडियो बनाकर उन्होंने हमेशा युवाओं को देश सेवा की प्रेरणा दी। उन्होंने वर्ष 2018 में अपना अकाउंट यूट्यूब में बनाया था। वीडियो के जरिए सेना की वर्दी कितनी तरह की, घर मे घुसे आतंकवादी या हमलावर को कैसे मारते, कमांडो आदि वीडियो बनाकर युवाओं को जागरूक किया। उन्होंने चैनल में लगभग 95 वीडियो पोस्ट किए। उनके एसके तूफानी नाम के यूट्यूब चैनल पर 16 .9 हजार फॉलोअर हैं। शैलेंद्र के दोस्त दीपक गौतम बताते हैं कि शैलेंद्र को फुटबाल व क्रिकेट का बहुत शौक रहा।

### आज काम टाला तो कल भी टल जाएगा

- सीआरपीएफ में जाने की जब जवान शैलेंद्र तैयारी कर रहे थे, उसी दौरान गांव के युवाओं को भी पढ़ाते थे। ग्रामीण शिवम सिंह बताते हैं कि शैलेंद्र हमेशा समय के सदुपयोग पर फोकस रखते थे। वह कहते थे कि आज काम टाला तो कल भी टल जाएगा। इसलिए टालने की आदत नहीं होनी चाहिए।





### संघर्षों में बीता जीवन हंसमुख स्वभाव था

- शैलेंद्र परिवार में तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। शैलेंद्र ने शुरुआती शिक्षा सिकटिया गांव के दौलत सिंह इंटर कॉलेज से ली थी। इंटर प्रेमपुर जन शिक्षण इंटर कॉलेज से करने के बाद ग्रेजुएशन की पढ़ाई महाराणा प्रताप डिग्री कॉलेज करचलपुर फतेहपुर से की थी। शैलेंद्र ने बचपन से ही संघर्ष किया था। वह हंसमुख स्वभाव के थे।

### मेरा लल्ला जाग जाएगा, वो सो रहा है

- 45 घंटे से अपने लाडले का इंतजार कर रहीं मां बिजला देवी बोलीं, देखना अभी मेरा लल्ला जग जाएगा, वह सो रहा है। मां के अलावा पत्नी कोमल का रो-रोकर बुरा हाल था। भाई-बहन भी दहाड़ मार मारकर रो रहे थे। पति शैलेंद्र के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित करने के दौरान कोमल अचेत हो गई।

### बदहवास पत्नी बोली रविवार को डयूटी पर क्यों भेजा था

- पति शैलेंद्र के बलिदान होने से पत्नी कोमल पूरी तरह से बदहवास हो गई है। बार-बार अचेत हो रही थी। पति के कफन से तिरंगा हटाकर उसे दिया गया तो उसने तिरंगा कलेजे से लगाकर चीख-चीख कर शैलेंद्र का नाम लेकर रोना शुरू कर दिया। डीएम से कहा आप ये बताइए कि मेरे पति चार दिन पहले आने वाले थे तो उन्हें रविवार को क्यों काम पर भेजा।

### परिवार था तो रुपये नहीं, आज रुपये हैं तो परिवार नहीं

- बेटे की याद करके दहाड़ मार-मारकर रो रही मां बिजला देवी हाथ में चेक लेते हुए बोलीं कि जब भरापूरा परिवार था तो रुपये नहीं थे। आर्थिक तंगी में जीवन बीत रहा था, आज रुपये हैं तो परिवार ही खत्म हो गया। पहले पति, फिर दो बेटों की मौत को याद करते हुए फफक पड़ीं।



बलिदानी की पत्नी कोमल को राष्ट्रीय ध्वज प्रदान करते सीआरपीएफ के आई .जी . सतपाल रावत। अमृत विचार

### कर चले हम फिदा जानों तन साथियों अब तुम्हारे हवाले...

- मंगलवार दोपहर 1.20 मिनट पर जवान शैलेंद्र का पार्थिव शव जैसे ही गांव पहुंचा तो जनसैलाब उमड़ पड़ा। गांव में लोगों की भीड़ संभालने में स्थानीय प्रशासन के पसीने छूट गए। पूरे गांव में जगह-जगह देश भक्तों की गीतों जैसे कर कर चले हम फिदा जानों तन साथियों अब तुम्हारे हवाले, ऐ मेरे वतन के लोगों ज़रा आंख में भर लो पानी, दिल दिया है जान भी देंगे, ऐ वतन तेरे लिए जैसे गीत गूंज रहे थे।



शहीद की पत्नी कोमल फूट फूट कर रोती हुई। अमृत विचार



राज्यमंत्री अजीत पाल ने पुष्पाजंलि दी। अमृत विचार



शैलेंद्र के पार्थिव शरीर को कंधा देते सीआरपीएफ जवान।



सीआरपीएफ के जवान फायरिंग कर बलिदानी को सलामी देते।

### भाजपाई और सपाई भिड़े तो पुलिस ने किया बीच-बचाव

- बलिदानी का पार्थिव शरीर पहुंचते ही हर कोई जवान को श्रद्धा सुमन अर्पित करना चाहता था। इस दौरान भाजपा से विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना के चाचा का बेटा प्रवीण महाना अपने समर्थकों के साथ पहुंचे। पहले से मौजूद सपा विधायक अमिताभ बाजपेई से पहले श्रद्धांजलि देने को लेकर तीखी झड़पें हो गईं। दोनों के समर्थक वहां पर हूटिंग करने लगे। पुलिस ने बीच बचाव कर दोनों को शांत कराया। बलिदानी के अंतिम विदाई के मौके पर माननीयों की इस तरह की हरकत से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया।



सपा विधायक अमिताभ वाजपेयी की विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के भाई प्रवीण महाना से झड़प होने पर पुलिस ने विवाद रोका।

### परिजनों को सौंपी 50 लाख की चेक

- कैबिनेट मंत्री राकेश सचान और जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह शहीद शैलेंद्र कुमार के पैतृक गांव नौगवां गौतम पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने शहीद के पत्नी कोमल को 35 लाख व मां को 15 लाख की चेक सौंपा।



शैलेंद्र की मां तथा पत्नी को आर्थिक सहायता की चेक प्रदान करते प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान तथा जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह।

निरीक्षण | खलवा पुल को देखकर ली चैन की सांस, मरियमपुर में गलीपिट साफ करने के निर्देश

# बारिश में जलभराव देखने निकले नगर आयुक्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मंगलवार दोपहर हुई छिटपुट बारिश के बाद नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन जलभराव का निरीक्षण करने पहुंचे। नगर आयुक्त ने कोका कोला चौराहा, गुमटी नं 5, जरीब चौकी, अफीम कोठी, झकरकटी बस अड्डा, टाट मिल चौराहा, सीओडी पुल, रामादेवी चौराहा, जाजमऊ, नई चुंगी से पुरानी चुंगी, जाजमऊ उपरिगामी से पनकी होते हुए नरेन्द्र मोहन सेतु तक निरीक्षण किया। इस दौरान खलवा पुल पर जलभराव न देख नगर आयुक्त ने राहत की सांस ली। उन्होंने मरियमपुर में गलीपिट की सफाई के निर्देश दिये।

नगर आयुक्त ने पनकी भाटिया तिराहे पर नाला चलते हुए पाया। पनकी पड़ाव से पनकी मन्दिर की ओर चलने पर कई स्थान पर कूड़ा काफी ज्यादा एवं सड़क तक फैला हुआ पाया गया। जगह-जगह कूड़ा फैला मिलने पर नगर आयुक्त ने सफाई कर्मचारी अनिल, सुरेश, सफाई नायक विजय का एक दिन का वेतन रोकने के आदेश दिये। सफाई निरीक्षक श्वेता सिंह को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिये। जोनल स्वच्छता अधिकारी अरविन्द यादव का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकने के निर्देश दिये। नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त जगदीश यादव को सख्त निर्देश दिये कि अपने आवंटित जोन का नियमित भ्रमण करते हुए सफाई कार्य पर सतर्क रहें। नगर आयुक्त जूही खलवा पुल पहुंचे तो यहां जलभराव की स्थिति नहीं दिखी। जोनल अभियन्ता नानक चंद्र को निर्देश दिये कि सम्पवेल पर बरसात के समय नियमित कर्मचारी तैनात रहे और अधिक बरसात के समय बैरीकेट को तत्काल बन्द कर दिया जाये।



नगर आयुक्त ने गंदगी को तत्काल साफ करने के निर्देश दिये। अमृत विचार

**पनकी में गंदगी देख सफाई कर्मचारियों का वेतन रोका, गुमटी से जाजमऊ तक किया निरीक्षण**

# लंबित समस्याओं को लेकर जताया आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**शिक्षकों का जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना**

**अमृत विचार।** उ.प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ पांडे गुट की जिला कार्यकारणी एवं समस्याओं से त्रस्त शिक्षकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कानपुर नगर कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीनधरना जारी रखा।

जिला महामंत्री राहुल कुमार मिश्रा ने बताया कि शिक्षकों की समस्याओं जैसे 60 से 62 वर्षीय विकल्प स्वीकृत, पेंशन - फंड का भुगतान, चयन वेतनमान व प्रोन्नत वेतनमान, एनपीएस से सेवानिवृत्ति शिक्षकों की पेंशन भुगतान, जीएनके इंटर कॉलेज व बिल्हौर इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य (विभाग द्वारा मान्य) के कार्य न लिया जाना, व्यवसायिक शिक्षकों के मानदेय का भुगतान न होना आदि लंबित मामलों में जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार से वार्ता में सहमति बनी लेकिन जब तक आदेश की प्रति प्राप्त नही हो जाती है तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। इस मौके पर प्रदेश मंत्री बृजभूषण मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्रपाल सिंह लल्ला, मंडल अध्यक्ष आरसी पांडे, जिला अध्यक्ष अवधेश कटियार, चंद्रदीप यादव, राकेश भारद्वाज, प्रेमचंद त्रिपाठी,शैलेन्द्र अवस्थी, चित्रांशी सिंह, आफताब अंसारी रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**NOTICE**

Pervinder Singh S/o Sukhvinder Singh R/o Bhoopatipurva Nighasan District Kheri lost his High school marksheet Roll no 0964927 passed 2019 and Intermediate Marksheet Roll no 215807489 passed 2021, Mob: 9919600276

**सूचना**

मैंने अपना नाम VARISH से बदलकर MOHAMMAD VARIS रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O- MAJID, ADD- HARDOI ROAD BEHIND GADDI BAGIYA, ZAHID NAGAR, SIKRAURI KAKORI, LUCKNOW-226101 (U.P.)**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरा पुत्र रितेश मेरा कहना नहीं मानता है। रितेश का आचरण ठीक नहीं है, जिसके चलते मैंने उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य के प्रति मै और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं हैं और न होगा। अपने किए कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **राम सजीवन पुत्र रामकृष्ण निवासी पूरे अंबर वीर डिहवा मजरे दतौली थाना लालगंज जिला रायबरेली उ0प्र0।**

**सूचना**

मेरे पिता की मृत्यु हो चुकी है। मेरे तीन भाई हैं, सभी की शादी हो चुकी है, सभी अपने परिवार के साथ अलग अलग रहते हैं। मैंने भी अपने सभी भाईयों और परिवारवालों से अलग हो गया हूं। परिवार वालों से मैंने संबंध विच्छेद कर लिए हैं। पृथ्वीराज पुत्र सत्यराम निवासी ग्राम सैफई तहसील सैफई जनपद इटावा

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैने अपनी पुत्रवधू सोनी पत्नी स्व. राजीव कुमार से संबध विच्छेद कर अपनी सभी चल अचल संपत्ति से उसे बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गए सभी कार्यो की वह स्वंय जिम्मेदार होगी। मेरा कोई ताल्लुक वास्ता नही होगा। **शिवनाथ सिंह पुत्र राजाराम निवासी हसेरन तहसील तिर्वा कन्नौज।**

**सूचना**

मु0अ0सं0 107/23 धारा 354, 294, 323, 504 iPC व 9 छ/10 पाक्सो एक्ट थाना राजपुर का0दे0 से सम्बन्धित अभियुक्त प्रमोद उर्फ कल्लू पुत्र राजनरायन नि0 ग्राम भाल थाना राजपुर का0दे0 के मा0 न्यायालय हाजिर नहीं होने पर कुर्की की उद्घोषणा का आदेश मा0 न्यायालय कानपुर देहात द्वारा जारी किया गया यदि अभियुक्त प्रमोद दि0 13/07/2024 तक हाजिर नहीं हुआ तो उसके विरूद्ध कुर्की की कार्यवाही की जायेगी।

**पंकज कुमार**
**(उ0नि0)**
**थाना राजपुर, जनपद का0दे0**

# अंग्रेजों के जमाने की धाराएं नहीं होंगी जनरल डायरी में दर्ज

## न्याय संहिता की जानकारी देगी पुलिस

संवाददाता, फतेहपुर

- एक जुलाई से नई धाराएं की जाएंगी लागू
- भारतीय न्याय संहिता अब कहलाएगी बीएनएस

**अमृत विचार।** अंग्रेजों के जमाने का कानून की इंडियन पैनल कोर्ट (आईपीसी) की धाराएं पहली जुलाई से पुलिस की जीडी में नहीं दर्ज होंगी। आईपीसी की जगह बनी भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में एफआईआर दर्ज की जाएगी। इसके साथ ही हत्या, लूट सहित अन्य अपराधों की धाराएं बदली जाएंगी। पुलिस अभियान चलाकर आम लोगों को भी इसकी जानकारी देगी। भारतीय न्याय संहिता अब बीएनएस कहलाएगी। इसमें लगभग सभी अपराध की धाराएं बदल जाएंगी। पुलिस विभाग की बुकलेट थानों पर पहुंचने के बाद अभियान चलाकर इसकी जानकारी आम लोगों को भी दी जाएगी।

### बोले जिम्मेदार

"पहली जुलाई से भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में एफआईआर दर्ज की जाएगी। इसके लिए सभी थानों को अवगत कराया गया है। नई धाराओं की जानकारी विभाग के लोग कर रहे हैं। अभियान चलाकर जन सामान्य को भी इसकी जानकारी दी जाएगी।

-उदय शंकर सिंह, पुलिस अधीक्षक

| आईपीसी | दोष | बीएनएस |
|---|---|---|
| 302 | हत्या | 103 |
| 307 | हत्या का प्रयास | 109 |
| 323 | मारपीट | 115 |
| 354 | छेड़खानी | 74 |
| 354 ए | शारीरिक संस्पर्श और अश्लीलता के आरोप | 75 |
| 363 | नाबालिग का अपहरण करना | 139 |
| 376 | रेप करना | 64 |
| 392 | लूट करना | 309 |
| 420 | धोखाधड़ी | 318 |
| 506 | जान से मारने की धमकी | 351 |
| 304 ए | उपेक्षा द्वारा मृत्यु कारित करना | 106 |
| 304 बी | दहेज हत्या | 80 |
| 306 | आत्महत्या के लिए उकसाना | 108 |
| 382 | चोरी के लिए मृत्यु क्षति | 304 |
| 494 | दूसरा विवाह करना | 82 |

## अवैध रूप से ई-टिकट बेचने वाला गिरफ्तार

**फतेहपुर।** रेलवे सुरक्षा बल ने रेलवे ई-टिकटों को अवैधरूप से बेचने वाले को मंगलवार को मलवां से गिरफ्तार किया है। उसके पास से कुछ टिकट, नगदी भी बरामद की गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए पूछताछ कर रही है।

रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक एके यादव ने बताया कि सूचना के आधार पर अपने स्टाफ एवं क्राइम विंग प्रयागराज के साथ मिलकर ई-टिकटों को अनाधिकृत रूप से बेचने वाले एक संदिग्ध व्यक्ति को मलवां ब्लॉक के सामने स्थिति जीतू टेलिकॉम जनसेवा केंद्र से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपनी पहचान मलवां निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र बजरंग प्रसाद के रूप में बताई है। बताया कि आरोपी अपनी तीन पर्सनल यूजर आईडी से रेलवे ई-टिकटों का अनाधिकृत रूप से कारोबार कर रहा था। रेलवे सुरक्षा बल ने उसके पास से एक कम्प्यूटर, एक मोबाइल, एक हजार रुपये नगदी, भविष्य यात्रा का एक ई-टिकट बरामद किया।

# बारिश से पहले साफ होंगे नाला-नाली

संवाददाता, असोथर

- अब तक नौ नालों की कराई जा चुकी है सफाई
- 15 दिन के भीतर सभी वार्डों की साफ होंगी नालियां

**अमृत विचार।** नगर पंचायत ने बारिश से पहले नगर के सभी प्रमुख नाला-नालियों को साफ करने का अभियान शुरू कर दिया है। ईओ एचपी सिंह और नगर पंचायत अध्यक्ष नीरज सिंह सेंगर के निर्देश पर सभी जोन में नालों का सफाई कार्य जारी है। जिसमें अब तक आठ जोन में नौ नालों का सफाई कार्य पूरा कर लिया गया है। वहीं दो नालों में सफाई कार्य जारी है।

बताया कि बारिश के दौरान नाला-नाली जाम न हों और नगर में जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हों इसके लिए बरसात के पहले सभी प्रमुख नालों के सफाई के निर्देश नगर पंचायत अध्यक्ष नीरज सिंह सेंगर द्वारा दिए गए है। सफाई विभाग और जोन द्वारा आदेश पर अमल करते हुए नगर के नालों को साफ करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नगर पंचायत के 15 वार्डों में कुल 11 नाले हैं। जिस पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। उनमें से नौ नालों को साफ कर लिया गया है। दो नालों पर सफाई कार्य जारी है। बाकी सभी छोटे नालों की सफाई पूर्ण रूप से हो गयी है। रोजाना सफाई की रिपोर्ट नगर पंचायत सहित मुख्यालय में देने का भी निर्देश दिया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष नीरज सिंह सेंगर ने बताया कि बारिश पूर्व की तैयारी है। शहरी क्षेत्रों के सभी प्रमुख नालों की सफाई की जा रही है। यह काम आने वाले 15 दिनों के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। वहीं ऐसे क्षेत्र की भी सूची बना ली गई है, जहां पर जलभराव की स्थिति बनती है। वहां पर इस बार जल भराव न हो, इसके लिए काम किया जाएगा। पहले से ही पानी निकासी का मार्ग तैयार किया जाएगा। इससे जैसे ही पानी भरने की स्थिति होगी, वैसे ही पानी निकासी के लिए बनाई गई वैकल्पिक नालियों का उपयोग किया जाएगा।



नाले की सफाई करती पोकलैंड मशीन। अमृत विचार

# न्याय न मिलने पर पलायन की घोषणा

संवाददाता फतेहपुर

- प्रधान पर आरोप लगाते हुए सीएम पोर्टल में की शिकायत
- बिन्दकी तहसील का मामला प्रशासन ने नहीं की कार्रवाई

**अमृत विचार।** बिन्दकी तहसील क्षेत्र के कपरिया उसर मजरे करनपुर परगना कोड़ा निवासी सुखनन्दन पुत्र दीन दयाल ने एक शिकायती पत्र मुख्यमंत्री पोर्टल पर भेजा है। कहा कि न्याय न मिलने की स्थिति में वह परिवार के साथ पलायन कर जाएगा या फिर खुदकुशी कर लेगा। बताया कि ग्राम प्रधान व हलका लेखपाल द्वारा उसकी जमीन से मिट्टी पुराई कर रास्ता बनाई जा रही है। जबकि उसकी जमीन से सम्बंधित वाद बिन्दकी तहसील में विचाराधीन है।

बताया कि इसके बावजूद बावजूद ग्राम प्रधान हलके के लेखपाल से मिलकर इस कार्य को जबरन अंजाम दे रहे हैं। प्रार्थी मौक़े पर जाकर विरोध करता है तो ग्राम प्रधान अपने समर्थकों के साथ उसके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हैं। बताया कि इन लोगो के द्वारा ग्राम सभा में तालाब, चक मार्ग व जीएस की जमीन में अवैध कब्जे हैं। जो प्रधान ने अपने लोगों को करा रखे हैं। आरोप लगाया कि प्रधान द्वारा गरीबों की जमीन में भी कब्जे कर रखा है।

ग्राम प्रधान द्वारा तालाब की जमीन में अवैध कब्ज़ा व पूर्व प्रधान सपा कार्यकर्ता द्वारा भी अवैध कब्ज़ा किया गया है। यही नहीं प्रधान के करीबी चक मार्ग में मकान बनवाये हुए हैं। उसने बराबर इन अवैध कब्ज़े के खिलाफ आवाज़ उठाई और प्रशासन को जानकारी दी लेकिन वहां से उसे सिर्फ आश्वासन भर मिला।


इसी रास्ते को लेकर पीड़ित ने की पोर्टल पर शिकायत। अमृत विचार

# पुराने बिजली मीटर की जगह लेंगे स्मार्ट प्रीपेड

संवाददाता, फतेहपुर

- मोबाइल की तरह रिचार्ज करानी होगी बिजली
- मीटर से छेड़छाड़ करने पर कंट्रोल रूम पहुंचेगा मैसेज

**अमृत विचार।** बिजली चोरी से होने वाले घाटे को कम करने के लिए शहर के सभी उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर से लेस किया जाएगा। स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने के लिए पहले फेज की शुरुआत शहर से की जा चुकी है। सर्वे का काम पूरा होने के बाद लगे मौजूदा मीटर के स्थान पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाएंगे। जिसे मोबाइल की भांति ही रिचार्ज कर बिजली जलाए जाने की सुविधाएं मिल सकेगी। इसके लिए जीएमआर कंपनी के लोगो द्वारा काम की शुरुआत कराई जा चुकी है।

बिजली चोरी वाले स्थानों को प्राथमिकता वैसे तो पहले चरण में शहर के सभी छह उपकेंद्रो से पोषित होने वाले उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर से लेस किया जाएगा। लेकिन इसकी शुरुआत अधिक बिजली चोरी किए जाने वाले चिंहित स्थानों से की जाएगी। इसके लिए फीडरों ऑडिट का काम कराया जा रहा है जिससे बिजली खपत के सापेक्ष होने वाली बिलिंग का आंकलन किया जा सके। जिसके बाद अधिक लोड वाले स्थानों पर मीटर लगाए जाएंगे। स्मार्ट मीटरों को उपभोक्ताओं के मोबाइल से कनेक्ट किया जाएगा। जिससे उसमें टैरिफ की समाप्ति के पहले ही उपभोक्ताओं को मैसेज फारवर्ड किया जा सके। वहीं अन्य जानकारी भी उपभोक्ताओं को मैसेज के माध्यम से भेजी जाएगी।

### अब सीमित बिजली ही कर सकेंगे खपत

स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने के बाद उपभोक्ता जितना रिचार्ज करेंगे वह उतनी ही बिजली की खपत कर सकेंगे। एक्सईएन प्रथम राजमंगल सिंह ने बताया कि यह स्मार्ट मीटर अत्याधुनिक तकनीक से लैस होंगे। इन मीटर के लगाए जाने के बाद बाइपास बिजली, मीटर से छेड़छाड़ कर की जाने वाली बिजली की चोरी से निजात मिल सकेगी। उपभोक्ताओं द्वारा इससे छेड़छाड़ करने पर विभाग के कंट्रोल रूम में मैसेज खुद ही चला जाएगा।

### खपत होगी रिकार्ड

स्मार्ट मीटर के माध्यम से पल-पल खपने वाली बिजली की यूनिट को रिकार्ड किया जा सकेगा। जिससे खपत की रीडिंग बिना मीटर रीडर के पहुंचे बिना तय समय पर दर्ज हो सकेगी, वहीं रीडिंग का समय आते ही खुद ही बिल जनरेट होकर मैसेज उपभोक्ता के मोबाइल पर पहुंच जाएगा। बिल अधिक या रीडिंग अधिक आने की शिकायतें रुक जाएंगी।

# प्रेम प्रसंग के चलते पुत्र की हत्या करने का आरोप

संवाददाता, फतेहपुर

- 13 जून को जंगल में फांसी से लटका मिला था शव
- परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर की शिकायत

**अमृत विचार।** एक युवक का शव फांसी के फंदे पर गांव के बाहर जंगल में पेड़ पर लटका हुआ मिला था। मृतक के परिजनों ने प्रेम प्रंसग में युवती के परिवार के लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था। थाना पुलिस से न्याय नहीं मिलने पर अब पीड़ित परिवार के लोग पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगा रहे हैं।

हुसेनगंज थाना क्षेत्र के सकूलपुर गांव के रहने वाले आंनद पाल ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने बताया मेरे बेटे विष्णु प्रसाद का पड़ोस की एक लड़की के साथ कई साल से अफेयर चल रहा था। 13 जून को जंगल में पेड़ पर मेरे बेटे का शव लटका हुआ मिला था। सूचना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मेरी पत्नी संगीता देवी को लड़की के पिता और मामा ने फोन कर बेटे के प्रेम प्रसंग को लेकर बेटे को समझा लेने को कहा था। साथ ही धमकी देते हुए जान से मारने की बात कही थी। फिर भी लड़की के द्वारा बार-बार मेरे बेटे को फोन किया जाता था। मेरा बेटा बाहर कमाने जाता था तो लड़की फोन कर बुला लेती थी। पिता ने आरोप लगाया कि मेरे बेटे को एक साल पहले लड़की के परिवार के लोगों ने मारपीट कर जख्मी कर दिया था। जिस दिन बेटे का शव पेड़ पर लटका मिला था उस दिन लड़की ने फोन कर बेटे को मिलने के लिए बुलाया था। उसके परिवार के लोगों ने मेरे बेटे की हत्या कर फांसी पर लटका दिया था। उसी दिन से लड़की भी गायब हो गई। मेरे बेटे की हत्या की गई है। पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है।

# लेखपाल ने लगाई गलत रिपोर्ट, भटक रहा दिव्यांग

संवाददाता, फतेहपुर

- आय प्रमाण पत्र बनाने के लिए रुपये मांगने का आरोप
- जिलाधिकारी से मिलकर बुजुर्ग दिव्यांग ने की कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार।** दिव्यांग बुजुर्ग को लेखपाल की गलत रिपोर्ट के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। परेशान होकर बुजुर्ग ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। मामला शहर के कृष्ण बिहारी नगर मोहल्ला का है। यहां के रहने वाले सूरजबली दोनों पैर से दिव्यांग हैं। मंगलवार को वह कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने जिलाधिकारी के नाम एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया।

आरोप लगाया कि ट्राईसाइकिल के लिए आय प्रमाण पत्र बनावने को ऑनलाइन आवेदन किया था।आवेदन के बाद राजस्व विभाग के लेखपाल ने पैसे की डिमांड रखी, जिसको देने से मना करने पर लेखपाल ने मेरा पेशा भीख मांगने वाला लिखकर 8 हजार प्रतिमाह के हिसाब से 96 हजार रुपए का वार्षिक आय प्रमाण पत्र जारी कर दिया। जिस कारण सरकारी योजनाओं का लाभ मुझे नहीं मिल पा रहा है। अगर मेरा आय प्रमाण पत्र 32 हजार रुपए तक बन जाए तो सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकता है। प्रमाण बनावने के लिए लगातार अधिकारियों के चक्कर लगाने के बाद जब न्याय नहीं मिला तो जिलाधिकारी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई।

पीड़ित ने आरोप लगाया कि तहसील में प्रमाण पत्र के नाम पर जमकर लूट की जाता है, अगर सुविधा शुल्क दे दिया जाता है तो मनमाफिक रिपोर्ट राजस्व विभाग के लेखपाल लगा देते हैं। नहीं देने पर परेशान किया जाता है।

## प्रतिबंधित पेड़ काटने पर वन दरोगा ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**असोथर।** असोथर थाना क्षेत्र के कासिमपुर सरकंडी में प्रतिबंधित वृक्ष काटने के आरोप में वन दरोगा ने जांच के बाद हरे वृक्षों को काटने वालों के खिलाफ तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि बिना कोई परमिशन के ही प्रतिबंधित हरे वृक्षों को काटकर धराशाई कर दिया गया। मामले की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचे वन दरोगा रामराज ने निरीक्षण किया तो प्रतिबंधित हरे पेड़ कटे पाए गए।

असोथर थाना क्षेत्र के कासिमपुर मजरा सरकंडी गांव की रहने वाली छेदुई पत्नी शिवचरण की शिकायत के आधार पर वन दरोगा ने मामले की जांच करते हुए पाया गया कि दो हरे नीम के पेड़ और एक प्रतिबंधित महुए का पेड़ काटा गया। जिसकी जांच करते हुए वन अधिकारी ने अपनी आख्या देते हुए असोथर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

# निजी स्कूलों की मनमानी रोकने की मांग

संवाददाता, फतेहपुर

- बढ़ी फीस के साथ स्कूलों से ड्रेस-किताबों की बिक्री रुके
- जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी

**अमृत विचार।** निजी स्कूलों की मनमानी से अभिभावकों पर बोझ पड़ रहा है। इसे देखते हुए युवा विकास समिति के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने डीएम के नाम ज्ञापन दिया। निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाने की मांग की नहीं तो धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी।

युवा विकास समिति के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे संगठन के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अप्रैल माह में शैक्षिक सत्र की शुरुआत होने के साथ निजी स्कूलों की मनमानी शुरू हो गई थी। निजी स्कूलों के प्रबंधक अपने स्कूलों से कॉपी किताब की बिक्री के साथ फीस भी बढ़कर ले रहे हैं। प्रदेश सरकार के मुखिया ने निजी स्कूलों पर लगाम लगाने का निर्देश दिया था। उसके बाद भी जुलाई शुरू होने से पहले ही स्कूलों में फिर से कॉपी-किताबें और अन्य सामग्री बेचने का काम शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों में अब यूनीफॉर्म, टाई-बेल्ट,जूता और तीन अलग-अलग कलर की ड्रेस को जबरन बेचा जा रहा है। इसके साथ ही हर साल किताबों को बदल दिया जाता है और 40 रुपए की किताब को 400 रुपए में बेचने का काम करते हैं। स्कूलों ने बड़ी संख्या में बेसिक शिक्षा परिषद से कक्षा 8 तक कि मान्यता ले रखी है। इसमें हिंदी और अंग्रेजी माध्यम दोनों की मान्यता है और मान्यता के साथ ही परिषद की ओर से पाठ्यक्रम और पुस्तकें भी निर्धारित हैं, लेकिन स्कूल के संचालक खुद अपना सिलेबस तय करके प्रकाशकों से पुस्तकें छपवाकर बेच रहे हैं।


कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी को ज्ञापन देने आए अभिभावक। अमृत विचार

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

गड्ढे नहीं भरे

पालिका अधिकारियों ने सड़कों की मरम्मत नहीं शुरू कराई

# बारिश के दौरान सड़क बन जाएगी 'तालाब'

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** दोआबा में मानसून कभी भी दस्तक दे सकता है और झमाझम बारिश हो सकती है। लेकिन बारिश से लोगों की आफत बढ़ने वाली है। क्योंकि शहर की सड़कों के गड्ढे अभी तक नहीं भरे गए हैं। इन खस्ताहाल सड़कों को दुरुस्त कराए जाने को लेकर कोई काम नहीं हो रहा है। बारिश सिर पर है। इसके बाद भी नगर पालिका के अधिकारियों ने सड़कों की मरम्मत नहीं शुरू करवाई है। खराब सड़कों के कारण बारिश के समय परेशानी उठानी पड़ेगी।

शहर की खराब सड़के कभी भी आपको गिरा सकती है। शहर की सडकों में बहुत बड़े-बड़े गड्ढे है। बारिश के दौरान इन्हीं गड्ढों में भरे पानी से आवागमन के दौरान लोगों को हादसों का सामना करना पड़ सकता है। यह स्थिति आने वाले दिनों में और खराब होगी। लेकिन नगर पालिका ने सड़कों की मरम्मत अभी तक शुरू नहीं करवाई है। शहर में ऐसे कई मार्ग है जो बहुत बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए है। लेकिन पालिका की तरफ से इन सड़कों को भरने का कोई भी कार्य नहीं किया जा रहा है। चेयरमैन राजकुमार मौर्य ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के कारण विकास कार्य बंद था। बारिश से पहले सड़कों को दुरुस्त करा लिया जाएगा। बता दें कि हर बार बरसात से पहले गड्ढों को भरने की आवाज तो उठती है, लेकिन मरम्मत के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर ली जाती है। वहीं जनप्रतिनिधि भी इस ओर ध्यान नहीं देते हैं। जिससे हर बरसात सैकड़ो लोग इन्हीं गड्ढों में गिरकर घायल हो जाते है।


अवंतीबाई चौराहे के पास एक साल से उखड़ी पड़ी सड़क। अमृत विचार

### शादीपुर से अवंतीबाई चौराहे तक स्थिति खराब

पिछले काफी समय से शादीपुर से अवंतीबाई चौराहे तक जाने वाली रोड खराब है। वहीं इस रोड पर धार्मिक स्थलों के अलावा स्कूल व हास्पिटल है। कई बार सड़क के इन बड़ गड्ढों में स्कूल के बच्चे गिरकर घायल हो चुके है। लेकिन जिम्मेदारों को कोई सुध नहीं है। स्थानीयों की मानें तो इन गड्ढों को भरने के लिए अब तक कोई कदम नहीं उठाए गए। कई बार इन गड्ढों के कारण यहां से आने-जाने वाले में लोग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो चुके है।


कार्यशाला में कर्मचारियों को दी गई जानकारी। अमृत विचार

## गीला कचरा प्रबंधन पर जोर

**असोथर।** अब कबाड़ से जुगाड़ बनाकर गीला कचडा प्रबंधन किया जायेगा। इसके तरीके कर्मियों को सुझाए गए और नगर पंचायत को स्वच्छ बनाने पर जोर दिया गया। असोथर नगर पंचायत कार्यालय परिसर में कूड़ा कचडा प्रबंधन तथा स्वच्छता विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सफाई कर्मी, सुपरवाईजर, सफ़ाई नायकों को स्वच्छता विषय पर दक्ष किया गया।

नगर पंचायत असोथर में 43 सफाई कर्मी, एक सुपरवाइजर, पांच सफाई नायकों की तैनाती है। जिनके कंधे पर 15 वार्डों की सफाई का जिम्मा है। सभी कर्मियों को आईटीसी मिशन, सुनहरा कल के संयुक्त तत्वाधान में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी पर विस्तृत चर्चा की गई। आत्मनिर्भर वार्ड बनाने के लिए होम कंपोस्टिंग एवं सामुदायिक कंपोस्टर पर चर्चा की गई।

आवश्यकता है
अमृत विचार को
● एचआर /एडमिन
● मार्केटिंग मैनेजर, डिप्टी मार्केटिंग मैनेजर व अकाउंटेंट की
अनुभवः- किसी दैनिक अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव हो
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## एक नजर

### नलकूप की दीवार ढहने से युवक घायल

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के टेनी गांव निवासी नरेश का पुत्र मनोज नलकूप आपरेटर है। बताते हैं कि मंगलवार सुबह जब वह नलकूप चलाने के लिए पहुंचा तभी अचानक दीवार ढह गई। जिसके नीचे दबकर बुरी तरह घायल हो गया। आसपास के लोगों ने तत्काल मलबा हटाकर उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

### पीआरवी के दो सिपाही निलंबित

फतेहपुर। कानपुर-प्रयागराज हाईवे में मवेशी लदे वाहनों से रुपये लेने का वीडियो एक दिन पूर्व सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। वीडियो वायरल होने के बाद मामला पुलिस अधीक्षक तक पहुंचा तो उन्होंने मामले की जांच कराई। जांच में वीडियो सत्य पाया गया और वीडियो खागा कोतवाली क्षेत्र का बताया गया। पूरे मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने पीआरवी में तैनात धर्मजीत सिंह और वीरेंद्र कुमार को निलंबित कर दिया है। बता दें कि वीडियो में पशु तस्कर वाहन से रुपये फेंकते नजर आ रहे हैं और वाहन जाने के बाद सिपाही उन रुपयों को बटोर रहे हैं।

# खागा में झमाझम बारिश, शहर में उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल

## मानसून ने दी दस्तक, हुसेनगंज क्षेत्र में भी बरसे बदरा, कहीं उमड़-घुमड़कर चले गए

संवाददाता, फतेहपुर/खागा

अमृत विचार। उमस व भारी गर्मी से आमजनमानस पूरी तरह से हलाकान है। मंगलवार को खागा क्षेत्र के कई हिस्सों में झमाझम बारिश ने दस्तक दी। तेज बारिश से जहां मौसम खुशनुमा हो गया। वहीं धूप निकलते ही उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल दिखाई दिए। इधर शहर में लोग बारिश के इंतजार में बने रहे और बादल उमड़-घुमड़कर निकल जा रहे हैं। जबकि हुसेनगंज क्षेत्र में बारिश हुई।

इस वर्ष गर्मी का सितम इस कदर हावी रही कि लोगों का जीना मुहाल हो गया। उमस भारी गर्मी से लोग चक्कर खाकर गिर रहे हैं। इसी बीच मंगलवार को खागा में हुई झमाझम बारिश से लोगों ने गर्मी से कुछ समय के लिए राहत की सांस ली। खागा तहसील परिसर में देखा गया की काफी तादात में बंदरो ने बारिश से एकत्रित हुए जलभराव में डुबकी लगाते नजर आए। जिससे यह अनुमान जरूर लगाया जा सकता हैं की इंसान तो इंसान, इस भीषण गर्मी में जीव-जंतुओं का भी बुरा हाल है। तहसील परिसर में आए कुछ क्षेत्रीय लोगों ने बताया की बारिश होने से और भी उमस बढ़ गई है। इधर शहर में सुबह तेज काले बादल छाए लेकिन दोपहर होते-होते वह भी गायब हो गए और तीखी धूप के बीच लोगों को पूरा दिन गुजारना पड़ा।



खागा तहसील परिसर में भरे पानी में उछलकूद करते बंदर। अमृत विचार

### हल्की बारिश के बाद तेज धूप से जीना मुहाल

ऑग। बीते दिनों इस क्षेत्र में हुई मध्यम एक बार की बरसात के बाद जब तेज धूप निकली तो जमीन से ऐसा भभका फूटा कि लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। घरों और दुकानों में पंखा कूलर की हवा से और ज्यादा बेचैनी बढ़ गई है। जिसका समाधान फिलहाल किसी के पास नहीं है। यह एक ऐसी समस्या है जिसका निदान सिर्फ प्रकृति के पास है। यदि दो चार दिनों में मानसून बरसात नहीं होती है तो बीमारियों के बढ़ने का खतरा उत्पन्न हो सकता है। सेवानिवृत्त स्वास्थ्य पर्यवेक्षक इन्द्रपाल पासवान का कहना है कि संक्रामक बीमारी से बचने के लिए पानी उबाल कर ठंडा करें फिर इस्तेमाल करें। घरों के आसपास गन्दगी बिल्कुल न रहने दें।

# उमस से बढ़ रहा त्वचा रोग, रहें सावधान

**विशेषज्ञ से इलाज कराएं**

- घातक हो सकती है फर्जी ब्यूटीशियन की सलाह
- चेहरे और हाथ-पैर पर आ रही लालिमा, निकल रहे दाने

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। गर्मी के मौसम में स्किन संबंधी कई बीमारियां तेजी से बढ़ती हैं वहीं अधिक पसीना आना और तेज धूप स्किन को नुकसान भी पहुंचा सकती है। ऐसे में गली मोहल्ले और सोशल साइटों पर गैर पेशेवर जो विशेषज्ञ बनकर बड़ी संख्या में स्किन रोग पर अपना परामर्श देते हैं लेकिन इनकी सलाह या फिर इलाज के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। स्किन के रोगों के लिए सोशल मीडिया और फर्जी ब्यूटीशियन की सलाह घातक भी हो सकती है।

स्किन रोग विशेषज्ञ की माने तो हर कोई स्किन रोग विशेषज्ञ बनकर इलाज करने के लिए तैयार रहता है। ऐसे में असली स्किन रोग विशेषज्ञ की पहचान कैसे करें, यह जरूरी है। विशेषज्ञों का कहना है कि झोलाछाप तो छोड़िए ऐसे कई मामले सामने आए हैं जिनमें ऐसे डॉक्टर जो खुद को स्किन रोग विशेषज्ञ बताकर इलाज कर रहे हैं जिनके पास न तो डिग्री है और न ही कोई अनुभव। सुझाव है कि वह स्किन संबंधी बीमारियों के लिए किसी झोलाछाप के चक्कर में हरगिज न पड़ें, बल्कि स्किन रोग विशेषज्ञ से ही इलाज कराएं।

### फंगल संक्रमण में स्टेरॉयड क्रीम लगाना हानिकारक

स्किन रोग विशेषज्ञ डा. नलनीश पाण्डेय का कहना है कि कई इंस्टाग्राम अकाउंट ऐसे है जो फंगल संक्रमण में भी स्टेरॉयड क्रीम लगाने के लिए कहते हैं जबकि इससे लोगों को काफी नुकसान हो सकता है। रिंकन पर दाने, दाग, फुंसियां व अन्य खराबी फंगल संक्रमण की वजह से हैं या किसी और वजह से, इसका निदान सिर्फ स्किन रोग विशेषज्ञ कर सकते हैं। बिना डॉक्टर की सलाह के क्रीम लगाने से बाल भी उग सकते हैं। स्टेरॉयड के अधिक इस्तेमाल से आंखों की रोशनी जा सकती है और इससे ग्लूकोमा होने का खतरा बढ़ जाता है। डाक्टर ने झोलाछाप से इलाज न कराने की सलाह दी है।

### फेयरनेस क्रीम इस्तेमाल करते समय रखें विशेष ध्यान

डा. नलनीश पाण्डेय का कहना है कि सुंदर दिखने के लिए लोग बेवजह फेयरनेस क्रीम लगाते हैं, इनमें से अधिकतर में स्टेरॉयड की मात्रा अधिक होती है। इससे त्वचा और अधिक रूखी या खराब हो सकती है। स्टेरॉयड की वजह से चमड़ी में खून का संचार कम हो जाता है और पतली हो जाती है। इसके बाद चेहरे पर लाल चकते हो जाते हैं। इतना ही नहीं रसोई में काम करने, गर्म खाना खाने पर भी चेहरा लाल हो जाता है। इसके बाद भी ऐसी क्रीम का उपयोग किया जाए तो चेहरे पर अनचाहे बाल निकल आते हैं। फंगल और बैक्टीरियल इनफेक्शन होने लगता है, चेहरे पर दाग भी पड़ जाते हैं।

# सीएचसी से बैरंग लौट रहे मरीज

संवाददाता, असोथर

अमृत विचार। भीषण गर्मी में बुखार और डायरिया की संख्या लगातार बढ़ रही है। मंगलवार को सराय खालिस सीएचसी में मरीजों के पर्चे नहीं बनाए गए। वहीं सीएचसी में 24 घंटे डॉक्टर न रहने से लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि डॉक्टर सरकारी आवास में नहीं रहते हैं।

असोथर के सराय खालिस में 30 बेड की सीएचसी बनी हुई है। सैकड़ों मरीज रोजाना इलाज के लिए आते हैं। इन दिनों डायरिया और बुखार के रोगी काफी संख्या में आ रहे हैं। यहां पर चिकित्सा अधीक्षक समेत एक डॉक्टर की तैनाती है, लेकिन मरीज को इसका समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। अधिकतर डॉक्टरों की छुट्टी पर होने या सीएचसी में न होने से लोगों को इलाज मिलने में दिक्कत आती है। बताते हैं कि यहां के डॉक्टर सरकारी आवासों में न रहकर फतेहपुर, कानपुर या प्रयागराज से आते-जाते हैं।

दिन के समय तो कुछ डॉक्टर मिलते हैं, लेकिन शाम होते ही डॉक्टर का ढूंढ़ना मरीजों के लिए मुश्किल साबित होता है। महिला डॉक्टरों की तैनाती नहीं है। एनम और दाई के भरोसे प्रसव कराया जा रहा है। मामले में चिकित्सा प्रभारी डा नीरज गुप्ता ने कहा कि सीएचसी में एक डॉ. आशीष कुमार की तैनाती है। कल सीएचसी में ड्यूटी की और रात में पोस्टमार्टम हाउस में ड्यूटी की। सीएचसी में किसी भी महिला डॉक्टर की तैनाती नहीं है। एएनएम व दाई के द्वारा प्रसव कराया जा रहा है।



बंद पड़ी पंजीयन कक्ष की खिड़की। अमृत विचार

## करंट की चपेट आने से युवक की मौत

फतेहपुर। स्टेबलाइजर को ठीक कर रहा एक युवक करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी फिलहाल परिजनों ने पुलिस को नहीं दी है।

खखरेरू नगर पंचायत के वार्ड नंबर-4 जोधा सिंह नगर (सलवन) निवासी संदीप कुमार पुत्र अमरनाथ मंगलवार सुबह आठ बजे घर पर स्टेबलाइजर में करंट न आने के कारण उसको चेक कर रहा था। तभी अचानक स्टेबलाइजर में करंट आने से युवक उसी से चिपक गया। घरेलू कार्य में लगे परिजनों को जैसे ही जानकारी हुई युवक को लेकर प्राइवेट डाक्टर के पास गए जहां पर डाक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक दो भाई बहनों में सबसे छोटा था।

# दोस्त की हत्या करने वाले को भेजा गया जेल

संवाददाता, फतेहपुर

- कैमरा वापस न करने पर की थी दोस्त की हत्या
- दस दिन से घर में ही छिपाए रखे था शव

अमृत विचार। स्टूडियो का कैमरा वापस न देने के मामूली विवाद में स्टूडियो संचालक ने अपने ही दोस्त की हत्या कर दी थी। हत्या कर आरोपी का शव घर में ही छिपा रखा था। मामले में पुलिस ने सोमवार को शव बरामद कर आरोपी की गिरफ्तारी कर ली थी। जिसके बाद कानूनी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को जेल भेजने की कार्यवाही की है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के सिंधी भट्ठा पटेल नगर निवासी अनंत मोहन सिंह उर्फ राजा पुत्र स्व. राम किशोर शादीपुर स्टेशन रोड में स्टूडियो का संचालन करता है। स्टूडियो में पिछले काफी समय से शादीपुर निवासी फैयाज फोटोग्राफी का काम करता था। बता दें कि कई दिन पहले फैयाज स्टूडियो से एक कैमरा ले गया था, जिसे वह राजा को नहीं दे रहा था। जिसकी वजह से दोनों में विवाद हुआ और 14 जून की रात आरोपी राजा ने उसे शराब पार्टी के बहाने बुलाकर अपने घर पर उसकी हत्या कर दी थी। हत्या कर शव को घर पर ही छिपा दिया था। उधर फैयाज के परिजनों ने 17 जून को गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस आशंका के तौर पर राजा से पूछताछ कर रही थी। कड़ाई से हुई पूछताछ के बाद राजा ने हत्या करने और शव घर पर होने की बात कुबूल की थी। पुलिस ने राजा की निशानदेही पर शव बरामद किया था।

# ठगी के शिकार लोगों के लिए बनाया गया पोर्टल बंद

संवाददाता, फतेहपुर

- ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार ने पोर्टल शुरू करने की मांग की

अमृत विचार। ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार ने धरना प्रदर्शन कर जिला प्रशासन से प्राइवेट बैंकों व कंपनी के द्वारा पैसा जमा कराने के बाद भाग गए। परेशान पीड़ित लोगों का पैसा वापस लाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा पोर्टल बनाकर ऑनलाइन आवेदन लिया गया था। बाद में जिला प्रशासन ने बंद कर दिया। पोर्टल को पुनः शुरू करने की मांग संगठन ने किया है।

शहर के नहर कालोनी परिसर में पहुंचे ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के जिलाध्यक्ष मातादीन के नेतृत्व में पीड़ित लोगों ने अपने पैसा वापस पाने के लिए बंद किए गए पोर्टल को फिर से चालू करने की मांग की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्राइवेट बैंक, सोसायटी और कंपनी में धन दो गुना करने के नाम पर लोगों से पैसा जमा कराने के बाद बन्द कर भाग गए।

पीड़ित लोग अपना पैसा वापस लाने के लिए जब सरकार पर दबाव बनाया गया तो संसद द्वारा सर्व सम्मति से वर्ष 2019 में अनियमित जमा योजना पाबंदी कानून 2019 बनाकर ठग पैसा जमा कराने वाली कंपनी से 180 दिन में दो से तीन गुना वापस दिलाने का कानूनी अधिकार दिया था। सरकार ने पीड़ित आवेदकों से पैसा वापस कराने के पोर्टल खोल दिया था। जिसमें आवेदन किया जा रहा था, लेकिन लोकसभा चुनाव के बाद पोर्टल को बंद कर दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अभी खागा कोतवाली क्षेत्र के बरकतपुर गांव में राजेश विश्वकर्मा को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। ऐसी स्थिति न बने फिर से पोर्टल को चालू किया जाए।

## साहित्यकार के निधन पर दी श्रृद्धांजलि

फतेहपुर। साहित्यिक गतिविधियों के लिये जाने वाले साहित्यंकार का बीते दिनों निधन हो जाने पर बिन्दकी साहित्य समिति की ओर से श्रद्धा सुमन अर्पित एवं मौन धारणकर श्रृद्धांजलि दी गई।

नगर के महरहा रोड स्थित सूरजबली विश्व कर्मा के आवास पर साहित्य विकास समिति के सदस्यों व नगरवासियों की ओर से बैठक कर नगर के महरहा रोड के ही रहने वाले साहित्यिकार मृत्युंमजय पाण्डेय के निधन पर शोक प्रकट किया। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बैठक में नगर एवं क्षेत्र के साहित्यकारों व अन्य लोगों ने शिरकत की। सभा में सभी साहित्यकारों व नागरिकों ने संस्मरण सुनाए। वहीं अपनी कविताओं के माध्यम से अपने भाव व्यक्त किये। वरिष्ठक साहित्यकार उमाशंकर ओमर ने कहा कि पाण्डेय जी ने जो योगदान दिया है उसे भुलाया नहीं जा सकता है।

# भाजपाइयों ने आपातकाल को कोसा

संवाददाता, फतेहपुर

- काला दिवस मनाकर यातनाओं के बारे में चर्चा की
- पूर्व मंत्री ने कहा- वह काला दिन कभी नहीं भूलेगा

अमृत विचार। जेल रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में मंगलवार को 25 जून 1975 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल पर काला दिवस मनाया गया। जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल द्वारा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के तानाशाही व यातनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि आज हमें अपने युवाओं को आपातकाल में मीसा कानून की जानकारी जरुर देनी चाहिए।

वह भी जाने कि आज जो संविधान मिटाने का झूठ फैला रहे हैं उनकी सरकारों में किस तरह से संविधान को तार-तार किया जाता था। प्रेस मीडिया पर पूर्ण पाबंदी लगाई गई थी। कार्यक्रम में उपस्थित लोकतंत्र सेनानी संगठन के जिलाध्यक्ष मूलचंद्र सिंह पटेल द्वारा आपातकाल की यातनाओं को साझा किया गया। पटेल ने कहा कि गांव में हमारी छोटी सी कच्ची छत के नीचे किराना की दुकान थी। पुलिस पहले हमें पकड़कर ले गयी और 18 जुलाई 1975 को दुकान की छत में सुराग करके बारिश के पानी से दुकान को बर्बाद कर दिया गया।

जिला प्रभारी रंजना उपाध्याय ने कहा कि जिसने वह दौर जिया और भुगता है वही उस दुखदर्द को समझ सकता है। पूर्व मंत्री रणवेंन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि हमें कांग्रेस के आपातकाल जैसे काले दिन को कभी नहीं भूलना चाहिए। कार्यक्रम में शैलेन्द्र रघुवंशी, उदय लोधी, कार्यक्रम संचालिका व जिला उपाध्यक्ष अपर्णा सिंह गौतम, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह पप्पू, अतुल त्रिवेदी, अजय सिंह रिंकू लोहारी, समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम में बोलते भाजपा जिलाध्यक्ष मुख लाल पाल। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### युवक को यमुना में धक्का देकर तीन फरार

जाफरगंज। मंगलवार को पीपा पुल पर दो बाइकों में सवार होकर चार युवक पहुंचे और तीन युवकों ने एक युवक को धक्का मारकर यमुना नदी में गिरा दिया। यह देख आसपास मौजूद लोगों ने बाइक सवारों को दौड़ाया लेकिन तीनों मौके से भाग निकले। उधर घटना की जानकारी पर सीओ समेत स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचा और जांच शुरू कर दी। जाफरगंज थाना क्षेत्र के बारा घाट के पास कई ग्रामीण मंगलवार को मवेशी चरा रहे थे। ग्रामीणों के मुताबिक शाम करीब चार बजे दो बाइकों में सवार होकर चार युवक पीपा पुल पर पहुंचे थे। चारों युवक शराब के नशे में थे। इस दौरान एक युवक को तीनों युवकों ने लात मारकर धक्का दे दिया और वह यमुना नदी में जा गिरा। यह देख ग्रामीणों ने शोर मचाया और दौड़कर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के मुताबिक तीनों युवक उस युवक के लिए अपशब्द कह रहे थे। वहीं एक युवक फोन में किसी से बात कर रहा था, जिससे यह लगा कि वह किसी महिला या युवती से बात कर रहा हो। फोन में उसने यह भी कहा कि यह तो मर गया अब तेरी बारी है। वहीं लोगों से तीनों युवकों की छीनाझपटी भी हुई लेकिन वह तीनों युवक बाइक लेकर वहां से भाग निकले। वहीं स्थानीय एक युवक ने पीछा किया लेकिन मऊदेव चौराहे से वह आंखों से ओझल हो गए। घटना की जानकारी पर सीओ जाफरगंज एचएल सिंह मय फोर्स के पहुंचे और गोताखोरों को बुलाकर युवक की तलाश शुरू करा दी है।

### फरार आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

किशनपुर। थाना क्षेत्र के रारी गांव में कुछ दिन पूर्व चुनावी चर्चा को लेकर विवाद हुआ था। विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया था। दो दिन पूर्व हमले में घायल अमरजीत की सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। घटना के बाद से आरोपी वीरेंद्र यादव पुलिस की पकड़ से दूर था। लगातार पुलिस आरोपी की तलाश में छापेमारी की जा रही थी। छापेमारी के दौरान भी पुलिस आरोपी को पकड़ने में नाकाम रही। लेकिन मंगलवार की भोरपहर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी के ठिकाने पर छापेमारी कर फरार आरोपी वीरेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया। घटना में शामिल अन्य आरोपी पहले ही पुलिस की गिरफ्त में आ चुके थे। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि चाकूबाजी में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है।

### खखरेरु में बनेंगे 475 प्रधानमंत्री शहरी आवास

खागा। नगर पंचायत खखरेरु के विभिन्न वार्डों में गरीबों वा आश्रयहीनों को पक्की छत देने के लिए 475 प्रधानमंत्री शहरी आवास स्वीकृत हुए हैं। जल्द ही ये आवास बनाए जाने हैं। आवास की अंतिम प्रक्रिया में पात्रों से आधार कार्ड, फोटो, बैंक पासबुक, 14 बिंदुओं का शपथ पत्र, जमीन के दस्तावेज, लाभार्थी का आवेदन फार्म लेकर जियो टैगिंग की जा रही है। पात्रों के खाते में प्रथम किस्त के रूप में 50-50 हजार रुपये की किस्त जल्द पहुंच जाएगी। मंगलवार को इस योजना की नौवीं वर्षगांठ पर नगर के गांधी नगर वार्ड के रॉयल गेस्ट हाउस में नगर पंचायत अध्यक्ष ज्ञान चंद्र केसरवानी वा हंसवा ब्लाक प्रमुख विकास पासवान वा डूडा के इंजीनियर सिद्धार्थ प्रताप सिंह की मौजूदगी में चयनित लाभार्थियों के आवासों का वैदिक मंत्रोचार के बीच विधिवत भूमि पूजन किया गया। लाभार्थियों को आवास स्वीकृत का प्रमाण पत्र भी दिया गया। इससे पहले चेयरमैन व ब्लाक प्रमुख का डूडा के अधिकारियों ने बुके देकर व माला पहना कर स्वागत किया। जो लोग कार्यक्रम स्थल तक नहीं पहुंच पाए। उन लाभार्थियों के यहां जनप्रतिनिधि जाकर भूमि पूजन भी करेंगे और आवास स्वीकृत का प्रमाण पत्र भी देंगे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष गया पाल, शुभम सिंह, सुनील चौधरी, धर्मेंद्र सोनकर, मंजीत पासवान, गजाली बेग, धर्मेंद्र मौर्य, राजेंद्र यादव, एजाज खान समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### मुफ्त सामान न देने पर दुकानदार को पीटा

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के युगराज नगर मोहल्ला के रहने वाले राम प्रसाद ने प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया कि उसके पड़ोस में रहने शिव प्रसाद ने अपने पुत्र के साथ मिलकर 30 अप्रैल की शाम को शराब पीकर गाली गलौज करते हुए मेरे विकलांग बेटे ओमकार निषाद को मारपीट कर घायल कर दिया था। उस समय डायल 112 में फोन कर पुलिस बुला ली थी। इसी रंजिश में सोमवार की रात पड़ोसी मेरे दुकान पर आए और फ्री में सामान मांगने लगे। जब मैने पैसा की मांग किया तो पिता-पुत्र ने परिवार के साथ मिलकर लाठी डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। किसी तरह भागकर घर के अंदर पहुंचा तो सभी लोगों ने घर के अंदर मारपीट कर बेहोश कर दिया और भाग गए। होश में आने पर जब कोतवाली पहुंचा तो पुलिस ने मेरी बात नहीं सुनी और भगा दिया। पुलिस से न्याय नहीं मिलने पर पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। इस मामले में एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस कार्रवाई में जुट गई। कोतवाली प्रभारी तेज बहुदार सिंह ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर मारपीट करने वाले लोगों को कोतवाली बुलाया गया है। कार्रवाई की जा रही है।

### सड़क हादसों में तीन घायल

बिन्दकी। अलग-अलग चार सड़क हादसों में मंगलवार को पांच लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल स्थानीय अस्पताल में पहुंचाया गया। जिनमें तीन की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के जोनिहां कस्बे के पास कार की टक्कर से बाइक सवार शत्रुघ्न निवासी पुरईया खेड़ा थाना जाफरगंज घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इसी तरह बिन्दकी के ललौली चौराहे के पास दयानंद इंटर कॉलेज के पास बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार प्रकाश सैनी निवासी जहानपुर घायल हो गया। जिसे स्थानीय अस्पताल से सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं बिंदकी कस्बे के कुंवरपुर रोड में प्राइवेट बस स्टैंड के पास साइकिल सवार छात्रा को बचाने में बाइक सवार अवधेश निषाद निवासी जहगीराबाद थाना जहानाबाद घायल हो गया।

### करंट की चपेट में आकर युवक झुलसा

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के बंवारा गांव निवासी नबी अहमद का पुत्र रईस अहमद मंगलवार की सुबह घरेलू काम कर रहा था। तभी आलमारी के पास रखी सरिया उठाते समय पास से निकला कटा बिजली का तार छू गया। जिससे वह करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

### शिव शरण बंधु का उर्दू में आया गजल संग्रह

हथगाम। नगर निवासी जाने माने कवि एवं शायर शिव शरण बंधु पहले गैर मुस्लिम शायर हैं। जिन्हें उर्दू अकादमी ने उर्दू में गजल संग्रह प्रकाशित करने के लिए अनुदान दिया। उर्दू में गजल संग्रह प्रकाशित होने पर शायरों ने उन्हें बधाई दी है। हिंदी में रोशनी के दरवाजे, आओ इस मौसम से लड़ें, छत पड़ने से पहले, मौसम के हवाले से गजल संग्रह प्रकाशित होने के बाद कवि एवं शायर शिव शरण बंधु तहसील के पहले गैर मुस्लिम शायर हैं, जिन्हें उर्दू अकादमी ने गजल संग्रह प्रकाशित करने के लिए अनुदान दिया है। शायर जफर इकबाल जफर, कमर सिद्दीकी आदि ने उन्हें बधाई दी है।

**विभाग मेहरबान** — कार्रवाई के बाद कई मामलों में हो जाती सेटिंग

# दोआबा में बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे प्राइवेट अस्पताल

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। दोआबा में बिना रजिस्ट्रेशन के कई हास्पिटल, अल्ट्रासाउंड, पैथालाजी सेंटर धड़ल्ले से चल रहे हैं। इनके पास न तो प्रशिक्षित चिकित्सक हैं और न ही स्वास्थ्यकर्मी। फिर भी बुखार से लेकर ऑपरेशन तक का जिम्मा उठाकर मरीजों की जान जोखिम में डालने से अस्पताल संचालक नहीं चूकते हैं। ऐसा भी नहीं कि इन अस्पतालों के बारे में विभाग अनभिज्ञ हैं।

शहर के वीआईपी रोड, जीटी रोड, पक्का तालाब, शांतिनगर, जयराम नगर समेत शायह ही कोई मोहल्ला हो जहां ऐसे अस्पताल न चल रहे हों। जगह-जगह कुकुरमुत्ते की तरह गली-गली में अस्पताल, पैथालाजी सेंटर व डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित हो रहे हैं और तो और कई ऐसे भी हैं, जो आगे मेडिकल की दुकान चला रहे हैं और पीछे दो कमरों में पूरा नर्सिंग होम संचालित कर रहे हैं। इन अस्पतालों में कोई डिग्रीधारक चिकित्सक भी नहीं है। लेकिन, हर तरह के मरीजों को भर्ती कर उनका आर्थिक शोषण, स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

कोई अस्पताल दो कमरे में चल रहा है तो कोई किराए के मकान में। इनमें ज्यादातर में झोलाछाप इलाज के नाम पर मरीजों से मोटी वसूली कर रहे हैं। इलाके में संचालित इन अवैध अस्पतालों में प्रशिक्षित स्टाफ नर्स नहीं होती हैं और न ही ट्रेड टेक्नीशियन रखे जाते हैं। इस तरह के अस्पतालों में लापरवाही की हद तो यह है कि आयुर्वेदिक स्नातक की डिग्री पर चिकित्सक गंभीर अवस्था के मरीजों का सीजर ऑपरेशन करते हैं। ऑपरेशन टेबल पर मरीजों का केस बिगड़ने पर बाहर से प्रशिक्षित चिकित्सकों को बुलाया जाता है।

### नहीं होती ऐसे अस्पतालों पर कार्रवाई

- अवैध रूप से चलाए जा रहे नर्सिंग होम व अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग का शिकंजा नहीं कसने से मानकों को ताक पर रखकर चलाए जाने वाले अवैध अस्पतालों के संचालकों के हौसले बुलंद है। बिना रजिस्ट्रेशन व सुविधाओं के चल रहे अस्पतालों ने स्वास्थ्य विभाग की पोल खोल दी है। मनमाने तरीके से चलाए जा रहे अस्पतालों के सवालों के घेरे में आने के साथ ही विभागीय कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे है।

- अवैध अस्पतालों को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने मूंदी आखें

### अस्पताल संचालन में यह है जरूरी

- अग्निशमन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र
- प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम के तहत अनापत्ति प्रमाण पत्र
- डॉक्टरों की योग्यता और उनका रजिस्ट्रेशन नंबर
- पैरामेडिकल कर्मियों की तैनाती
- चिकित्सा उपकरणों के साथ-साथ उपकरण भी

शिकायत मिलने या फिर समय-समय पर विभागीय छापेमारी की जाती है। ऐसे अस्पतालों को सीज करने की कार्यवाही की जाती है। बावजूद इसके कोई जगह बदलकर अस्पतालों का संचालन किया जा रहा है तो पता किया जाएगा। अब सीज करने के साथ-साथ मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा।

-डा. इस्तियाक अहमद
सीएमओ

### स्थान बदलकर चला रहे अस्पताल

- स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई के बाद कई अस्पताल और पैथालाजी सेंटर संचालक अब स्थान बदलकर अपने काम को अंजाम दे रहे हैं। इन नर्सिंग होम में आवश्यक उपकरण जैसे ऑक्सीजन सिलेंडर व जीवन रक्षक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। अप्रशिक्षित डॉक्टर व स्टाफ की लापरवाही से पूर्व में कई मरीजों की जान भी जा चुकी है। इससे आसपास के लोग परेशान भी हैं लेकिन, वह उनके खिलाफ मुंह खोलने से परहेज करते हैं।

## प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ी कोयला भट्ठी में मिली तो कार्रवाई

खागा। विकासखंड विजयीपुर के तहत संवत में लकड़ी के ठेकेदारों में वन क्षेत्राधिकारी विवेक शुक्ला के भय से अफरातफरी मची हुई है। अधिकारी द्वारा कहा जा रहा है कि क्षेत्र में वन सम्पदा को नष्ट करने वालों की अब खैर नहीं है। जैसे ही क्षेत्र में प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ी कोयला भट्ठी में जांच के दौरान पाई गई तो तुरंत ही तत्परता दिखाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया।

वन अधिकारी के क्षेत्र में होने से वन एवं पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले ठेकेदारों में दहशत का माहौल है। विवेक शुक्ला ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करना एवं वन सम्पदा को बचाए रखना ही कर्तव्य है। जो लोग पर्यावरण एव हरियाली को नष्ट करने की कोशिश करेंगे उनकी अब खैर नहीं होगी। पर्यावरण को नष्ट करने वालो पर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### दबंगों ने मां-बेटी पर किया जानलेवा हमला

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर चौकी के नौली गांव निवासी गीता देवी पत्नी अवधराम सुबह घर के दरवाजे पर बैठी थी। गांव के ही चंदगीराम पुत्र श्यामलाल अपने पुत्रों जयकिशन, ताराशंकर, अंकित पत्नी शारदा देवी, पुत्री सोनी के साथ दरवाजे पर धारदार हथियार और लाठी डंडे लेकर पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर जानलेवा हमला कर दिया। चीखपुकार सुनकर बचाने आई बेटी संध्या के साथ भी मारपीट की। इसमें मां-बेटी घायल हो गईं। शोर सुन गांव वालों को आता देख दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल मां-बेटी ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने दोनों का मेडिकल परीक्षण कराया है।

### खुल गए परिषदीय स्कूल

**कन्नौज।** मई की 18 तारीख से बंद चल रहे परिषदीय स्कूल 37 दिनों बाद मंगलवार से खुल गए। पहले दिन शिक्षक, शिक्षिकाएं, शिक्षामित्र व अनुदेशक और कर्मचारी ही विद्यालयों में पहुंचे। छात्र-छात्राओं को 28 जून से स्कूल पहुंचना होगा। विद्यालय में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने स्कूल चलो अभियान के तहज विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने पर चर्चा की। साफ-सफाई व अन्य बिंदुओं पर बात हुई। फिलहाल सुबह साढ़े सात से दोपहर डेढ़ बजे तक विद्यालय खुलेंगे।

### साक्षात्कार आज

**कन्नौज।** जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र के उपायुक्त धनंजय सिंह ने बताया है कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत जनपद के लिए दर्जी, बढ़ई, नाई, लोहार, राजमिस्त्री, हलवाई एवं धोबी ट्रेड के लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। इसमें प्रशिक्षार्थियों को ट्रेडों का 10 दिवसीय नि :शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। योजना के लिए दर्जी ट्रेड में 26 अगस्त 2023 से सात सितम्बर 2023 तक ऑनलाइन प्राप्त आवेदन-पत्रों पर आवेदकों का साक्षात्कार दिनांक 26 जून यानि आज सुबह 11 बजे से उपायुक्त के कार्यालय में होगा।

### घर के बाहर बकरियां चोरी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम सराय दौलत निवासी संदीप ने बताया कि सोमवार कि रात उसके घर के बाहर बंधी 06 बकरियों कोई चोरी कर ले गया। पीड़ित ने पुलिस को सूचना देकर बताया कि चोर की पहचान अंडरपास पर लगे सीसीटीवी से की जा सकती है। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी को भगाया

**गुरसहायगंज।** गांव का युवक अपनी मां के सहयोग से किशोरी को बहलाफुसला कर भगा ले गया। ग्राम निवासी पीड़ित ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि सोमवार की रात लगभग 11 बजे गांव का प्रशांत लोधी अपनी मां विनीता लोधी के सहयोग से उसकी 14 वर्षीय पुत्री को फुसला कर भगा ले गया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# डेंगू वाले 26 गांव अतिसंवेदनशील घोषित

## चलेगा स्वच्छता अभियान, मनरेगा फंड से किया जाएगा एंटी लार्वा का छिड़काव, होगा गड्ढों का भराव

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- डीपीआरओ ने स्वास्थ्य महकमे की सूची के हिसाब से जिम्मेदारी बांटी

**11** जुलाई से 26 ग्रामों में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान पर रहेगा फोकस

**अमृत विचार।** जिले में 26 गांवों को अतिसंवेदनशील घोषित किया गया है। यहां विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलेगा। स्वास्थ्य महकमे की सूची के हिसाब से डीपीआरओ ने सचिवों को जिम्मेदारी बांट दी है। बताया गया है कि इन इलाकों में बीते सालों में डेंगू के मामले अधिक आए थे।

डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश ने जारी किए पत्र में कहा है कि खराब इंडिया मार्का- हैंडपंपों की मरम्मत कराई जाए। हैंडपंप से पीने योग्य पानी निकलता हो। जहां हैंडपंप लगा है उसके चारो ओर पक्का चबूतरा होना चाहिए। पेयजल के साधन शौचालयों से दूर बनाए जाएं। पेयजल सीवर से प्रदूषित न हो सके। ग्रामीण इलाकों में मनरेगा फंड से एंटीलार्वल की छिड़काव की व्यवस्था, सघन वेक्टर नियंत्रण व संवेदीकरण गतिविधियां कराई जाएंगी। डीपीआरओ ने पत्र में हवाला दिया है कि जलाशयों व नालियों की नियमित सफाई कराई जाए। रुके हुए पानी व मच्छरों के प्रजनन की समस्याओं को रोकने के लिए गड्ढों का भराव व मकानों के बीच कंकरीट या पक्की ईंटों वाली सड़कों का निर्माण हो। झाड़ियों को हटाया जाए। जलाशयों व तालाबों से हाईसिंथ के पौधों की सफाई, जल निकासी, साफ-सफाई, वाटर सील्ड शौचालयों की आवश्यकता ग्राम स्तर पर कचरा निस्तारण एवं प्रबंधन व्यवस्था का विकास कराया जाए। इसके अलावा संक्रमण व संदूषण की उत्तरदायी खुली नालियों को ढकना, संवदेनशील ग्रामों में स्वच्छ भारत अभियान के तहत प्रत्येक मकान में शौचालय का निर्माण कर ग्रामों को खुले में शौच से मुक्त बनाना, ग्रामीण इलाकों में कूड़ेदान की स्थापना में सहयोग, प्रभात फेरी, बैठक और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाना जरूरी है।

**छोड़ दिया नजरापुर:** बताया गया है कि बीते साल ब्लॉक सदर क्षेत्र के नजरापुर गांव में डेंगू का प्रकोप हावी था। कुछ लोगों की मौत भी हो गई थी, लेकिन स्वास्थ्य महकमे ने इसे डेंगू से मौत नहीं माना था। सूची में नजरापुर समेत अन्य कई गांव को शामिल नहीं किया गया है जहां डेंगू फैला था।

### ये गांव किए गए चयनित

- ब्लॉक कन्नौज सदर क्षेत्र के देवापुर, यासीनपुर, दाईपुर, घमाईचमऊ, मानीमऊ, सतौरा, सुजानसराय, सीहपुर, मेहंदीपुर, दंदौराखुर्द व सारोंतोप, ब्लॉक उमर्दा इलाके के बेलामऊ सरैया, अगौस, ठठिया, मानीमऊ, डम्मरपुर, नुनारी, धर्मपुर, सखौली, बहादुरपुर व रूरा, जलालाबाद का जसपुरापुर सरैया, परसपुर सरैया, विसंधुआ व नदसिया गांव शामिल है। इन गांव के लिए 15 नोडल अधिकारी/ ग्राम पंचायत सचिव भी नामित किए गए हैं।



नगर पालिका में बैठक करते जिला मलेरिया अधिकारी देवेश दीक्षित। अमृत विचार

### सावधानी है संचारी रोगों से बचाव का तरीका

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** स्थानीय नगर पालिका परिसर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर मंगलवार को बैठक हुई। इसमें जिला मलेरिया अधिकारी ने पालिका कर्मियों को संचारी रोग की रोकथाम के लिए जानकारी देकर जागरूक किया। जिला मलेरिया अधिकारी देवेश दीक्षित के नेतृत्व में हुई निकाय स्तरीय बैठक में 01 से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सफल संचालन के लिए टिप्स दिए गए। पालिका कर्मियों को बताया गया कि गंदगी व जलभराव से निपटने पर विशेष ध्यान दिया जाए। बचाव के लिए समय-समय पर पालिका द्वारा कीटनाशक, एंटीलारवा, फॉगिंग आदि गतिविधियों को नगर के मोहल्लों में कराया जाए। सावधानी ही रोगों से बचाव का सरल साधन है। बरसात का मौसम आने वाला है। इस दौरान डॉ. मोहसीन खान, बीएमसी नसीबा खान, वरिष्ठ लिपिक आरपी सिंह, सफाई प्रभारी राजन बाबू, अशोक कुमार, आकाश सक्सेना, मनोज तिवारी, गौरव मिश्रा, शिवशंकर तिवारी, सभासद निर्मल श्रीवास्तव आदि रहे।

# 33 हजार विधवा पेंशनरों को कराना होगा एनपीसीआई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- वृद्धावस्था पेंशन के बाद अब प्रोबेशन विभाग में भी नई व्यवस्था लागू
- बिना आधारकार्ड लिंक के पहली तिमाही किस्त से हो सकते वंचित

**अमृत विचार।** जनपद में 32,653 निराश्रित महिलाओं (विधवा) को पेंशन मिल रही है। अब इन सभी लाभार्थियों को बैंक खाते को भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम(एनपीसीआई) कराना होगा। इसके बिना वित्तीय वर्ष 2024-25 में पहली तिमाही की किस्त नहीं भेजी जाएगी। अब तक यह व्यवस्था समाज कल्याण विभाग में वृद्धावस्था पेंशन के लिए लागू है, लेकिन प्रोबेशन में भी आदेश आ गया है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्या ने बताया कि 19 जून को महिला कल्याण विभाग की प्रमुख सचिव ने बैठक में निराश्रित महिला पेंशन के लाभार्थियों के बैंक खातों को आधार कार्ड से लिंक करने के लिए कहा है। ऐसा न होने पर उनको पेंशन की किस्त नहीं जाएगी। महिला को यह लाभ पति की मृत्यु के बाद मिलता है। नये नियम में लाभ डीबीटी के तहत दिया जाएगा। इसके लिए बैंक खाते में आधार सीडिंग होना जरूरी है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि बैंक में जाकर आधार कार्ड दिखाकर खाते को एनपीसीआई कराने की बात कहनी होगी। आधार कार्ड में वह मोबाइल नंबर भी पड़ेगा जो योजना व बैंक खाते में लिंक है। साथ ही पेंशन के पोर्टल पर जिन लाभार्थियों का आधार कार्ड नहीं लगा है वह भी विकास भवन में जिला प्रोबेशन कार्यालय के कमरा नंबर 208 या जनसुविधा केंद्र पर जाकर आधार प्रमाणीकरण करा सकते हैं। उसके बाद ही पेंशन का लाभ मिलेगा।

### मधुमक्खियों के हमले से आम तोड़ रहे वृद्ध की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के चौकी प्रेमपुर के ग्राम दीनपुर निवासी व्रत (65) ने गांव फरीदपुर निवासी रामकुमार दुबे का आम का बाग किराए पर लिया था। मंगलवार दोपहर में वह लग्गी से आम तोड़ रहे थे, तभी मधुमक्खियों ने उन पर हमला कर दिया। इससे वह बुरी तरह जख्मी हो गए। चीखपुकार सुनकर लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया। धुएं की व्यवस्था कर लोगों ने मधुमक्खियों को हटाया और बेहोश अवस्था में उन्हें लेकर नगला दिलू स्थित 100 शैय्या अस्पताल आए। वहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# ट्रकों से हटवाये प्रेशर हॉर्न बसों के काटे गए चालान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** यातायात व जनपदीय पुलिस ने वाहनों में हूटर, सायरन, लाल नीली बत्ती, ब्लैक फिल्म लगाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान रोडवेज बस स्टैंड के बाहर खड़ी रोडवेज बसों के चालान काटे वहीं ट्रकों से प्रेसर हार्न उतरवा कर कार्रवाई की।

अभियान के तहत यातायात प्रभारी आफाक खां ने टीम के साथ जनपद के विभिन्न स्थानों, मुख्य चौराहों व रोडवेज बस स्टैंड के बाहर चेकिंग अभियान चलाया। इसमें 04 वाहनों से प्रेशर हॉर्न निकलवाए व सभी का चालान किया गया। 08 गाड़ियों से पुलिस कलर और उत्तर प्रदेश सरकार लिखा हुआ हटवाया गया। अभियान के दौरान 28 वाहनों के चालान किए गए। वाहन चालकों को यातायात नियमों व अवैधानिक रूप से हूटर, सायरन, लाल नीली बत्ती, ब्लैक फिल्म का प्रयोग न करे तथा हटाने के हिदायत दी गई। इस के अलावा उन्होंने रोडवेज बस स्टैंड के बाहर रोडवेज बसे खड़ी कर यात्री बैठाने वाली बसों के चालान काट दिया। चालान कटते ही बस चालक गिड़गिड़ाने लगे। इस के बाद भी दो बसों के चालान काट दिये गये। चेतावनी दी गई कि बसे बस स्टैंड के अंदर खड़ी करें। यदि जीटी रोड किनारे बस खड़ी मिली तो चालान किया जायेगा।



ट्रक से प्रेशर हार्न उतरवा कर समझाते यातायात प्रभारी आफाक खां।

# पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए केंद्र बनाने की शुरू हो गई कवायद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- नगर क्षेत्र में जोर, 10 किमी से दूर नहीं बनेंगे केंद्र
- अपर मुख्य सचिव ने 16 अधिकारियों को भेजा पत्र

**अमृत विचार।** यूपी पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को लेकर केंद्र बनाने की कवायद शुरू हो गई है। अपर मुख्य सचिव ने विभिन्न भर्ती बोर्ड समेत 16 अधिकारियों को पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि नगर क्षेत्र या आबादी में परीक्षा केंद्र बनाने पर जोर रहेगा। अधिकतम 10 किलोमीटर के दायरे में ही केंद्र बनाए जाएंगे।

अपर मुख्य सचिव देवेश चतुर्वेदी ने परीक्षा व चयन को पारदर्शी बनाने की गाइड लाइन भी जारी की है। इसमें विभिन्न आयोग, चयन बोर्ड, परीक्षा केंद्र निर्धारण व प्रतियोगी परीक्षाओं को संपन्न कराने को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए हैं। केंद्र निर्धारण के लिए कमेटी में अध्यक्ष डीएम रहेंगे। एसपी, एडीएम, एनआईसी अधिकारी, उच्च शिक्षा व डीआईओएस सदस्य रहेंगे। केंद्रों का चयन श्रेणी ए में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों, राजकीय डिग्री कॉलेज, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग व राजकीय मेडिकल कॉलेज रहेंगे। श्रेणी बी में सुविधा संपन्न अच्छे स्ववित्त पोषित विद्यालय रहेंगे जो पूर्व में विवादित व काली सूची में न रहे हों।

अपर मुख्य सचिव ने कहा है कि बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व कोषागार से परीक्षा केंद्रों की अधिकतम दूसरी 10 किलोमीटर रहेगी। बीते तीन सालों में परीक्षाएं कराने अनुभव, शहरी आबादी के अंदर परीक्षा केंद्र, केंद्र तक आने-जाने के लिए मार्ग, भवन, फर्नीचर, पेजयल, शौचालय, चहारदीवारी, बिजली उपकरण व सीसीटीवी उपलब्ध होने चाहिए।

दरअसल, पेपर लीक के चलते पुलिस भर्ती समेत अन्य परीक्षाएं निरस्त हो चुकीं हैं। अब जुलाई या अगस्त में परीक्षा संभावित है। हालांकि अभी लिखित में कोई आदेश जारी नहीं हुआ है।

### इनको भेजा गया पत्र

- उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष, विद्युत सेवा आयोग के अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, अध्यक्ष, सहकारी संस्थागत सेवा मंडल के अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष, अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, गृह विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, ऊर्जा विभाग, सहकारिता विभाग, प्राविधिक शिक्षा विभाग, पुलिस महानिदेशक, अपर महानिदेशक, स्पेशल टास्क फोर्स

## सार-संक्षेप



पुलिस लाइन में प्रशिक्षण लेते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

### सीओ कार्यालय, थानों में तैनात पुलिस कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देश पर अभियोजन अधिकारी कन्नौज टीम ने पुलिस लाइन सभागार में सीओ कार्यालय, थाने व शाखाओं में तैनात पुलिस बल को नये कानून के बारे में जानकारी दी। इस दौरान निर्धारित संख्या में बुलाए गए सिपाहियों को बीएनएस-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। अभियोजन अधिकारियों ने पुलिस जवानों को इन के वारे में जानकारी दी। साथ ही सिपाहियों की ओर से पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दिये।



प्रदेश सचिव अभिषेक कुमार का स्वागत करते अधिवक्ता। अमृत विचार

### अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव का किया स्वागत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव अभिषेक कुमार के तहसील परिसर पहुंचने पर साथियों ने माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर बधाई दी। प्रदेश सचिव ने कहा कि पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। इस मौके पर अधिवक्ता सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष चन्दजीत यादव, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राजेश शाक्य, अमित राजपूत, रत्नेश यादव, योगेन्द्र प्रताप, यादवेन्द्र प्रताप, रजनीश यादव, अजय यादव, कुलदीप, राजीव कुमार, धनश्याम यादव, बादाम सिंह शाक्य, नेम सिह, अनिल यादव, ओमेन्द यादव, प्रणव यादव, रामबाबू शाक्य, सहित कई अधिवक्तागण मौजूद रहे।

### रोजगार मेले में 31 बेरोजगारों को मिला काम

**कन्नौज ।** जिला सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर कंपनियों के प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार ले कर 31 बेरोजगारों को रोजगार दिया। जिला सेवायोजन अधिकारी अपूर्वा दुबे ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेला सोमवार को प्रात: 10 :00 बजे से आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam. up .gov .in पर नियोजकों, जॉब सीकर व इन्स्टीट्यूटों के पंजीयन की प्रक्रिया को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर पंजीयन के उपरान्त देश-विदेश में सार्वजनिक व निजी क्षेत्रों में रोजगार के सम्बन्ध में जानकारियां उपलब्ध हैं। उपस्थित बेरोजगारों की कैरियर काउन्सिलिंग की गई जिसमें सार्वजनिक व निजी क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसरों, स्वरोजगार तथा साक्षात्कार के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारियां दी गई। रोजगार मेले में कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने 94 बेरोजगार अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लेकर 31 अभ्यर्थियों का चयन का ऑफर दिया गया। साथ ही कुछ कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों को ऑफर लैटर भी प्रदान किये।



भाजपा जिला कार्यालय पर लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित करते एमएलसी पवन सिंह चौहान व जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया। अमृत विचार

### सेनानियों को सम्मानित कर मनाया काला दिवस

**कन्नौज।** भाजपा जिला कार्यालय पर 25 जून का दिन भारतीय लोकतंत्र के काला दिवस के रूप में मनाया गया। मीसा के तहत जेलों में रहे जिले भर के लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि सीतापुर से आए एमएलसी पवन सिंह चौहान रहे। मंगलवार को आयोजित हुए कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि वर्ष 1975 में 25 जून को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल की घोषणा की थी, संविधान का गला घोंटकर प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी गई। जनसंख्या नियंत्रण के लिए जबरन नागरिकों को पकड़कर क्रूरता से सामूहिक नसबंदी कराई गई। इस मौके पर रामवीर कठेरिया, हरिबख्श सिंह, अशोक सिंह, शरद मिश्रा, श्यामू राजपूत, मिथलेश बाथम, अभिषेक पांडेय, शिवेंद्र कुमार, विपिन द्विवेदी, विवेक पाठक, संजीव तिवारी रहे। दूसरी ओर समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने अपने कार्यालय से कलेक्ट्रेट मार्ग पर बैनर लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने मौन यात्रा निकाली।

# दिन भर बादलों की आवाजाही उमस ने किया लोगों को बेहाल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पूर्वी हवा ने बढ़ाई परेशानी, न्यूनतम व अधिकतम तापमान का अंतर घटा

**अमृत विचार।** चार दिन पहले तक भीषण गर्मी से जूझ रहे जनपद के लोगों को दो दिन से कुछ राहत मिली जब जहां तहां बरसात हो गई। मंगलवार का दिन मौसम के दृष्टिकोण से निराशाजनक रहा। दिन भर बादलों की आवाजाही बारिश की उम्मीद देती और तोड़ती रही। इस दौरान चलने वाली पुरवाई हवा के कारण दिन भर लोग भीषण उमस से बेहाल रहे।

पिछले करीब डेढ़ महीने से भीषण गर्मी ने लोगों की दिनचर्या खासी प्रभावित की। लगातार 46 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान व लू से जूझ रहे लोगों को इंतजार था मानसून का। तो करीब चार दिन पहले मानसून ने दस्तक दे दी। इससे दो दिन जिले में जहां तहां बारिश हुई। हालांकि अभी उम्मीद से कम ही मेघ बरसे हैं। मौसम विभाग की तरफ से मंगलवार को भी बरसात की संभावना जताई गई थी लेकिन यह पूरा दिन बादलों की आवाजाही में ही गुजर गया। कई बार तो लगा कि मेघ बरस ही पड़ेंगे लेकिन फिर निकलती रही धूप लोगों को निराशा देती रही।

# पहले निर्माण को दी हरी झंडी, अब बताया कब्जा

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** तहसील प्रशासन की मशीनरी में शामिल लेखपाल-कानूनगो के खेल निराले हैं। पहले तो एक दूसरे को 'समझते' हुए अवैध को वैध में बदल देते हैं और शिकायत होती है तो मामला जहां का तहां पहुंच जाता है। ऐसे ही एक मामले में सार्वजनिक नाले पर पक्के निर्माण कर लिए गए। कब्जेदारों का कहना है कि लेखपाल व कानून गो ने पैमाइश के बाद निर्माण को हरी झंडी दी थी। वहीं प्रकरण की शिकायत थाना समाधान दिवस में पहुंची तो इसे अवैध बताया गया। मंगलवार को तहसील प्रशासन की तरफ से बुलडोजर चलाकर ध्वस्त करा दिया गया।



अतिक्रमण कर होते निर्माण को गिराता बुलडोजर। अमृत विचार

दरअसल ठठिया कस्बे के जैनपुर जाने वाले मार्ग किनारे एक नाला है जिससे बरसात के साथ ही आसपास के घरों के गंदे पानी का निकास होता है। शनिवार को थाने में आयोजित समाधान दिवस के दौरान डीएम से लोगो ने शिकायत की कि लोग अवैध निर्माण कर नाले को अवरुद्ध कर रहे है। डीएम के निर्देश के बाद इस शिकायत का निस्तारण करने के लिए मंगलवार को लेखपाल व कानूनगो के साथ मौके पर पहुंचे एसडीएम अशोक कुमार ने जमीन की पैमाइश कराकर नाले पर हुए निर्माण को बुलडोजर चलवाकर ध्वस्त करा दिया। एसडीएम ने बताया कि सार्वजनिक नाले पर अतिक्रमण हो रहा था। इसे ध्वस्त करा दिया गया। कब्जेदारों ने आरोप लगाया कि लेखपाल व कानून गो ने पैमाइश कराकर पंद्रह दिन पहले जगह चिह्नित कर निर्माण करने की हरी झंडी दे दी थी। तभी निर्माण कराया गया। फिलहाल मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

**ऑनलाइन निरीक्षण** — बेसिक शिक्षा अधिकारी से नामित अध्यापक संप्रेक्षण गृह में नहीं जा रहे पढ़ाने

# तीन किशोरों के मामलों की विधिक सेवा प्राधिकरण करेगा पैरवी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अपर जिला जज, सचिव लवली जायसवाल ने दिये निर्देश
- संप्रेक्षण गृह के शौचालय, भोजनालय में मिली गंदगी

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश लवली जायसवाल ने सोमवार को बाल संप्रेक्षण गृह याकूतगंज फर्रुखाबाद का ऑनलाइन निरीक्षण किया। इस दौरान तीन किशोरों के मामलों की प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क पैरवी करने का आश्वासन दिया। पाया कि बीएसए की ओर से नामित अध्यापक किशोरों को पढ़ाने नहीं जा रहे।

निरीक्षण के दौरान वर्तमान में बाल संप्रेक्षण गृह फर्रुखाबाद में जनपद कन्नौज के कुल 15 किशोर बंद मिले। प्रभारी अधीक्षक एवं किशोर अपचारियों ने बताया कि उन्हें वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जाता है। किशोर अपचारियों को निःशुल्क विधिक सहायता के विषय में बतातें हुये उनकों उनके वाद की पैरवी के लिये अधिवक्ता होने अथवा न होने के विषय की जानकारी ली गयी। 11 अपचारियों ने बताया गया कि उनके मामलों की पैरवी उनके निजी अधिवक्ता कर रहे हैं। एक किशोर के मामले की निःशुल्क पैरवी सचिव प्राधिकरण के निर्देशानुसार पैनल अधिवक्ता की ओर से की जा रही है। तीन किशोरों ने बताया कि उनके मामलों की पैरवी के लिये कोई भी अधिवक्ता नहीं है जिसके सम्बन्ध में प्रभारी अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि उक्त तीनो आपचारियों का निःशुल्क विधिक सहायता हेतु आवेदन प्राप्त कर अविलंब प्राधिकरण एवं संबंधित किशोर न्यायालय बोर्ड को भेजें। निरीक्षण दौरान प्रभारी अधीक्षक ने बताया कि जब से लोक सभा चुनाव की आचार संहिता लगी है तबसे बेसिक शिक्षा अधिकारी से नामित अध्यापक संप्रेक्षण गृह में नही आ रहे है।

संप्रेक्षण गृह में बंद किशोरो ने बताया कि उन्हें कक्षा 9 से 12 तक की पढ़ाई के लिये नियमित कक्षाये उपलब्ध नही हो पा रही हैं जिसके कारण पढ़ाई बीच में छोडनी पड़ रही है। निरीक्षण दौरान संप्रेक्षण गृह के शौचालय एवं भोजनालय में गन्दगी पायी गयी जिस पर सचिव ने प्रभारी अधीक्षक को किशोरो के निजी स्वच्छता एवं हाईजीन को ध्यान में रखते उचित साफ सफाई की व्यवस्था कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण लिपिक बसंतराम एवं पराविधिक स्वयं सेवक अनूप शर्मा, केयर टेकर, प्रभारी अधीक्षक राजकुमार, दिलीप सिंह, कम्प्यूटर आपरेटर गौरव व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गजराज उपस्थित थे।




संप्रेक्षण गृह की ऑनलाइन जांच करतीं सचिव लवली जायसवाल। अमृत विचार

# तिर्वा क्षेत्र में 19.65 करोड़ रुपये से सुधारी जाएगी बिजली व्यवस्था

## विभाग ने शासन को भेजा प्रस्ताव, बदलेगी 11 केवी लाइन, लगाए जाएंगे ट्रांसफार्मर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- उमर्दा फीडर की बदली जाएगी जर्जर लाइन



**अमृत विचार।** उपखंड क्षेत्र तिर्वा में बिजली व्यवस्था सुधारने के लिये विभाग 196.53 लाख रुपये खर्च करेगा। इसका प्रस्ताव तैयार कर विभाग ने स्वीकृति के लिये शासन को भेजा है। स्वीकृति मिलते ही काम शुरू कर दिया जायेगा। इसके तहत तिर्वा में 11 केवी लाइन बदलने के अलावा नये ट्रांसफार्मर स्थापित किये जायेंगे। कुछ स्थानों पर ट्रांसफार्मरों की क्षमता भी बढ़ाई जायेगी।

गर्मी के मौसम में बेपटरी हो चुकी बिजली व्यवस्था को सुधारने को लेकर विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। तिर्वा क्षेत्र में बिजली विभाग 25.51 लाख रुपये से तिर्वा से इंदरगढ़ फीडर को जाने वाली लाइन को ठीक करायेगा। इसी तरह तिर्वा से उमर्दा फीडर की जर्जर लाइनों को बदलने के अलावा अन्य परिवर्तन करायेगा। 39.15 लाख रुपये से तिर्वा तिराहे पर 100 केवीए का ट्रांसफार्मर, बेहरिन फीडर पर बेहरिन में 100 एमवीए का ट्रांसफार्मर, बेहरिन से बहादुरपुर फीडर पर गांव नुनारी में 63 केवीए का ट्रांसफार्मर, फगुहा में 63 केवीए का ट्रांसफार्मर, बेहरिन के गांव ब्राह्मणपुर्वा में 63 केवीए का ट्रांसफार्मर, सियापुर में 63 केवीए का ट्रांसफार्मर, तिर्वा उपकेंद्र के मदारीपुर गांव में 25 केवीए का ट्रांसफार्मर, बिजनापुर में 25 केवीए का ट्रांसफार्मर, जयसिंहपुर्वा में दो 25 केवीए का ट्रांसफार्मर के अलावा तिर्वा टाउन के मोहल्ला कृष्णा नगर में 25 केवीए का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाया जायेगा।

### यहां बढ़ाई जाएगी ट्रांसफार्मर की क्षमता

तिर्वा फीडर के सीमेंट रोड पर 100 केवीए के रखे ट्रांसफार्मर के स्थान पर क्षमता बढ़ाकर 250 केवीए की जायेगी। इसी तरह तिर्वा के बौद्ध नगर में 100 के स्थान पर 250 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जायेगा। बेहरिन उपकेंद्र के मतौली फीडर के भानपुर में 63 के स्थान पर 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जायेगा। गांव शहनापुर कतरौली में 63 के स्थान पर 100 केवीए का ट्रांसफार्मर स्थापित होगा। सखौली में 63 के स्थान पर 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगेगा। इसी तरह फगुहा में 63 के स्थान पर 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगेगा। गांव बेहरिन में दो 63 केवीए के स्थान पर क्षमता वृद्धि कर 100 केवीएका ट्रांसफार्मर लगाने का प्रस्ताव हैं। इसी तरह मुरैयां बुजुर्ग में दो 63 के स्थान परह 100 केवीए का ट्रांसफार्मर, ढिलौरी में 25 केवीएके स्थान पर 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगेंगे। इसी तरह मतौली में दो 25 के स्थान पर 63 केवीएका ट्रांसफार्मर लगेगा। फगुहा में दो 25 के स्थान पर 63 केवीए का ट्रांसफार्मर, गागेमऊ में 25 के स्थान पर 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जायेगा। ब्राह्मणपुर्वा में 25 के स्थान पर 63 केवीए, महमूदापुर में 25-25 के स्थान पर दो 63 केवीए के ट्रांसफार्मर लगाये जायेंगे। इसी तरह टिकरा में 25 के स्थान पर 63 केवीए, लोहामढ़ में 25 के स्थान पर 63 केवीए, छेदीपुर्वा में 25 के स्थान पर 63 केवीए, सतौरा में 25 के स्थान पर 63 केवीए, अमृतपुर्वा में 25 के स्थान पर 63 केवीए, जदेपुर्वा में 25 के स्थान पर 63 केवीए, कनौली में 25 के स्थान पर 63 केवीए के ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि कर लगाये जायेंगे।

### कलेक्ट्रेट फीडर को अकबरपुर सरायघाघ से जोड़ने का प्रस्ताव

मानपुर विद्युत उपकेंद्र पर हो रही ओवरलोडिंग के चलते आये दिन हो रहे फाल्टों से अधिकारियों को बिजली नहीं मिल रही है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिये एक्सईएन मगन सिंह ने कलक्ट्रेट फीडर को मानपुर उपकेंद्र से हटा कर महिला थाना अकबरपुर सरायघाघ से जोड़ने की तैयारी तेज कर दी है। इस का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। प्रस्ताव स्वीकृत होते ही कलक्ट्रेट को मानपुर उपकेंद्र से हटा दिया जायेगा।

## युवक को मारपीट कर किया घायल रिपोर्ट दर्ज

**सौरिख,कन्नौज।** मेड़ के विवाद को लेकर युवक को मारपीट कर घायल कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला पंजीकृत कर लिया और घायल को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया गया। नादेमऊ चौकी क्षेत्र के गांव उदारा निवासी राधाकृष्ण वर्मा पुत्र कृपाल वर्मा ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया 25 जून को वह अपने खेत की मेड़ पर मिट्टी डाल रहा था। तभी गांव निवासी सुरेंद्र पुत्र वर्मादीन आया और गालीगलौज करने लगा। मना करने पर लाठी डंडों से मारने पीटने लगा। शोर मचाने पर आसपास खेतों पर काम कर रहे अन्य लोग आ गए तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चला गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल को स्वास्थ्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

## जहरखुरानों ने तीन लोगों को लूटा

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- बस चालक ने सभी को एक्सप्रेस वे पर छोड़ा
- यूपीडा कर्मियों ने मेडिकल कॉलेज में कराया भर्ती

**अमृत विचार।** एक्सप्रेस वे के रास्ते से बस पर सवार होकर घर आ रहे तीन युवकों को जहरखुरानी गिरोह के सदस्यों ने बेहोश कर उनके पास से नकदी व सामान उड़ा दिया और रफूचक्कर हो गए। बस के चालक परिचालक अचेत अवस्था में एक्सप्रेसवे पर छोड़कर चले गए। सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। मंगलवार की सुबह सौरिख के उडेलापुर गांव निवासी अनूप कुमार (30) पुत्र उदयवीर, छिबरामऊ के रायपुर निवासी मोनू (32) पुत्र रतन सिंह हरियाणा के पलवल से व आगरा से सदर कोतवाली के पुलिस लाइन कालोनी निवासी जनसान पुत्र अख्तर आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के रास्ते से बस पर सवार होकर घर आ रहे थे। रास्ते में जहरखुरानी गिरोह ने तीनों को अपना शिकार बनाते हुए अचेत कर दिया। उनके पास से मोबाइल,नकदी व सामान लेकर फरार हो गए। सौरिख पहुंचने के पहले बस परिचालक ने तीनों को अचेत पड़ा देखा। इसके बाद बस चालक सौरिख पास तीनो लोगों को अचेत अवस्था में एक्सप्रेस वे पर छोड़कर चला गया। सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने उन्हे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां पर अनूप कुमार को दोपहर में होश आने के बाद सूचना पर पहुंचे परिजन उसे घर ले आए। इमरजेंसी प्रभारी डॉ.सदाव ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब आठ बजे यूपीडा कर्मियो ने तीन अचेत लोगों को भर्ती कराया था। एक को दोपहर में परिजन साथ ले गए। दो अभी भर्ती हैं परिजनों को सूचना दी गई है।



अस्पताल में भर्ती अचेत युवक।

### आसपास के अस्पताल में भर्ती कराने का नियम

चालक परिचालक ने जहरखुरानी के शिकार लोगों को एक्सप्रेसवे पर लावारिस अवस्था में छोड़ दिया जबकि नियमत: उन्हें पास के अस्पताल ले जाकर भर्ती कराना चाहिये था। इस तरह छोड़े जाने से युवकों के किसी हादसे का शिकार होने की भी आशंका थी। ज्यादातर निजी व रोडवेज के चालक परिचालक झंझट से बचने के लिए यात्रियों को उनके हाल पर छोड़ देते हैं। जिम्मेदारों का कहना है कि जहां की टिकट है वहीं चेक करने के बाद यात्री को उतारा जाना चाहिए। कोई घटना हो गई है तो संबंधित क्षेत्र के अस्पताल में भर्ती कराने का नियम है।

## नगर में अराजकता फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

संवाददाता,गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** शांति व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए पुलिस प्रशासन ने रूटमार्च किया। इस दौरान सीओ कमलेश कुमार ने सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों व अराजकता फैलाने वालों को कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने कोतवाल आलोक कुमार दुबे व पुलिस टीम के साथ नगर के जीटी रोड, तिर्वा रोड, फर्रूखाबाद रोड, तिराहा, चैराहा, चकोर गली सहित आदि स्थानों पर रूटमार्च कर शांति व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उपनिरीक्षक रोबिन सिंह, विनय शर्मा, चन्द्रभान सिंह रहे।



नगर में रूटमार्च करते सीओ सदर कमलेश कुमार।

## बैंक परिसर व क्लीनिक में टप्पेबाजी, एक को दबोचा

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** बैंक परिसर से व क्लीनिक में घुसकर टप्पेबाजी करने के आरोप में पुलिस ने एक को पकड़कर 50 हजार रुपये बरामद कर अन्य दो की तलाश शुरू कर दी। कस्बे की आर्यावृत बैंक से 21 जून को कोतवाली के खितारी गांव निवासी शहनूर पुत्र तसलीम खां के झोले से एक लाख रुपया की टप्पेबाजी के मामले मे अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस अपराधियो की तलाश में सोमवार की शाम को जुटी थी। उसी दौरान सूचना मिली कि तीन युवक पटेल मार्केट के पास कैफ क्लीनिक पर बैठे छिबरामऊ के कस्मावान निवासी समुसल पुत्र अब्दुल बहीद के 50 हजार रुपये लेकर फरार हो गए हैं। सूचना पाते ही पुलिस उनकी तलाश में जुट गई। औरैया के दिबियापुर थाना के गहेसर निवासी जय सिंह पुत्र छविनाथ को पकड़ लिया। उसके दो साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। पुलिस ने पकड़े गए युवक से 50 हजार रुपये बरामद किए। उसने पुलिस को बताया कि बैंक की घटना भी उन लोगों ने की थी। बताया कि वह पहले बैंक में जाकर रैकी करते। फिर पीछे लगकर घटना को अंजाम दे देते हैं। कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों घटनाओं में ही तीनों लोग शामिल थे। टप्पेबाज के अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें पकड़कर जेल भेजते हुए रकम की बरामदगी की जाएगी।

## मारपीट में युवक की मौत के बाद दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 20 जून को इन्दुईयागंज रोड किनारे स्थित स्वीमिंग पूल पर हुई थी मारपीट

**अमृत विचार।** पांच दिन पहले गुरसहायगंज क्षेत्र में स्वीमिंग पूल पर नहाने के विवाद में दो गुटों में हुई मारपीट के बाद एक युवक की मौत के मामले में गुरसहायगंज पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। अन्य 13 आरोपियों की तलाश की जा रही है।

एसपी अमित कुमार आनंद ने सीओ सदर कमलेश कुमार के साथ अपने कार्यालय में प्रेस को बताया कि 20 जून की शाम करीब साढ़े चार बजे नितीश व संदीप अपने अन्य साथियों के साथ थाना गुरसहायगंज क्षेत्र के अन्तर्गत इन्दुईयागंज रोड किनारे स्थित स्विमिंग पूल में नहाने गये थे। इस दौरान दो पक्षों में झगड़ा हो गया। इसमें शाहेआलम पुत्र मोहम्मद रहीश व अरबाज पुत्र मुफीस निवासीगण ग्राम अकबरपुर कुसुमखोर थाना व जिला कन्नौज के चोटें आयी थीं। सभी का चिकित्सीय परीक्षण सीएचसी गुरसहायगंज में कराया गया था।

डॉक्टर ने दोनों घायलों के शरीर पर साधारण चोटें बताईं। घटना की रिपोर्ट उसी दिन दर्ज की गई। 21 जून को आरोपी संजू गुप्ता उर्फ संजीव कुमार पुत्र राजेश गुप्ता निवासी सब्जी मंडी कस्बा व थाना गुरसहायगंज व आकाश पुत्र पिन्टू निवासी ग्राम सवापुर थाना गुरसहायगंज को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। वहां जमानत पर रिहा किया गया था। 22 को घायल अरबाज के परिजन इलाज के लिये उसे कानपुर सिटी हास्पिटल कानपुर नगर लेकर गये थे। यहां डॉक्टर ने अरबाज का सिटी स्कैन कराया और इसके बाद उसकी मौत हो गयी। पीड़ित के प्रार्थनापत्र पर धारा 302 की वृद्धि की गयी थी। पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की शिनाख्त संजू गुप्ता उर्फ संजीव कुमार व संदीप बाथम के रूप में की गई।

बताया कि आरोपियों को गुरसहायगंज पुलिस टीम ने सोमवार को 06:25 बजे मिरगांवा क्रासिंग थाना गुरसहायगंज से गिरफ्तार कर लिया। 13 आरोपियों की तलाश की जा रही है।



युवक की मौत के मामले में गिरफ्तार आरोपी व खुलासा करते एसपी अमित कुमार।

### आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम

प्रभारी निरीक्षक गुरसहायगंज आलोक दुबे, दरोगा रोबिन सिंह, दरोगा विनय शर्मा, हेड कांसटेबल राजू कुमार, सिपाही सचिन कुमार, अमन कुमार, नीरज कुमार, जितेन्द्र सिंह।

## मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

संवाददाता,कन्नौज

**अमृत विचार।** दुर्घटना में उपचार के दौरान युवक की मौत के मामले में परिजनों ने सदर कोतवाली में वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

इटावा जनपद के नगलाभाऊ चौबिया निवासी मोहित कुमार पुत्र रामवीर सिंह ने सदर कोतवाली में ट्रक के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट सदर कोतवाली में दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि उस का भाई अश्वनी कुमार डीसीएम पर क्लीनर था। डीसीएम में दालमोट लाद कर हाथरस से कन्नौज जा रहा था। डीसीएम को शिवंम कुमार पुत्र मुकेशकुमार निवासी मैनपुरी जनपद के बरुआ पोरठेह थाना किशनी चला रहा था। दो जून को समय करीब 4:30 बजे सुबह डीसीएम जलालपुर पनवारा के पास पहुंची उसी समय आगे चल रहे ट्रक के चालक ने तेजी से ब्रेक लगा दिया। इससे डीसीएम ट्रक में पीछे से टकरा गई। इससे इससे अश्वनी के गंभीर चोट आई। इस के बाद उसे जिला अस्पताल लाया गया जहां से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। हालत में सुधार न होने पर उसे सैफई इटावा भेजा गया। जहां उसकी पांच जून को मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज की है।




## ग्रीष्मकालीन मूंगफली से होगा दोहरा लाभ

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** कृषि विज्ञान केंद्र कन्नौज के वैज्ञानिक डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि मूंगफली की खोदाई करते समय ध्यान रखें कि जब मूंगफली के छिलके के ऊपर नसें उभर आएं। भीतरी भाग कत्थई रंग का हो जाए और मूंगफली का दाना गुलाबी होने लगे, इसके बाद ही खोदाई करें।

प्रायः खोदाई करते समय सभी फलियां परिपक्व नहीं होती। यदि पौधो में 70 से 80 प्रतिशत फलियां पक जाएं तो खोदाई का कार्य किया जा सकता है। कड़ी धूप की तरफ फलियों का रखना उचित नहीं होता। क्योंकि इससे फलियां शीघ्र सूख जाती है और जमाव प्रभावित होता है। फलियों को पौधों से अलग करने की अनेक देशी तकनीक अपनाई जाती है। लेकिन ट्रैक्टर चलित थ्रेशर का भी उपयोग किया जा सकता है। मूंगफली की खेती में फलियों को सुखाना एक महत्वपूर्ण कार्य है। फलियों को छाया में सुखाकर भंडारण करें। आठ से 10 प्रतिशत से अधिक नमी में भंडारण से फलियां काले रंग की हो जाएगी। जो खाने एवं बीज हेतु सर्वथा अनुपयुक्त हो जाती हैं। ग्रीष्मकालीन मूंगफली के बीजों का प्रयोग वर्षा कालीन खेती में किया जाता है। इन बीजों का प्रयोग सदैव फफूंदनाशी से उपचार के बाद ही करना चाहिए।



मूंगफली की फसल देखते वैज्ञानिक। अमृत विचार

- तेज धूप में न करें फलियों की सुखाईः डॉ. अरविंद

## दुकानों के बाहर से दो बाइक चोरी

**सौरिख, कन्नौज।** बाइक चोरों ने दुकान से सौदा खरीद रहे दो लोगों की बाइकें पार कर दी। थाना क्षेत्र के खड़िनी चौकी के ब्राहिमपुर निवासी सतेन्द्र पुत्र आछेलाल भावलपुर दवा लेने गया था। बाइक खड़ी कर मेडिकल स्टोर से दवा लेने लगा। वापस आया तो बाइक चोरी हो चुकी थी। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

इसके अलावा थाना क्षेत्र के चपुन्ना चौकी के टिकुरियन निवासी गौतम दिवाकर पुत्र महेश दिवाकर शिवसिंह पुर भावलपुर मोबाइल दुकान पर मोबाइल लेने गया था। मोबाइल लेकर लौटा तो बाइक गायब थी । बाइक मालिकों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

## सामग्री विसर्जन के दौरान नहर में डूबा श्रद्धालु

संवाददाता सौरिख,कन्नौज

**अमृत विचार।** भागवत सामग्री विसर्जन के दौरान श्रद्धालु नहर में डूब गया। सूचना मिलते ही परिजन रोते बिलखते पहुंच गए। सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने एनडीआरफ को बुलाया है जिसका इंतजार किया जा रहा है। चौकी क्षेत्र के गांव राजाराम नगरिया निवासी गजेंद्र सिंह के यहां 17 जून को भागवत का प्रारंभ हुआ था। 24 जून को भंडारे के बाद मंगलवार दोपहर गांव से दो ट्रैक्टरों पर महिलाएं, पुरुष व बच्चे सवार होकर भागवत के बाद सामग्री का विसर्जन करने खड़नी स्थित निचली गंग नहर के पुल पर आए। इसके बाद सभी स्नान करने लगे। इसी दौरान राजाराम नगरिया निवासी शिवपाल (53) पुत्र विक्रम सिंह पानी के तेज बहाव की चपेट में आ गया और डूब गया। उसे डूबते देख वहां मौजूद लोगों ने बचाने का भरपूर प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। स्थानीय गोताखोर भी लगाए गए लेकिन अभी तक शिवपाल का पता नहीं चला है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मामले को खड़नी चौकी पुलिस को अवगत कराया गया। चौकी इंचार्ज आलोक कुमार मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को देते हुए एनडीआरएफ की टीम को मौके पर भेजने के लिए कहा। एनडीआरएफ टीम के इंतजार में परिवार के लोग नहर के किनारे डेरा डाले हुए हैं।



नहर के किनारे रोते बिलखते शिवपाल के परिजन।

## दुष्कर्म के आरोपी का डीएनए जांच को लिया सैंपल

**कन्नौज।** किशोरी के दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उस का डीएनए जांच कराने को सैंपल लिया गया। बाद में आरोपी को जेल भेजा गया। सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में सरायमीरा चौकी प्रभारी शेखर सैनी व सिपाही दुष्यंत ने मारपीट व बलात्कार के वांछित आरोपी सुशील पुत्र सुरेश निवासी मोहल्ला ठेकेदार गली सरायमीरा थाना कोतवाली कन्नौज को बस स्टैण्ड सरायमीरा से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी की डीएनए जांच कराने के लिये जिला अस्पताल में सैंपल लिया गया। इस के बाद पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया। अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

**अमृत विचार पड़ताल** राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के स्थानांतरण का मामला

## 19 विद्यालय, सभी में पद चल रहे रिक्त, चार को मिलेगा लाभ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- तबादले की नीति से खुश नहीं हैं सहायक अध्यापक व प्रवक्ता
- तबादले के लिए आवेदन का अंतिम दिन आज



**अमृत विचार।** राजकीय माध्यमिक स्कूलों में भले ही सहायक अध्यापक व प्रवक्ताओं के तबादले की प्रक्रिया शुरू हो गई है लेकिन इससे शिक्षक संतुष्ट नहीं हैं। जनपद में 19 राजकीय हाईस्कूल व इंटर कॉलेज हैं। स्थानांतरण का लाभ महज चार विद्यालयों को ही मिलेगा, जबकि पद सभी में रिक्त हैं।

तबादले के लिए शिक्षकों की ओर से ऑनलाइन आवेदन करने का अंतिम समय 26 जून है। जनपद में पांच राजकीय इंटर कॉलेज और 14 राजकीय हाईस्कूल हैं। सभी विद्यालयों में कोई न कोई पद रिक्त है। सहायक अध्यापकों के लिए तीन और प्रवक्ता के लिए एक विद्यालय ही पोर्टल पर दिख रहा है। मानव संपदा पोर्टल पर शिक्षक 24 जून से ऑनलाइन आवेदन कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि कारण जो भी हों, लेकिन शासन ने सभी विद्यालयों के नाम पोर्टल पर नहीं खोले हैं। इससे तबादले का लाभ कम ही अध्यापकों को मिल सकेगा। दूसरी ओर करीब 10 शिक्षकों ने तबादले के लिए आवेदन कर दिए हैं। आज यानि बुधवार को अंतिम तारीख है।

### यहां सहायक अध्यापक को मिलेगा लाभ

- राजकीय हायर सेकेंडी स्कूल किसई जगदीशपुर के लिए पांच में अंग्रेजी, गणित, कला, कंप्यूटर व जीव विज्ञान के शिक्षकों के तबादले हो सकेंगे।
- राजकीय इंटर कॉलेज समधन में सात में हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, गृह विज्ञान, सामाजिक विज्ञान व कंप्यूटर के अध्यापकों के स्थानांतरण होंगे।
- पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय माध्यमिक इंटर कॉलेज बिरौली तालग्राम में पांच में हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, कंप्यूटर के शिक्षक लाभ ले सकेंगे।

### प्रवक्ता को एक जगह ही लाभ

राजकीय अभिनव विद्यालय गंगधरापुर कन्नौज में ही लाभ मिलेगा। यहां हिंदी, अंग्रेजी, गणित, जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, इतिहास, भूगोल व अर्थशास्त्र यानि नौ पद रिक्त बताए गए हैं।

> कम विद्यालयों के प्रदर्शित होने को लेकर पत्र उच्चाधिकारियों को भेजा गया है। दूसरा पत्र राजकीय अभिनव विद्यालय से भी गया है। सहायक अध्यापक के तीन और प्रवक्ता का एक ही विद्यालय पोर्टल पर दिख रहा है।
>
> **नीतू गुप्ता, नोडल अधिकारी/ प्रधानाचार्य- जीआईसी उमर्दा**

## गैंग लीडर को दो वर्ष आठ माह की सजा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- छिबरामऊ में चार के खिलाफ दर्ज हुआ था गैंगस्टर एक्ट का मामला

**अमृत विचार।** गैंगस्टर एक्ट में जुर्म स्वीकारोक्ति के बाद विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) नंद कुमार ने दोषी को दो साल आठ माह की सजा सुनाई जो उसकी जेल में बिताई अवधि के बराबर है। इसके साथ ही पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया है जिसे न देने पर एक माह का साधारण कारावास भुगतने का आदेश दिया है। यह भी कहा कि अभियुक्त किसी अन्य अपराध में वांछित न हो तो उसको अविलंब रिहा किया जाए।

शासकीय अधिवक्ता सुधीर पांडेय ने बताया कि थाना छिबरामऊ में अभियुक्तगण श्यामानंद दिवाकर, अउवा, बउआ गिहार व अजय गिहार के खिलाफ अपराध संख्या -0594/2021, धारा 3 (1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप के तहत मामला दर्ज कराया था। तत्कालीन थानाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा ने 25 फरवरी 24 को एसपी के आदेश से गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की।

विचारण के दौरान तीनों के खिलाफ आरोप पत्र प्रेषित किया गया। जिसमें बताया कि श्यामानंद दिवाकर का संगठित गिरोह है तथा वह गैंग लीडर है। शेष तीनों अभियुक्त गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं। यह थाना क्षेत्र व आसपास के इलाकों में चोरी जैसी घटनाएं कर धन कमाते हैं। गैंग से जनता में भय व आतंक व्याप्त है। इनके खिलाफ कोई भी व्यक्ति रिपोर्ट लिखवाने व गवाही देने से डरते हैं। मामले की विवेचना के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में आरोप तय किया गया। गैंग लीडर श्यामानंद ने 26 अप्रैल 24 को अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इस संबंध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वाद के निस्तारण की मांग की। बताया गया कि अभियुक्त जिला कारागार में 2 नवंबर 2021 से निरुद्ध है। सुनवाई पूरी होने के बाद विशेष न्यायाधीश ने अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए उसे दो साल आठ माह की सजा तथा पांच हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया। साथ ही जेल में बितायी अवधि को समायोजित करते हुए उसे अविलंब रिहा करने का आदेश दिया।

# पोल बदलने में देरी से 62 गांवों की बिजली आपूर्ति 25 घंटे ठप

## मोहम्मदाबाद क्षेत्र में विभाग की लापरवाही आई सामने

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मोहम्मदाबाद में बिजली अधिकारियों की लापरवाही के चलते 62 गांव 25 घंटे तक अंधेरे में रहे। पोल देर से पहुंचने के चलते बदलने में देरी हुई। इसके चलते मंगलवार दोपहर करीब एक बजे आपूर्ति चालू की जा सकी। बिजली न आने से भीषण गर्मी से ग्रामीणों का बुरा हाल हो गया।

नीब करोरी पावर हाउस से नाहरैया उपकेंद्र को बिजली आपूर्ति दी जाती है। इस उपकेंद्र से लगभग 62 गांव जुड़े हैं। सोमवार दोपहर 12 बजे तेज आंधी व पानी से नीब करोरी बिजली सब स्टेशन से जाने वाली 33 हजार केवी लाइन संकिसा रोड पर बबूल का पेड़ गिरने से 10 बिजली के पोल टूट गए थे। इससे नाहरैया उपकेंद्र बंद कर दिया गया, जिससे 62 गांवों की आपूर्ति ठप हो गई। अधिकारियों के निर्देश के बावजूद ठेकेदार ने पोल देर शाम तक पहुंचाए। इसके




● आंधी-पानी से संकिसा रोड पर टूट गए थे 10 पोल

चलते देरी से काम शुरू हो सका। रात में अंधेरा होने के चलते पोल बदलने में दिक्कत आई। मंगलवार भोर से फिर काम शुरू कर दिया गया। दोपहर करीब एक बजे पोल बदलकर नाहरैया उपकेंद्र को चालू किया गया।

25 घंटे तक बिजली न आने से ग्रामीणों को भीषण गर्मी में दिक्कत उठानी पड़ी। सबसे ज्यादा दिक्कत पेयजल की हुई। हैंडपंपों से लोग पानी भरने को मजबूर हुए। एक्सईएन ग्रामीण सुरेंद्र कुमार ने बताया कि पोल देरी से पहुंचने के कारण बदलने में समय लगा।

### दो दिन बाद भी नहीं बदला गया ट्रांसफार्मर

शमशाबाद में बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। ब्लॉक शमसाबाद के गांव अलेपुर में दो दिन बाद भी फुंका ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया। इससे ग्रामीण भीषण गर्मी में परेशान हैं। अलेपुर में 25 केवीए ट्रांसफार्मर सोमवार सुबह फुंक गया था। ग्रामीणों ने स्थानीय जेई को मामले की जानकारी दी, लेकिन उन्होंने ट्रांसफार्मर बदलवाना मुनासिब नहीं समझा। मंगलवार को भी जेई से शिकायत की गई, लेकिन उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया। सोहेल, रवि कुमार, मुकेश, अब्दुल सत्तार, मास्टर मसूद व श्याम बाबू आदि ने बताया कि आए दिन ट्रांसफार्मर गांव में फुंकते रहते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जेई को ट्रांसफार्मर फुंकने की सूचना दी जा चुकी है। इसके बावजूद ट्रांसफार्मर बदला नहीं गया। जेई अनिल गौतम ने बताया कि ट्रांसफार्मर बदलवा दिया जाएगा।

## चोट लगने पर बरतें सावधानी

**फर्रुखाबाद।** जिला अस्पताल लोहिया में मंगलवार को आधा दर्जन से अधिक मरीज एब्ससेस (पस) से पीड़ित सर्जन डॉ. अमरनाथ को दिखाने पहुंचे। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हाथीखाना निवासी मधु को सप्ताह भर पहले कीड़े ने काट लिया, जिसके बाद सूजन आ गई। सूजन कम होने पर मवाद पड़ गया। मंगलवार को जब सर्जन को दिखाया तो चीरा लगाकर पस निकालने की बात कही गई। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के रूपपुर मंगलीपुर निवासी विशाल कुछ दिन पहले टाइफाइड से पीड़ित था। उसको निजी चिकित्सक से उपचार कराया गया। जिसके बाद उसे कूल्हे के पास गाठ बन गई।आपरेशन कर सर्जन को पस (मवाद) निकालना पड़ा। थाना नवाबगंज के ग्राम ककुईली निवासी जितेंद्र को काफी दिन पहले चोट लग गई थी।जिसके चलते पेट के पास अंदर की तरफ फोड़ा बन गया। काफी दिनों से मवाद आ रहा था।जिसके बाद लोहिया अस्पताल में दिखाया। सर्जन ने आपरेशन किया, तब हालत सुधरी है। सर्जन डॉ. अमरनाथ ने बताया कि बरसात के मौसम में अगर चोट लगती है, तो उसकी सफाई बेहद जरूरी है।

# स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा

संवाददाता, फर्रुखाबाद

● सिटी कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल-इंडिया (पीएसआई-इंडिया) के सहयोग से मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में सिटी कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक हुई। बैठक में औषधि निरीक्षक समेत बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, शिक्षा, डूडा, नगर पालिका परिषद समेत कई विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में शहरी क्षेत्र की मलिन बस्तियों में रहने वालों को सरकार की ओर से दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में चर्चा हुई। इसके साथ ही बैठक में शामिल अन्य विभागों से इसमें सहयोग की अपील की गई।

इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवनींद्र कुमार ने कहा कि शहरी क्षेत्र विशेषकर मलिन बस्तियों में रहने वाली आबादी को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देने के लिए आपसी सामंजस्य से काम करने का यह एक मंच है। हम सभी को इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करना चाहिए। सीएमओ ने कहा कि परिवार नियोजन आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत बन गया है, इसको सभी को अपनाना जरूरी है। इसलिए इसके प्रति समाज के हर वर्ग में जागरूकता लाना बहुत जरूरी है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दलवीर सिंह ने शहरी मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों के बेहतर स्वास्थ्य, आयुष्मान भारत योजना, परिवार नियोजन कार्यक्रम, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, नियमित टीकाकरण के सुचारू रूप से क्रियान्वयन, आभा आईडी और स्वच्छता विषय पर समूह के साथ चर्चा की। एसीएमओ ने कहा कि हमें परिवार नियोजन के कार्यक्रम को भी सफल बनाना है। इसके लिए सभी लोगों को एकजुट होकर इस पर काम करना होगा। बैठक का संचालन पीएसआई-इंडिया के सिटी प्रोग्राम मैनेजर नौशाद अली ने किया।

बैठक में एसीएमओ डॉ. सर्वेश, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर. सी. माथुर, डॉ. दीपक कटारिया, सीएमएस डॉ. कैलाश, सलाहकार विनोद कुमार आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### झोलाछाप पर जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** रुपये उधार न देनें पर दबंग नें झोलाछाप को चाकुओं से गोदकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। मामले में पुलिस नें मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थाना अमृतपुर के गांव करनपुरदत्त निवासी 55 वर्षीय राजेन्द्र सिंह पुत्र सीता राम गांव में ही झोलाछाप हैं। उनको गाँव के ही आरोपी दबंग नैतिक उर्फ शिवा पुत्र ओमकार नें राजेन्द्र सिंह को चाकुओं से गोद दिया था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल के पुत्र शोभित नें थानें में आरोपी शिवा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मंगलवार को थाना पुलिस नें उसे गिरफ्तार कर लिया।

### आंगनबाड़ी केंद्र में नहीं बट रहा राशन, एसडीएम से शिकायत

**कायमगंज-फर्रुखाबाद।** नौनिहालों को अप्रैल महीने से नहीं मिल रहा राशन, दर्जन भर महिलाओ ने तहसील पहुंच दर्ज कराई शिकायत। समूह व आंगनवाड़ी सहायिका की मिली भगत से अप्रैल महीने से नौनिहालों को राशन नहीं मिला है। जिससे आक्रोशित महिलाएं आज एसडीएम के कार्यालय पहुंची और उन्होंने लिखित रूप से एक शिकायती पत्र सौंपा। आपको बता देंगे पूरा मामला विकासखंड नवाबगंज के गांव भटासा का है, जहां की निवासी अंजू देवी प्रीति सपना रत्नेश कुमार सहित दर्जन भर से अधिक ग्रामीण महिलाये एसडीएम कार्यालय कायमगंज पहुंची। और उन्होंने लिखित रूप से शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि उनके गांव में लगभग 2 महीने पहले आंगनबाड़ी कार्यकत्री की सेवा समाप्ति के बाद सहायिका कार्यरत है। केंद्र प्रथम का राशन आंगनबाड़ी रेखा गंगवार व द्वितीय का राशन उषा पाल आंगनबाड़ी नगला बिलौना को प्राप्त कराया गया। उनके यहां अप्रैल महीने से राशन नहीं वितरण किया गया है। जानकारी देते हुए पीड़ितों ने बताया कि केंद्र पर राशन आया। इसके बाद ई रिक्शा पर लाद कर आंगनवाड़ी ले गयीं। लेकिन राशन नहीं बांटा, एसडीएम ने अश्वासन दिया है कि पूरे मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### गर्मी के चलते होमगार्ड की हालत बिगड़ी

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कलेक्ट्रेट में ड्यूटी कर रहे होमगार्ड की गर्मी के चलते हालत बिगड़ गई। अचानक गश खाकर वह गिर गया। अन्य साथियों ने उसे उठाया। एंबुलेस से जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती करवाया। यहां उसका उपचार जारी है। थाना कमालगंज के भोजपुर निवासी अभिषेक मिश्रा अपने पिता के स्थान पर होमगार्ड के पद पर नियुक्त हुए थे। मंगलवार को उसकी ड्यूटी फतेहगढ़ कलेक्ट्रेट परिसर में लगी थी। करीब 11 बजे अचानक गर्मी के चलते गश खाकर गिर गया। साथियों ने एम्बुलेस को बुलाया। साथी होमगार्ड आकाश अगिनहोत्री ने अभिषेक को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती करवाया। ईएमओ डॉ. आकाश बंसल ने ओपीडी पर्चा बनवाकर होमगार्ड को भर्ती कर लिया। उसको देखने के लिए भी कई अन्य होमगार्ड साथी भी पहुंचे हैं।



लोहिया अस्पताल में भर्ती होमगार्ड अभिषेक।

### फार्मेसी परीक्षा में नकल रोकने को सक्रिय रहे उड़नदस्ते

**फर्रुखाबाद।** फार्मेसी सम सेमेस्टर वार्षिक परीक्षा जिले के तीन परीक्षा केंद्रों पर संपन्न कराई जा रही है। मंगलवार को उड़नदस्ते ने परीक्षा केंद्रों पर सघन तलाशी ली। जीजीआईसी, जीआईसी फतेहगढ़ और राजकीय पॉलीटेक्निक बेवर रोड भोलेपुर में परीक्षा चल रही है। बीते दिनों दो नकलचियों के पकड़े जाने के चलते उड़नदस्ता टीम ने तीनों केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। टीम में शामिल सदस्यों ने एक-एक कमरे में जाकर परीक्षार्थियों पर कड़ी नजर रखी। हालांकि तीनों केंद्रों पर कोई नकलची नहीं मिला। परीक्षा के नोडल अधिकारी व राजकीय पॉलीटेक्निक के प्राचार्य दयाचंद ने बताया कि दोनों पालियों में पंजीकृत 757 में 38 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जीजीआईसी की प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने बताया कि पंजीकृत 262 में 18 परीक्षार्थी नहीं आए। वहीं जीआईसी के प्रधानाचार्य एपी सिंह ने बताया कि दोनों पालियों में 290 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। 21 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

### मुकदमा वापस करने को बना रहे दबाव

**फर्रुखाबाद।** थाना कमालगंज क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित परिवार ने मंगलवार को एडीएम को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव के ही अजय पाल पुत्र पातीराम ने पूर्व में एक युवती से बलात्कार एवं छेड़छाड़ की थी। पीड़ित युवती के पिता ने पॉक्सो कोर्ट में मुकदमा दर्ज करवाया। मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन हैं। गांव के ही हरपाल पुत्र आसाराम, अनुज कोमल, रामशंकर पुत्र गढ़ हरपाल को अजय पाल ने आर्थिक प्रलोभन देकर समझौता का पीड़िता के ऊपर दबाव डाला। जब पीड़िता ने मना कर दिया तो इन सभी दबंगों ने 17 जून को शाम 7 बजे घर में घुसकर पिता व उसके परिवार को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। थाना पुलिस से शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई न होने पर पीड़ित परिवार ने मंगलवार को एडीएम सुभाष चंद्र प्रजापति को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

### शिक्षक समेत चार हमलावरों ने किशोर को पीटा

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कायमगंज कंपिल रोड पर बीते दिन शिक्षक समेत चार हमलावरों ने एक युवक को पटक-पटक कर जमकर पीटा। इससे उसकी हालत गंभीर है। घायल की मां की तहरीर पर पुलिस ने चार के खिलाफ रिपोर्टदर्ज कर ली है। नगर से सटे गांव प्रेमनगर निवासी वेवी ने कोतवाली में दर्ज कराए कराई रिपोर्टमें कहा है 23 जून की शाम पांच बजे उसका 16 वर्षीय पुत्र हिमांशू बेलकम गेस्ट हाउस कंपिल रोड की ओर गया था। तभी पिक्कू लाला स्कूल के एक अज्ञात मास्टर, नंद किशोर का पुत्र कन्हैया निवासी ग्राम घसिया चिलौली व दो अज्ञात ने मिलकर उसके पुत्र के साथ झगड़ा फसाद करते हुए पटक पटक कर जमीन पर गिराकर लातघूसों व बेल्टों से बेरहमी से पीटा। इससे उसका पुत्र गंभीर घायल हो गया। दर्ज मुकदमे में महिला ने कहा है जब उसे सूचना मिली तो वह मौके पर पहुंची। जहां 108 एंबुलेंस से पुत्र को सीएचसी में भर्ती कराया गया। गंभीर हालत में उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त आरोपितों के खिलाफ 308 आईपीसी के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मुकेश राजपूत से पहले मूलचंद दुबे ने ली थी तीसरी बार शपथ

**फर्रुखाबाद।** लोकसभा चुनाव में फर्रुखाबाद सीट पर भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत कड़े मुकाबला के बाद विजय हुए थे। मुकेश राजपूत ने मंगलवार को लोकसभा में तीसरी बार लगातार सांसद पद की शपथ बाबा नीम करौरी की जय के साथ ली। फर्रुखाबाद लोकसभा सीट से लगातार तीन बार सांसद बनने वाले वह दूसरे व्यक्ति बने। आजादी के बाद देश में जब पहली बार चुनाव हुए थे।तब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से फर्रुखाबाद लोकसभा लोकसभा सीट पर मूलचंद दुबे ने जीत दर्ज की थी यह सिलसिला तीन बार तक चला था। उन्होंने सन 1952 ,1957 1962 के चुनाव में जीत दर्ज की थी। मुकेश राजपूत ने 2014, 2019, 2024 में सांसद के तौर पर जीत दर्ज कर रिकॉर्ड के बराबरी की। सोशल मीडिया अन्य माध्यमो से समर्थकों का बधाई देने का क्रम शुरू हो गया।

### जेल चिकित्सक को बंदियों के बेहतर उपचार के निर्देश

**फर्रुखाबाद।** अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर रंजन गौतम नें मंगलवार को जिला जेल का निरीक्षण किया। एसीएमओ ने जिला जेल फतेहगढ़ के चिकित्सालय, भोजनालय, कौशल विकास केंद्र और सांसद मुकेश राजपूत की निधि से जेल में स्थापित बेकरी प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। जेल चिकित्सक को बंदियों के बेहतर उपचार के बाबत निर्देश दिये। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने जेल के भोजनालय की व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा। रोटी, कद्दू की सब्जी, दाल को अपने सामने बनते देखा और रोटियां खा कर स्वयं चेक की। भोजन की क्वालिटी , भोजनालय की सफाई व्यवस्था की प्रशंसा की गई। बेकरी के बिस्कुट खाकर चेक किए। जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद ने बताया कि जेल बेकरी में निर्मित बिस्किट आम जनता के लिए जेल उत्पाद बिक्री केंद्र पर उपलब्ध है। बिक्री बढ़ाने और बंदियों को रोजगार देने के लिए और अधिक प्रयास किए जा रहे है। प्रदेश की अन्य जेलों में आवश्यता के अनुसार बिस्किट खपाने के प्रयास किए जा रहे।

## एक नजर

### दो लोगों ने जहर खाया

**कायमगंज-फर्रुखाबाद।** अलग अलग स्थानों पर दो लोगो ने जहर खा लिया। क्षेत्र के गांव अज़ीज़पुर निवासी रेखपाल के 16 वर्षीय पुत्र सत्यम व नगर के मोहल्ला चिलांका निवासी बालकराम की 17 वर्षीय पुत्री क्षमा ने संदिग्ध हालत में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। गंभीर हालत में परिजन अस्पताल लाये जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

### छत से गिरकर बच्ची जख्मी

**कायमगंज-फर्रुखाबाद।** नगर से सटे गांव कलाखेल निवासी चाँदमियाँ की 4 वर्षीय पुत्री इनायत छत से गिरकर गंभीर घायल हो गयी । परिजन अस्पताल लाये जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### भतीजे ने चाची को पीटा

**कायमगंज-फर्रुखाबाद।** नवाबगंज थाने के गांव सिलईया निवासी ऊषा देवी पत्नी गंगा सहाय सोमवार रात लगभग 8 :30 बजे घर पर खाना बना रही थी। तभी परिवार के ही भतीजे ने नशे की हालत में घर आकर गाली गलौज किया। विरोध करने पर भतीजे व उसके परिजनों ने ऊषा देवी को लाठी डंडे से मारपीट कर दी। जिसमे ऊषा देवी घायल हो गई। थाना पुलिस को गंगा सहाय ने नामजद लोगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने घायल ऊषा देवी को मेडीकल के लिए सीएचसी भेजा।

### मार्ग दुर्घटना में घायल हालत गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव कटरा रहमत खां निवासी गुड्डू यादव मार्ग दुर्घटना में गंभीर घायल हो गया। आसपास के लोगों ने अस्पताल भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### महिला को पीटा

**कायमगंज-फर्रुखाबाद।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव ठिउरिया निवासी नीलम देवी पत्नी नीरज यादव सोमवार रात लगभग आठ बजे घर पर घरेलू काम कर रही थी। उसी समय परिवार के ही लोगो ने नीलम देवी को बटवारे के विवाद को लेकर गालीगलौज किया। गालीगलौज का विरोध करने पर नीलम देवी को परिवार के लोगों ने मारपीट की। बचाने आये पति नीरज यादव को भी लाठी डंडे से मारपीट की।

# आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया

संवाददाता, फर्रुखाबाद

● भाजपा ने लोकतंत्र सेनानियों को किया सम्मानित

**अमृत विचार।** आपातकाल दिवस की 50वीं बरसी पर आवास विकास स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने मौजूद रहे। आपातकाल के दौरान जेल में बंद हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित भी किया गया।



पैदल मार्च करते भाजपा नेता। अमृत विचार

क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव महेश दुबे ने कहा 1975 में देश पर लगाए गए आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण हुए हैं। इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र की हत्या करते हुए आजाद भारत पर आपातकाल जैसा काला कानून थोप दिया। जिसके कारण पूरे देश में संवैधानिक संस्थाओं,संपूर्ण विपक्ष एवं मीडिया को सत्ता के दम पर कुचलने का प्रयास किया गया। आपातकाल इस देश में आजादी की दूसरी लड़ाई की तरह था। जब सत्ता पर काबिज रहने के लिए एक पार्टी और परिवार ने एक काले कानून का सहारा लिया। तत्कालीन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं जनसंघ के हजारों कार्यकर्ताओं और नेताओं को जेल भेज दिया गया था। आज जो लोग भाजपा पर संविधान को लेकर आरोप लगाते हैं उनको 1975 का वो दौर याद करना चाहिए । जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भारत की छवि को पूरे वैश्विक पटल पर धूमिल करने का कार्य किया। दुग्ध संघ अध्यक्ष एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सतपाल सिंह ने कहा कि 21 माह तक चल आपातकाल में सबसे अधिक दमन आरएसएस का किया गया। हर वर्ष की भांति इस बार भी पूरे देश को भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के इस कुकर्म को याद दिलाने का कार्य किया। देश उनको कभी माफ नहीं करेगा।

पूर्व जिला महामंत्री डॉ प्रभात अवस्थी ने कहा आपातकाल का वह दौर बहुत ही भयावह था।देश की संवैधानिक संस्थाएं सरकार के हाथ की कठपुतलियां बन गई थी। भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा 25 जून 1975 का वह दिन जब आपातकाल लगाने के कांग्रेस पार्टी के राजनीतिक रूप से प्रेरित फैसले ने देश के लोकतंत्र के स्तंभों को हिला दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 10 वर्ष की सरकार ने लोकतंत्र के स्तंभों को मजबूत करने का कार्य किया । इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जगदीश पांडे ,विजय वर्मा, आग्नेय श्रीवास्तव, एवं प्रभात अवस्थी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री जीएस राठौर, जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता, जिला महामंत्री सुनील रावत, जिला मीडिया सह प्रभारी पीयूष त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

## निकाह करा दो वरना जान दे दूंगा

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की दीवार पर एक पोस्टर चस्पा है। जिसमें एक सिरफिरे आशिक ने एक युवक की बहन से निकाह नहीं होने पर आत्महत्या की चेतावनी दी है। पोस्टर सोशल मीडिया पर जमकर वायरल है।

पोस्टर में लिखा कि मैं एक युवक की बहन से बहुत प्यार करता हूं। उसने पुलमंडी मोहल्ला के लोगों से मदद की गुहार लगाते हुए कहा कि उसका निकाह कर दिया जाए। कुछ लोग उसका निकाह नहीं होने दे रहे हैं। अगर उसका निकाह उसकी प्रेमिका से नहीं कराया गया तो वह प्रेमिका के घर के बाहर आत्महत्या करेगा। मामले पर राजकीय इंटर कॉलेज के प्रशासन की तरफ से कोई भी प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। सोशल मीडिया पर वायरल पोस्टर लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# टोल प्लाजा मुद्दे पर भाकियू अडिग, दी चेतावनी

कार्याल संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना जहानगंज क्षेत्र के गांव वाहिरपुर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के चल रहे धरना स्थल पर पर प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा पहुंचे। उन्होंने प्रशासन को टोल प्लाजा का स्थान अन्यत्र करने की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि जिलाप्रशासन ने उनकी बात नही मानी तो इटावा-बरेली हाईवे जाम कर देंगे। सोमवार को प्रशासन के साथ वातार् विफल होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है।

बताते चलें कि टोल प्लाजा को लेकर भाकियू पिछले आठ दिन से वाहिदपुर में धरना दे रही है। जिला प्रशासन और भाकियू नेताओ के बीच सोमवार को वार्ता विफल हो गई। वार्ता विफल होने के बाद मंगलवार को यहां भाकियू के



धरनास्थल पर मौजूद भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष। अमृत विचार

● हाईवे जाम करने की प्रदेश अध्यक्ष ने की सशर्त घोषणा

प्रदेश अध्यक्ष आ धमके। उन्होंने किसान आंदोलन को धार देते हुए जिला प्रशासन को दो टूक लहजे में आगाह किया कि अगर किसानों की बात नही मानी गई तो प्रदेश भर का किसान यहां पहुंच कर इटावा बरेली हाइवे जाम कर देगा।

यह सुनते ही पुलिस एवम प्रशासनिक अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए। भाकियू के धरना प्रदर्शन में भीड़ बढ़ती ही चली जा रही है। धरना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था में मोहम्मदाबाद सीओ अरुण कुमार सिंह, सीओ सिटी प्रदीप कुमार सिंह, थाना जहानगंज



भाकियू नेताओं से बात करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

एसओ भोलेद्र चतुर्वेदी, भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद हैं। मंडल अध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। उनकी बात शासन प्रशासन तक पहुंचाने का भरोसा दिला रहे है। मंडल अध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा का कहना है की टोल प्लाजा कागजो में कन्हैया मुरस में प्रस्तावित है। जबकि अधिकारी जबरिया वाहिदपुर में बना रहे हैं। यदि वाहिदपुर में टोल प्लाजा प्रस्तावित है तो उसके कागज उन्हें दिखाए जाएं। वह शासन प्रशासन की बात मानने को तैयार हैं लेकिन वह कागज नहीं दिखा रहा पा रहा है। उन्होंने कहा कि इसकी वजह से किसानों का आंदोलन उग्र होता चला जा रहा है।

विभाग बेहाल | अफसर व स्टाफ के बिना चल रहा कार्यालय

# विकास को गति देने वाले डूडा को लगा ग्रहण

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शहर के विकास कार्यों को अंजाम देने वाले डूडा को ही ग्रहण लग गया है। विभाग बिना अफसर व स्टाफ के विकास की जंग लड़ रहा है। कार्यालय में परियोजना अधिकारी, लेखाकार व बाबू से लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तक की तैनाती नहीं है। इससे सालों से शहर के विकास कार्य अधूरे चल रहे हैं।

जिला नगरीय विकास अभिकरण कार्यालय (डूडा) में पीएम आवास योजना (शहरी), पीएम स्वनिधि, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) व मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास आदि योजनाएं संचालित हैं। मगर इन योजनाओं की निगरानी करने वाले मुखिया जिला परियोजना अधिकारी (पीडी डूडा) का पद करीब दो साल से खाली चल रहा है। वर्ष 2022 में पीओ डूडा जय विजय सिंह का स्थानांतरण हुआ था, तब से पद खाली पड़ा है। वहीं वर्ष 2018 में स्थानांतरित हुए सहायक लेखाकार राकेश द्विवेदी के बाद कोई सहायक लेखाकार नहीं आया। बाबू व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तक की तैनाती नहीं है।

एएसडीएम अतुल कुमार प्रभारी पीओ डूडा हैं। जिला पंचायत के बाबू गौरव कुमार को डूडा कार्यालय में संबंद्ध किया गया है। सहायक लेखाकार का अतिरिक्त चार्ज डीआईओएस के लेखाकार प्रियांक दुबे के पास है। एनयूएलएम की सिटी मिशन प्रबंधक मेघा गुप्ता की डूडा में करीब चार माह पहले ही तैनाती हुई है। स्थायी पीओ व लेखाकार आदि कर्मचारियों के न होने से विकास की रफ्तार धीमी है।

### विकास की कई फाइलें पड़ीं डंप

करीब दो साल होने आ रहे हैं और अभी तक डूडा स्वीकृत 84 सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करा पाया है। बजट के लिए पत्र तो सूडा कार्यालय लखनऊ भेजे जाते हैं, लेकिन इसके बाद अफसर भूल जाते। कांशीराम कॉलोनियों में रह रहे अवैध लोगों से आवास भी नहीं खाली कराए जा रहे। प्रभारी पीओ के समय से कार्यालय में न बैठने के चलते एनयूएलएम के तहत समूहों के गठन की फाइलें भी नहीं हो पा रही हैं।

> जिला नगरीय विकास अभिकरण कार्यालय (डूडा) फर्रुखाबाद में जिला परियोजना अधिकारी, सहायक लेखाकार व बाबू समेत अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही अधिकारियों व कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी।
>
> – आनंद शुक्ल, सहायक निदेशक, सूडा लखनऊ

# हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक रहा बाबा जूही शाह का उर्स

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** हज़रत बाबा जूही शाह के दरगाह पर 66 वां उर्स पूरी रौनक एवं शिद्दत के साथ सम्पन्न हुआ। यह उर्स बाबा की याद में मनाया जाता है ।

दरगाह के सज्जादानशीन हज़रत मुशीर अहमद कादरी चिश्ती वारसी ने उर्स के बारे में बताया कि आज से 66 साल पहले बाबा इस दुनियां को अलविदा कह गये थे । साधू संतो का भण्डारा बाबा के ही ज़माने से चलन में है । शहर के सभी संतो को बुलाया जाता है । सबसे पहले उन्हें भोजन कराकर सम्मान सहित दक्षिणा भेंट कर कन्या भोज उसके बाद ही आम लोगों को भण्डारा खिलाया जाता है। बाद नमाज इशा मीलाद शरीफ़ और नातिया मुशायरे का आयोजन किया जाता है । जिसमें देश भर के शायर हिस्सा लेते हैं । बाबा के यहां हमेशा से शाकाहारी भोजन ही बनता है । ताकि हर धर्म जाति के लोग भण्डारे में शरीक हो कर भोजन ग्रहण कर सकें । बाबा ने हमेशा एकता पर बल दिया क्योंकि इंसानियत ही सबसे बड़ी चीज़ है । दरगाह पर कोई छोटा बड़ा नहीं सब समान हैं । इस मौके पर सज्जादानशीन मुशीर अहमद कादरी, दिनेश वाजपेयी, धनेश गौड़, तौहीद, तमहीद, शैलू वर्मा, ज़मीर अहमद, कदीर अहमद, जरमान मोयुददीन, बब्बन, हरिओम, शिवकांत मिश्रा, मुन्ना वर्मा, सनी यादव, नफीस आदि रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज फर्रुखाबाद**

पत्रांक 346/न0पा0प0 का0/2024–25 दिनांक– 24/06/2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता कि श्री ओमवीर सिंह, विजय कुमार पुत्र/पुत्री/स्व परमानन्द निवासी मोहल्ला छपट्टी ने वसीयत विलेख विरासतन के भवन सँख्या 63, 64, 65 मोहल्ला छपट्टी कायमगंज पर श्री परमानंद पुत्र रामलाल के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामाकंन हेतु आवेदन पत्र दिया है जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है।

उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनो के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रुप में प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पलिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा, और पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अर्न्तगत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रुप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कायमगंज
फर्रुखाबाद

रोहते सायकैर्विद्धं वनं परशुना हतम्।
वाचा दुरुक्तं बीभत्सं न संरोहति वाक्क्षतम्॥

बाणों से छलनी और फरसे से कटा गया जंगल पुन: हरा-भरा हो जाता है, लेकिन कटु वचन से बना घाव कभी नहीं भरता।


## संपादकीय

# पर्यावरणीय जोखिम

जल की कमी एक गंभीर वैश्विक चिंता है। परंतु भारत में पानी की बढ़ती कमी कृषि तथा उद्योग क्षेत्र को प्रभावित कर सकती है जो देश की ऋण क्षमता के लिए हानिकारक है, क्योंकि खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि और लोगों की आय में गिरावट होगी। परिणामस्वरूप खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ सकती हैं। कहा जा सकता है कि जल संकट के देश में दूरगामी परिणाम होंगे। भारत जैसे देश में जनसंख्या वृद्धि, शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। उपलब्ध जल संसाधन आबादी की ज़रूरतों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। मंगलवार को जारी रिपोर्ट में एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन में तेजी के कारण पानी का तनाव बिगड़ रहा है, जिससे सूखा, गर्मी की लहर और बाढ़ जैसी तीव्र और लगातार चरम जलवायु घटनाएं हो रही हैं। तेजी से आर्थिक विकास और जलवायु परिवर्तन के कारण लगातार प्राकृतिक आपदाओं के बीच पानी की खपत बढ़ने से भारत पानी की कमी का सामना कर रहा है। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में बढ़ते जल संकट के कारण विरोध प्रदर्शन हो रहे और राजनीतिक मुद्दा बन गया है। कम वर्षा और शुष्क परिस्थितियों के कारण राजस्थान, गुजरात और दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में जल की कमी विशेष रूप से गंभीर है। निश्चित रूप से पानी की कमी का देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि पर असर पड़ता है। कृषि पर अत्यधिक निर्भर क्षेत्रों का सामाजिक-आर्थिक ताना-बाना गंभीर रूप से तनावपूर्ण होता है।

पानी की गंभीर कमी का सामना कर रहे कुछ राज्यों ने जल प्रबंधन में निवेश के लिए धन जुटाने के लिए स्थायी वित्त बाजार का उपयोग किया है। भारत दुनिया की सबसे तेज गति की अर्थव्यवस्था के साथ आगे बढ़ रहा है। दुनिया की हर एजेंसी भारत की अर्थव्यवस्था पर भरोसा जता रही है। जल संकट भारत के विकास में अस्थिरता को बढ़ा सकता है और अर्थव्यवस्था की झेलने की क्षमता को कमजोर कर सकता है। भारत के समक्ष पर्यावरणीय जोखिम से संबद्ध चेतावनी को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। जल संकट को कम करने के लिए, टिकाऊ दीर्घकालिक समाधानों के लिए स्थायी जल आवंटन और प्रबंधन को बढ़ावा देने वाली नीतियां आवश्यक हैं। जल उपचार और बुनियादी ढांचे में निवेश करने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने और समान जल वितरण सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी नीतियों को लागू करने की आवश्यकता है। जनता के बीच जल संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना और जिम्मेदारी से पानी के उपयोग को प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है।

# जब संविधान की प्रति मांगने पर कहा जाता कि छपना बंद है



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

12 जून 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के जस्टिस जगमोहन लाल सिन्हा के एक अदालती फैसले ने देश में भूचाल ला दिया था। इस फैसले ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का रायबरेली से लोकसभा का निर्वाचन चुनावी कदाचार के आरोपों में अवैध घोषित कर दिया था।

2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के फिर से सत्ता में आने पर संविधान को बदले जाने के खतरे के सवाल को विपक्ष ने जोर-शोर से उठाया। इसकी गरमाहट अभी भी बनी हुई है। 18 वीं लोकसभा के शुरुआती दिन अनेक विपक्षी सांसद संविधान की रक्षा के संकल्प के तौर पर उसकी प्रति साथ लिए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार के दौरान बार-बार दोहराते रहे कि संविधान को कोई बदल नहीं सकता। एनडीए के नेता पद के चुनाव की बैठक में प्रधानमंत्री ने सबसे पहले भारत के संविधान के सम्मुख मस्तक नवाया। उधर राहुल गांधी इस सवाल पर मोदी और भाजपा पर लगातार हमलावर है।

फिलहाल तो संविधान में "बदलाव की आशंका में" आस्तीनें चढ़ी हुई हैं,लेकिन आजाद भारत में 21 महीने का ऐसा भी दौर आया था,जब देश का संविधान बेमानी हो गया था। उसमें मनमाने फेर बदल किए गए। मूल ढांचे पर आघात किया गया। अदालतें पंगु हो गईं थीं। तब संविधान की प्रति मांगने पर बुक सेंटर्स पर कहा जाता था कि "वो छपना बंद हो गया।" क्यों और क्या हुआ था तब?

12 जून 1975 को इलाहाबाद हाइकोर्ट के जस्टिस जगमोहन लाल सिन्हा के एक अदालती फैसले ने देश में भूचाल ला दिया था। इस फैसले ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का रायबरेली से लोकसभा का निर्वाचन चुनावी कदाचार के आरोपों में अवैध घोषित कर दिया था। गुजरात, बिहार के छात्र युवा इस फैसले के पहले से ही सड़कों पर थे। सर्वोदय नेता जयप्रकाश नारायण उनकी अगुवाई संभाल चुके थे। इसी के साथ उत्तर भारत के अन्य राज्यों में भी भ्रष्टाचार विरोधी "संपूर्ण क्रांति आंदोलन" का विस्तार हो चुका था। अनेक विपक्षी दल इस आंदोलन के साथ थे। अदालती फैसले ने इंदिरा गांधी पर इस्तीफे का दबाव और बढ़ा दिया। जवाब में इंदिरा जी ने विपक्ष को कुचलने का रास्ता अपनाया। आंतरिक इमरजेंसी लगाई। असहमति के हर स्वर का मुंह बंद किया। प्रेस पर सेंसरशिप थोपी। 25 जून की रात जयप्रकाश नारायण, मोरारजी देसाई, चंद्रशेखर, राजनारायण सहित तमाम विपक्षी नेता जेल में ठूंस दिए गए। गिरफ्तारियों का सिलसिला देशव्यापी था जिसमें विपक्ष के बड़े नेताओं से लेकर सरकार विरोधी

दहशत के बीच इमरजेंसी की शुरुआती कामयाबी कुछ महीने बीतने तक लापता हो चुकी थी। हर तरफ से सरकारी मशीनरी के जुल्म और लूट की शिकायतें थीं। नैतिक बल खो देने के कारण सरकार अपनी चमक खो चुकी थी। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इंदिरा गांधी की छवि और विश्वसनीयता को गहरा धक्का लगा था।

लाखों लोग शामिल थे। विपक्षियों को जेल में डालने के बाद अदालतों को हदों में बांधने का अभियान शुरु हुआ। 22 जुलाई 1975 को संविधान का 38 वां संशोधन लाया गया। उसके जरिए इमरजेंसी की घोषणा को न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर कर दिया गया। राष्ट्रपति/राज्यपाल/केंद्र शासित प्रमुखों द्वारा जारी अध्यादेशों को अविवादित मानते हुए,उन्हें न्यायिक पुनर्विचार से पृथक माना गया। इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में लंबित अपील के फैसले का इंतजार नहीं किया गया। 10 अगस्त 1975 को पेश 39 वें संशोधन ने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा लोकसभा स्पीकर के निर्वाचन से संबंधित विवादों को न्यायिक परीक्षण से मुक्त कर दिया।

28 अगस्त 1976 को प्रस्तुत 42 वें संशोधन का दायरा व्यापक था। संविधान की प्रस्तावना में "समाजवादी", "धर्मनिरपेक्ष", "एकता" ,"अखंडता" शब्द जोड़े गए। मूल अधिकारों पर संविधान के नीति निर्देशक सिद्धांतों की सर्वोच्चता सुनिश्चित की गई। 10 मौलिक कर्तव्यों को अनुच्छेद 51(क)(भाग-iv क) में जोड़ा गया। इसके द्वारा संविधान को न्यायिक परीक्षण से मुक्त किया गया। सभी लोकसभा-विधानसभा की सीटों को शताब्दी के अंत तक के लिए स्थिर किया गया। 1971 में चुनी लोकसभा का कार्यकाल 1976 में पूर्ण हो रहा था। उस समय तक इंदिराजी चुनाव को लेकर मन नहीं बना पाईं थीं। 42 वें संशोधन ने लोकसभा के कार्यकाल को भी पांच वर्ष से बढ़कर छह वर्ष कर दिया। सत्ता की मनमानी और उसे मजबूत करने की कोशिशों ने संविधान को मखौल में बदल दिया। किसी बुक सेंटर पर भारतीय संविधान की प्रति मांगने पर अजूबे के तौर पर देखा जाता था। एक आहत दुकानदार का जवाब था," अब यह छपना बंद हो चुका है।" विपक्ष जेल में था। अदालतें डरी हुई थीं। प्रेस पाबंदियों में जकड़ा हुआ था।

इमरजेंसी की वैधता का सवाल सुप्रीम कोर्ट के सामने उठा। चीफ जस्टिस एएन रे की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय बेंच ने सुनवाई की। अन्य जज थे-एच.आर.खन्ना, एमएच बेग, वाईवी. चंद्रचूड़ और पीएन.भगवती। इस सवाल से जुड़ी याचिकाओं को खारिज करने की मांग करते हुए सरकार का तर्क था कि राष्ट्रपति ने आपातकाल लागू करके अनुच्छेद 21 स्थगित कर दिया है। अतः उससे जुड़ा कोई मामला अदालत के सामने नहीं लाया जा सकता। सी.के.दफ्तरी का प्रतिवाद था,"कानून का शासन न तो स्थगित किया जाता है और न किया जा सकता है। अनुच्छेद 21 जीवन, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और किसी अदालत में मुकदमा दायर करने का अधिकार देता है। अगर उसे स्थगित कर दिया जाए तो कैदियों के बचाव का कोई उपाय ही नहीं बचता।" नानी पालकीवाला ने कहा कि अगर कार्यपालिका संविधान प्रदत्त मौलिक संस्थाओं को ही कुचलने पर तुली हुई है तो भारत को प्रजातंत्र को अलविदा कह देना चाहिए। मूलभूत अधिकार सरकार की देन नहीं हैं,अपितु आजादी की लड़ाई में जनता के संघर्ष के परिणाम हैं।

बहुमत से भिन्न निर्णय करने वाले इकलौते जस्टिस खन्ना थे। उनके अनुसार इमरजेंसी की हालत में भी किसी व्यक्ति को जीवन या उसके वैयक्तिक अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता। उन्होंने लिखा कि प्रश्न यह नहीं है कि क्या वैयक्तिक स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया जा सकता है,बल्कि यह कि क्या इस तरह के सार्वजनिक खतरे को देखते हुए कानून को पूरी तौर पर खामोश किया जा सकता है। गिरफ्तारी आदेश के विरुद्ध किसी याचिका को कानून की अनिवार्य आवश्यकताओं जिसके तहत उसे पारित किया गया,के प्रतिकूल होने के आधार पर अथवा दुर्भावना के आधार पर स्वीकार न करना अनुच्छेद 359 की सीमा के बाहर है। उन्होंने निर्णय दिया कि राष्ट्रपति को भी कानून के शासन को निलंबित करने का अधिकार नहीं है। भय और आतंक के उस माहौल में जस्टिस खन्ना के साहस की हर ओर सराहना हुई। न्यूयार्क टाइम्स ने लिखा कि न्यायिक इतिहास में उनका नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। पालकीवाला ने अपने एक लेख में लिखा कि जस्टिस खन्ना की प्रतिमाएं जगह-जगह लगाई जानी चाहिए। उम्मीद के मुताबिक जस्टिस खन्ना को इस फैसले की कीमत चुकानी पड़ी। उनकी सीनियारिटी को दर किनार कर जूनियर जस्टिस बेग को चीफ जस्टिस बनाया गया।

खन्ना ने इस्तीफे की जगह अपना शेष कार्यकाल भी निर्भीक और निष्पक्ष जज के रूप में पूरा किया,लेकिन जोर-जबरदस्ती की भी एक सीमा थी। दहशत के बीच इमरजेंसी की शुरुआती कामयाबी कुछ महीने बीतने तक लापता हो चुकी थी। हर तरफ से सरकारी मशीनरी के जुल्म और लूट की शिकायतें थीं। नैतिक बल खो देने के कारण सरकार अपनी चमक खो चुकी थी। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इंदिराजी की छवि और विश्वसनीयता को गहरा धक्का लगा था। खुशामदी उन्हें जीत के प्रति आश्वस्त कर रहे थे। खुफिया एजेंसियों के लोगों को नौकरी बचानी थी। उन्होंने भी आसमानी अनुमान पेश किए। संविधान अपने अनुकूल ढाला जा चुका था। जीत तय मानी गई।

18 जनवरी 1977 को लोकसभा चुनाव के फैसले की घोषणा कर दी गई। तारीखें 20-24 मार्च 1977 की थीं। विपक्षियों की रिहाई शुरु की गई। हिसाब लगाया गया था कि उन्नीस महीने जेल में बिता कर निकले नेताओं को संभलने का मौका ही नहीं मिलेगा,लेकिन इमरजेंसी की ज्यादतियों से नाराज जनता के लिए पार्टी और उम्मीदवार बेमानी थे। जयप्रकाशजी की कोशिशों से बिखरे विपक्षियों ने चरण सिंह के भारतीय लोकदल का चुनाव निशान हलधर लिया। जनता पार्टी का नाम चुना। जनता ने सिर्फ कांग्रेस को सत्ता से बेदखल नहीं ही किया, बल्कि रायबरेली जहां से पिछली बार 1974 में इंदिराजी जीतकर 1975 में अदालत से हारी थीं,को इस बार जनता ने हराया। बाजू की अमेठी लोकसभा सीट पर संजय गांधी पराजित हुए। पूरे उत्तर भारत से कांग्रेस साफ थी। जनता पार्टी की लोकसभा सीटें 298 थीं।

## प्रसंगवश

# भ्रामक है स्थायित्व की गणित


अठारहवीं लोकसभा का सत्र पहला दिन खूब गहमागहमी युक्त और हलचल भरा रहा। दोनों तरफ से आस्तीनें समेटी गईं। चूंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपनी पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं है,अतः अस्थिरता की आशंकाओं के निवारणार्थ उन्होंने धर्म ग्रंथों का सहारा लेकर अपनी सरकार को स्थिर साबित करने की गणित पेश की। चूंकि यह लोकसभा अठारहवीं है और आठ व एक का योग नौ होता है,अतः इन दो अंकों का सहारा लेकर उन्होंने अपने विषय को प्रतिपादित करने की कोशिश की। नौ इसलिए संदर्भित किया, क्योंकि इसके पहाड़े के सभी अंकों का योग नौ ही रहता है। अठारह के अंक के लिए उन्होंने गीता को अठारह अध्यायों वाली बताया और पुराणों तथा उप-पुराणों की संख्या अठारह बताकर अपनी सरकार स्थिर बताई। इस संबंध में मुझे यह कहना है कि यह गणित भ्रामक और विश्लेषण औचित्यपूर्ण नहीं है। पहले तो यह कि लोकसभा अठारहवीं है, सरकार नहीं। लोकसभा कार्यकाल पूरा कर ले,किंतु सरकार न कर पाए। साथ ही अठारह से जो निष्कर्ष निकाला गया,वह खींचातानी भरा और तर्क संगत नहीं है। गीता के अध्याय अठारह हैं तो गीता संदेश क्या देती है? सत्ता के विरुद्ध लड़ने के लिए अर्जुन को भगवान श्रीकृष्ण ने प्रेरित किया। युद्ध हुआ और सत्ता पराजित होकर विनष्ट हुई। नई सत्ता आ गई। मालूम हो कि दोनों तरफ की सेना भी आठारह अक्षौहिणी थी,जो नष्ट हो गई।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

युद्ध भी अठारह दिन ही चला। तत्समय भी बहुमत सत्ताधारी पक्ष यानी कौरव दल का ही था जिनके पास ग्यारह अक्षौहिणी सेना थी। पांडवों के पास कम,यानी केवल सात अक्षौहिणी,लेकिन बहुमत हारा। अतः गीता वाले अठारह का उदाहरण तो उल्टा बैठ रहा है। पुराण अठारह जरूर हैं,किंतु उप पुराण 55 हैं। मुख्य उप-पुराण 18 हैं तो 18+18 का योग तो 36 होता है,जो निरंतर विरोध का ही प्रतीक है। एक बात और। यदि अठारह और नौ के आधार पर यह कार्यकाल पूरा करेंगे तो मोदी का पिछला कार्यकाल कैसे पूरा हुआ? तब तो ये अंक क्रमशः 17 और 8 थे। एक अन्य सोच के अनुसार अब तक हुए हिंदुओं के नौ अवतारों में नवें गौतम बुद्ध थे,जो राजपाट छोड़कर चले गए थे।

# इसरो की अंतरिक्ष यान तकनीक



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

विश्वास है कि इसरो ने नासा और रूस के स्पेस शटल टेक्नोलॉजीज से संबंधित डेटा का पूरा अध्ययन करके ही 'पुष्पक' जैसा छोटा प्रोटोटाइप पहले लांच किया है।

भारत तीसरा मुल्क है जिसने स्पेस शटल बनाने का उपक्रम किया है। अमेरिका ने कई साल तक स्पेस शटल चलाई, रूस ने अपनी स्पेस शटल 'बुरान' का सफलतापूर्वक टेस्ट किया,लेकिन सन 1988 में इस प्रोग्राम को बंद कर दिया। और जब 1991 में सोवियत संघ टूट गया तो अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए धन भी कम हो गया। रूस ने 1993 में निर्माण के विभिन्न चरणों में चार अन्य अंतरिक्ष शटल वाहनों के साथ बुरान कार्यक्रम को आधिकारिक तौर पर रद कर दिया।

अमेरिका की दो स्पेस शटल दुर्घटनाग्रस्त हुईं और यह यान जिसका काम अंतरिक्ष में सामान पहुंचाना,अंतरिक्ष में 'नियर अर्थ ऑर्बिट में चक्कर लगाने वाले सैटेलाइट्स और शक्तिशाली दूरबीनों की मरम्मत करना और स्पेस स्टेशन से मलबे और कूड़े को वापिस लाना था। अंततः अनेक समस्याओं के कारण बंद करना पड़ा। पूरा प्रोग्राम यादों का अब एक म्यूजियम मात्र है। स्पेस शटल कार्यक्रम अमेरिकी नासा द्वारा चलाया गया चौथा मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम था जिसने 1981 से 2011 तक पृथ्वी से कक्षा में चालक दल और कार्गो के लिए नियमित परिवहन पूरा किया। इसका आधिकारिक नाम,स्पेस ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम (एसटीएस), पुनः प्रयोज्य अंतरिक्ष यान की एक प्रणाली के लिए 1969 की योजना से लिया गया था जिसमें से यह विकास के लिए वित्त पोषित एकमात्र वस्तु थी। इसने 135 मिशनों में उड़ान भरी और 16 देशों के 355 अंतरिक्ष यात्रियों को ले गया जिनमें से कई-कई यात्राओं पर थे। दो पुनः प्रयोज्य ठोस रॉकेट बूस्टर और एक डिस्पोजेबल बाहरी ईंधन टैंक के साथ लांच किए गए। ऑर्बिटर से बना स्पेस शटल, आठ अंतरिक्ष यात्रियों और 50000 पाउंड (23,000 किलोग्राम) तक के पेलोड को कम पृथ्वी की कक्षा (एलईओ) में ले गया। जब इसका मिशन पूरा हो जाता था तो ऑर्बिटर पृथ्वी के वायुमंडल में फिर से प्रवेश करता और कैनेडी स्पेस सेंटर या एडवर्ड्स एयरफोर्स बेस पर ग्लाइडर की तरह उतर जाता था। यह बहुत खर्चीले और जोखिमपूर्ण अभियान थे। इसे बंद कर दिया गया। अमेरिका ने स्पेस शटल प्रोग्राम की घोषणा जनवरी 1972 में की थी। तब यूएस कांग्रेशनल कमेटी ने इसकी कास्ट तो बेनिफिट स्टडी की थी । मालूम हुआ की सन् 1984 तक नासा इस प्रोग्राम पर 43 बिलियन यूएस डॉलर (सन् 1971 की डॉलर मूल्य के अनुसार) खर्च करेगा,लेकिन हुआ चार-पांच गुणा। शटल कक्षा में उतरने और उतरने वाला एकमात्र पंखों वाला चालक दल वाला अंतरिक्ष यान है और पहला पुनः प्रयोज्य चालक दल अंतरिक्ष यान है जिसने कक्षा में कई उड़ानें भरीं। इसके मिशनों में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) सहित विभिन्न कक्षाओं में बड़े पेलोड ले जाना शामिल था। अंतरिक्ष स्टेशन के लिए क्रू रोटेशन प्रदान करना और हबल स्पेस टेलीस्कोप पर सेवा मिशन निष्पादित करना। ऑर्बिटर ने उपग्रहों और अन्य पेलोड (जैसे आईएसएस से) को भी कक्षा से बरामद किया और उन्हें पृथ्वी पर लौटा दिया, हालांकि इस क्षमता में इसका उपयोग दुर्लभ था। कार्यक्रम के चरम पर 'प्रति माह लांच' की उम्मीद थी,लेकिन अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के विकास में व्यापक देरी होने की वजह से ऐसा कभी हो नहीं पाया। स्पेस शटल प्रोग्राम के सक्रिय होने से पहले नासा ने 'एक्सप्लोरिंग द अननॉन' में अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम के इरादों के बारे में जानकारी दी थी। हरेक अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए टेक्नोलॉजीज के डेवलपमेंट पर, प्रोटोकॉल विकसित करने पर और प्रोग्राम के सक्रिय हो जाने के बाद वास्तविक ऑपरेशनल डेटा के बारे में कितना डॉक्यूमेंटेशन करना होता यह आम आदमी को अंदाजा नहीं होता।

विश्वास है कि इसरो ने नासा और रूस के स्पेस शटल टेक्नोलॉजीज से संबंधित डेटा का पूरा अध्ययन करके ही 'पुष्पक' जैसा छोटा प्रोटोटाइप पहले लांच किया है। इसे एक ऐसी टेक्नोलॉजीज विकसित करने के इरादे से डिजाइन किया गया है और जिसमें उत्तरोत्तर सुधार किया जाएगा और जिसे एक पुनर्प्रयुक्त किए जाने वाले लांचर के रूप में इस्तेमाल किया जा सके। अर्थात इसे निकट अंतरिक्ष में भेजा जाएगा और यह अपना काम करके वापिस एक यान की भांति धरती पर उतरेगा। इसे बार-बार इस्तेमाल किया जा सकेगा और जरूरत होगी तो रिपेयर किया जाएगा ताकि हरेक बार एक नए लांचर के निर्माण पर पैसा न खर्च करना पड़े।

## सोशल फोरम

# भ्रष्टाचार में शीर्ष पर कौन

बत्तीस साल पहले की बात है,तब बागेश्वर जिले का जन्म नहीं हुआ था। ग्राम विकास सचिव झा साहब ने भ्रमण के लिए दूरस्थ विकास खंड का चयन किया और मैं उनके साथ बतौर एडीएम हो लिया। सज्जन व्यक्ति थे। दिन भर के भ्रमण के बाद रात्रि विश्राम कौसानी में रखा गया।

कौसानी अल्मोड़ा जिले में एक रमणीक स्थल है और यहां से हिमालय पर्वत की छटा सुंदर दिखती है। शाम को राज्य अतिथि गृह के बाहर लान में हिमालय दर्शन के दौरान झा साहब ने कहा,"पाठक जी हम लोगों ने पढ़-लिखकर गांव छोड़ दिया है और गांवों में गुंडा राज हो गया है।" उस समय उनकी यह बात मुझे एक कैजुअल टिप्पणी लगी और सोचा कि वे अपने राज्य बिहार के बारे में कह रहे हैं। उस दौरान बिहार भ्रष्टाचार के मानकों में सबसे शीर्ष पर हुआ करता था। उनकी यह बात मुझे बार-बार याद आ जाती थी। पिछले दो-तीन साल से पांच-छः महीने पैतृक गांव में रहता हूं। दो महीने से गांव में हूं और झा साहब की बात याद आ गई। गांव में पानी के श्रोतों की भरमार के बाद भी वर्षा जल संचयन से टायलेट में काम चलाया जा रहा है। पीने का पानी धारे से ला रहा हूं या मंगवा रहा हूं।



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

पेयजल आपूर्ति के लिए पुरानी योजना बनी हुई है,लेकिन स्थानीय असामाजिक तत्वों ने कुछ ऐसे उपाय कर रखे हैं कि पीने का पानी ही सुलभ नहीं हो रहा है। मेरे इस गांव में धान की रोपाई होती है, गेहूं भी सिंचाई कर बोया जाता है, लेकिन बाहरी ठेकेदारों ने स्थानीय गुंडों की मदद से जलस्रोतों का ऐसा विखंडन कर दिया है कि तल्ला डौणूं में तो नर्सरी के लिए ही पानी नहीं है और मल्ला डौणू में पेयजल आपूर्ति ही घरों में नहीं हो रही है। यह सब सरकारी योजनाओं के नाम पर हो रहा है। मुझे तो रिटायर हुए ग्यारह वर्ष हो गए हैं और एक प्रकार का संन्यासी जीवन है,लेकिन क्या कोई बता सकता है कि भ्रष्टाचार के मानकों के आधार पर इस समय शीर्ष पर कौन है?

**-फेसबुक वॉल से**

# जिंदगी जिंदगी से बड़ी है

विडंबना यह है कि इन तमाम परिकल्पनाओं के बावजूद अपनी क्षमता का सीमांत किसी को ज्ञात नहीं। क्षमता हो, न हो, कुछ करने, कुछ पाने की आकांक्षा बनी रहनी है।

हर व्यक्ति की अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग प्रकृति प्रदत्त क्षमता होती है। सभी की क्षमता सभी क्षेत्रों में नहीं हो सकती। प्रकृति की योजना। यह योजना हमारे लिए अनुत्क्रमणीय है। इस सीमा को महसूस करना और क्षेत्र-सापेक्ष क्षमता का आकलन करना ही हमारे लिए शक्य है। यह जीवन की एक अकाट्य शर्त है। उसकी सीमा भी। दृढ़ संकल्प से क्षेत्र विशेष में सीमा के विस्तार की संभावना रहती है,किंतु कोई भी विस्तार असीमित नहीं है। इस दृश्य और गम्य संसार में कुछ भी असीमित नहीं है। वह वस्तु या पदार्थ हो,शक्ति या ऊर्जा हो, व्यक्ति या परिघटना हो, कुछ भी असीमित नहीं है। संभवतः इसी रिक्तता को भरने के लिए परम, निःसीम, कालातीत, पूर्ण, अनादि-अनंत परम सत्ता, परम शक्ति,परम चेतना, परम सत्य, ईश्वर की अवधारणा विकसित हुई हो। लोकोत्तरवाद, स्वर्ग-नर्क, मोक्ष, रहस्यवाद, अंतिम फैसला वगैरह की परिकल्पनाएं इसी रिक्तता से निकली हों। विडंबना यह है कि इन तमाम परिकल्पनाओं के बावजूद अपनी क्षमता का सीमांत किसी को ज्ञात नहीं। क्षमता हो, न हो, कुछ करने, कुछ पाने की आकांक्षा बनी रहनी है। अंतिम सांस तक बनी रहनी है। आकांक्षा और क्षमता के बीच द्वंद्व में तालमेल बिठाने का प्रयास ही जिंदगी है। यह प्रयास अंतिम सांस तक चलना है। एक वस्तुगत भुलावे को भुलावा न मानकर लगातार उसे धक्का देने,किसी न किसी प्राप्य को लक्ष्य बनाने और निरंतर उसको प्राप्त करने की ओर आगे बढ़ने के प्रयास का नाम ही जिंदगी है। इसी में पूरी जिंदगी निकल जानी है। जिंदगी का अंत कब आएगा? पता नहीं। किंतु नए-नए मंसूबे बनाना,उनके लिए नई-नई योजनाएं तैयार करना, उन पर आगे बढ़ने की कोशिश करना, जिंदगी के अंत तक जारी रहेगा। जीने की प्यास अंत तक बनी रहेगी। अपने सामर्थ्य के घिसते,बिखरते जाने के बावजूद बनी रहेगी। जिंदगी की आकांक्षाएं, उनकी पूर्ति की आकांक्षाएं, उनकी पूर्ति के लिए किए गए प्रयास की आकांक्षाएं अंतिम सांस तक बनी रहेंगी।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

# आरक्षण के जनक छत्रपति साहूजी महाराज



छत्रपति साहूजी महाराज कोल्हापुर के राजा थे। फिर भी रूढ़िवादी लोग उनको शूद्र कहते थे। राजा के संस्कार उनके पुरोहित वैदिक पद्धति से न कराकर पौराणिक पद्धति से कराते थे। समाज में जातिवाद का जबरदस्त प्रभाव था,जबकि साहूजी समानता का व्यवहार चाहते थे। साहूजी राजा ने अपने राज्य में जनसाधारण के लिए जो कार्य किए वे आजाद भारत मे संविधान के अंग बने। छत्रपति साहूजी महाराज जब 2 जून 1902 को इंग्लैंड की यात्रा गए थे। तब वे राज्य की जिम्मेदारी भास्कर राव जाधव को दे गए थे।

लंदन के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में उनका स्वागत समारोह हुआ जिसकी उनके गुरु भाई सर अल्फ्रेड वीज ने व्यवस्था की और उनको एलएलडी की मानद उपाधि प्रदान की गई। उनके राज्य में कर्मचारी जिनकी संख्या सत्तर से नब्बे तक विभिन्न पदों पर थी। भास्कर राव जाधव को राज चलाने नहीं दे रहे थे जिसकी सूचना उनको इंग्लैंड प्रवास के दौरान दी गई। उन्होंने वहीं से 26 जुलाई 1902 को एक गजट जारी किया जिसमें घोषणा की कि शासन-प्रशासन की सेवाओं में पचास प्रतिशत आरक्षण पिछड़े वर्गों के लिए घोषित किया जाता है। उस घोषणा में दलित वर्ग भी सम्मिलित था। यह भारत के इतिहास में पहली और अनोखी कार्यवाही थी। बहुजनों को बड़ा तोहफा था। हालांकि कुछ लोगों ने योग्यता की दुहाई देकर विरोध भी किया।

26 जुलाई 1919 को इसकी सीमा बढ़ाकर नब्बे प्रतिशत तक कर दी गई। इस व्यवस्था को अन्य राज्यों ने भी अपनाया और संविधान में भी व्यवस्था की गई। अभी संपन्न हुए चुनाव में भी आरक्षण और संविधान का मुद्दा छाया रहा। साहूजी ने छात्रावासों की भी स्थापना की जिसमें अछूतों के लिए भी छात्रावास बनाया जिसका नाम मुंबई के राज्यपाल की दिवंगत बेटी जो कि अछूतों से हमदर्दी रखती थी,वहायलेट क्लार्क के नाम पर रखा गया। मुस्लिमों की शिक्षा उन्नति के लिए 'मुस्लिम शिक्षा समिति' की स्थापना की। उनके लिए अलग छात्रावास का निर्माण कराया। यूसुफ अब्दुल्ला को अपने यहां नौकरी इसलिए दी कि ईमानदारी से छात्रवास और शिक्षा की व्यवस्था देखें।



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

पिछड़े वर्गों के सरकारी सेवाओं को मंडल कमीशन के एक भाग को वीपी सिंह के प्रधामंत्रित्व काल में आरक्षण को सत्ताईस प्रतिशत की व्यवस्था हुई। साहूजी पिछड़े वर्गों के हितों के लिए अपने जीवनकाल में संघर्ष करते रहे। महापुरुषों को अब भी इतना सम्मान नहीं मिला,बल्कि उनको याद करने वाले भी कम ही लोग हैं।

# रोग निवारक एवं परमौषधि योग

योग अमृतयुत परम स्वास्थ्य औषधि है,सकल शरीर विज्ञान है,चरम विज्ञान के साथ ही एकाग्रभाव का मुख्य स्रोत है,मन-आत्मा-शरीर का संयोजक है, आत्मशक्ति का परिचायक है, चेतनता, समरसता, ज्ञान और कर्म का शिक्षक है।

सर्वविदित है कि भारतीय वैदिक/पौराणिक युग से ही योग की जड़ें जुड़ी हुई हैं, शास्त्रों में उपलब्ध है कि आदि योगी के नाम से भगवान शिव थे, जिन्होंने इस कला को जन्म दिया। 200 ईसा पूर्व महर्षि पतंजलि ने योगसूत्र में 195 योगसूत्रों का प्रणयन करके योग की परंपरा को विधिवत आगे बढ़ाया। दुनिया के सभी योग गुरुओं के लिए योगसूत्र प्रेरणा एवं मार्गदर्शन का कार्य करते आए हैं। प्राचीन भारतीय ऋषिमुनियों और तत्ववेत्ताओं द्वारा प्रतिपादित योग एक विशिष्ट आध्यात्मिक प्रक्रिया है। महर्षि पतंजलि ने "योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः" अर्थात् चित्त की वृत्तियों में निरोध/ नियंत्रण करना ही योग बताया है। वहीं भगवान श्री कृष्ण ने श्रीमद्भगवद्गीता में 'योगः कर्मसु कौशलम्' और "समत्वं योग उच्यते" दो मुख्य परिभाषाओं से योग का महत्व प्रतिपादित किया है। योग व्यक्ति को आंतरिक एवं बाह्य दोनों रूप से स्वस्थ, समृद्ध एवं विकसित करने का एक परम साधन है। योग अनुशासित-पवित्र जीवन के साथ असाधारण कार्य करने की क्षमता रखता है। निद्रा-तन्द्रा-आलस्य से मुक्त होकर वर्ण,लिंग,जाति,धर्म, अस्पृश्यता के भेद से मुक्त हो जाता है।



डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

बौद्धिक, मानसिक, शारीरिक, स्वस्थ्ता की इच्छा के साथ ही दुर्गुणों की निवृत्ति के साथ सद्गुणों की प्रवृत्ति के लिए तथा विभिन्न रोग, संदेह, भ्रम, व्यसन, मिथ्याडंबर, भूत-प्रेत बाधादि के निवारण के साथ आदि दैविक, भौतिक, आध्यात्मिक दुःखों की निवृत्ति के लिए योग मार्ग मंगल पथ है तथा परमौषधि है। सभी जाति-धर्मों के युवा,प्रौढ़,पुरुष और महिलाओं को इस मार्ग का आचरण-अनुसरण करना चाहिए। यही मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य भी है।

# आपातकाल लागू कर इंदिरा गांधी ने नागरिक अधिकारों का किया हनन

## भाजपा ने विरोध में मनाया काला दिवस, जिला कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** भाजपा ने 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल की 50 वीं बरसी के विरोध में मंगलवार को काला दिवस मनाया। भाजपा के जनपद कार्यालय में जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में संगोष्ठी हुई।

संगठनात्मक जिला प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक का 21 महीने की अवधि का देश में आपातकाल घोषित किया था। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे विवादास्पद और अलोकतांत्रिक काल था। आपातकाल के बहाने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश के नागरिकों के अधिकारों का हनन किया था। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि 50 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने एक ऐसा फैसला किया, जिसने लोकतंत्र की नींव को हिलाकर रख दिया था। आपातकाल के समय जनसंघ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को खोज-खोज कर जेल में डाला गया था। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि आज का दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास के लिए किसी काले अध्याय से कम नहीं है। इस दिन को यादकर हर भारतीय का सर शर्म से झुक जाता है। जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, जॉर्ज फर्नांडीस सरीखे बड़े नेताओं को जेल में ठूंस दिया गया था। संचालन शिवाकांतन चौधरी ने किया।



कार्यक्रम में संबोधित करतीं प्रभारी कमलावती सिंह। अमृत विचार

### लोकतंत्र सेनानी सम्मानित

- इस कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानियों, कलक्टर सिंह, ग्रीस चन्द्र, पवन जैन, अनिल गुप्ता, सहदेव सिंह, चन्दन सिंह, प्रेम सिंह, मुन्नी ओमप्रकाश सिंह, चौधरी रणवीर सिंह एवं गीता देवी को सम्मानित किया गया।

### ये रहे मौजूद

पूर्व सांसद, विधायक रघुराज शाक्य, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार चौधरी, डॉ रमाकांत शर्मा, राजेन्द्र गुप्ता, अन्नू गुप्ता, प्रशांत राव चौबे, शिवाकांत चौधरी, देवप्रताप भदौरिया, शिवकिशोर धनगर, ममता कुशवाहा, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, विमल भदौरिया, पंकज दीक्षित, कृष्ण मुरारी गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष मुनेश बघेल, किसान मोर्चा अध्यक्ष अवधेश चतुर्वेदी, युवा मोर्चा अध्यक्ष संजू चौधरी।

## इंटरलाकिंग का काम शुरू, जलभराव से मिलेगी निजात

**महेवा।** महेवा की ग्राम पंचायत बम्होरा के मजरा गुलजार नगर में अनुसूचित जाति की बस्ती में इंटर लाकिंग का काम शुरू हो गया है। अब ग्रामीणों को जलभराव व कीचड़ से निजात मिलेगी। मजरा भवानीपुर एवं गुलजार नगर में पूरी बस्ती अनुसूचित वर्ग की है। करीब डेढ़ दशक से किसी जनप्रतिनिधि ने इन गांवों की ओर ध्यान नहीं दिया।

खासकर गुलजार नगर के लोग बरसात के मौसम में परेशान होते थे। कच्ची गलियों में कीचड़ व गंदा पानी जमा हो जाता था। इसी को ध्यान में रखते हुए ग्राम प्रधान हरगोविंद पाल व ग्राम सचिव सौरभ कुमार ने इन गांवों की गलियों को बनवाना प्रारंभ किया है।

बुधवार को गुलजार नगर में गली निर्माण विधिविधान से शुरू हुआ जिसका शुभारंभ ग्राम पंचायत सदस्य दिग्विजय सिंह ने किया। ग्राम पंचायत सदस्य उर्मिला देवी, विमला देवी, आकाश कुमार, अमन कुमार, राघवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# सफारी में शेरनी नीरजा के शावक की मौत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** इटावा सफारी पार्क में शेरनी नीरजा के एक शावक की मंगलवार को मौत हो गई। नीरजा ने 31 मई/ 1 जून को एक मृत शावक सहित चार शावकों को जन्म दिया था। नीरजा के दो अन्य शावक स्वस्थ हैं। इस शावक की तीन दिन पहले तबीयत खराब हुई थी। इसको नीरजा ने दूध नहीं पिलाया था। आमतौर पर यह माना जाता है कि शेरनी जिस शावक को दूध नहीं पिलाती है उसका जीवन बचना मुश्किल हो जाता है।

- 1 जून को नीरजा ने दिया था जन्म, नहीं पिलाया था दूध

31 मई/1 जून को पैदा हुए शावकों में से 2 शावकों को शेरनी नीरजा ने दूध नहीं पिलाया था। जिसके कारण उन्हें कीपरों द्वारा नियमित रूप से दूध पिलाया जा रहा था। इनमें से एक शावक 21 जून को कुछ अस्वस्थ हुआ तथा दूध कम मात्रा में पी रहा था। इस शावक की पशु डाक्टरों व कीपरों द्वारा लगातार देखभाल की जा रही थी। उसके स्वास्थ्य में थोड़ा सुधार प्रतीत हो रहा था। यह शावक 25 जून की सुबह तक हलचल कर रहा था, परंतु सुबह 6 बजे दूध पिलाने के लिए जब कीपर पहुंचे तो उस शावक को मृत पाया। मृत शावक को पोस्टमार्स्टम के लिए आईवीआरआई बरेली भेजा गया है।




इटावा सफारी पार्क।

### सीसीटीवी से की जा रही निगरानी

- सफारी में डिप्टी डायरेक्टर डॉ. विनय कुमार सिंह ने बताया कि सफारी में सीसीटीवी की सहायता से शेरनी नीरजा एवं उसके शावकों की 24 घंटे मानिटरिंग की जा रही है। शावकों की देखभाल करने वाली टीम में पशुपालन विभाग के डॉ. आरके सिंह, डॉ. रोबिन सिंह, डॉ. शैलेंद्र सिंह, कीपर आसिफ और अजय शामिल है।

### 17 मई को हुई थी रूपा के चार शावकों की मौत

- सफारी में पिछले महीने शेरनी रूपा ने चार मृत शावकों को जन्म दिया था। तब बताया गया था कि शेरनी रूपा ने समय से पहले ही शावकों को जन्म दे दिया जिसके कारण यह घटना हो गई। रूपा ने इससे पहले 3 सितंबर को दो शावकों को जन्म दिया था। इनमे से एक शावक की मौत हो गई थी और दूसरे को रुपा ने दूध नही पिलाया था। हालांकि यह शावक अब नौ माह से अधिक का हो गया है।

# कर्ज न चुका पाया तो किसान ने दी जान

संवाददाता बसरेहर, इटावा

**अमृत विचार।** थाना चौबिया क्षेत्र के वीना गांव में कर्ज से परेशान किसान ने पेड़ से फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों ने बताया की किसान ने बैंक से कर्ज ले रखा था। अदायगी के बढ़ते दबाव के कारण वह तनाव में रहते थे। जिसके चलते उसने फांसी लगा ली।

थाना चौबिया क्षेत्र के गांव वीना निवासी 40 वर्षीय मिथलेश कुमार शाक्य पुत्र बलराम सिंह शाक्य कर्ज अदा न कर से कई दिन से परेशान थे। सोमवार की रात से वह घर से गायब हो गए थे। मंगलवार की सुबह वीना के पास गांव नगला भाऊ के पास सरकारी शमशान की जमीन पर खड़े नीम के पेड़ पर उनका शव लटका मिला। ग्रामीणों ने प्रधान पति रामू शंखवार व पुलिस को सूचना दी। थाना अध्यक्ष चौबिया बेचन कुमार सिंह पहुंचे और प्रधान सहित परिजनों से जानकारी ली। मृतक के पुत्र लालू शाक्य ने बताया वह इकलौते भाई सहित चार बहन है। करीब 6 माह पूर्व पिताजी ने बडौदा यूपी बैंक से करीब एक लाख रुपये का कर्जा लिया था।

- चौबिया थाना क्षेत्र के ग्राम वीना की घटना

ग्राम पंचायत के प्रधान पति रामू शंखवार ने बताया मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। बेटी की विवाह के लिए बैंक से कर्जा लिया था जिसको लेकर आए दिन तनाव में रहने लगे। थाना अध्यक्ष चौबिया बेचन कुमार सिंह ने बताया मृतक ने आत्महत्या की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगें की कार्रवाई की जाएगी।

### ब्लैकमेल से त्रस्त दरोगा की तैयारी कर रहे युवक ने की खुदकुशी

- **सैफई, इटावा।** शादी के लिए ब्लैकमेल से त्रस्त होकर दरोगा की तैयारी कर रहे युवक ने खुदकुशी कर ली। फांसी लगाने से पहले उसने वीडियो बनाकर नामजदों पर आरोप लगाए। वीडियो वायरल होने पर मृतक के परिजनों में आक्रोश है। हालांकि अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। थाना क्षेत्र के गांव मानिकपुर में रहने वाले गुड्डू यादव का 21 वर्षीय बेटा ऋषभ यादव शहर में रहकर दरोगा तथा बीएससी की तैयारी कर रहा था। उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मरने से पहले युवक ने दो वीडियो बनाकर नामजदों को मौत का जिम्मेदार ठहराया है। मृतक के मोबाइल में दो वीडियो मिले हैं। जिसमें वह कह रहा है कि मैं ऋषभ कुमार बहुत परेशान होकर आत्महत्या करने जा रहा हूं। मेरी मौत के लिए जिम्मेदार नामजद परिवार हैं। उन्होंने शादी के लिए इतना मजबूर किया कि तंग आकर आत्महत्या करने जा रहा हूं। इन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिले। दूसरे वीडियो में उसने कहा है कि जितने भी लड़की के खिलाफ सबूत हैं वह मेरे फोन में है। थाना प्रभारी कपिल दुबे ने बताया कि पीड़ित ने थाने में कोई तहरीर नहीं दी है।

## आग से किराना की दुकान और दो झोपड़ियां जलीं

**ताखा।** ताखा तहसील के नगला बड़े छिरियाहार में मंगलवार शाम करीब चार बजे हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से झोपड़ी में आग लग गई। जब तक लोग समझ पाते तब तक आग ने पास की एक झोपड़ी और एक किराना दुकान को अपनी चपेट में ले लिया।

लोगों ने अग्निशमन विभाग व डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकर वाहन के माध्यम से आग पर काबू पाया गया। तब तक गोविंद कुमार की किराने की दुकान में रखा एक लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। वहीं किसान बंटू की झोपडी व उसमें रखा भूसा व पप्पू की झोपड़ी जलकर राख हो गई। क्षेत्रीय लेखपाल उदय कुमार ने नुकसान का आंकलन कर राहत आपदा से आर्थिक सहायता प्रदान कराने का अश्वासन दिया।

# मोमिन की ईद असल में ईद ए गदीर है

**महफिल**

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** ईद ए गदीर के खुशनुमा मौके पर बुधवार को सैदबाड़ा स्थित शरीफ मंज़िल में राहत अक़ील की ओर से महफिल का आयोजन किया गया। इसमें शायरे एहलेबैत ने बेहतरीन कलाम पेश किए।

तसलीम रजा ऊधम ने कहा तशरीफ़ लाये जैसे ही आका ग़दीर में, बल्लिगे रब का हुक्म पहुंचा ग़दीर में। सलीम रज़ा ने कहा पैदा हुआ जो काबे में लक़ब शेरे खुदा है, रुतबे की ये मंजिलें कि वो सबसे बड़ा है। तनवीर हसन ने कहा सूरज ने भी हटा लिए पीछे को दो कदम, इतनी बन्दियों पे है मिम्बर ग़दीर में, कुछ इस तरह रसूल के हाथों पर हैं अली, जैसे सिमट कर आ गया काबा ग़दीर में। कैफ वारसी ने कहा अली के नाम की चर्चा बहुत जरूरी है, ग़दीर क्या है ये बताना बहुत जरूरी है। आबिद रज़ा ने कहा मौलाइयो का देख कर चेहरा गदीर में, सूरज को आ रहा था पसीना गदीर में। मौलवी ताबिश रिज़वी ने कहा ऐलान अली की पाक बिलायत का है गवाह, मोमिन की ईद असल मे ईदे ग़दीर है। सलमान रिज़वी, अश्शू रिज़वी, सफीर हैदर, ताजीम रज़ा, आमिर वारसी, अशहर कादरी ने भी कलाम पेश किए। महफ़िल की अध्यक्षता एवं संचालन करते हुए मौलाना अनवारूल हसन जैदी इमामे जुमा इटावा ने कहा जब रसूल अल्लाह हज से वापस लौट रहे थे और ग़दीर नामक जगह पर पहुंचे तभी जिब्रील अल्लाह का पैगाम लेकर आये। महफ़िल में हाजी कमर अब्बास नक़वी, हाजी अरशद मरगूब, शावेज़ नक़वी, अख्तर मिर्ज़ा, राहत हुसैन रिज़वी, मो. मियां, सईद नक़वी, इबाद रिज़वी, जहीर अब्बास, आरिफ रिज़वी, टीएच रिज़वी, मो. अहमद, समर अब्बास, हसन अब्बास मौजूद रहे।



महफ़िल में कलाम पेश करते मौलाना अनवारूल हसन व तनवीर हसन व अन्य।

- सैदबाड़ा स्थित शरीफ मंज़िल में महफिल का आयोजन

## बैट्री, इनवर्टर चुराने वाला गिरफ्तार

**इटावा।** छह दिन पहले इनवर्टर, बैट्री की दुकान के ताले तोड़कर लाखों रुपये की कीमत के उपकरण चोरी कर लिए गए। पुलिस ने मंगलवार तड़के एक को चोरी से सात बैट्री तथा घटना में प्रयुक्त की गई बोलोरो कार पकड़ ली जिसे सीज कर दिया गया। आरोपी के दो साथी फरार हो गए। सीओ जसवंतनगर विवेक जावला ने बताया कि सैफई रोड पर 19 जून की रात चोरों ने शाहजहांपुर के गिरवर सिंह की इलेक्ट्रॉनिक दुकान से इनवर्टर, बैट्री व अन्य उपकरण चोरी कर लिए थे। मंगलवार सुबह साढ़े चार बजे थाना सैफई क्षेत्र में गांव झिंगूपुरा के शिवपाल सिंह के बेटे रूचित को बोलोरो कार सहित नगर में फब्बारा चौक पर पकड़ा गया।



जानकारी देते सीओ विवेक जावला।

## एक नजर

### हादसों में घायल दो लोगों ने तोड़ा दम

**इटावा।** जिले के अलग अलग स्थानों पर हुए हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के मोहल्ला एकता कॉलोनी निवासी आनंद कुमार की 25 वर्षीय पत्नी रश्मि 17 जून को सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसे पीजीआई में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके अलावा रेलवे स्टेशन के पास लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से नितिन अवस्थी पुत्र राजू अवस्थी निवासी बिछलका जिला बाराबंकी की मौत हो गई।

### युवक ने सल्फास खाकर जान दी

**इटावा।** भरथना थाना क्षेत्र के गांव नगला भोज निवासी मोहित यादव (26) पुत्र राम विलास दो दिन पूर्व अपने घर से निकला था। उसने बसरेहर क्षेत्र में जाकर सल्फास खा ली। हालत बिगड़ने पर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से पीजीआई भेजा गया। वहां मंगलवार की सुबह उसकी मौत हो गई।

## ओलंपिक दिवस की धूम ...




**इटावा।** ओलंपिक दिवस के अवसर पर बुधवार को इटावा ताइक्वांडो संघ ने खिलाड़ियों के लिए विशेष सत्र और जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। बच्चों को ताइक्वांडो सहित विभिन्न खेलों की महत्ता से अवगत कराया गया। उन्हें खेलों से प्राप्त होने वाले प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभों के बारे में भी जानकारी दी गई। सचिव रोहित द्विवेदी ने खिलाड़ियों को आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी। ताइक्वांडो संघ की कोषाध्यक्ष नबीला, जिला मीडिया प्रभारी तरुणरंजन गुप्ता, हरिगोविंद सिंह तथा मोहम्मद रजिन हैदर मौजूद रहे। • अमृत विचार

# विवि ने दी जानकारी, डॉ. संजय काला हैं लोकपाल

संवाददाता सैफई, इटावा

**अमृत विचार।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम 2023 की प्रावधानों के अनुसार उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में यूजीसी की गाइडलाइंस के तहत अप्रैल 2024 को प्रोफेसर सर्जरी एवं प्राचार्य गणेश शंकर विद्यार्थी स्मारक चिकित्सालय महाविद्यालय कानपुर डॉ. संजय काला को लोकपाल नियुक्त किया जा चुका है। इस संदर्भ में विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जानकारी उपलब्ध है।



डॉ. संजय काला।

कुलसचिव डॉ. चंद्रवीर ने बताया कि 2023 में यूजीसी द्वारा नोटिफिकेशन जारी किया गया था। अक्टूबर 2023 में ही विवि में लोकपाल की नियुक्ति की जा चुकी थी। यूजीसी की डिफाल्टर सूची में विवि का नाम आने की जानकारी मिली है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को लोकपाल की नियुक्ति के बारे में बताया जाएगा।

### आइए जाने क्यों होती है लोकपाल की नियुक्ति

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम 2023 के अनुसार छात्रों की शिकायत निवारण समिति का गठन किया जाता है। यह एक ऐसा मंच होता है जहां छात्र-छात्राओं की शिकायतों को सुनना, रिकॉर्ड करना, उनकी जांच करना और तत्काल आवश्यक कदम उठाना होता है। विश्वविद्यालय की कार्यशैली में पारदर्शिता बनाए रखते हुए लोकपाल का कार्य विश्वविद्यालय प्रशासन के विरुद्ध आने वाली शिकायत की जांच कर कार्रवाई करना होता है।

## सार-संक्षेप



रक्तदान करते सुघर सिंह नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राएं और स्टाफ।

### विद्यार्थियों और कॉलेज के स्टाफ ने किया रक्तदान

**जसवंतनगर।** चौ. सुघर सिंह नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। निदेशक डॉ. रीमा शर्मा ने बताया कि जिला चिकित्सालय के डॉ. अरुण और अस्पताल के लैब तकनीशियनों सहित नर्सिंग स्टाफ ने भी अपनी सेवाएं दीं। रक्तदान करने से पहले सभी विद्यार्थियों और स्टाफ ने फार्म भरा। इसके बाद सुबह 10 बजे कार्यक्रम शुरू हुआ। कई छात्र, शिक्षक और कॉलेज स्टाफ ने रक्तदान किया। रीमा शर्मा ने रक्तदान महादान कार्यक्रम में सहयोग करने वालों का धन्यवाद दिया।



बैठक में भाग लेते नगर पालिका चेयरमैन सत्यनारायण संखवार। अमृत विचार

### संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए बनी रूपरेखा

**जसवंतनगर, इटावा।** नगर पालिका परिषद के सभागार में मंगलवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष सत्यनारायण संखवार ने बताया कि एक से 31 जुलाई तक विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। समस्त सफाई नायकों को निर्देशित किया गया है। मलिन बस्तियों में अधिक से अधिक फॉगिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव किया जाए एवं शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की टीम के अनिल कुमार तोमर, अवंतिका तिवारी, ईओ श्याम बचन सरोज ने नगर को संचारी रोग से निजात के लिए रूपरेखा तैयार की। बैठक में कर अधीक्षक अरविंद शर्मा, प्रधान लिपिक नवनीत बाबू, शिवांग, सखी त्रिपाठी, सभासद उपस्थित रहे।

### चकरोड और नाली के लिए पैमाइश कराने की मांग

**महेवा।** बकेवर थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा एवं कानूनगो बकेवर क्षेत्र जितेंद्र कुमार को दिए प्रार्थना पत्र में महेवा निवासी महिला किसान सुमन शुक्ला पत्नी स्व. महेश चंद्र शुक्ला ने मांग की है कि उनका खेत महेवा स्थित पुलिस चौकी के उत्तर की ओर है। जिसके जाने के लिए बंबा से लेकर खेत तक चकरोड एवं नाली पूर्व में थी। जिसे आसपास के खेत वालों ने समाप्त कर अपने खेतों में मिला लिया है। अब खेत पर जाने के लिए तथा सिंचाई करने के लिए दिक्कत होती है। उन्होंने अधिकारियों से उक्त चकरोड व नाली को खाली करवाने की मांग की है।

### लाठी-डंडों से मारपीट कर किया घायल

**बकेवर।** ग्राम उझियानी निवासी राम करन ने थाने में दी तहरीर में बताया कि सोमवार देर शाम वह अपने परिजनों के साथ दरवाजे पर बैठे थे। तभी गांव के ही छोटेलाल उसकी पत्नी विनीता कुमारी तथा नरेंद्र लाठी-डंडे लेकर आ गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडो से पीटने लगे। बेटा हिमांशु तथा राम करन का छोटा भाई कमलेश कुमार बचाने आए तो उनको भी मारपीट कर घायल कर दिया।

**कवायद** यूपीडा के अधिकारी ने औद्योगिक गलियारे की जमीन का किया निरीक्षण

# बाकी जमीन की किसानों से जल्द कराएं रजिस्ट्री

संवाददाता ताखा, इटावा

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर बनने वाले औद्योगिक गलियारे की जमीन का बुधवार को यूपीडा के वरिष्ठ भूमि अर्जन अधिकारी ने निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से बांकी जमीन की जल्द रजिस्ट्री कराने के निर्देश दिए। गलियारे के लिए ताखा में 70 और भरथना में 60 फीसदी जमीन की रजिस्ट्री की जा चुकी है। उन्होंने कहा जल्द ही फैक्ट्रियों के लिए निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

इटावा के ताखा और भरथना तहसील से गुजर रहे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के किनारे सरकार इस गलियारे को बनाने के लिए 88 हेक्टेयर जमीन किसानों से खरीद रही है। इसके लिए किसानों को जमीन के सर्किल रेट से चार गुना दाम दिया जा रहा है। किसानों को लिंक मार्ग के किनारे वाली जमीन का 36 लाख मार्ग का किनारा न होने पर 24 लाख रूपये प्रति हैक्टेयर सर्किल रेट के चार गुने दाम दिए जा रहे हैं।

मंगलवार को यूपीडा के वरिष्ठ भूमि अर्जन अधिकारी नागेंद्र शर्मा, तहसीलदार मोहम्मद असलम के साथ ताखा के ककराही और भरथना के ढकपुरा क्षेत्र खरीदी गई जमीन का स्थलीय निरीक्षण किया। तहसीलदार मोहम्मद असलम को अवशेष जमीन के जल्द बैनामा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा औद्योगिक गलियारा का निर्माण जल्द शुरू किया जाना है कई फैक्ट्रियों की स्थापना होनी है। इसलिए शेष जमीन की रजिस्ट्री किसानों से जल्द ली जाये।

तहसीलदार मोहम्मद असलम ने बताया कॉरीडोर के लिए ताखा के ककराही से 52 हेक्टेयर और भरथना के ढकपुरा से 36 हेक्टेयर जमीन खरीदी जानी है ताखा में किसानों से 70 फीसदी एवं भरथना के किसानों से 60 फीसदी जमीन के बैनामा लिए जा चुके हैं। किसानों से शेष जमीन रजिस्ट्री के लिए किसानों के साथ देवेन्द्र कुमार पाण्डेय भी बैठक कर चुके हैं।

तहसीलदार ने बताया किसानों से जमीन खरीदने का कार्य अंतिम चरण में है बहुत जल्द गलियारे में कई फैक्ट्रियां अपना निर्माण शुरू देंगी निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार भरथना मनीष द्विवेदी, लेखपाल ककरही संतोष कुमार, लेखपाल ढकपुरा मनीष कुमार मौजूद रहे।



औद्योगिक गलियारे का निरीक्षण करते भूमि अर्जन अधिकारी नागेंद्र शर्मा।

- ताखा में 70 व भरथना में 60 फीसदी जमीन का किया जा चुका अधिग्रहण
- तहसीलदार बोले-अंतिम चरण में है किसानों से जमीन खरीदे जाने का काम

## पंचायत घर से हजारों का सामान चोरी

**बसरेहर, इटावा।** चौबिया क्षेत्र के ग्राम पंचायत केशोपुर पुंजा में सोमवार की रात चोरों ने पंचायत घर का ताला तोड़कर उसमें रखा हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। प्रधान पति सुखराम सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह सफाईकर्मी पंचायत घर की सफाई करने के लिए गया था। उसने पंचायत घर का ताला टूटा देख उन्हें सूचना दी।

प्रधान पति सुखराम सिंह ने बताया चोर दो बैट्री, इनवर्टर, कंप्यूटर, प्रिंटर, डीवीआर समेत हजारों रुपये का माल चुरा ले गए हैं। थाने में तहरीर दे दी गई है। इसके अलावा चोर क्षेत्र के अंतर्गत दो गांवों से शुक्रवार की रात को चार भैसें चोरी कर लीं। ग्राम पंचायत नीवासई के गांव कटैया में दरवाजे के बाहर बंधी छविनाथ सिंह की दो भैसे चोर चुरा ले गए।

## एक नजर

### चाकू से पति पर किया जानलेवा हमला

**औरैया।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के कांशीराम कॉलोनी में सोमवार की रात्रि 9 :00 बजे करीब पत्नी ने अपने बहन–बहनोई के साथ पति के सीने व शरीर के अन्य स्थानों पर जानलेवा हमला कर दिया। लोगों ने युवक सौरभ को जाकर बचाया। पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर थाना दिबियापुर थाने में सुपुर्द कर दिया। दिबियापुर थाना प्रभारी मुकेश बाबू चौहान ने दोनों पक्षों को सुनकर शांति भंग में चालान कर दिया। पीड़ित युवक की मां ने बताया कि हमारी पुत्रवधू कई दिन से घर में विवाद कर रही है। पुत्रवधू की बहन रेनू और बहनोई सुमित सरकारी अस्पताल के पीछे रहते हैं जो कि विवाद को बढ़ावा दिए हुए हैं। दिबियापुर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शातिर मोबाइल चोर पकड़ा

**औरैया।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीते 24 जून की रात में गांव डाण्डी निवासी रंजीत कुमार पुत्र छोटे लाल यादव अपने घर के बाहर चबूतरे पर चारपाई डालकर सो रहे थे। तभी रात्रि लगभग 11.30 बजे आरोपी अवलाक पुत्र चुन्नी लाल यादव तथा कृष्ण पुत्र गुरु नारायण सिंह निवासीगण गौतला वहां से गुजरे और मौका देखकर उक्त दोनो मोबाइल चोरी कर जाने लगे। तभी जीत कुमार की आंख खुल गई। उसके चिल्लाने पर गांव के ग्रामीण आ गए और एक चोर को पकड़ लिया। उसके पास से चोरी किया हुआ मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### ओवरलोड ट्रक सीज

**अछल्दा।** पाता नहर पटरी से अछल्दा की तरफ आ रहा एक ओवरलोड डंपर को एसडीएम बिधूना हरिश्चंद्र ने पकड़ लिया। एसडीएम की सूचना पर पहुंचे थानाप्रभारी अशोक कुमार व खनन विभाग के अधिकारी देशराज ने थाने में लाकर ट्रक को सीज किया।

### करंट से भैंस मरी

**अजीतमल।** ग्राम पंचायत गोहानी खुर्द निवासी नरेंद्र सिंह यादव पुत्र राम जीत यादव सुबह अपने घर से पशु चराने के लिए गए थे। गांव के जय नारायण के खेत में 11 हजार विद्युत लाइन के पोल में करंट उतरने से नरेंद्र की 50 हजार रुपये से अधिक कीमत की भैंस मर गई। थाना पुलिस, विद्युत विभाग की टीम, राजस्व टीम और पशु चिकित्सक टीम पहुंची और अपनी अपनी कार्रवाई की। लेखपाल अनिल यादव, पशु चिकित्सक उमेश राजपूत, चौकी प्रभारी राजेश यादव, अजय कुमार मौजूद रहे।

# पुर्वा जैन में बिजली गिरने से बच्ची की गई जान

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सहार थाना क्षेत्र के गांव पुर्वा जैन में मंगलवार दोपहर एक बच्ची गांव के ही बच्चों के साथ खेत पर बकरी चराने गई थी। इसी दौरान बूंदाबादी शुरू हो गई तो बच्ची आम के पेड़ के नीचे जाकर बैठ गई। तभी आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई।


अंशिका।

पुर्वा जैन निवासी अंशिका (11) पुत्री अभय प्रताप मंगलवार दोपहर लगभग दो बजे बकरी चराने गई थी। गांव निवासी रितिक ने अंशिका के घर जाकर मां प्रियंका को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन शव घर लाए। सहार थाना प्रभारी विनोद कुमार मौके पर पहुंचे। अंशिका की मां प्रियंका ने बताया कि अंशिका बकरी चराने गई थी। जहां आकाशीय बिजली की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। सहार थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि मृतका के परिजनों के मुताबिक आकाशीय बिजली गिरने से बच्ची की मौत हुई है।

# बारिश होते ही बढ़ने लगे सब्जियों के दाम

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** इस समय हरी सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। इस साल पारा भी हाई रहा। जिस कारण किसानों की फसल समय से पहले झुलस गई और सब्जी की पैदावार कम हो गई। वहीं बाहर से आने वाली सब्जी ढुलाई के कारण महंगी बेची जा रही है। इस समय हरी धनिया, अदरक, मिर्च सहित लगभग सभी हरी सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं।


बाजार में दुकान में रखी सब्जियां। अमृत विचार

इस समय धनिया के दाम 300 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। लौकी, तरोई, कद्दू, भिंड, अरबी, कटहल, धनिया, हरी मिर्च, टिंडा, शिमला मिर्च आदि बाजार में उपलब्ध हैं लेकिन सभी के भाव बढ़े हुए हैं। सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि अधिक गर्मी पड़ने के कारण सब्जी की पैदावार कम हुई। बाहर से आने वाली सब्जियों में भाड़ा अधिक लगता है। इस कारण महंगी बेचना मजबूरी है।

**सब्जियों के भाव**

| सब्जी | पहले | अब | अरबी | 60 | 80 |
|---|---|---|---|---|---|
| आलू | 20 | 30 | धनिया | 150 | 250 |
| टमाटर | 30 | 50 | लौकी | 20 | 40 |
| प्याज | 20 | 40 | कद्दू | 25 | 40 |
| हरी मिर्च | 60 | 100 | कटहल | 30 | 40 |
| अदरक | 100 | 160 | टिंडा | 80 | 120 |
| परवल | 65 | 100 | | | |
| शिमला मिर्च | 80 | 110 | | | |

नोट–दाम प्रति किलो रुपये में हैं।

### अरहर दाल के भाव में भी इजाफा

हरी सब्जी, टमाटर के बाद अब अरहर की दाल के भी भाव बढ़ रहे हैं। इस समय अरहर की दाल डेढ़ सौ रुपये किलो के ऊपर बिक रही है। जिससे लोगों की थाली से दालें भी गायब हो रही है।

# कांग्रेस ने मानवाधिकारों का हनन किया

## राज्यमंत्री, सदर विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** 25 जून 1975 को कांग्रेस शासन द्वारा आपातकाल लागू किया गया। लोकतंत्र की हत्या, मानवाधिकारों का हनन एवं देशवासियों पर विभिन्न प्रकार के अत्याचार के कारण यह दिन देश के इतिहास में काला दिवस के रूप में जाना जाता है। इसी के तहत जिले के भाजपाइयों ने मुख्य अतिथि उप्र सरकार की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, सदर विधायक गुड़िया कठेरिया, कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी आनंद सिंह, जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन कर जुलूस निकाला। फफूंद रोड स्थित गुलाब महाविघालय में गोष्ठी आयोजित कर लोकतंत्र सेनानियों को अंगवस्त्र व मालार्पण कर सम्मानित किया।

गोष्ठी की मुख्य अतिथि उप्र सरकार की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि 25 जून 1975 को कांग्रेस शासन द्वारा आपातकाल लागू किया गया था। संविधान की धज्जियां उड़ाकर लोकतंत्र का मजाक बनाने वाली कांग्रेस संविधान बचाने एवं लोकतंत्र बचाने का झूठा नाटक कर रही है। कल संसद में संविधान दिखाकर कांग्रेस आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर भी झूठ फैलाने का काम कर रही है।

उन्होंने कांग्रेस की सहयोगी पार्टियों पर भी निशाना साधा। कहा कि रात के अंधेरे में 25 जून 1975 को इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास किया था। हम इमरजेंसी की यादों को स्मरण करते हैं तो स्वाभाविक रूप से कांग्रेस के चेहरे बदले होंगे, लेकिन उनका चरित्र, हावभाव वहीं है। उन्होंने संविधान की मूल आत्मा कही जाने वाली प्रस्तावना में ही संशोधन करके संविधान को खत्म करने की साजिश रची। नागरिकों के मौलिक अधिकारों खत्म करन का साजिश रचा। उन्होंने कहा कि भले ही आज कांग्रेस का चेहरा बदला हो लेकिन चरित्र वही है। ये लोकतंत्र पर सवाल उठाते हैं। ये भारत के बाहर जाकर भारत को और इसके लोकतंत्र को कोसते हैं। हर चुनाव प्रक्रिया में बाधा पैदा करके ईवीएम पर अपनी अकर्मण्यता को थोपने का काम करते हैं।


गोष्ठी को संबोधित करती राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला। अमृत विचार

- लोकतंत्र सेनानियों को अंगवस्त्र देकर व माल्यार्पण कर किया गया सम्मानित

कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी आनंद सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने लोकतंत्र के सभी स्तंभों को कमजोर करने का प्रयास किया। सदर विधायक गुड़िया कठेरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं लोकतंत्र सेनानी श्रीकांत पाठक ने कहा कि जहां भी कांग्रेस की सरकार है, उनके काम से यह पता चलता है कि किस तरह का विचार है। बंगाल में टीएमसी, केरल में, तमिलनाडु में उनके सहयोगियों की कार्य पद्धति देखनी चाहिए। वे लोग जनता को गुमराह करके संसद की कार्यवाही रोकने का प्रयास कर रहे हैं।

भाजपा जिला महामंत्री कौशल राजपूत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चंद्रकांती मिश्रा, अनिल तोमर, यशवीर सिकरवार, क्षेत्रीय मंत्री किसान मोर्चा अवधेश शुक्ला, जिला मंत्री राहुल गुप्ता, विशाल शुक्ला, नमामि गंगे के जिला संयोजक सोनू सोनी, शिक्षण संस्थान के जिला संयोजक रंजीत राजावत, नगर पालिका चेयरनैन अनूप गुप्ता, औरैया मंडल अध्यक्ष राम जी बाजपेई, दिबियापुर मंडल अध्यक्ष जगमोहन सिंह चौहान सहित गोविंद मिश्रा, अरविंद सेंगर, शिवेंद्र सिंह, आसाराम राजपूत, अनुराग दीक्षित, ओ पी गुप्ता, वीर सिंह, दीक्षांत गुप्ता, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मंजू सिंह, जिला महामंत्री खुशबू पांडेय आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


बीडीओ को ज्ञापन सौंपते किसान यूनियन के पदाधिकारी। अमृत विचार

### भाकियू ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**औरैया।** अजीतमल तहसील क्षेत्र के भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के पदाधिकारियों ने मंगलवार को खंड विकास अधिकारी अजीतमल को ज्ञापन सौपा। अजीतमल क्षेत्र के किसानों ने अवगत कराया कि विकासखंड अजीतमल क्षेत्र के गांवों में पानी का संकट है। प्राइमरी विद्यालय का हैंडपंप खराब पड़ा है। जीत सिंह पाल के मकान के पहले गला हैंडपंप खराब है। ग्राम ग्राम पंचायत आदमपुर में राजकुमार के मकान के पास हेड पंप रिबोर करना है। किसानों ने कहा कि यदि समस्या का निदान 27 जून तक नहीं हुआ तो किसान यूनियन अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को विवश होगी। जिला उपाध्यक्ष औरैया जगत सिंह पाल, तहसील अध्यक्ष अजीतमल ध्यान सिंह राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष अजीतमल केशव सिंह यादव, तहसील उपाध्यक्ष अजीतमल चंद्रभान सिंह, संगठन मंत्री औरैया श्रीराम कुशवाहा, दीवान सिंह यादव सहित सैकड़ों पदाधिकारी मौजूद रहे।


क्रॉसिंग पर लगा जाम। अमृत विचार

### क्रॉसिंग पर जाम, खड़ी रही महाबोधी एक्सप्रेस

**औरैया।** दिल्ली –हावड़ा रूट की अति व्यस्त रेलवे स्टेशन की क्रासिंग पूर्वी 13 बी पर मंगलवार को जाम लगा रहा। क्रॉसिंग बंद न होने के चलते नई दिल्ली से चलकर गया जंक्शन जा रही 12398 महाबोधी एक्सप्रेस आउटर सिंग्नल पर खड़ी रही। सुबह से कई बार जाम लगना शुरू हुआ। 3 :40 बजे पर क्रॉसिंग बंद हुई और 4 बजे खोली गई। 4 :10 पर क्रासिंग बन्द हुई 4 :30 पर खुल गई जाम बूम के दोनो तरफ लगा रहा। इस बीच आउटर सिंग्नल पर नई दिल्ली से गया जंक्शन जा रही आनन्द बिहार टर्मिनल एक्सप्रेस पांच मिनट खड़ी रही। रेलवे पुलिस ने जाम में फंसे वाहनों को आगे पीछे कराने बाद बूम को बंद कराया। तब गंतव्य को खड़ी एक्सप्रेस ट्रेन रवाना हुई।


दिबियापुर नगर की सब्जी मंडी वाली गली में भरा पानी। अमृत विचार

### सब्जी मंडी वाली गली में जलभराव से बढ़ी परेशानी

**औरैया।** दिबियापुर नगर में पहली ही बरसात में फफूंद चौराहे से थाने की ओर जाने वाली व थाने से औरैया मार्ग को जोड़ने वाली सड़क समेत अन्य जगह पानी भर गया। महिलाएं व अन्य जरूरतमंद किसी तरह गंदे पानी में घुसकर निकले। जबकि कई लोगों की पानी में बाइक बंद होने पर उतर कर पानी के बीच से जाना पड़ा। कस्बे में जल निगम द्वारा पाइप लाइन बिछाने के दौरान सभी वार्डो की ज्यादातर गलियां खोदी गई थीं। बरसात होते ही गलियों में कीचड़ हो गया। सभासदों ने पहले ही नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देकर गलियों को बरसात से पहले सही कराने को कहा था। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी विनय पांडे ने बताया की दो माह पहले से ही नालियों की सफाई का कार्य शुरू करा दिया गया था। कुछ ही जगह जलभराव की समस्या देखने को मिली है। कर्मचारी भेज कर नालियों की सफाई की जाएगी।

# फोन चार्जिंग पर लगाते समय महिला को लगा करंट, गई जान

संवाददाता, अयाना

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के स्वरूपनगर में मंगलवार सुबह फोन चार्जिंग पर लगाते समय महिला को करंट लग गया। उसकी मौत हो गई। स्वरूप नगर निवासी पति सुखवीर सिंह सोमवार गांवों में फेरी लगाने गया था। सास सुआ देवी व बच्चे भी थे। घर में पुष्पा देवी (30) अकेली थी। 11 बजे के करीब घर लौटी सास व बच्चों ने उसका शव कमरे में पड़ा देखा। सास के अनुसार बहु के हाथ में चार्जर की केबिल थी। फोन चार्जिंग पर लगाने के दौरान करंट लगने से उसकी मौत हुई है। सीओ आजीतमल राममोहन शर्मा, थाना प्रभारी जयप्रकाश ने घटनास्थल पर जांच की। सीओ ने बताया कि परिजन के अनुसार करंट लगने से महिला की मौत हुई है।


पुष्पा देवी।


घटनास्थल पर जुटे लोग। अमृत विचार

### कूलर में उतरे करंट से युवक की मौत

**औरैया।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एसपी आवास स्थित कांशीराम कॉलोनी में किराए पर रह रहे एक युवक कूलर में उतरे करंट की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। 50 शैय्या अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जनपद कानपुर देहात के औरंगाबाद निवासी उदय कुमार पुत्र महेश कुमार गाड़ी चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। वह औरैया के एसपी आवास स्थित एक कांशीराम कॉलोनी में किराए पर रहता था। मंगलवार की सुबह वह घर में लगे कूलर को बंद करने के लिए पहुंचा कि तभी उसमें करंट आ गया। करंट की चपेट में आने से उदय झुलस कर वहीं पर गिर पड़ा।

उसे 50 सैया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस पर परिजन उसके शव को लेकर कॉलोनी आ गए। थोड़ी देर बाद उन लोगों को यह महसूस हुआ कि जैसे उदय की सांस चल रही है। इस पर वह लोग उसे निजी अस्पताल ले गए। जहां पर भी उसे मृत घोषित किया गया।

### बच्चे की मौत सीएचसी के दो कर्मियों पर आरोप

**ककोर, औरैया।** दिबियापुर के सीएचसी में पीड़िता से डिलीवरी के दौरान पैसे मांगने की शिकायत चिकित्सा अधीक्षक से की गई है। पीड़िता अर्चना ने बताया कि डिलीवरी के समय तीन मई को सुबह 5 बजे कर्मचारी द्वारा भर्ती किया गया। इसके बाद सरकारी कर्मचारी मंजेश यादव तथा जायशमीन उर्फ नाजमीन ने 5 हजार रुपये की मांग की। घर वालों ने पैसे देने से मना कर दिया तो पीड़िता के साथ लापरवाही की गई और डिलीवरी के समय बच्चे की तबीयत बिगड़ती चली गई। देर से रेफर किया गया। पीड़िता अर्चना को सौ सैय्या अस्पताल लाया गया । जहां बच्चे की मृत्यु हो गई।

पीड़िता का आरोप है कि कर्मचारी मंजेश यादव व नजमीन ने जच्चा-बच्चा का समुचित इलाज नहीं किया और समय से रेफर भी नहीं किया। सीएचसी अधीक्षक विजय आनंद ने बताया कि कर्मचारी की लापरवाही की शिकायत मिल चुकी है। जांच में मामला सही पाया जाता है तो दोनों पर कार्रवाई की जाएगी।

# बिजली उपभोक्ता घर बैठे ही बढ़ा सकेंगे लोड

संवाददाता ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** जिले के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को विभाग ने एक बड़ी सौगात दे दी है। अब घरेलू बिजली उपभोक्ता घर बैठे ही कनेक्शन का लोड ऑनलाइन माध्यम से बढ़ा सकते हैं। पहले लोड बढ़ाने के लिए अवर अभियंता से लेकर बिजली कर्मचारियों के चक्कर लगाने पड़ते थे। इस फैसले से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

यूपीपीसीएल की साइट पर विवरण भरकर ऑनलाइन फीस जमा करते ही कनेक्शन का लोड पड़ जाएगा। कम क्षमता के कनेक्शन पर अधिक क्षमता के ऊपर चलने से उपभोक्ताओं को जुर्माना भरना पड़ता है। इससे बचने के लिए लोग घर बैठे ही कनेक्शन का लोड बढ़वा रहे हैं। लोड बढ़ाने के लिए कई बार उपभोक्ताओं को बिचौलिए के माध्यम से 2000 से 8000 रुपये तक खर्च करने पड़ते थे। इसके बावजूद काम नहीं हो पता था।

अब यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने उपभोक्ताओं को ऑनलाइन माध्यम से कनेक्शन का लोड बढ़ाने की सुविधा दे दी है। उपभोक्ता 2 से 20 किलोवाट तक के लोड घर से ही बढ़ा सकते हैं। इसके लिए, सिक्योरिटी राशि जमा करनी होगी।

- जमा करनी पड़ेगी सिक्योरिटी मनी

### ओवरलोड होने पर लगता है दो गुना फिक्स चार्ज

- इस समय भयंकर गर्मी के कारण घरों में कूलर, पंखा, एसी चलाए जा रहे हैं। तमाम लोग 2 किलोवाट के कनेक्शन से ही एसी चला रहे हैं। जिससे कनेक्शन की क्षमता से अधिक लोड पहुंच जाता है। वैसे 110 रुपये प्रति किलो वाट के हिसाब से फिक्स चार्ज लग रहा है। यदि कनेक्शन क्षमता से अधिक लोड आने पर उपभोक्ता को दोगुना 220 प्रतिकिलो वाट के साथ चुकाना पड़ता है। जो बिल में जुड़कर ही आता है।

**लेटलतीफी** | प्लास्टिक सिटी में सुविधाओं का टोटा, उद्यमियों में छाई निराशा

# बड़ी कवायद के बाद भी नहीं लगाए जा सके उद्योग

संवाददाता ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** जिले में उत्तर प्रदेश सरकार की बहुप्रतीक्षित प्लास्टिक सिटी योजना सुविधाओं के अभाव में परवान नहीं चढ़ पा रही है। वहीं सुविधा न मिलने से उद्यमी कोई भी दिलचस्पी नहीं दिखा रहे है। आसपास गांवों के किसान अभी भी प्लास्टिक सिटी में खेती-बाड़ी कर रहे हैं। प्रशासन के लाख दावे के बावजूद भी जमीन को खाली नहीं करवा सके हैं। इस कारण उद्योग नहीं लगाए जा सके।

पिछले वर्ष जिला मुख्यालय पर हुई मीटिंग के दौरान जब उद्यमियों ने अपनी समस्या बताई तो बिजली विभाग को आदेशित किया गया। प्लास्टिक सिटी में विद्युत व्यवस्था में सुधार किया जाए । तत्काल ही अधिशासी अभियंता लेखराज सिंह जिला मुख्यालय के उपखंड अधिकारी आकाश श्रीवास्तव तथा अवर अभियंता विवेक खरे अपने कर्मचारियों के साथ पहुंचे और एक माह में विद्युत व्यवस्था सुधार करने का आश्वासन दिया था।

आठ माह बाद भी प्लास्टिक सिटी में विद्युत व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ है। फरवरी माह में जब कुछ लोगो ने अपनी रजिस्ट्री कराई तब भी उन्होंने बिजली व्यवस्था की समस्या को प्रमुखता से उठाया। लेकिन विद्युत अधिकारी की लापरवाही से समस्या जस की बनी हुई है।

### 165 उद्यमियों को भूखंड का आवंटन

- प्लास्टिक सिटी लखनपुर में उद्योग लगाने के लिए 165 उद्यमियों को स्थान आवंटित किए जा चुके हैं। लेकिन वहां अभी तक बिजली व्यवस्था का काम धरातल पर नहीं दिखा। 2012 में प्लास्टिक सिटी का खाका शासन द्वारा तैयार गया था। उसके बाद आसपास की किसानो की जमीन खरीद फरोख्त की समस्या उलझी हुई है। इस जमीन को खरीद कर उद्योग स्थापना के लिए स्थान का आवंटन भी हो चुका है लेकिन एक दशक से ज्यादा का समय बीतने के बाद भी उद्योग इकाई धरातल पर परवान नही चढ़ा पा रहे हैं। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में लगभग 120 उद्योग लगने का रास्ता साफ दिख रहा है। वहीं प्लास्टिक सिटी में इन सभी के बीच केवल निराशा और हताशा नजर आ रही है। जिन किसानों की जमीन प्लास्टिक सिटी में चली गई है उनमें से बहुत से किसान अपनी जमीन को आज भी जोत रहे हैं। वहीं वर्ष 2012 में दिबियापुर के पांच गांव की 314 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया था। 285 एकड़ में प्लास्टिक सिटी के भूखंड में उद्योग की स्थापना होनी थी। लाख कोशिश के बावजूद अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। प्लास्टिक सिटी में प्लास्टिक के मग, बाल्टी, टब, कंघी जैसे कई सामानों का उद्योग लगना था। उपखंड अधिकारी आकाश श्रीवास्तव का कहना है कि जल्द ही बिजली व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। बरसात के कारण समस्या हो रही है।

- किसान अभी भी प्लास्टिक सिटी में खेती-बाड़ी कर रहे हैं
- फरवरी में उठाया गया था बिजली का मुद्दा

### लुटेरा गिरोह के चार आरोपी गिरफ्तार

**बिधूना, औरैया।** कोतवाली पुलिस ने मोबाइल एवं वाइक चोरी की घटना का अनावरण करते हुए 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया है। अभियुक्तों अजय कुमार पुत्र उदयवीर निवासी पुराना बिधूना थाना बिधूना जिला औरैया, रिषभ सेंगर पुत्र कुशल पाल निवासी ग्राम बन्थरा, थाना बिधूना, कृष्णा पुत्र बदन सिंह निवासी शिव सिंह पुर भारतपुर थाना सौरिख, कन्नौज व बाल अपचारी को सामपुर रोड पर गयादीन डिग्री कॉलेज के पीछे कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के पास से घटना में लूटे व चोरी किया गया माल व एक मोबाइल, एक मोटर साइकिल व 2 तमंचा बरामद हुए।

# रुक-रुक कर हुई बारिश उमस से बेहाल रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- अधिकतम तापमान 37 और न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस रहा

**अमृत विचार।** जनपद के अलग-अलग इलाकों में दिन में रुक -रुक कर बारिस हुई। इससे पूरे दिन उमस बनी रही और लोग परेशान दिखे। सोमवार को जनपद का अधिकतम तापमान 37 और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहा।

शहर में सुबह से ही धूप निकल आई। लेकिन दोपहर होते ही काले बादल छा गए और करीब तीन बजे से लेकर छह बजे तक अलग-अलग स्थानों पर रुक रुक कर बारिस हुई। इससे लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली। दिबियापुर में सोमवार को सुबह के समय वर्षा हुई और फिर दोपहर में भी बारिश हुई। जबकि बेला में भी दोपहर के समय तेज वर्षा हुई। इसके अलावा जनपद के अलग-अलग इलाकों में रुक-रुककर पानी बरसा। कृषि और मौसम विज्ञानी डॉ. अनंत कुमार ने बताया कि सप्ताह भर हल्की वर्षा हो सकती है। बेला में दोपहर को दो घंटे घंटे जमकर वर्षा हुई। जिसके चलते बाजार में दुकानदारों के गोदाम में पानी भर गया। वहीं बेला में नालियों की सफाई नहीं हुई।

## एक नजर

### 1 जुलाई से पहले दर्ज मुकदमों का पुराना कानून ही होगा आधार

**अमृत विचार,लखनऊ :** मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ लोकभवन में मंगलवार को बैठक करते हुए मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि 1 जुलाई से भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 से लागू होंगे। इसके बाद नए कानून के मुताबिक कार्यवाही होगी। जबकि, पूर्व दर्ज मुकदमों में पुराने कानून के आधार पर ही कार्यवाही होगी। आम लोगों में किसी तरह असमंजस की स्थिति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई को सभी थानों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# वीआईपी बनने के लिए मल्टी कलर लाइट लगाई तो खैर नहीं

संजीव पाण्डेय, लखनऊ

▸▸ विशेष बनने की चाहत में अधिकृत न होने के बावजूद कर रहे हूटर और लाइट का प्रयोग

▸▸ परिवहन विभाग ने वीआईपी कल्चर पर शिकंजा कसने को तैयार की गाइडलाइन

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद प्रदेश भर में ऐसे वाहनों से लाल-नीली बत्ती छीन ली गई जो अनधिकृत थे। वीआईपी कल्चर खत्म करने की मुख्यमंत्री की मंशा को देख परिवहन विभाग भी सक्रिय हो गया। आनन-फानन में एक समिति गठित की गई। समिति ने यह साफ कर दिया कि मल्टी कलर लाइट और हूटर लगाने का अधिकार किस-किस को होगा। समिति न इसकी गाइड लाइन तैयार कर शासन को भेज भी दी है। जल्द ही मुख्य सचिव के साथ बैठक होगी और इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया जायेगा। समिति ने स्पष्ट कर दिया है कि मल्टी कलर लाइट के वही विभाग और अधिकारी अधिकृत होंगे, जिन्हें परिवहन विभाग से विशेष स्टीकर दिया जाएगा। बिना स्टीकर के किसी वाहन पर लगी मल्टी कलर लाइट अवैध मानी जायेगी।

**जिलाधिकारी, पुलिस विभाग, परिवहन व वन विभाग के कार्मिकों को मिलेंगे स्टीकरः** समिति ने सरकारी वाहनों पर एक विशेष स्टीकर लगाने का फैसला लिया है। इस स्टीकर के जरिए ही संबंधित गाड़ी नंबर को मल्टी कलर लाइट लगाने की अनुमति होगी। प्रदेश भर में तकरीबन 25 हजार सरकारी वाहनों पर मल्टी कलर लाइट और स्टीकर लगाए जाएंगे। प्राकृतिक या मानवीय आपदा के लिए फायर कंट्रोल को मल्टी कलर लाइट लगाने की अनुमति होगी। मानवीय आपदा जैसे दंगा आदि हो जाता है तो इसमें कानून-व्यवस्था मेंटेन करने की जिम्मेदारी पुलिस की होती है।

ऐसे में पुलिस प्रशासन को मल्टी कलर लाइट की अनुमति होगी। जिलाधिकारी प्रवर्तन का हिस्सा होता है और किसी भी तरह की दैवीय या मानवीय आपदा के समय उसका काम बढ़ जाता है। इसलिए मजिस्ट्रेट के रूप में सब डिविजनल मजिस्ट्रेट से लेकर जिला मजिस्ट्रेट तक को मल्टी कलर लाइट लगाने की अनुमति दिए जाने की तैयारी है। इन वाहनों में हूटर भी लग सकते हैं। परिवहन विभाग के अधिकारी भी मल्टी कलर लाइट लगा सकेंगे। मल्टी कलर लाइट लगाने में किसी तरह की धोखाधड़ी न हो इसलिए परिवहन विभाग की तरफ से संबंधित विभागों को उनके वाहनों के लिए स्टीकर दिए जाएंगे।

### परिवहन विभाग की वेबसाइट पर दर्ज होगा ब्यौरा

सभी स्टीकर सिक्योरिटी फीचर से लैस होंगे। स्टीकर में वाहन का पूरा ब्यौरा दर्ज होगा। जिन वाहनों को स्टीकर जारी किए जाएंगे, उनकी जानकारी परिवहन विभाग की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। इसमें सर्च का विकल्प दिया जाएगा जिससे वाहन का नंबर डालते ही पूरी डिटेल सामने आ जाएगी। सेकेंडों में पता चल जाएगा कि वाहन में जो मल्टी कलर लाइट लगी है, उसे अनुमति दी गई है या नहीं।

### एचएसआरपी पर कुछ नहीं लिख सकेंगे

वाहन सरकारी हो निजी, हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) पर किसी तरह की मुहर या पदनाम कुछ भी लिखने की छूट नहीं होगी। नंबर प्लेट बिल्कुल साफ सुथरी रखनी होगी। विंडस्क्रीन पर विभाग या अधिकारी का पद का नाम लिखा जा सकता है। साथ ही कंपनी की तरफ से वाहनों के शीशे पर जो फिल्म लगकर आएगी, उसी का प्रयोग करना होगा। किसी तरह के वाहन पर कोई और फिल्म लगाना मोट व्हीकल एक्ट के नियमों का उल्लंघन माना जायेगा। ऐसे वाहनों का चालान किया जायेगा।

> विभाग की कमेटी ने प्रस्ताव बनाकर शासन भेज दिया है। अब इस पर मुख्य सचिव का फैसला अंतिम होगा। बैठक कर उन्हें ही अंतिम निर्णय लेना है।
>
> –चंद्रभूषण सिंह, परिवहन आयुक्त

### पीजीआई नर्सिंग कर्मियों का धरना खत्म

**अमृत विचार,लखनऊ :** पीजीआई में डॉक्टर पर थप्पड़ मारने का आरोप लगाने वाले नर्सिंग अफसर ने मंगलवार को अपनी शिकायत वापस ले ली है। संस्थान निदेशक डॉ. आरके धीमान से हुई वार्ता के बाद नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन ने धरना खत्म कर दिया है।

एसोसिएशन की अध्यक्ष लता सचान और महामंत्री विवेक सागर ने कहा कि संस्थान प्रशासन की ओर से किसी भी नर्सिंग अधिकारी के खिलाफ कोई कार्रवाई न की जाये। साथ ही भविष्य में नर्सिंग कर्मियों के साथ मारपीट व अन्य घटना की पुनरावृत्ति न हो। एनएसए की ओर से यह शर्तें संस्थान निदेशक के समक्ष रखी गईं। जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया।

# कांग्रेस में चेहरे बदले, लेकिन चरित्र नहीं : योगी

## बोले- आपातकाल को स्मरण करें तो कांग्रेस के आज भी हाव भाव वही हैं जो 1975 में थे

भाजपा ने मनाया काला दिवस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी में भले ही नेतृत्व बदला हो, चेहरा बदला हो, लेकिन उसका चरित्र वही है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के दौरान लगाई गए आपातकाल को याद करते हुए कहा, आज जब 50 साल के बाद हम इमरजेंसी के हालातों का स्मरण करते हैं तो स्वाभाविक रूप से कांग्रेस में चेहरे बदले होंगे, लेकिन उसका चरित्र और उसके हाव भाव आज भी वही है जो 1975 के आपातकाल में था।

अपने सरकारी आवास पर प्रेस वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के मौजूदा नेतृत्व पर हमला करते हुए कहा कि ये लोग आज लोकतंत्र की दुहाई देते हैं, लेकिन भारत के बाहर जाकर भारत के लोकतंत्र को कटघरे में खड़ा करते हैं और भारत की चुनाव प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हैं।



गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम में लोकतंत्र रक्षक सेनानी को सम्मानित करते मुख्यमंत्री।



लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी।

### लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को किया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** मंगलवार शाम गोरखपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में भाजपा की जिला व महानगर इकाई की तरफ से आयोजित काला दिवस विषयक संगोष्ठी में भी शामिल हुए। यहां उन्होंने लोकतंत्र रक्षक सेनानी सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करने के साथ लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक एवं लोकतंत्र रक्षक सेनानी शीतल पांडेय ने आपातकाल से जुड़े अपने संस्मरण साझा किए। कार्यक्रम में एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, विधायक विपिन सिंह, महेन्द्रपाल सिंह, राजेश त्रिपाठी, प्रदीप शुक्ल, भाजपा महानगर महामंत्री ओमप्रकाश शर्मा, छोटेलाल मौर्य, मनोज शुक्ल, अच्युतानंद शाही आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानी शीतल पांडेय, रमेश विश्वकर्मा, योगेंद्र गुप्ता, सुरेंद्र सिंह, डॉ. केशव सिंह, शिव प्रकाश अग्रवाल, राजाराम, दीप नारायण शुक्ला, सुरेश खन्ना, डॉ. महेश पाठक, राजकिशोर मिश्र, दुर्गा प्रसाद मिश्र, भगवती सिंह, छेदी लाल, धनराज सिंह, शंभू सिंह श्रीनेत, राजेश गुप्ता, क्षत्रपति शुक्ला, हरिलाल चौरसिया सहित अन्य को सम्मानित किया गया।

### संविधान के प्रति कांग्रेस की सोच का पर्दाफाश होः भूपेन्द्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस द्वारा 25 जून 1975 में लगायी गई इमरजेंसी के विरोध में मंगलवार को काला दिवस मनाया। पार्टी ने पूरे प्रदेश में आपातकाल के विरोध में जिला स्तर पर संगोष्ठियां व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए। राजधानी लखनऊ में सहकारिता भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि कांग्रेस की तानाशाही और संविधान के प्रति उसकी सोच का पर्दाफाश करने का आज यह दिन है। जब कांग्रेस की इंदिरा गांधी सरकार ने भारत की आम जनता पर इंमरजेंसी थोपी थी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में हमेशा से गांधी परिवार के हितों को पार्टी और देशहित से ऊपर रखा गया। यह अलोकतांत्रिक निर्णय जो आपातकाल के रूप में जबरन देश पर थोपा गया भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में काले अध्याय के रूप में दर्ज है। कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान जेल जाने वाले लोकतंत्र सेनानियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें प्रमुख रूप से अशोक बाजपेयी, भारत दीक्षित, राजेन्द्र तिवारी, गणेश राय, राकेश स्वरूप निगम, अजीत कुमार सिंह, अजय देव आहूजा, हरिश्याम रस्तोगी, देवीदीन पाल, राम किशोर शर्मा आदि शामिल रहे।

### उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का चुनाव 29 व 30 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का प्रांतीय चुनाव राजधानी के मोतीनगर स्थित महाराजा अग्रसेन विद्यालय में 29 व 30 जून को होगा। जिसमें 102 पदों के लिए नामांकन और 125 पदों पर मनोनयन किया जाएगा। यह जानकारी प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने मंगलवार को आयोजित बैठक में व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि प्रांतीय चुनाव की समस्त कार्यवाही प्रमुख चुनाव अधिकारी जसवंत बत्रा सहारनपुर, सहायक चुनाव अधिकारी संजय अग्रवाल लखीमपुर, सुनील गुप्ता लखनऊ, बसंत सिंह बग्गा रायबरेली, आयुष द्विवेदी कानपुर द्वारा सम्पन्न करायी जायेगी। विभिन्न पदों के लिए नामांकन पत्र चुनाव अधिकारी देंगे। चुनाव 30 जून को अग्रवाल कालेज में सुबह 8 बजे से कराया जायेगा। वहीं व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा 30 जून को चारबाग के रविंद्रालय में व्यापारी सम्मेलन का आयोजन भी आयोजन किया जाएगा।

# पुलिस भर्ती बोर्ड को कल तक देनी होगी परीक्षा केन्द्रों की सूची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मुख्य सचिव ने मण्डलायुक्तों व जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

▸▸ शहरी क्षेत्र में ही हों केन्द्र, काली सूची में या संदिग्ध-विवादित न हों

**अमृत विचारः** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने निकट भविष्य में होने जा रही पुलिस की भर्ती परीक्षा के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा परीक्षा केन्द्र का चयन कर सूची 27 जून तक भर्ती बोर्ड को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि यह समिति उचित गुणवत्ता के केंद्रों के चयन के लिए पूरी तरह उत्तरदायी होगी। इस बार सेंटर्स का चयन दो श्रेणी में किया जाना है।

मुख्य सचिव ने मंगलवार को लोकभवन में वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से सभी मण्डलायुक्तों व जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र के चयन में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि परीक्षा केंद्र यथा संभव नगरीय क्षेत्र में हो, आवश्यकता पड़ने पर परीक्षा केंद्र का चयन नगरीय क्षेत्र के 10 किमी के व्यास में मुख्य मार्ग पर स्थित हो।

मुख्य सचिव के अनुसार, परीक्षा केंद्र की किसी भी दशा में निगेटिव रिपोर्ट नहीं होनी चाहिए। ऐसे केन्द्रों का ही चयन किया जाए जो काली सूची में न हो, संदिग्ध व विवादित न हों। उन्होंने यह भी कहा कि प्रश्न पत्रों की भांति सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। परीक्षा की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए ट्रेजरी में अलग कक्ष की व्यवस्था की जाए। कक्ष की डबल लॉक में और उसकी सीसीटीवी के हर पल निगरानी की व्यवस्था होनी चाहिए। कक्ष को परीक्षा के उद्देश्य के अतिरिक्त न खोला जाए।

# सीओ पर कार्रवाई को पीड़िता डीजीपी मुख्यालय पहुंची

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचारः** बस्ती के तत्कालीन सीओ सिटी विनय चौहान के खिलाफ कार्रवाई कराने के लिए पीड़िता जयपुर से चलकर लखनऊ पहुंची। अपने साथ हुई घटना के संबंध में न्याय मांगने आयी पीड़िता की मुलाकात डीजीपी से नहीं हो पाई। एडीजी विशेष जांच विजय सिंह मीना और एडीजी प्रशासन नीरा रावत से मिलकर पीड़िता ने अपने साथ हुई घटना की उन्हें विस्तृत जानकारी दी।

जयपुर की रहने वाली महिला डॉक्टर ने अधिकारियों से मिलकर बताया कि विगत पांच वर्षो से उसका संबंध सीओ से था। उसने बताया कि शादी का झांसा देकर सीओ ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये। पीड़िता के अनुसार 25 मई को वह जयपुर से विनय चौहान से मिलने के लिए बस्ती आए, आवास पहुंची थी,जहां पर उसके साथ विनय चौहान,उनकी पत्नी और पुत्री ने मिलकर मारपीट की।

# राजधानी की तरह मॉडल बनेंगे गांव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ प्रदेश स्तरीय मॉडल गांवों का प्रशिक्षण लेने के बाद देखे राजधानी के गांव

▸▸ अधिकारियों व इंजीनियरों की टीम ने सीखे विकास के तौर-तरीके

**अमृत विचार :** राजधानी की तरह प्रदेश के सभी गांव मॉडल बनाए जाएंगे। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत प्रशिक्षण पाने के लिए,जिलों से आई टीमों ने गांवों का भ्रमण किया और विकास कार्य के तौर-तरीके सीखे।

मंगलवार को पंचायती राज निदेशालय में जिलों से आए कंसलटिंग इंजीनियर व अधिकारियों ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के तहत मॉडल गांव का प्रशिक्षण पाया। इसके बाद टीम को स्टेट कंसलटेंट सुशील पांडेय, दीपक कुमार व जिला समन्वयक अभिनव त्रिवेदी ने बीकेटी ब्लॉक की ग्राम पंचायत कठवारा व गोसाईंगंज की ग्राम पंचायत बक्कास का भ्रमण कराया। दोनों ग्राम पंचायत पिछले वर्ष पहले चरण में मॉडल बनी थीं। टीम ने गांव में बने पंचायत भवन, लर्निंस सेंटर, कॉमन सर्विस सेंटर व उनमें होने वाले कामकाज का तरीका देखा। इसके बाद सामुदायिक शौचालय, ठोस एवं तरल प्रबंधन के कार्य, जलनिकासी, प्लास्टिक का उठान और आरआरसी सेंटर में निस्तारित कर सड़क निर्माण के लिए दाने बनाना आदि कार्यों व उनके क्रियान्वयन को बारीकी से जाना। टीम अपने जनपदों में इस तरह से चयनित गांवों को मॉडल बनाएगी।

# ग्राम निधि से करोड़ों खर्च की दोबारा जांच के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पंचायत चुनाव के दौरान प्रशासकों ने 20 दिन में खर्च किए थे 650 करोड़

▸▸ अप्रैल में निदेशक ने दिए थे निर्देश, जांच दबाने में लगे अधिकारी

**अमृत विचार :** 2021 में हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान नियुक्त प्रशासकों द्वारा छह माह तक ग्राम निधि से खर्च करोड़ों रुपये की जांच नहीं हो पाई है। निदेशक पंचायती राज विभाग अटल कुमार राय ने संज्ञान लेकर सभी जिलों को दोबारा जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

यह शिकायत गोरखपुर के संजय मिश्रा ने अप्रैल में निदेशक से की थी। कहना था कि प्रदेश में दिसंबर 2021 में प्रधानों का कार्यकाल खत्म हो गया था और चुनाव देर से हुए थे। कामकाज प्रभावित न हो इस वजह से छह माह के लिए एडीओ व बीडीओ को प्रशासक नियुक्त किया गया था। प्रशासकों ने सचिवों के माध्यम से दिसंबर से मई तक ग्राम निधि से करोड़ों रुपये भुगतान किया। 5 मई को प्रधान नियुक्त हुए और 25 मई से शपथ दिलाई गई। इस 20 दिन के अंतराल में कुल 650 करोड़ रुपये भुगतान किए गए। इसमें वित्तीय अनियमितता की आशंका है। निदेशक ने सभी जिलों को दोबारा जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

**इन जिलों में सर्वाधिक भुगतान**

बिजनौर 26 .66 करोड़, बहराइच 20 .74, जौनपुर 20 .30, बांदा 18 .99, सीतापुर 18 .25, कुशीनगर 18 .12, मुज्जफर नगर 14 .62, बुलंदशहर 17 .54, फतेहरपुर 17 .21, बाराबंकी 13 .80, आजमगढ़ 13 .38, प्रतापगढ़ 13, सहारनपुर 13 .59, बलिया 12 .69, जालौन 12 .29, प्रयागराज 12 .20, फिरोजाबाद 11 .86, झांसी 11 .67, मथुरा 11 .64, आगरा 11 .33, अयोध्या 11 .24, हरदोई 10 .97, लखीमपुर खीरी 10 .63, कासगंज 10, पीलीभीत 9, मुरादाबाद 8 .95, बदायूं 8 .76, अमेठी 8 .42, गोंडा 6 .64, गोरखपुर 5 .94, लखनऊ 5 .34, कानपुर नगर 5 .21, बरेली 3 .84, शाहजहांपुर 3 .66 करोड़ रुपये।

### कुत्तों का लाइसेंस न होने पर वसूला जुर्माना

**अमृत विचार,लखनऊ :** नगर निगम के कैटल कैचिंग दस्ते ने मंगलवार को पेट शॉप, पेट्स ब्रीडिंग सेंटर और डॉग लाइसेंस चेकिंग अभियान चलाया। पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के नेतृत्व में चलाये गए अभियान में आलमबाग के भोला खेड़ा में रतनाम पेट शॉप पर छापेमारी में चार डॉग बिना लाइसेंस मिलने पर 20,000 रुपये जुर्माना वसूला। जिसमें तीन जर्मन शेफर्ड एक पोमेरियन नस्ल का डॉग शामिल हैं। इन डॉग का रेबीज वैक्सीनेशन भी नहीं था।


## वर्ग पहेली-112

**बाएं से दाएं**

1. बेंत की प्रजाति का एक पौधा जिसके डंठल अंदर से खोखले किंतु मज़बूत होते हैं जिनका प्रयोग कलम बनाने में किया जाता है
4. 1. तंदुरुस्त, हृष्ट-पुष्ट 2. गोल आकार का 3. भारी शरीर का नाटा व्यक्ति।
5. एक ही ग्रंथ के विभिन्न संस्करणों के पाठ में मिलने वाला भेद, पाठांतर।
6. 1. अपनी माता से उत्पन्न कन्या 2. बुआ
7. 1. तिर्यक, तिरछा, पड़ा 2. 'खड़ा' या 'सीधे' का उलटा, क्षैतिज तल के समांतर 3. विकट, कठोर।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. कलम से रद्द किया हुआ 2. काटा हुआ 3. निरस्त।
3. 1. देने का काम कराना 2. प्राप्त कराना 3. वसूल करवाना।
5. चांदी



### वर्ग पहेली -111 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 ओ | सा | 2 ई | ■ | 3 उ |
| ■ | ■ | ■ | मा | ■ | के |
| 4 वि | घ | ट | न | का | री |
| दे | ■ | ■ | दा | ■ | ■ |
| श | ■ | 5 का | री | ग | र |
| ■ | 6 मे | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 7 मा | न | म | नु | हा | र |

## सुडोकू-25

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 1 | | 2 | | | |
| | 7 | | | | | 9 | | 6 |
| | 5 | | 9 | | 8 | | | |
| 2 | | 8 | 4 | | | 5 | 6 | |
| | 3 | 5 | | | | 1 | 4 | |
| | 4 | 6 | | | 5 | 3 | | 8 |
| | | | 5 | | 6 | | 2 | |
| 4 | | 9 | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | 7 |

### सुडोकू -24 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 5 | 7 | 2 | 4 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 2 | 9 | 3 |
| 8 | 5 | 4 | 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 |
| 1 | 6 | 2 | 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 9 |
| 7 | 3 | 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 1 | 4 |
| 3 | 8 | 1 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 5 | 9 | 6 | 7 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 |
| 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 जून बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 20 .55 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 13 .05 तक तत्पश्चात शतभिषा।


मेष

आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपकी सलाह से लोगों के काम बनेंगे। रुके हुए कार्यों को पूरा करने का तनाव हो सकता है। पुराने संपर्कों का आप उत्तम लाभ उठा सकते हैं। मित्रों के साथ कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं।


वृष

आज माता-पिता आपका मनोबल बढ़ाएंगे और आपसे किसी महत्वपूर्ण विषय पर राय भी लेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके प्रबन्धन कौशल की प्रशंसा होगी। आपको पहले किए गए परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। बहु प्रतीक्षित कार्यों में सफलता मिल सकती है।


मिथुन

आज पुराना लोन चुकाने में आपको सफलता मिल सकती है। बिना मांगे किसी को राय न दें। परिजन आपके विचारों और भावों को काफी महत्व देंगे। आपका दृष्टिकोण सकारात्मक रहेगा। आपको सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी।


कर्क

आज अपने काम के प्रति उदासीनता के कारण परेशान हो सकते हैं। बहुत महत्वपूर्ण कार्यों से दूरी बनाकर रखनी चाहिए। दूसरों पर आपको ज्यादा निर्भर नहीं रहना चाहिए। अपनी दिनचर्या के प्रति लापरवाही न रखें।


सिंह


आज संतान के प्रति विश्वास बनाए रखें। आपके ऊपर काम का दबाव कम होगा। व्यवसाय में कुछ नया परिवर्तन कर सकते हैं। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। वैवाहिक जीवन काफी अच्छा रहेगा।


कन्या


आज ससुराल पक्ष से मान-सम्मान प्राप्त होगा। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। परिजनों के प्रति अच्छा व्यवहार रखें। योजनाओं को उचित तरीके से क्रियान्वित कर पाएंगे। बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। उधार धन के लेन-देन से आपको बचना चाहिए।


तुला

आज सोशल मीडिया में काफी सक्रिय रहेंगे। भोजन में शुद्धता का विशेष ध्यान रखें। आपकी बुद्धि और ज्ञान की प्रशंसा होगी। नए व्यवसाय में आपका मन लगेगा। परिवार के साथ सुखद समय बिताएंगे। सेहत का ध्यान रखें,क्योंकि सर्दी और कफ की समस्या हो सकती है।


वृश्चिक

आज आपको काफी सावधान रहना होगा। व्यावसायिक तनाव को घर पर न आने दें। नया वाहन खरीद रहे हैं तो उसके विषय में पूरी जानकारी ले लें। जिन लोगों पर आप आंख-मूंदकर भरोसा करते हैं हो सकता है वही आपको धोखा दे दें।


धनु

आज अपने मन की करें दूसरों से ज्यादा सलाह न लें। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। पति-पत्नी के बीच संबंध मधुर होंगे। युवाओं को नए करियर के अवसर मिलेंगे। राजनीतिक लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं।


मकर

आज रिश्तेदारों से आपको मिलना पड़ सकता है। आपकी उपलब्धियों के कारण लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर चिन्तित रहेंगे। फाइनेंस संबंधी कार्यों को लेकर परेशानी होगी। महत्वपूर्ण पेपर्स को संभाल कर रखें।


कुंभ

आज कमीशन से संबंधित कार्यों से आपको लाभ प्राप्त होगा। वैवाहिक जीवन में प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। आपके सभी काम समय पर पूरे हो जाएंगे। रुका हुआ धन आपको मिल सकता है।


मीन

आज किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइसेस में खराबी आ सकती है। नया काम शुरू करने में कठिनाई होगी। आप दूसरों की सेवा में मन लगाएंगे। गलत खान-पान के कारण सेहत खराब हो सकती है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
ताल
सुबह : 09 .33
तकदीर का तमाशा
रात : 07 .00

&pictures
होगी प्यार की जीत
सुबह : 11 .07
यू-टर्न
रात : 08 .00

SONY PIX
क्लैश ऑफ़ द टाइटंस
सुबह : 10 .19
मोर्टल कॉम्बेट
रात : 09 .00

ZEE CINEMA
बजरंगी 2
सुबह : 08 .59
फुकरे 3
रात : 07 .50

colors CINEPLEX
आरक्षण
सुबह : 11 .18
दृश्यम 2
रात : 08 .33

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात : 08 .33 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

शादी के बाद पहली बार बहू रसोई में गई और रेसिपी बुक में पढ़कर खाना बना रही थी।
सास बाहर से लौटी,
फ्रिज खोला,देखकर चौंक गई और पूछा -ये मंदिर का घंटा फ्रिज में क्यों रखा है?
बहू - बुक में लिखा है, सब चीजों का मिश्रण कर लें और एक "घंटा" फ्रिज में रखें।

पप्पू साइकिल से जा रहा था।
अचानक एक लड़की से भिड़ गया।
लड़की - घंटी नहीं मार सकता था बे
पप्पू - अबे मैंने पूरी साइकिल मार दी। अब क्या घंटी अलग से मारूं!

# विवादों में घिरी रहीं जिलाधिकारी नेहा प्रकाश का हुआ स्थानांतरण

## पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अभियंता अभिषेक यादव के निलंबन की संस्तुति की थी

कार्यालय संवाददाता, औरैया


नेहा प्रकाश।

● कुछ लोग शासन का रुटीन स्थानांतरण तो कुछ हाल ही में हुए विवाद को मान रहे वजह

**अमृत विचार।** मंगलवार को शासन ने विवादो में घिरीं जिलाधिकारी नेहा प्रकाश को औरैया से स्थानांतरित कर दिया। कुछ लोग इसकी वजह डीएम और अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी के मध्य चल रहे विवाद को मान रहे हैं। जिलाधिकारी व अभिषेक यादव के मामले की जांच करने बीते गुरुवार को दोपहर मंडलायुक्त अमित गुप्ता, डीआईजी जोगेंद्र सिंह, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता कानपुर संजीव भारद्वाज व अधीक्षण अभियंता इटावा नरेश चंद्र जनपद में अचानक पहुंचे थे।

थोड़ी देर देवकली स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस औरैया रुकने के बाद सभी अधिकारी जिला मुख्यालय ककोर पहुंचे थे। वहां से जिलाधिकारी नेहा प्रकाश, एसपी चारु निगम व एसडीएम के साथ सीधे गेल गांव गईं, जहां आशियाना अतिथिगृह में मैराथन बैठक हुई थी। ज्ञात हो कि चुनाव और विकास कार्यों में लापरवाही पर मंडलायुक्त और जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) अभिषेक यादव को निलंबित करने की संस्तुति कर दी थी।

एक्सईएन ने इसे लेकर डीएम नेहा प्रकाश को निशाने पर लिया था। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव को लिखे 76 पेज के पत्र में कहा कि डीएम आवास में स्वीमिंग पूल और सड़क बनाने से मना करने पर उनके ऊपर कार्रवाई की संस्तुति की गई है। वहीं, डीएम ने आरोप को गलत बताते हुए कहा था कि आवास का निर्माण कानपुर के ठेकेदार करा रहे हैं। एक्सईएन का इससे कोई लेना- देना नहीं है।

शासन को भेजे गए पत्र में में एक्सईएन पर अधिकारियों कर्मचारियों के आवासों के निर्माण कार्य में लापरवाही, सड़क निर्माण में देरी, चुनाव से जुड़े कार्यों में हीलाहवाली, पोलिंग पार्टियों के लिए मानक विहीनहीन मंच निर्माण, बिना सूचना दिए चुनाव में अनुपस्थित रहने जैसे आरोप लगाए गए थे। इस पर एक्सईएन अभिषेक यादव ने आरोपों को गलत बताते हुए लिखा है कि डीएम आवास में 2.97 करोड़ रुपये के सापेक्ष 84 लाख रुपये अतिरिक्त खर्च किए गए। कमरे, किचन व बाथरूम में कई गुना महंगे उपकरण लगवाए गए। डीएम ने उनसे मौखिक रूप से कहा था कि आवास में स्वीमिंग पूल और आंतरिक मार्ग बनवा दें। यह कार्य कराने से इन्कार करने पर नाराज डीएम मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगीं। मंडलायुक्त कानपुर अमित गुप्ता ने कहा था कि चुनाव और विकास कार्यों में लापरवाही बरतने पर एक्सईएन के निलंबन की संस्तुति डीएम औरैया ने की थी। काम में शिथिलता करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जनता और शासन के काम प्राथमिकता में हैं। गुरुवार को गेल गांव के आशियाना अतिथिगृह में सभी आला अधिकारियों की घंटों बैठक चली।माना जा रहा है कि शासन के निर्देश पर मामले की जांच के लिए ही जिले में उच्चाधिकारियों के साथ गहन बातचीत की गई।हालांकि औपचारिक तौर पर किसी ने भी ये पुष्टि नही की थी कि अचानक जिले में जिले के अधिकारियों के साथ इतनी शीर्ष स्तरीय बैठक क्यों हुई। मंगलवार को डीएम नेहा प्रकाश का तबादला होने से कयास लगाया जा रहा है कि इसकी वजह विवाद ही है हालांकि कुछ लोग इसे शासन द्वारा किया गया रूटीन स्थानांतरण भी मान रहे है।

# दो प्रधानों और सचिवों पर चला प्रशासन का चाबुक

कार्यालय संवाददाता उरई

● तत्कालीन ग्राम प्रधानों पर रिपोर्ट व संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के दिये निर्देश


जिलाधिकारी।

**अमृत विचार।** कोंच विकासखंड के ग्राम बिरासनी और माधौगढ़ विकासखंड के रुद्रपुरा ग्राम में पूर्व प्रधान और तत्कालीन सचिव ने बिना काम कराये ही लाखों रुपये का गबन कर लिया था।

ग्रामीणों की शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार ने इस मामले की त्रिस्तरीय जांच कराई, जिसमें दोषी पाए जाने पर बिरासनी गांव की पूर्व प्रधान और दो सचिव के खिलाफ गबन किए गए रुपयों की रिकवरी के आदेश दिए गए हैं और माधौगढ़ तहसील की रुद्रपुरा ग्राम पंचायत के प्रधान व सचिव को कारण बताओ नोटिस दिया गया है।

कोंच विकासखंड के बिरासनी गांव के रहने वाले जितेंद्र कुमार पटेरिया पुत्र जगत नारायण पटेरिया ने 10 जून 2022 को जिलाधिकारी से एक शिकायत की थी कि ग्राम पंचायत बिरासनी की पूर्व महिला प्रधान मीना देवी तथा तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी मनीराम शाक्यवार वर्तमान संयुक्त खंड विकास अधिकारी जनपद फर्रुखाबाद और तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी राजेश कुमार तिवारी वर्तमान संयुक्त खंड विकास अधिकारी जनपद बांदा ने बिना काम कराए फर्जी तरीके से लाखों रुपये का गबन कर लिया है। उन्होंने 2017-18 में कूप मरम्मत का कार्य नहीं कराया और मनरेगा से 1 लाख 32 हजार रुपये फर्जी तरीके से निकल लिए हैं।

साथ ही 2017-18 में अवध बिहारी के घर से तालाब तक नाली मरम्मत का कार्य होना था, जिसे नहीं कराया गया और 45 हजार 395 रुपये का फर्जी तरीके से भुगतान कर दिया गया। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा अधिशासी अभियंता बेतवा नहर खंड द्वितीय एवं खंड विकास अधिकारी कोंच से इस मामले की जांच कराई और तीनों लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी किया, जिस पर सभी आरोपियों ने गोलमोल जवाब दिया।

## सार-संक्षेप


कलश यात्रा में भाग लेते श्रद्धालु। अमृत विचार

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**सैफई, इटावा।** क्षेत्र गांव बहादुरपुर में मंगलवार को श्रीमद्भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। परीक्षित सुरेंद्र सिंह यादव एवं यज्ञ कर्ता आचार्य दिनेश चंद्र के नेतृत्व में कलश यात्रा ग्राम नरोहली, बिजपुरी, पुठिया, नगला बरी, नगला राठौर, हैवरा कोठी होते हुए वापस कथा स्थल पर पहुंची। आचार्य सुनील शास्त्री ने बताया कि विश्व में सभी कथाओं में भागवत कथा श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ बन जाता है। इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण कर अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए।


एकेटीयू की परीक्षा में अव्वल स्थान पाने वाले छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### एकेटीयू की परीक्षा में पारुल बनीं टॉपर

**इटावा।** सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस इटावा में अध्ययनरत बीफार्मा के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्रों ने एक बार फिर अपने परिणाम से अपनी श्रेष्ठता साबित की। संस्था के डायरेक्टर डा उमा शंकर शर्मा ने बताया कि एकेटीयू लखनऊ से घोषित बीफार्मा प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बी फार्मा प्रथम सेमेस्टर में पारुल 86 .62 प्रतिशत प्रथम,देव बाथम 85 .93 द्वितीय, इंद्रजीत बाथम एवं रिषभ गुप्ता तृतीय, पीयूष शाक्य ने 84 .41 चतुर्थ एवं तनिष्का राठौर ने पंचम् स्थान प्राप्त किया। बी . फार्मा तृतीय सेमेस्टर में वर्शा राठौर 83 .46 प्रथम, विमल प्रताप 82 प्रतिशत द्वितीय, शैलवी 80 .53 तृतीय, रितिका चतुर्थ एवं सुमित कुमार ने पंचम् स्थान प्राप्त किया। सर मदनलाल ग्रुप के चेयरमैन डा विवेक यादव ने संस्था के इस शानदार परिणाम के लिए संस्था के डायरेक्टर डा उमा शंकर शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


अवैध कब्जा हटवाते एसडीएम हरीशचंद्र एवं सीओ राम मोहन शर्मा। अमृत विचार

### सरकारी विद्यालय की जमीन से हटवाया कब्जा

**फफूंद, औरैया।** थाना क्षेत्र के गांव भैसोल में परिषदीय विद्यालय की जमीन पर एक ग्रामीण कब्जा करने की नीयत से झोपड़ी डालकर पशु बांधने लगा। मंगलवार को उप जिलाधिकारी बिधूना व नायब तहसीलदार ने अतिक्रमण हटवाया। थाना क्षेत्र के गांव भैसोलमें गांव के बीचों बीच परिषदीय विद्यालय बना हुआ है। विद्यालय की जमीन पर गांव के ही नरेंद्र कुमार पुत्र साधुराम ने कब्जा करने की नीयत से वहां झोपड़ी बना ली और उसमें पशु बांधने लगा। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उप जिलाधिकारी बिधूना हरीशचंद्र से की। शिकायत का संज्ञान लेते हुए मंगलवार को उप जिलाधिकारी हरीशचंद्र, नायब तहसीलदार पीयूष साहू, कानूनगो राम नरेश गुप्ता, लेखपाल पंकज पुष्कर एवं सुरक्षा की दृष्टि से सीओ अजीतमल राम मोहन शर्मा व थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने भैसोल गांव पहुंच कर विद्यालय की जमीन को खाली करवाया। दोबारा कब्जा करने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

### हर हाल में लगवानी होगी बायोमीट्रिक मशीन

**औरैया।** जिले में डिग्री कॉलेज संचालकों की मनमानी जारी है। उनकी यह मनमानी आने वाले समय में पंजीकृत छात्र-छात्राओं पर भारी पड़ सकती है। यूनिवर्सिटी से सभी कॉलेजों को बायोमीट्रिक मशीन लगाने के निर्देश दिए जा चुके हैं। लेकिन अभी तक किसी भी कॉलेज से सूचना डीएनओ (डिस्ट्रिक नोडल ऑफिसर) तक नहीं पहुंची है। जनपद में लगभग 70 से अधिक डिग्री कॉलेज संचालित हैं। जिनमें विभिन्न कोर्सों में लगभग 35 से 40 हजार विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाता है। सभी कॉलेजों को बायोमीट्रिक मशीन लगाने के आदेश मई माह में जारी किए गए थे। अंतिम तिथि 10 जून निर्धारित थी। आदेश में कहा गया था कि निर्धारित तिथि में मशीन लगाने के बाद डीएनओ मतलब जिला समाज कल्याण अधिकारी को अवगत कराया जाए। शासन स्तर से एक आदेश डिग्री कॉलेजों, नर्सिंग कॉलेजों, बीएड, बी फार्मा आदि तकनीकी पाठ्यक्रमों को कराने वालों को जारी किया गया था। सख्त निर्देश हैं कि यदि छात्रों की बायोमीट्रिक उपस्थिति नहीं लगाई जाएगी या फिर 75 प्रतिशत से उपस्थिति कम होगी तो वह छात्र छात्रवृत्ति से वंचित रहेगा। शासन के इस आदेश को कॉलेज संचालकों ने पूरी तरह अनदेखा कर दिया है। वह आज भी पुरानी व्यवस्था पर काम कर रहे है। अभी तक किसी भी कॉलेज संचालकों ने इस संबंध में जिला समाज कल्याण विभाग को सूचित नहीं किया है। समाज कल्याण अधिकारी इंद्रा सिंह ने बताया कि अभी तक किसी भी कॉलेज ने बायोमीट्रिक मशीन लगाए जाने के संबंध में जानकारी नहीं दी है। एक जुलाई के बाद बैठक बुलाई जाएगी और निर्देशित किया जाएगा। लापरवाही बरतने वाले कॉलेजों की छात्रवृत्ति रुकेगी। बायोमीट्रिक मशीन हर हाल में लगवाना ही होगा।

## एक नजर

### बिजली गिरने से भैंस मरी

**बसरेहर।** चौबिया थाना क्षेत्र के गांव ऊनवा संतोषपुर निवासी गुलाब सिंह कठेरिया अपनी भैंसों को लेकर चरा रहे थे। इसी बीच बारिस होने लगी और आकाशीय बिजली गिरने से एक भैंस की मौत हो गई। राजस्व विभाग की टीम के अखिलेश कुमार, लेखपाल व रामवीर सिंह दिवाकर ने जांच-पड़ताल की।

### जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बांटा शर्बत

**इटावा।** प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी से बचाव एवं जनमानस की सुविधा के लिए जिलाधिकारी अवनीश राय के निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से शहर के शास्त्री चौराहे पर शीतल पेयजल, शर्बत, ओआरएस एवं चने के सत्तू के काउंटर का सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह द्वारा उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिला आपदा विशेषज्ञ अवनीश कुमार दुबे, दैवीय आपदा लिपिक राना बेगम, सीएमओ ऑफिस अवधेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### अज्ञात शव मिला

**इटावा।** सिविल थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे स्टेशन बजिरया में सैनिक कल्याण बोर्ड गेट के पास अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। सिविल लाइन थाना प्रभारी यशवंत सिंह ने बताया कि शव पर कोई चोट के निशान नहीं है। संभवत: अत्यधिक शराब पीने के कारण उसकी मृत्यु हुई है। मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष बताई जा रही है।

### 180 वाहन संचालकों को जारी किए गए नोटिस

**इटावा।** जनपद में संचालित स्कूली वाहनों में 180 ऐसे वाहन हैं जो फिटनेस और परमिट में फेल हो चुके हैं। एआरटीओ बृजेश कुमार ने ऐसे वाहनों को ब्लैक लिस्टेड कर उनके वाहन स्वामियों को नोटिस थमा दिया है। आरआई विवेक खरवार का कहना है एक जुलाई तक संचालक अपने वाहन की फिटनेस और परमिट नहीं कराएंगे तो परिवहन विभाग सघन चेकिंग अभियान चलाएगा।

# पैर फिसलने से तालाब में गिरे फोटोग्राफर की मौत

संवाददाता इकदिल, इटावा

● क्षेत्रीय गोताखारों की मदद से ढाई घंटे बाद निकाला गया शव


संजय कुमार।


घटना के बाद फोटोग्राफर के घर के बाहर जुटे लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव मनियांमऊ में मंगलवार की सुबह शौच क्रिया के बाद तालाब किनारे लगे हैंडपंप पर हाथ धोते समय अचानक पैर फिसलने से युवक गहरे तालाब में गिर गया। मोहल्ले के लोगों ने उसे निकालने का प्रयास किया परंतु सफलता नहीं मिली। बाद में बाहर से बुलाए गोताखोरों की ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद युवक के शव को बाहर निकाला जा सका। युवक शादी विवाह में फोटोग्राफी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

क्षेत्र के गांव मानियामऊ निवासी अमर सिंह का 32 साल का पुत्र संजय कुमार उर्फ संजू मंगलवार सुबह लगभग पांच बजे शौच क्रिया करने के लिए गया था। वापस आने के बाद वह घर के सामने बने तालाब के किनारे लगे हैंडपंप पर हाथ धो रहा था तभी हादसा हो गया। भतीजे भुवनेश ने उसे तालाब में डूबते देख लिया। उसने संजय को बचाने का प्रयास किया लेकिन खुद को डूबता देख वह बाहर निकल आया और घटना के बारे में परिजनों को जानकारी दी।

जानकारी मिलते ही स्वजन व आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। थाना पुलिस पहुंची और उसने बाहर से गोताखोरों को बुलाया। गोताखोरों ने ढाई घंटे बाद युवक को तालाब से बाहर निकाला। लेकिन तब तक संजय की मौत हो चुकी थी। घटना से पत्नी सरिता, मां सुनीता देवी सहित स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा। क्षेत्रीय लेखपाल अर्जुन ने स्वजन से घटना की जानकारी ली। मृतक के चाचा गोविंद ने पुलिस को तहरीर दी है। संजय तीन बहनों के बीच इकलौता भाई था। उसकी शादी करीब छह वर्ष पूर्व ग्राम ऊंचा मुरादगंज से हुई थी।

# जेसीबी से तालाब की खोदाई , वीडियो बनाने पर पीटा

**उरई।** विकास खंड महेवा की ग्राम पंचायत कोढ़ा किर्राही के मजरा जरारा में मनरेगा के तहत तालाब की खोदाई जेसीबी मशीन से कराई जा रही है । विकास खण्ड महेवा की ग्राम पंचायत कोंढा- किर्राही के मजरा ग्राम जरारा में ग्राम प्रधान सविता देवी के पति सिद्धेश्वर तालाब की खोदाई जेसीबी मशीन से करवा रहे थे । गांव के ही राम चतुर्वेदी युवक ने बताया कि मशीन से तालाब की हो रही खोदाई का वीडियो उसने बना लिया ,जिसपर प्रधानपति सिद्धेश्वर उसके पुत्र अनुज और भतीजे ध्रुव ने उस पर हमला बोल दिया और मोबाइल छुड़ाने की कोशिश की और मोबाइल न देने पर तीनों ने मारपीट की।

# शार्ट सर्किट से दुकान में लगी आग लाखों के नुकसान की आशंका

कार्यालय संवाददाता, औरैया


आग को बुझाते नगर वासी। अमृत विचार

● शहर के गौशाला रोड पर देर रात की घटना

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गौशाला रोड पर स्थित एक पान मसाला की एजेंसी की दुकान पर शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे दुकान के अंदर रखा लाखों रुपये का सामान जल कर राख हो गया। फायर ब्रिगेड ने 1 घंटे में आग पर काबू पाया। तब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो चुका था।

गौशाला रोड स्थित मां काली ट्रेडर्स की दुकान है। जिसमें एक पान मसाला की एजेंसी संचालित हो रही थी। सोमवार की देर रात अचानक से दुकान के अंदर से धुआं निकलते देख आसपास के लोगों ने एजेंसी संचालक को जानकारी दी। संचालक ने दुकान का शटर खोला तो उससे आग की लपटे बाहर की ओर आने लगीं। मोहल्ले वालों ने बाल्टी व समर चलाकर आग बुझाए जाने का प्रयास किया। मगर वह नाकाम साबित हुए।

मामले की सूचना कोतवाली पुलिस एवं फायर ब्रिगेड को दी गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने करीब एक घंटे की कड़ी में मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकान मालिक खिड़की साहबराय निवासी योगेश कुमार उर्फ लाले ने बताया कि आग में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। फायर ब्रिगेड के सीओ तेजवीर सिंह एवं कोतवाली प्रभारी भूपेंद्र राठी अपनी हमराही टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए थे।

# डॉक्टरी परीक्षण के बाद भी नहीं लिखी गई एफआईआर

संवाददाता जालौन उरई


एसपी को शिकायती पत्र देने जाते पीड़ित।

**अमृत विचार।** कस्बा व थाना कोटरा निवासी घनश्याम पुत्र तुलसीराम ने पुलिस अधीक्षक के नाम शिकायती पत्र देते हुए बताया कि 12 जून 2024 की रात्रि 9 बजे वह अपने भाई सुरेंद्र कुमार के साथ उरई से मजदूरी करके घर वापस आ रहा था रास्ते में गांव के निवासी केशकांत, संजू व रामकुमार ने मेरे भाई सुरेंद्र कुमार से शराब पीने के लिए रुपये मांगे जिसने रुपये देने से मना कर दिया तो उसके साथ मारपीट करने लगे तो मेरा भाई किसी तरह इन लोगों से बचकर घर के अंदर आ गया तो आरोपी भी घर के अंदर घुसकर मारपीट की ।

मारपीट के दौरान उसके भाई की पत्नी सुनीता बचाने के लिए पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट कर उससे अश्लीलता की तथा उसके नौ माह के बच्चे को छीन कर पटक दिया। मारपीट के दौरान भाई सुरेन्द्र कुमार व उसकी पत्नी सुनीता को गंभीर चोटें आयीं जिनका थाना पुलिस ने डॉक्टरी परीक्षण भी करवाया था लेकिन आज तक थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा नहीं लिखा है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई की गुहार एसपी से लगाई है।

**निरीक्षण** एसडीएम और सीओ ने परासन गौशाला का रात में निरीक्षण किया, स्थिति में सुधार लाने के दिये निर्देश

# गौशाला में गायों को गर्मी से बचाने के पुख्ता इंतजाम करें

संवाददाता कालपी (जालौन)


बैठक में मौजूद एसडीएम ,तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार । अमृत विचार

**अमृत विचार।** बीती देर शाम को उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल तथा सीओ डॉ. देवेंद्र कुमार ने कदौरा विकास खंड के ग्राम परासन स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण किया। कमियां पाये जाने पर उन्होंने जिम्मेदारों को दिशा निर्देश भी दिये।

जिला प्रशासन के निर्देश के अनुरूप परासन स्थित गौशाला पहुंचने पर उपजिलाधिकारी ने गायों की गणना की तथा रजिस्टर से मिलान भी किया। उन्होंने भूसे के स्टाक का निरीक्षण किया तथा पानी तथा छाया की व्यवस्था को भी देखा। गर्मी से बचाव करने के लिए जरूरी उपाय तथा इंतजाम बनाये रखने पर जोर दिया। उन्होंने मौके में मौजूद ग्राम प्रधान तथा जिम्मेदार कर्मचारियों को हिदायत दी कि गौशाला के परिसर में स्वच्छता की पूरी व्यवस्था की जाए इसमें किसी भी प्रकार की उदासीनता को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी का मौसम चल रहा है, इसलिए गर्मी से बचाव करने के गौशाला में पुख्ता इंतजाम किए जायें। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी ने जिम्मेदारों को हरे चारे की व्यवस्था करने के निर्देश दिए तथा स्वच्छता बनाए रखने के लिए हिदायत दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की गौशालाओं का निरीक्षण करके व्यवस्था का जायजा लिया जायेगा तथा कमियां मिलने पर सुधार किया जायेगा।

### नाविकों की सूची मय मोबाइल नंबर के रखें तैयार

**जालौन।** मंगलवार को उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल की अध्यक्षता में लेखपालों तथा राजस्व कर्मचारियों की साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान यमुना तथा बेतवा नदियों के तटवर्ती ग्रामों में संभावित बाढ़ के खतरों को दृष्टिगत रखकर पुख्ता व्यवस्था के लिए रणनीति तैयार की गई। तहसील के सभागार में तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी तथा नायब तहसीलदारों की मौजूदगी में आयोजित बैठक में उपजिलाधिकारी ने कहा कि आगामी दिनों में शुरू होने वाली बारिश तथा बाढ़ की संभावना के पहले सम्बंधित इलाकों में पुख्ता इंतजाम कर लिये जायें। यमुना तथा बेतवा नदी के किनारे बसे ग्रामों में नाव तथा नाविकों की सूची मय मोबाइल नंबर के तैयार की जाए। हर गांव के प्रतिष्ठित नागरिकों की सूची तथा गोताखोरों की सूची को मोबाइल नंबरों सहित बना ली जाए। नदियों के तटवर्ती निर्धारित ग्रामों में बाढ़ राहत चौकिया की स्थापना की तैयारी शुरू की जाए। जाति आय प्रमाण पत्र की रिपोर्ट जल्द तैयार कर लें। उन्होंने आइजीआरएस पोर्टल में दर्ज शिकायतों का तत्परतापूर्वक मौके पर जाकर के गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण नियत तिथि से 3 दिन पहले किया जाए। एसडीएम के मुताबिक चक रोडो की पैमाइश बरसात के पहले कर ले।उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में नायाब तहसीलदार हरदीप सिंह, नीलमणि सिंह, राजस्व निरीक्षक राम राजा राजपूत, सदर लेखपाल जितेंद्र कुमार, जयवीर सिंह, प्रमोद दुबे, विद्यासागर, प्रियंका सिंह, एसके महान, शिव मंगल पाठक,स्टैनो सलीम खान,सेवेंद कुमार, सैयद टीपू, सेवेंद कुमार के अलावा राजस्व कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।


कार्यक्रम में भाग लेते औषधि निरीक्षक रजत पांडेय एवं अन्य। अमृत विचार

# रैली से दिया नशे से दूर रहने का संदेश

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● एक युद्ध नशे के विरुद्ध कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचार।** नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के अंतर्गत एक युद्ध नशे के विरूद्ध कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को औषधि निरीक्षक रजत कुमार के मार्गदर्शन एवं इटावा केमिस्ट वेलफ़ेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में हुआ।

सर्वप्रथम सभी केमिस्ट बंधुओं ने जिला अस्पताल, मोतीझील पर एकत्रित होकर अस्पताल एंव आसपास के केमिस्टों को जागरूक किया। औषधि निरीक्षक रजत कुमार ने नशीली दवाओं के दुष्परिणाम के बारे में जानकारी दी। इसके पश्चात अस्पताल परिसर मे एक बैनर लगाकर सभी को शपथ दिलाकर हिदायत दी गई कि अपने परिवार, दोस्त, रिश्तेदार व आसपास सभी को नशे से दूर रखें।

इसके बाद सभी केमिस्ट रैली निकालते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर एकत्रित हुए। यहां पर भी बैनर लगाकर व शपथ दिला कर सभी को जागरूक किया।

कार्यक्रम में आबकारी निरीक्षक रणजीत सिंह, अरुण कुमार वर्मा, मनु गुप्ता, नवीन मेहरोत्रा, वैभव वर्मा, गौरव कांत जैन, शशांक दुबे, राजेश वर्मा, पीयूष अग्रवाल, सन्नी गुप्ता, अंकित वसन्तानी, अजय जैन, आशुतोष एवं केमिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 78,053.52 | 23,721.30 |
| बढ़त | 712.44 | 183.45 |
| प्रतिशत में | 0.92 | 0.78 |

# कारोबार/कृषि

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, बुधवार, 26 जून 2024

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 900 फ्लैग- 1055 बोल्ड- 1100 डीएमओ- 800
**रामपुर :** शिवालिक-920 फ्लैग- 1030 डीएमओ-820 बोल्ड-1095

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)** | |
| गेहूं दड़ा | 2400-2410 |
| आर.आर.21 | 2550-2600 |
| गेहूं फारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| चना | 6500-6600 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-11000 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 7800-8000 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 16600-16700 |
| अरहरस्पेशल | 14300-14400 |
| चना दाल | 7900-8000 |
| मटरदाल | 4700-4800 |
| मसूरमलका | 7250-7300 |
| मसूरदाल | 7450-7500 |
| उड़ददाल | 9000-13300 |
| उड़द धोवा | 10000-13000 |
| मूंगदाल | 8100-9700 |
| मूंग धोवा | 9700-11000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती न01. | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती न02. | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1400-1460 |
| मैदा | 1380-1435 |
| सूजी | 1440-1460 |

# ट्रेड-सेवा क्षेत्र, रोजगार एवं कौशल विशेषज्ञों ने की चर्चा

## आम बजट की तैयारियों को लेकर वित्त मंत्री लगातार कर रही हैं उद्योग जगत व अन्य मंत्रालयों के साथ बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर ट्रेड और सेवा क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ रोजगार एवं कौशल विकास क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ बजट-पूर्व चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पर कहा कि बैठक में ट्रेड और सेवा क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने सुझाव व विचार रखे। साथ ही दूसरी बैठक में वित्त मंत्री ने रोजगार एवं कौशल विकास क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ बजट पर चर्चा की। वित्त मंत्री ने इन बैठकों की अध्यक्षता की। बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव, आर्थिक मामलों के सचिव, राजस्व सचिव, वित्तीय सेवाओं के सचिव के साथ वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी इसमें शामिल हुए। चर्चा में श्रम मंत्रालय और कौशल विकास एवं उद्यमशिलता मंत्रालय के अधिकारियों शामिल हुए। वहीं वित्त मंत्री बजट की तैयारियों को लेकर लगातार अन्य मंत्रालयों के अधिकारियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहीं हैं।



- चर्चा में श्रम मंत्रालय और कौशल विकास एवं उद्यमशिलता मंत्रालय के अधिकारी भी हुए शामिल

### सरकार से पीएलआई योजना लाने की मांग

**नई दिल्ली।** चमड़ा और फुटवियर निर्यातकों के संगठन ने सरकार से रोजगार सृजन, घरेलू विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का विस्तार चमड़ा उद्योग तक करने की मांग की। चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलई) के चेयरमैन राजेंद्र जालान ने वित्त मंत्री के साथ बजट-पूर्व बैठक में यह मांग रखी। साथ ही सीएलई ने नम नीले चमड़े, क्रस्ट (टैनिंग के बाद सुखाए गए) चमड़े और तैयार चमड़े पर आयात शुल्क में छूट देने का आग्रह किया। जालान ने कहा, पीएलआई के लाभ में 6,000 करोड़ का निवेश और प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से 20 लाख अतिरिक्त रोजगार सृजन शामिल होगा।

### कर कटौती, शुल्क ढांचे को युक्तिसंगत बनाने की मांग

**नई दिल्ली।** विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों ने वित्त मंत्री निर्मला से अप्रत्यक्ष करों के बोझ को कम करने और शुल्क ढांचे को युक्तिसंगत बनाने का आग्रह किया। वित्त मंत्री के साथ उद्योग जगत के प्रतिनिधियों की बजट-पूर्व परामर्श बैठक दो घंटे चली। इसमें प्रतिनिधियों ने अपने-अपने उद्योगों के बारे में सरकार से बजट में जरूरी प्रावधान किए जाने की मांग रखी। निर्यातकों के संगठन फियो के अध्यक्ष अश्वनी कुमार ने वित्त मंत्री से ब्याज समानीकरण योजना को पांच वर्षों के लिए बढ़ाने का अनुरोध किया। यह योजना 30 जून, 2024 तक वैध है। कुमार ने कहा, दो साल में बढ़कर 6.5 प्रतिशत होने से ब्याज दरें बढ़ी हैं। ऐसी स्थिति में एमएसएमई क्षेत्र के निर्माताओं के लिए छूट दरों को 3 से 5 प्रतिशत तक बहाल किया जा सकता है।

### मनरेगा हो 200 दिन, कृषि को लाया जाए दायरे में

आरएसएस से जुड़े भारतीय मजदूर संघ ने मनरेगा में रोजगार की अवधि 200 दिन बढ़ाने और इसके दायरे में कृषि और सहयोगी क्षेत्रों को शामिल करने की मांग की है। मजदूर संघ ने केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कहा कि आशा, आंगनवाडी, मिड-डे मील और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए मानदेय बढ़ाया जाना चाहिए। बजट में ग्रामीण विकास, छोटे उद्योगों, विनिर्माण, निर्यात और आधारभूत ढांचा क्षेत्र पर जोर दिया जाना चाहिए। बैठक में मजदूर नेताओं ने कहा कि सभी पेंशन योजनाओं में अंतिम वेतन का 50% और महंगाई भत्ता सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

# 7 से 9% की दर से बढ़ सकता है एफएमसीजी

नई दिल्ली, एजेंसी

उपभोग को बढ़ावा देने और रोजगार उत्पन्न करने वाली सरकारी पहल के दम पर रोजमर्रा के उपभोग के सामान (एफएमसीजी) क्षेत्र की वृद्धि दर 7 से 9% रहने की उम्मीद है। एफएमसीजी की क्षमता व मजबूत सरकारी समर्थन तथा डिजिटल बदलाव पहल के साथ इसे अनिश्चितताओं से पार पाने और मजबूती की स्थिति प्रदान करती है।

आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में एफएमसीजी निरंतर वृद्धि के लिए तैयार है। 2024 में इसमें 7 से 9% की वृद्धि होगी। इस क्षेत्र को मुद्रास्फीति के दबाव, उपभोक्ता भरोसे में कमी तथा मौजूदा बेरोजगारी दर जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। एफएफसीजी का बढ़ता हुआ आर्थिक प्रभाव 9.1 लाख करोड़ से अधिक है। एफएफसीजी के लिए ऑनलाइन बिक्री माध्यम भी बढ़ रहे हैं....डी2सी (डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर) जैसे खंड डिजिटल बदलाव और उपभोक्ता खरीद व्यवहार को दर्शाते हैं। कॉरपोरेट इंडिया रिस्क इंडेक्स की रिपोर्ट के अनुसार ऐसे डिजिटलीकरण ने उद्योग की क्षमता तथा उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के प्रति इसको रेखांकित किया है।



- आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस की रिपोर्ट में किया गया है खुलासा

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 90900 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 73600 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54800-55000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 72,550 |
| सोना रवा | 72,300 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 90,500 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72300 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71300 |
| सिल्वर (पक्की) | 887 (अनुमानित) |

# दूरसंचार कंपनियों की नजर 4 स्पेक्ट्रम बैंड पर, नीलामी पहले दिन चौथे दौर में पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

- 10,500 मेगाहर्ट्ज मोबाइल सेवाओं के लिए 96,238 करोड़ की 10वीं नीलामी शुरू

दूरसंचार कंपनियों ने स्पेक्ट्रम नीलामी के पहले दिन चार स्पेक्ट्रम बैंड 900 मेगाहर्ट्ज, 1,800 मेगाहर्ट्ज, 2,100 मेगाहर्ट्ज और 2,500 मेगाहर्ट्ज में रुचि दिखाई। सूत्रों ने बताया कि मंगलवार सुबह शुरू हुई नीलामी दोपहर तीन बजे चौथे दौर में प्रवेश कर गई।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 10,500 मेगाहर्ट्ज मोबाइल सेवाओं के लिए 96,238 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की स्पेक्ट्रम नीलामी सुबह 10 बजे शुरू हुई। रेडियो तरंगों की बिक्री प्रक्रिया 2010 में ऑनलाइन शुरू होने के बाद से यह 10वीं स्पेक्ट्रम नीलामी है। आखिरी बार अगस्त, 2022 में नीलामी हुई थी, जिसमें पहली बार 5जी सेवाओं के लिए रेडियो तरंगें पेश की गई थीं। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने स्पेक्ट्रम नीलामी के लिए आठ मार्च को आवेदन आमंत्रण नोटिस (एनआईए) जारी किया था। संचार मंत्रालय ने घोषणा की कि विभिन्न बैंड में नीलामी के लिए रखे स्पेक्ट्रम की मात्रा 10,522.35 मेगाहर्ट्ज है। रिलायंस जियो ने नीलामी के लिए सबसे अधिक 3,000 करोड़ की बयाना राशि जमा की है। कंपनी अधिकतम बोली लगा सकती है। दूरसंचार विभाग के मुताबिक भारती एयरटेल ने 1,050 करोड़ और वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) ने 300 करोड़ की बयाना राशि जमा की है।

# परिधान क्षेत्र पीएलआई के दायरे में लाने पर विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को कहा कि सरकार कपड़ा उद्योग के लिए स्वीकृत 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का विस्तार परिधान क्षेत्र तक करने पर विचार कर रही है।

सिंह ने भारत अंतर्राष्ट्रीय परिधान मेला (आईआईजीएफ) में कहा कि कपड़ा निर्यात बढ़ाने के लिए अपार अवसर हैं और 50 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात का लक्ष्य होना चाहिए। सरकार ने 2021 में मानव-निर्मित रेशे (एमएमएफ) से बने परिधान, एमएमएफ कपड़े और तकनीकी वस्त्रों के उत्पादों का घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए पांच साल की अवधि में 10,683 करोड़ रुपये के स्वीकृत परिव्यय के साथ कपड़ा क्षेत्र के लिए पीएलआई योजना को मंजूरी दी थी। हम परिधान क्षेत्र को भी इस योजना के दायरे में लाने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय कपड़ा उद्योग का बाजार 165 अरब डॉलर का है और इसे 350 अरब डॉलर तक ले जाना है।

उन्होंने कहा कि मंत्रालय इस क्षेत्र में चीन से आगे निकलने के लिए रूपरेखा तैयार कर रहा है। मंत्री ने उद्योग को घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए हब और स्पोक मॉडल को अपनाने का सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा कि मैं उद्योग की बड़ी कंपनियों से भारत में छोटी कंपनियों के साथ जुड़ाव कायम करने की अपील करता हूं। मंत्रालय उनके मुद्दों को समझने के लिए बड़ी कंपनियों के साथ बैठकें करेगा। उन्होंने ई-कॉमर्स माध्यम से निर्यात बढ़ाने के अवसर तलाशने का भी आह्वान किया। पिछले साल ई-कॉमर्स के जरिये अंतरराष्ट्रीय व्यापार करीब 800 अरब डॉलर का था और 2030 तक इसके 2,000 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। साथ ही कपड़ा मंत्री ने उद्योग को वैश्विक ब्रांड का आपूर्तिकर्ता बनने के बजाय अपने खुद के ब्रांड स्थापित करने का सुझाव दिया। उन्होंने हरित वस्त्र और पुनर्चक्रण पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह भी दी।



- कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा- कपड़ा उद्योग के लिए 10 हजार करोड़ से अधिक स्वीकृत

## राष्ट्रीय

# कमियों को छिपाने के लिए अतीत का सहारा ले रहे मोदी

## कांग्रेस अध्यक्ष बोले- 10 वर्षों में 140 करोड़ भारतीयों पर लगाए गए अघोषित आपातकाल ने लोकतंत्र-संविधान पर किया प्रहार

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी अपनी कमियों को छिपाने के लिए अतीत का सहारा लेते रहते हैं जबकि 10 वर्षों में 140 करोड़ भारतीयों पर लगाए गए अघोषित आपातकाल ने लोकतंत्र और संविधान पर प्रहार किया है।

खरगे ने एक्स पर किए पोस्ट में कहा, देश भविष्य की ओर देख रहा है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी कमियों को छिपाने के लिए अतीत का सहारा लेते रहते हैं। 10 वर्षों में आपने 140 करोड़ भारतीयों को जो अघोषित आपातकाल का अहसास कराया, जिससे लोकतंत्र और संविधान पर प्रहार किया है। उन्होंने सवाल किया कि पार्टियों को तोड़ना, पिछले दरवाजे से चुनी सरकारों को गिराना, 95% विपक्षी नेताओं पर ईडी, सीबीआई, आईटी का दुरुपयोग करना, मुख्यमंत्री को जेल में डालना और चुनाव से पहले सत्ता का इस्तेमाल करके समान अवसर को खराब करना - क्या यह अघोषित आपातकाल नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी सहमति और सहयोग की बात करते हैं, लेकिन उनके काम इसके उलट हैं। जब विपक्ष के 146 सांसदों को संसद से निलंबित किया गया और तीन कानून पारित किए गए, तब सहमति शब्द कहां था। विपक्ष से पूछे बिना महान हस्तियों की मूर्तियों को एक कोने में शिफ्ट कर दिया गया, जब 15 करोड़ किसान परिवारों पर तीन काले कानून थोपे गए और उन्हें सड़क पर बैठने के लिए मजबूर किया गया, तब सहमति शब्द कहां था। चाहे नोटबंदी हो, लॉकडाउन हो या फिर चुनावी बांड कानून हो, ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं, जिन पर मोदी सरकार ने सहमति या सहयोग का इस्तेमाल नहीं किया। विपक्ष की तो बात ही छोड़िए, अपने ही नेताओं को अंधेरे में रखा गया। भाजपा ने लोकतंत्र और संविधान को बर्बाद कर दिया है जबकि कांग्रेस ने हमेशा लोकतंत्र एवं संविधान का समर्थन किया है।



- उन्होंने सवाल किए- पार्टियों को तोड़ना, सरकारों को गिराना क्या यह अघोषित आपातकाल नहीं

### एक परिवार को सत्ता में बनाए रखने के लिए कांग्रेस ने संविधान की भावना को कुचला



**नई दिल्ली।** भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आपातकाल लगाने के लिए मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि विपक्षी ने एक खास परिवार को सत्ता में बनाए रखने के लिए संविधान की भावना को कई बार कुचला। 1975 में लगाए गए आपातकाल के 49 साल पूरे होने के मौके पर शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्हें पार्टी का युवराज करार दिया और कहा कि वह भूल गए हैं कि उनकी दादी इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया था और उनके पिता राजीव गांधी ने संसद में 23 जुलाई 1985 को कहा था कि आपातकाल में कुछ भी गलत नहीं था। उन्होंने एक्स किए पोस्ट में कहा, एक खास परिवार को सत्ता में बनाए रखने के लिए कांग्रेस ने संविधान की भावना को कई बार कुचला। इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान भारत के लोगों पर निर्मम अत्याचार किए। राजीव गांधी ने तो यहां तक कहा था, अगर देश का प्रधानमंत्री जो यह महसूस करता है कि इन परिस्थितियों में आपातकाल जरूरी है और फिर वह आपातकाल लागू नहीं करता है, तो वह प्रधानमंत्री बनने योग्य नहीं है।

# कोच्चि से लंदन जाने वाले विमान में बम की धमकी, संदिग्ध को पुलिस को सौंपा गया

कोच्चि, एजेंसी

लंदन जाने वाले एअर इंडिया के विमान में सोमवार देर रात बम की मिली धमकी तलाशी के बाद फर्जी निकली और प्राधिकारियों ने धमकी भरा फोन करने के संदेह में 29 वर्षीय एक व्यक्ति को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया गया।

कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा कर्मियों ने विमान की तलाशी ली और कोई खतरा नहीं पाया जिसके बाद विमान को उड़ान की अनुमति दी गयी। मुंबई में एअर इंडिया के कॉल सेंटर पर सोमवार देर रात उड़ान एआई 149 के लिए बम की धमकी का फोन आया। इस विमान को कोच्चि से लंदन के लिए उड़ान भरनी थी। सूचना रात 11.22 बजे मिली जो एअर इंडिया और कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (सीआईएएल) को दी गयी। सीआईएएल पर बम धमकी आकलन समिति (बीटीएसी) को बुलाया गया। हवाई अड्डा सुरक्षा समूह, एयरलाइन सुरक्षा कर्मियों और सामान जांच प्रणाली ने जांच की। बीटीएसी की सिफारिशों पर विमान को अलग स्थान पर ले जाया गया और तलाशी ली गयी। मुंबई के कॉल सेंटर पर धमकी भरा फोन करने वाले व्यक्ति की पहचान करने के प्रयास किए गए। जांच में खुलासा हुआ कि मलप्पुरम जिले के कोंडोट्टी निवासी सुहैब (29) ने यह फोन किया था जिसे एआई 149 उड़ान से लंदन जाना था। कोचीन हवाई अड्डे के टर्मिनल पर प्रवेश के दौरान एएसजी ने सुहैब, उसकी पत्नी तथा बेटी को रोक लिया। उसे पुलिस को सौंप दिया गया है।

### नागपुर हवाई अड्डे को दूसरी बम की धमकी मिली

**नागपुर।** डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को मंगलवार तड़के 24 घंटे में दूसरी बार बम की धमकी मिली, लेकिन तलाशी में कुछ भी नहीं मिला। हवाई अड्डे के अधिकारी ने बताया कि आधी रात के कुछ देर बाद शौचालय में बम होने का ईमेल मिला था। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को सोमवार सुबह भी इसी तरह का धमकी भरा ईमेल मिला था। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों ने हवाई अड्डे पर तलाशी ली पर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। देश के जिन 40 से अधिक हवाई अड्डों को 18 जून को बम होने की झूठी धमकी मिली थी उनमें नागपुर हवाई अड्डा भी शामिल था। इसे इसी तरह की धमकी अप्रैल में भी मिली थी जो बाद में झूठी निकली।

## एक नजर

### प्रज्ज्वल रेवन्ना फिर से 4 दिन की हिरासत में

**बेंगलुरु।** जनता दल (एस) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को यौन उत्पीड़न के मामले में फिर से पुलिस की हिरासत में भेज दिया गया है। उसकी पुलिस रिमांड की अवधि 29 जून तक बढ़ाई गई है। रेवन्ना के खिलाफ कई महिलाओं के यौन शोषण करने और उनकी वीडियो बनाने का आरोप है। सीआईडी साइबर अपराध मामले में रेवन्ना की पुलिस हिरासत 29 जून तक बढ़ा दी है। रेवन्ना को 31 मई को जर्मनी से लौटने के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया था।

### लखीसराय में महिला नक्सली गिरफ्तार

**लखीसराय।** बिहार में लखीसराय जिले के चानन थाना क्षेत्र से पुलिस ने मंगलवार सुबह महिला नक्सली रानी देवी उर्फ रानी कोड़ा को गिरफ्तार कर लिया। एसपी पंकज कुमार ने यहां बताया कि सूचना पर गोबरदाहा कोड़ासी इलाके में छापेमारी की गयी। मौके से महिला नक्सली रानी देवी उर्फ रानी कोड़ा को गिरफ्तार कर लिया गया। रानी देवी जिले के चानन थाना क्षेत्र के गोबरदाहा गांव की रहने वाली है।रानी देवी का पति विशुनदेव कोड़ा भी नक्सली है, जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। रानी कोड़ा, नक्सली अर्जुन कोड़ा और बालेश्वर कोड़ा की सहयोगी रही है। रानी देवी के विरूद्ध कई मामले दर्ज हैं।

# एनएचआरसी ने डीजीपी को नोटिस भेजा सीबी-सीआईडी ने जांच की तेज

**तमिलनाडु शराब हादसा**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने तमिलनाडु सरकार और प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर कल्लाकुरिची जिले में हुये जहरीली शराब हादसे में एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के लिये कहा है। आयोग के अनुसार कल्लाकुरिची जहरीली शराब त्रासदी में मरने वालों की संख्या सोमवार को 59 हो गई, जबकि इससे पीड़ित 219 लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। एनएचआरसी ने जारी बयान में कहा कि उसने मीडिया में आयी खबरों पर स्वत: संज्ञान लिया है। वहीं सलेम के सरकारी मोहन कुमारमंगलम मेडिकल कॉलेज में एक और व्यक्ति की मौत के साथ मृतकों की संख्या 59 हो गई। सीबी-सीआईडी ने पीड़ितों के बयान दर्ज करके जांच तेज कर दी है। मामले की जांच कर रही सीबी-सीआईडी ने अब तक 12 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है।

# मकान में आग लगने से परिवार के 4 लोगों की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के द्वारका में प्रेम नगर इलाके के मकान में आग लगने से एक परिवार के 4 लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि विभाग को देर रात साढ़े तीन बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दो दमकल गाड़ियों को भेजा गया। मृतकों में हीरा सिंह कक्कड़ (48), उसकी पत्नी नीतू (40) और उनके बेटे रॉबिन (22) और लक्ष्य (21) है। कक्कड़ फोटोग्राफर था और घर का मालिकाना हक उसके परिवार के पास था। डीएफएस के अधिकारी ने बताया कि आग दो मंजिला इमारत की पहली मंजिल पर इन्वर्टर में लगी जो पास रखे सोफे तक फैल गई। आग लगने के कारण दम घुटने से चार लोगों की मौत हो गई।

### सफदरजंग अस्पताल में लगी आग, नर्स को बचाया

**नई दिल्ली।** सफदरजंग अस्पताल में पुराने आपात चिकित्सा भवन के भंडार कक्ष में मंगलवार को आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन विभागके अधिकारियों ने बताया कि भवन की तीसरी मंजिल से नर्स को उतारकर सुरक्षित बाहर लाया गया। अस्पताल के अधिकारी ने बताया कि आग से किसी मरीज पर कोई असर नहीं पड़ा है। डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि सुबह 10.40 बजे पर आग लगने की सूचना मिली।

# परीक्षा सुधारों पर केंद्र की समिति अभिभावकों, छात्रों से बात करेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

**नीट और नेट विवाद**



- राधाकृष्णन बोले- परीक्षा करने के लिए बनानी होगी मजबूत प्रणाली
- इसरो के पूर्व प्रमुख की सात सदस्यीय समिति ने की बैठक

प्रतियोगी परीक्षाएं 'नीट' और 'नेट' में कथित गड़बड़ी को लेकर उपजे विवाद के बीच, परीक्षा सुधारों पर शिक्षा मंत्रालय की समिति परीक्षा प्रक्रिया से जुड़ी चिंताओं और चुनौतियों को समझने के लिए अभिभावकों एवं छात्रों के साथ बातचीत करेगी।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख आर. राधाकृष्णन की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय समिति ने अपनी पहली बैठक सोमवार शाम को की। राधाकृष्णन ने मंगलवार को कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता छात्रों और अभिभावकों से उनकी चिंताओं और सुझावों को जानना है। जहां तक संभव हो व्यक्तिगत रूप से या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से उनसे जुड़ने जा रहे हैं। अगली प्राथमिकता परीक्षा शुरू करने के लिए शीघ्रता से एक मजबूत प्रणाली बनाना है। एक मजबूत, त्रुटिरहित और एक ऐसी प्रणाली विकसित करने पर गौर कर रहे हैं जो छात्रों की परेशानी और तनाव को कम करेगा। सूत्रों के अनुसार, समिति मौजूदा स्थिति और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा सामना की जा रही चुनौतियों का जायजा लेगी। समिति को एजेंसी की मौजूदा प्रक्रियाओं और कामकाज से अवगत कराया गया। समिति ने एनटीए के माध्यम से होने वाली परीक्षाओं और उम्मीदवारों के आंकड़ों पर भी गौर किया। समिति ने गौर किया कि कौन सी परीक्षा कागज-कलम और कौन सी कंप्यूटर से कराई जाए।

### समिति के सुझाव होंगे लागू

बैठक के दौरान समिति ने साइबर सुरक्षा के मुद्दों और डार्कनेट द्वारा उत्पन्न चुनौतियों पर भी चर्चा की, जहां यूजीसी-नेट परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हुआ था। प्रश्नपत्र लीक होने के बाद इसके अगले ही दिन शिक्षा मंत्रालय ने इसको रद कर दिया था। मंत्रालय के अनुसार, समिति के सुझाए सुधारों को अगले सत्र की परीक्षा में लागू किये जाने की संभावना है। समिति दो महीने में रिपोर्ट सौंप देगी और अगले सत्र की परीक्षा तक के लागू करने के लिए मंत्रालय योजना तैयार कर सकता है।

# कोर्ट ने नाबालिग आरोपी को छोड़ने का दिया आदेश

मुंबई, एजेंसी

**पोर्श दुर्घटना मामला**



बंबई हाईकोर्ट ने मंगलवार को आदेश दिया कि पिछले महीने पुणे में पोर्श कार दुर्घटना में कथित रूप से शामिल 17 वर्षीय आरोपी को सुधार गृह से तुरंत छोड़ दिया जाए। आरोपी लड़के को महाराष्ट्र के पुणे शहर में एक निगरानी गृह में रखा गया है। पुलिस का दावा है कि 19 मई की सुबह शराब के नशे में कार चला रहे किशोर ने एक दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी थी, जिससे दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी।

न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) द्वारा नाबालिग को निगरानी गृह भेजने के आदेश को रद कर दिया। पीठ ने याचिका को स्वीकार करते हुए लड़के को छोड़ने का आदेश दिया और कहा कि नाबालिग आरोपी याचिकाकर्ता (चाची) की देखरेख में रहेगा। जेजेबी के रिमांड आदेश अवैध थे और अधिकार क्षेत्र के बिना पारित थे। अदालत ने कहा कि दुर्घटना के बाद लोगों की प्रतिक्रिया और आक्रोश के बीच आरोपी की उम्र पर विचार नहीं किया गया। आरोपी 18 वर्ष से कम उम्र का है इसलिए उसकी उम्र पर विचार किया जाना चाहिए।

पीठ ने कहा कि न्यायालय कानून, किशोर न्याय अधिनियम के उद्देश्यों और प्रावधानों से बंधा हुआ है तथा उसे अपराध की गंभीरता के बावजूद, कानून का उल्लंघन करने वाले किसी नाबालिग आरोपी के साथ वयस्क से अलग व्यवहार करना चाहिए। आरोपी पहले से ही पुनर्वास के दौर से गुजर रहा है जो कि प्राथमिक उद्देश्य है और उसे पहले ही मनोवैज्ञानिक के पास भेजा जा चुका है तथा यह सिलसिला जारी रहेगा। यह आदेश 17 वर्षीय लड़के की चाची द्वारा दायर याचिका पर पारित किया गया, जिसमें दावा किया गया था कि किशोर को अवैध रूप से हिरासत में लिया गया और उसे तत्काल रिहा करने का अनुरोध किया गया।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा में अनियमितता का आरोप, कांग्रेस ने की जांच की मांग

रायपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीजी-टीईटी) 2024 के दौरान धमतरी जिले के केंद्र में अनियमितता का आरोप लगाते हुए मंगलवार को जांच कराने की मांग की। बघेल ने संबंधित केंद्र के अभ्यर्थियों को परीक्षा में फिर से बैठने का मौका देने की भी मांग की।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 23 जून को आयोजित सीजी टीईटी परीक्षा हुई थी। बघेल ने दावा किया कि धमतरी के भखारा केंद्र महर्षि वेदव्यास शासकीय महाविद्यालय में सीजी-टीईटी परीक्षा के आयोजन में अनियमितताएं सामने आई हैं। इस केंद्र पर अपराह्न दो बजे से शाम 4:45 बजे तक दूसरी पाली में 400 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए।

### एसआई प्रश्नपत्र लीक मामला : मुख्य आरोपी को 7 दिन की हिरासत में

**जम्मू।** जम्मू की विशेष न्यायाधीश बाला ज्योति ने मंगलवार को 2022 के जेकेएसएसबी उप-निरीक्षक भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले के मुख्य आरोपी को सात दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। हरियाणा के रेवाड़ी निवासी यतिन यादव को गिरफ्तार किया गया था।

# भारत एवं चीन में एफडीए के दवा निरीक्षण कार्यक्रम पर उठे सवाल

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी सांसदों ने कहा- भारत में 24 निरीक्षणों में नहीं मिला एक भी अनुपालन का मुद्दा

अमेरिका के तीन शीर्ष सांसदों ने भारत और चीन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) के विदेशी दवा निरीक्षण कार्यक्रम पर सवाल खड़ा किया है। एफडीए आयुक्त रॉबर्ट कैलिफ को भेजे पत्र में इन सांसदों ने लिखा कि निरीक्षण के नतीजों में अंतर संस्थागत कमियों तथा एफडीए के विदेशी दवा निरीक्षण कार्यक्रम में विसंगति का एक अन्य उदाहरण जान पड़ता है।

प्रतिनिधि सभा की ऊर्जा एवं वाणिज्य विषयक समिति की अध्यक्ष कैथी मैकमोरिस रॉजर्स, स्वास्थ्य विषयक उपसमिति के अध्यक्ष ब्रेट गुथरी, निगरानी एवं निरीक्षण विषयक उपसमिति के अध्यक्ष मॉर्गन ग्रिफिथ ने जनवरी 2014 से अप्रैल 2024 तक भारत और चीन में एफडीए के निरीक्षण के नतीजों का विश्लेषण करने के बाद 21 मई को यह पत्र लिखा। उन्होंने लिखा इस विश्लेषण के परिणाम आश्चर्यजनक हैं और निरीक्षण नतीजों में भारी अंतर उजागर करते हैं। कुछ एफडीए निरीक्षकों ने अपने सभी या करीब-करीब सभी निरीक्षणों में अनुपालन का मुद्दा पाया। अन्य निरीक्षकों को बमुश्किल ही कोई अनुपालन मुद्दा मिला। दो निरीक्षकों को भारत में कुल 24 निरीक्षणों के दौरान एक भी अनुपालन मुद्दा नहीं मिला।

# नासा ने अंतरिक्ष पर चहलकदमी की योजना की रद

**वाशिंगटन।** नासा ने एक अंतरिक्ष यात्री के स्पेससूट से पानी के रिसाव के बाद अंतरिक्ष में चहलकदमी की योजना रद कर दी है। स्पेससूट अंतरिक्ष में अंतरिक्ष यात्रियों द्वारा पहना जाने वाला विशेष परिधान होता है।

यात्रियों ट्रेसी डायसन और माइक बैरेट ने अंतरिक्ष स्टेशन के एयरलॉक के हैच को खोला तभी डायसन ने अपने स्पेससूट की शीतलन प्रणाली से पानी के रिसाव की सूचना दी जिसके बाद अंतरिक्ष पर चलहकदमी की योजना रद कर दी गई। बैरेट ने कहा यहां अब हर जगह पानी है। नासा ने बताया कि दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को कोई खतरा नहीं है।

# अमेरिका की खुफिया जानकारी लीक करने वाले असांजे रिहा

वाशिंगटन, एजेंसी



- ब्रिटिश जेल से छूटे, देर शाम लंदन से पकड़ी उड़ान

## अमेरिका के साथ समझौते के तहत आरोप स्वीकार करेंगे

**वाशिंगटन।** विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे अमेरिकी न्याय विभाग के साथ किए गए एक समझौते के तहत एक गंभीर आरोप स्वीकार करेंगे जिससे गोपनीय दस्तावेज प्रकाशित करने से जुड़े उस कानूनी मामले का निपटारा हो जाएगा जो कई महाद्वीपों में चर्चा का विषय बना रहा। सोमवार देर रात को दायर अदालती दस्तावेजों में यह जानकारी दी गई। न्याय विभाग ने अदालत में दायर एक पत्र में कहा कि असांजे अमेरिका के अधिकार क्षेत्र वाले मारियाना द्वीप की संघीय अदालत में पेश होंगे जहां वह राष्ट्र की सुरक्षा से जुड़ी गोपनीय सूचना को अवैध रूप से हासिल करने और प्रसारित करने की साजिश रचने को लेकर जासूसी अधिनियम के तहत आरोप स्वीकार करेंगे।

विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे को ब्रिटिश जेल से रिहा कर दिया गया है। ब्रिटिश अखबार द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार विकीलीक्स ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें असांजे वह सोमवार शाम को लंदन के स्टैनस्टेड हवाई पर विमान में सवार होते हुए दिखाई दे रहे हैं।

यह घोषणा उस खबर के तुरंत बाद की गई, जिसमें बताया गया था कि असांजे इस सप्ताह के अंत में अमेरिका के जासूसी कानून का उल्लंघन करने के लिए दोषी होने की दलील देने वाले हैं। इस समझौते के तहत वह अपने गृह देश ऑस्ट्रेलिया वापस लौट सकेंगे। अमेरिकी अभियोजकों ने अदालती दस्तावेजों में कहा कि 52 वर्षीय असांजे ने वर्गीकृत अमेरिकी राष्ट्रीय रक्षा दस्तावेजों को प्राप्त करने और प्रसारित करने की साजिश रचने के एक आपराधिक मामले में दोषी होने की दलील देने पर सहमति व्यक्त की है। द गार्जियन ने अपनी रिपोर्ट में उत्तरी मारियाना द्वीप समूह के लिए अमेरिका के जिला न्यायालय में दाखिल दस्तावेजों का हवाला दिया। अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा दायर पत्र में कहा गया है प्रतिवादी अमेरिका की राष्ट्रीय रक्षा से संबंधित वर्गीकृत जानकारी को अवैध रूप से प्राप्त करने और प्रसारित करने की साजिश रचने के (आपराधिक) सूचना के आरोप में दोषी होने की दलील देगा। अमेरिका यह कहते रहा है कि इराक और अफगानिस्तान युद्धों के बारे में जानकारी का खुलासा करने वाली विकीलीक्स फाइलों ने लोगों की जान को खतरे में डाला। चीन की शिन्हुआ न्यूज एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पत्र के साथ दायर की गई आपराधिक जानकारी में कहा गया है कि असांजे ने चेल्सी मैनिंग के साथ जानबूझकर और गैरकानूनी तरीके से साजिश रची और राष्ट्रीय रक्षा से जुड़े दस्तावेज, लेखन और नोट्स प्राप्त किए तथा जानबूझकर दस्तावेजों को उन लोगों को भेजा जो उन्हें प्राप्त करने के हकदार नहीं थे। बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि असांजे ने पिछले पांच साल ब्रिटिश जेल में बिताए।

## एक नजर

### इराकी मिलिशिया नेता ने अमेरिका को दी धमकी

**बगदाद।** ईरान के नजदीकी माने जाने वाले इराकी शिया मिलिशिया असैब अहल अल-हक़ के नेता कैस अल-खजाली ने धमकी दी है कि अगर अमेरिका लेबनान के हिज्बुल्लाह के खिलाफ इजराइली हमले का समर्थन करता है, तो वह इराक और पश्चिमोत्तर क्षेत्र में अमेरिकी हितों पर हमला करेगा। अल खजाली ने सोमवार को एक टेलीविजन पर यह धमकी दी। खजाली ने कहा कि अमेरिका को पता होना चाहिए कि वह इस क्षेत्र और इराक में अपने सभी हितों को हमले और खतरे के दायरे में ला रहा है। 7 अक्टूबर, 2023 को गाजा संघर्ष के शुरू होने के बाद से इराक में इस्लामिक प्रतिरोध (जो ईरान समर्थित इराकी मिलिशिया का एक छत्र निकाय है) ने इस क्षेत्र में इजराइल और अमेरिकी ठिकानों पर कई हमले किए हैं।

### भारतीय मिस्त्री ने दुबई में 2.25 करोड़ का जैकपॉट जीता

**दुबई।** भारत के 46 वर्षीय इलेक्ट्रिशियन ने सालों तक पैसों की बचत करने और समझदारी से निवेश करने के बाद दुबई में तकरीबन 2 .25 करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार जीता है। खलीज टाइम्स में मंगलवार को प्रकाशित एक खबर के अनुसार, आंध्र प्रदेश के नागेंद्रम बोरुगद्दा 2019 से नेशनल बॉन्ड में 100 दिरहम का निवेश कर रहे हैं। 2017 से संयुक्त अरब अमीरात में रह रहे बोरुगद्दा की 18 वर्षीय एक बेटी और 16 वर्षीय एक बेटा है। अखबार ने बोरुगद्दा के हवाले से कहा मैं अपने परिवार को बेहतर जिंदगी देने और अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा मुहैया कराने के लिए संयुक्त अरब अमीरात आया था। यह जीत किसी सपने की तरह लगती है।

### हज यात्रा के वीजा के दुरुपयोग पर चेतावनी

**रियाद।** सऊदी अरब ने अन्य देशों की पर्यटन कंपनियों पर विजिट वीजा धारकों को हज यात्रा में भाग लेने के लिए गुमराह करने का आरोप लगाया है। सऊदी प्रेस एजेंसी के अनुसार सऊदी गृह मंत्रालय के सुरक्षा प्रवक्ता तलाल शल्हौब ने कहा कि उन कंपनियों ने हज के लिए वीजा जारी नहीं किया बल्कि उन्हें हज शुरू होने से दो महीने पहले मक्का में रहकर नियमों का उल्लंघन करने के लिए प्रोत्साहित किया। हज परमिट केवल एक ट्रांजिट कार्ड नहीं है बल्कि एक महत्वपूर्ण उपकरण है।

# परमाणु कार्यक्रम को लेकर तेहरान और मास्को का विरोध

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में अमेरिका व सहयोगी देशों ने समझौते का उल्लंघन बताया

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी



संयुक्त राष्ट्र में सुरक्ठक्षा परिषद की बैठक में उपस्थित संरा क अध्यक्ष।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में सोमवार को अमेरिका और उसके प्रमुख यूरोपीय सहयोगियों ने तेहरान के बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर ईरान और रूस का विरोध किया। अमेरिका ने ईरान को परमाणु हथियार संपन्न होने से रोकने के लिए सभी आवश्यक साधनों का उपयोग करने का संकल्प जताया।

अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी ने ईरान पर आरोप लगाया कि वह अपनी परमाणु गतिविधियों को, परमाणु हथियार विकसित करने से रोकने के उद्देश्य से 2015 के समझौते में तय की गई सीमाओं से कहीं अधिक बढ़ा रहा है और संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था, अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के साथ सहयोग करने में विफल रहा है। ईरान और रूस ने अमेरिका और उसके सहयोगियों पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने का आरोप लगाया, जिन्हें समझौते के तहत हटा दिया जाना था। दोनों देशों ने जोर देकर कहा कि तेहरान का परमाणु कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अभिकरण (आईएईए) की निरंतर निगरानी में है। यह टकराव ईरान और छह प्रमुख देशों - अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी - के बीच परमाणु समझौते के कार्यान्वयन पर अर्ध-वार्षिक बैठक के दौरान हुआ, जिसे संयुक्त व्यापक कार्य योजना के रूप में जाना जाता है। तेहरान ने आर्थिक प्रतिबंधों को हटाने के बदले में परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग के लिए आवश्यक स्तर तक यूरेनियम संवर्धन को सीमित करने पर सहमति व्यक्त की थी। वर्ष 2018 में तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को समझौते से यह कहते हुए अलग कर लिया था कि वह और कड़ा समझौता करेंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बैठक मई के अंत में आईएईए की रिपोर्ट के बाद हुई जिसमें कहा गया था कि ईरान के पास 60 प्रतिशत शुद्धता तक संवर्धित 142 किलोग्राम (313 पाउंड) से अधिक यूरेनियम है।

### अमेरिका ईरान को रोकने के लिए तैयार : वुड

अमेरिकी उप राजदूत रॉबर्ट वुड ने परिषद को बताया कि आईएईए की रिपोर्ट दिखाती है कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को ऐसे तरीकों से विस्तारित करने के लिए दृढ़ है, जिनका कोई विश्वसनीय असैन्य उद्देश्य नहीं है। अमेरिका ईरान को परमाणु-सशस्त्र बनाने से रोकने के लिए तैयार है। उनका देश कूटनीति के माध्यम से ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी अंतर्राष्ट्रीय चिंताओं को हल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) में अब तक मौजूद तीन पश्चिमी देशों - फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन - ने परिषद की बैठक के बाद एक संयुक्त बयान जारी किया।

# सुनक ने सट्टे में फंसे दो उम्मीदवारों से पार्टी का समर्थन वापस लिया

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने आम चुनाव की तारीख को लेकर सट्टा लगाने के आरोपों का सामना कर रहे कंजर्वेटिव पार्टी के अपने दो सहयोगियों से पार्टी का समर्थन वापस लेने का मंगलवार को फैसला किया। यह कदम चार जुलाई को होने वाले चुनाव से पहले उठाया गया है। इससे पहले यह विवाद कई दिनों तक प्रचार अभियान की सुर्खियों में छाया रहा और विपक्ष आरोपियों के निलंबन की मांग कर रहा था।

कंजर्वेटिव पार्टी प्रवक्ता ने पुष्टि की है कि पार्टी उम्मीदवार क्रेग विलियम्स और लॉरा सॉन्डर्स को अब क्रमशः वेल्स में मोंटगोमेरीशायर एंड ग्लाइंडर तथा इंग्लैंड में ब्रिस्टल नॉर्थ वेस्ट से सांसद के रूप में चुनाव लड़ने के लिए पार्टी का समर्थन नहीं होगा। कंजर्वेटिव पार्टी के प्रवक्ता ने कहा आंतरिक जांच के परिणामस्वरूप, हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि हम आगामी आम चुनाव में संसदीय उम्मीदवार के रूप में क्रेग विलियम्स या लॉरा सॉन्डर्स का समर्थन नहीं कर सकते। प्रवक्ता ने कहा हमने गैंबलिंग कमीशन से पड़ताल की है कि यह निर्णय उनकी जांच को प्रभावित नहीं करता है।

# केन्या में टैक्स से नाराज प्रदर्शनकारी संसद में घुसे



नैरोबी में प्रदर्शन करते प्रदर्शनकारी।

नैरोबी (केन्या), एजेंसी

- इमारत के एक हिस्से में लगाई आग, टैक्स को लेकर किया जा रहा प्रदर्शन
- सांसदों को वहां से निकाला जा रहा, पुलिस ने नैरोबी में प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं

केन्या में टैक्स को लेकर प्रदर्शन कर रहे हजारों प्रदर्शनकारी संसद में घुस गए हैं और इमारत के एक हिस्से में आग लग गई है। सांसदों को वहां से निकाला जा रहा है। पुलिस ने इससे पहले मंगलवार को राजधानी नैरोबी में प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं। प्रदर्शन में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया और उनकी मांग थी कि सांसद एक विवादास्पद वित्त विधेयक में प्रस्तावित नए करों के खिलाफ मतदान करें। पिछले सप्ताह विरोध प्रदर्शनों में दो लोगों की मौत हो गई थी, लेकिन मंगलवार को किसी के हताहत होने की तत्काल कोई जानकारी नहीं है। केन्या के लोगों द्वारा दान की गई सामग्री के साथ चिकित्सकों ने विभिन्न शहरों में अस्थायी आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र स्थापित किए हैं। विरोध प्रदर्शन का यह दौर तब शुरू हुआ जब सांसदों ने नए करों की पेशकश करने वाले वित्त विधेयक पर मतदान किया। इन नये करों में इको-लेवी भी शामिल है जो सैनेटरी पैड और डायपर जैसी वस्तुओं की कीमत बढ़ाएगी।

# भारत और अमेरिका के संबंध तेजी से आगे बढ़ रहे : गार्सेटी

ओक्सन हिल (अमेरिका), एजेंसी

- भारत में अमेरिका के राजदूत ने सेलेक्ट यूएसए इन्वेस्टमेंट समिट के इतर कार्यक्रम में की टिप्पणी

भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा कि भारत-अमेरिका के बीच रिश्ते पहले कभी इतने अच्छे नहीं रहे जितने आज हैं और दोनों रणनीतिक साझेदारों के बीच संबंध बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। गार्सेटी ने सोमवार को सेलेक्ट यूएसए इन्वेस्टमेंट समिट के इतर एक कार्यक्रम में ये टिप्पणियां कीं जिसमें सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल भारत से है।

गार्सेटी ने वाशिंगटन में हुई एक बैठक में कहा यह (भारत-अमेरिका) ऐसा रिश्ता है जो बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमारा कभी भारत के साथ इतना करीबी रिश्ता नहीं रहा। भारतीय मूल के अमेरिकियों की संख्या अब हमारी आबादी का करीब 1.5 प्रतिशत है और वे अमेरिका में छह फीसदी कर का भुगतान करते हैं। यह अमेरिका में सबसे सफल प्रवासी समुदाय है। इस कार्यक्रम में भारत के एसडब्ल्यू स्टील ने टेक्सास के बेटाउन में 14 करोड़ डॉलर निवेश करने की अपनी योजना की घोषणा की। गार्सेटी ने कहा अब अमेरिकी भारतीय ब्रांड और भारतीय कंपनियों से अधिक परिचित हो रहे हैं...हम एक साथ मिलकर तीसरे देशों, बुनियादी ढांचों, ऊर्जा, जलवायु समाधानों में निवेश कर रहे हैं। उन्होंने जेएसडब्ल्यू स्टील की घोषणा पर कहा कि इस प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) से 800 से अधिक अमेरिकी कर्मियों को नौकरियां मिलेंगी। हजारों निवेशकों, कंपनियों, आर्थिक विकास संगठनों (ईडीओ) और उद्योग विशेषज्ञों को कारोबारी निवेश की सुविधा प्रदान करने के लिए सेलेक्ट यूएसए इन्वेस्टमेंट समिट अमेरिका में एक उच्च स्तरीय कार्यक्रम है।


# हूती गिरोह के पूर्व नेता को 35 साल कैद की सजा सुनाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक न्यायाधीश ने 400 मावोजो के नाम से कुख्यात हूती गिरोह के पूर्व नेता को हथियारों की तस्करी करने और अमेरिकी बंधकों की फिरौती से एकत्र धन को सफेद करने के लिए दोषी ठहराए जाने के बाद 35 साल जेल की सजा सुनाई है।

अमेरिका के न्याय विभाग ने कहा क्रोक्स-डेस-बौकेट्स हूती के 31 वर्षीय जोली जर्मिन को आज 420 महीने जेल की सजा सुनाई गई। उसे यह सजा अमेरिकी निर्यात कानूनों का उल्लंघन करके हूती समूह को हथियारों की तस्करी और कुख्यात हिंसक हूती गिरोह 400 मावोजो द्वारा पकड़े गए अमेरिकी बंधकों के लिए भुगतान की गई फिरौती की लूट को लेकर सुनायी गयी। जर्मिन पर अमेरिका में कम से कम 24 बंदूक को खरीदने के प्रयास में उसकी भूमिका थी। इसमें एके-47, एआर-15एस, एक एर4 कार्बाइन राइफल, एक एम1ए राइफल और एक .50 कैलिबर राइफल शामिल हैं।

# नमूने लेकर पृथ्वी पर लौटा चीनी चंद्रयान

बीजिंग, एजेंसी



चीन का चांग ए 6 अंतरिक्ष यान पहली बार चंद्रमा के सुदूर एवं अंधेरी सतह से चट्टान और मिट्टी के नमूने एकत्रित करने का ऐतिहासिक मिशन पूरा करने के बाद मंगलवार को पृथ्वी पर लौट आया। यह चीन के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक प्रमुख उपलब्धि है।

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने चांग ए 6 मिशन की सफलता पर बधाई दी। चीन का इस तरह के क्षेत्र से नमूने एकत्रित करने वाला पहला अभियान है। इससे पहले भारत अगस्त 2023 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र के समीप उतरने वाला पहला देश बन गया था। उसका चंद्रयान-3 का लैंडर सफलतापूर्वक वहां उतरा था। पृथ्वी के इकलौते उपग्रह चंद्रमा का यह वह हिस्सा है जिसके बारे में अभी अधिक जानकारी नहीं है। चीन चंद्रमा के सुदूर हिस्से में उतरने वाला इकलौता देश है। इससे पहले उसने 2019 में ऐसा किया था। चंद्रमा का निकटतम भाग चंद्र गोलार्ध है जो हमेशा सुदूर भाग के विपरीत यानी पृथ्वी की ओर होता है। ऐसा माना जाता है कि चंद्रमा के सुदूर भाग पर पर्वत और गड्ढे हैं जो कि निकटतम भाग पर दिखायी देने वाली अपेक्षाकृत सपाट सतह से अलग है। सीएनएसए ने बताया कि इस अंतरिक्ष यान को विमान से बीजिंग ले जाया जाएगा और वैज्ञानिकों का एक दल चंद्रमा से एकत्रित किए नमूनों का भंडारण करेगा। उम्मीद है कि चांग ए 6 यान चंद्रमा की दो किलोमीटर तक की धूल के कणों और सुदूर हिस्से की चट्टानों के साथ पृथ्वी पर लौटा है जिसका विश्लेषण चीनी अनुसंधानकर्ता करेंगे।

### चांग ए 6 मिशन को 3 मई को प्रक्षेपित किया गया था

चांग ए चंद्र मिशन का नाम चीन की पौराणिक चंद्रमा देवी के नाम पर रखा गया है। एक ऑर्बिटर, एक रिटर्नर, एक लैंडर और एक आरोहक के साथ चांग ए 6 मिशन को इस साल 3 मई को प्रक्षेपित किया गया था। पहली बार दक्षिणी ध्रुव-एटकेन बेसिन नामक एक विशाल गड्ढे में 2 जून को उतरा और उसने नमूने एकत्रित किए। यह 4 जून को चंद्रमा के एक क्षेत्र से पहली बार चट्टान के नमूने लेकर वापस लौटा।


# 10 भारतीय मछुआरे गिरफ्तार, श्रीलंकाई नाविक की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका की समुद्री सीमा में अवैध रूप से मछली पकड़ने में लगी एक नौका को जब्त करने के लिए श्रीलंकाई नौसेना द्वारा चलाए गए अभियान में कम से कम 10 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया जबकि एक श्रीलकाई नौसैनिक की मौत हो गई।

दो दिन पहले ही श्रीलंका की नौसेना ने कथित रूप से अवैध तरीके से मछली पकड़ने को लेकर 18 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने बताया कि श्रीलंकाई नौसेना को सूचना मिली थी कि उत्तरी जाफना में डेल्फ्ट टापू के पास श्रीलंकाई समुद्री सीमा में एक भारतीय कुछ मछुआरों के साथ अवैध रूप से मछली पकड़ने में लगा है जिसके बाद मंगलवार को अभियान शुरू किया गया। नौसेना के प्रवक्ता कैप्टन गयान विक्रमसूर्या ने कहा नौसेना ने श्रीलंकाई समुद्री सीमा में अवैध रूप से मछली पकड़ने में लगी नौका और मछुआरों की धर-पकड़ के लिए एक अभियान शुरू किया।

## बॉलीवुड हलचल

# रजनीकांत और सलमान खान को लेकर फिल्म बनाएंगे एटली



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एटली, रजनीकांत और सलमान खान को लेकर फिल्म बना सकते हैं। वर्ष 2023 में एटली ने शाहरूख खान को लेकर सुपरहिट फिल्म जवान बनायी थी। एटली ने अपनी आने वाली फिल्म की तैयारियां शुरू कर दी हैं। कहा जा रहा है कि सलमान खान और रजनीकांत जल्द ही इस फिल्म के सिलसिले में मुलाकात करने वाले हैं। सन पिक्चर द्वारा इस फिल्म को प्रोड्यूस किया जाएगा। वह पिछले 2 सालों से सलमान खान से संपर्क में हैं। कहा जा रहा है कि सलमान खान अपनी फिल्म सिकंदर की शूटिंग खत्म करने के बाद एटली की फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे।

# करीना ने बहन करिश्मा को दी जन्मदिन की बधाई



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर ने अपनी बहन करिश्मा कपूर को जन्मदिन की बधाई दी है। करिश्मा आज अपना 50वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। इस खास मौके पर करीना कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर एक वीडियो शेयर कर करिश्मा को बधाई दी है।वीडियो में सिस्टर ट्विनिंग, वेकेशन फोटोज और करिश्मा के बचपन से लेकर अब तक के सफर को दिखाया गया है। इसमें अनसीन फोटोज का मोंटाज बनाया गया। पोस्ट को शेयर करते हुए करीना ने लिखा, मेरी अल्टीमेट हीरो हैप्पी बर्थडे... 50 का मतलब है 30 साल की गर्ल... बिग ब्रेकफास्ट, ढेर सारी कॉफी, शानदार बैग, मेरे साथ लंबी बातचीत, लाफ्टर और डांस, चाइनीज फूड, और हमेशा अपने दोनों बच्चों के साथ रहना।

# 2 अगस्त को रिलीज होगी जाह्नवी की फिल्म उलझ

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म उलझ, 2 अगस्त को रिलीज होगी। जाह्नवी की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही हाल ही में रिलीज हुई थी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर किया है। इसे शेयर करते हुए जाह्नवी ने कैप्शन में लिखा है कि उलझ अब 2 अगस्त को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। जल्द ही पॉपकॉर्न के साथ मिलते हैं। फिल्म उलझ में जाह्नवी इंडियन फारेस्ट ऑफिसर का किरदार निभाने वाली

## खगोल विज्ञान | जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने की बड़ी खोज

# ऊपरी वायुमंडल संचालित करता है बृहस्पति का वातावरण

संवाददाता, नैनीताल




**अमृत विचार :** बृहस्पति का ऊपरी वायुमंडल इस ग्रह के वातावरण को संचालित करता है। खगोलविदों को पहली बार बृहस्पति के वातावरण का आश्चर्यचकित कर देने वाले जानकारी मिली है। नासा, ईएसए व सीएसए के संयुक्त मिशन जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप द्वारा यह खोज हुई है।

दरअसल बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट ग्रहों की मौसमी दुनिया में विशेष स्थान रखता है। पिछले दिनों रेड स्पॉट कहे जाने तूफान की उम्र व गति का खुलासा किया गया था और आज इस कुख्यात तूफान के ऊपर के सक्रिय वातावरण की दिलचस्प जानकारी मिली है। बृहस्पति के रेड स्पॉट के ऊपर लगभग 300 वर्ग किमी दायरे में फैले वातावरण का अध्ययन यूरोपियन स्पेस एजेंसी (ईसा) के वैज्ञानिको ने किया। तब यह जानकारी सामने आई कि बृहस्पति के आयनमंडल में हाइड्रोजन अणुओं द्वारा उत्सर्जित अवरक्त प्रकाश मौजूद है। ये अणु तूफान के बादलों से 300 किमी ऊपर स्थित हैं, जहां सूर्य से प्रकाश हाइड्रोजन को आयनित करता है और इस अवरक्त उत्सर्जन को उत्तेजित करता है। यह ऊपरी क्षेत्र विभिन्न प्रकार की जटिल संरचनाओं और गतिविधियों की मेजबानी करता है। वेब दूरबीन अवरक्त संवेदनशीलता वाले वातावरण का अध्ययन करने में सक्षम है। जिस कारण यह खोज संभव हो पाई। खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार बृहस्पति का ऊपरी वायुमंडल ग्रह के चुंबकीय क्षेत्र और अंतर्निहित वातावरण के बीच का इंटरफ़ेस है। जिसमें उत्तरी और दक्षिणी रोशनी की मात्रा का पता चलता है। बृहस्पति को प्राप्त होने सूर्य की रोशनी की तुलना पृथ्वी से की जाय तो सूर्य के प्रकाश का केवल 4 प्रतिशत ही प्राप्त होता है। जिससे बृहस्पति के वातावरण की सटीक जानकारी मिलती है।

### एक और तंत्र बृहस्पति के वातावरण में होना चाहिए

नेचर एस्ट्रोनॉमी में यह खोज प्रकाशित हुई है। यूनाइटेड किंगडम में लीसेस्टर विश्वविद्यालय के टीम लीडर हेनरिक मेलिन के अनुसार हमने सोचा कि यह क्षेत्र शायद उबाऊ व निर्जीव होगा। मगर परिणाम इसके विपरीत निकला। वैज्ञानिकों का मानना है कि बृहस्पति का ऊपरी वायुमंडल का आकार और संरचना को बदलने वाला एक और तंत्र होना चाहिए। जिसकी पड़ताल अगले अध्ययन में की जाएगी। गैसीय ग्रहों के वातावरण की जानकारी हासिल करने के लिये यह खोज बेहद महत्वपूर्ण हैं।